

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक
# समाज जागरण
राष्ट्रीय संस्करण
RNI: UPHIN/2021/84200
नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित
वर्षः 3 अंकः 355 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) मंगलवार 07 अक्टूबर 2025 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया

## बिहार विधानसभा चुनाव 2025 : गठबंधनों के रण में विकास और विश्वास की जंग !

# 6 व 11 नवंबर को मतदान, 14 नवंबर को नतीजों का ऐलान



भारत निर्वाचन आयोग ने आज सोमवार को बिहार की 243 विधानसभा सीटों (38 SC, 2 ST आरक्षित) के लिए तारीखों का ऐलान कर दिया है, जिसने राज्य की सियासत को उबाल पर ला दिया है। बिहार में दो चरणों में विधानसभा चुनाव होने जा रहा है। पहले चरण में 121 सीटों पर 6 नवंबर को एवं दूसरे चरण में 122 सीटों पर 11 नवंबर को मतदान होगा। वहीं 14 नवंबर चुनावी नतीजों का दिन होगा। 3.92 करोड़ पुरूष एवं 3.50 करोड़ महिला मतदाताओं को मिलाकर कुल 7.43 करोड़ मतदाताओं के बीच, यह चुनाव राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) और महागठबंधन के बीच कांटे की टक्कर का मैदान है। जन सुराज और एआईएमआईएम जैसे खिलाड़ी भी वोट की गणित को और जटिल बनाएंगे। 22 नवंबर 2025 को वर्तमान विधानसभा का कार्यकाल समाप्त होने से पहले बिहार एक बार फिर भारतीय लोकतंत्र की जीवंतता का प्रदर्शन करेगा। 1951 से 2020 तक 17 चुनावों का इतिहास और हाल के गठबंधन बदलावों ने इस रण को और भी रोमांचक बना दिया है।

### महिला मतदाता : बिहार की 'किंगमेकर'

बिहार में महिला मतदाता नतीजों को पलटने की ताकत रखती हैं। पिछले तीन विधानसभा चुनावों में महिलाओं ने पुरुषों से अधिक मतदान किया। 2020 में 3.48 करोड़ महिला मतदाताओं में 59.69% ने वोट डाला (पुरुष 54.45%), 2015 में 3.12 करोड़ में 60.48% (पुरुष 53.32%), और 2010 में 2.54 करोड़ में 54.49% (पुरुष 51.12%)। यह ट्रेंड दिखाता है कि महिलाएं बिहार की सियासत में निर्णायक हैं। एनडीए केंद्र एवं राज्य सरकार की महिला केंद्रित योजनाओं से महिला वोटरों को साध रहा है। इन नीतियों ने ग्रामीण महिलाओं, खासकर EBC और दलित समुदायों, में गहरी पैठ बनाई है। दूसरी ओर, महागठबंधन तेजस्वी यादव के नेतृत्व में रोजगार और सामाजिक न्याय के वादों से युवा और शहरी महिलाओं को लुभाने की कोशिश में है। दोनों गठबंधन जानते हैं कि 7.43 करोड़ मतदाताओं में महिलाओं की 47 फीसदी से ऊपर की हिस्सेदारी नतीजों का रुख तय कर सकती है।

### अतीत के नतीजे : गठबंधनों की जीत का इतिहास

बिहार की सियासत में गठबंधन हमेशा निर्णायक रहे हैं। 2010 के विधानसभा चुनाव में एनडीए ने शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें भाजपा ने 91 और जद(यू) ने 115 सीटें जीतीं, जबकि राजद को 22 और कांग्रेस को मात्र 4 सीटें मिलीं। कुल 5.51 करोड़ मतदाताओं में 52.67% ने मतदान किया। 2015 में गठबंधन समीकरण बदले-जद(यू) ने राजद और कांग्रेस के साथ महागठबंधन बनाया, जिसने 178 सीटें (राजद 80, जद(यू) 71, कांग्रेस 27) हासिल कीं, जबकि भाजपा 53 सीटों पर सिमट गई। मतदान 56.66% रहा, जिसमें 6.70 करोड़ मतदाताओं ने हिस्सा लिया। 2020 में जद(यू) फिर एनडीए में लौटा, और गठबंधन ने कांटे की टक्कर में जीत हासिल की-राजद 75 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनी, लेकिन भाजपा (74), जद(यू) (43) ने सहयोगियों के साथ एनडीए ने सरकार बनाई। 7.36 करोड़ मतदाताओं में 56.93% ने वोट डाला। वहीं 2024 के लोकसभा चुनाव में एनडीए ने 40 में से 30 सीटें जीतीं (भाजपा और जद(यू) 12-12, लोजपा-रामविलास 5, हम-1), जबकि महागठबंधन को 9 सीटें (राजद 4, कांग्रेस 3, सीपीआई-माले 2) मिलीं। एक सीट निर्दलीय के खाते में गई। 2022 में नीतीश के महागठबंधन में जाने और 2024 में एनडीए में वापसी ने सियासी अस्थिरता को उजागर किया, मगर गठबंधनों की ताकत अब भी नतीजों की कुंजी है।

## किफायत की चिंताओं के बावजूद घर की कीमतों में बढ़ोतरी

मुख्य संवाददाता

नई दिल्लीः देश के दूसरे सबसे बड़े रोजगार पैदा करने वाले क्षेत्र में मांग में नरमी के संकेतों के बावजूद, 13 शहरों के लिए ऑल-इंडिया हाउसिंग प्राइस इंडेक्स जून में 14 अंकों की छलांग लगाकर बढ़ गया। आरईए इंडिया और इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस (आईएसबी) की रिपोर्ट के अनुसार, इंडेक्स में तिमाही आधार पर भी 8 अंकों की तेज वृद्धि दर्ज की गई, जो कीमतों की रफ्तार को रेखांकित करती है। यह एचपीआई भारत के प्रमुख डिजिटल रियल एस्टेट प्लेटफॉर्म हाउसिंग डॉट कॉम (आरईए इंडिया के स्वामित्व वाली कंपनी) और आईएसबी की संयुक्त पहल है, जो 13 बड़े शहरों–अहमदाबाद, बेंगलुरु, चेन्नई, फरीदाबाद, गांधीनगर, गाज़ियाबाद, ग्रेटर नोएडा, गुरुग्राम, हैदराबाद, कोलकाता, मुंबई, नोएडा और पुणे–में आवासीय रुझानों को ट्रैक करती है।

# ओडिशा को मिली अहम सौगात

## अमृत भारत एक्सप्रेस से बदलेगा कनेक्टिविटी और रोजगार का परिदृश्य

समाज जागरण





प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये ओडिशा के गंजाम ज़िले के बरहामपुर से गुजरात के उधना को जोड़ने वाली पहली अमृत भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई। यह ट्रेन न केवल दशकों पुरानी मांग को पूरा करती है, बल्कि पूर्वी और पश्चिमी भारत के बीच संपर्क का नया द्वार भी खोलती है।

### प्रवासी मजदूरों के लिए बड़ी राहत

गंजाम ज़िले से करीब 8 से 10 लाख लोग गुजरात के वस्त्र और हीरा उद्योगों में कार्यरत हैं। अब तक इन मजदूरों और उनके परिवारों को ओडिशा से गुजरात पहुंचने के लिए कई ट्रेनों और जटिल कनेक्शनों पर निर्भर रहना पड़ता था। नई सेवा से उनकी यात्रा सीधे, तेज और सुविधाजनक हो गई है, जिससे श्रमिक वर्ग को बड़ी राहत मिलेगी।

### ओडिशा के ज़िलों को नई कनेक्टिविटी

यह ट्रेन हर रविवार को उधना और हर सोमवार को बरहामपुर से रवाना होगी। रास्ते में यह आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र होते हुए गुजरेगी। इस रूट से ओडिशा के रायगढ़ा, कालाहांडी, बलांगीर और नुआपाड़ा जैसे ज़िलों को भी बेहतर रेल संपर्क मिलेगा। इससे न केवल प्रवासी कामगारों बल्कि आम यात्रियों को भी सुगमता और नए यात्रा के विकल्प मिलेंगे।

### आधुनिक सुविधाएं, किफायती यात्रा

22 डिब्बों वाली अमृत भारत एक्सप्रेस में LHB कोच, बेहतर सीटिंग व्यवस्था और उन्नत सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इसमें सेकेंड क्लास और स्लीपर दोनों विकल्प हैं, जिससे यह ट्रेन विशेष रूप से मध्यम वर्ग के यात्रियों को ध्यान में रखकर तैयार की गई है। किफायती किराये में लंबी दूरी की यह यात्रा अब पहले से कहीं अधिक आरामदायक और तेज होगी।

### क्षेत्रीय विकास को नई गति

यह नई रेल सेवा ओडिशा और गुजरात के बीच न केवल परि-वहन का सेतु बनेगी, बल्कि सामाजिक-आर्थिक रिश्तों को और मजबूत करेगी। इससे ओ-डिशा के कामगारों की रोजगार यात्रा सुगम होगी और राज्यों के बीच सांस्कृतिक व आर्थिक आदान-प्रदान को भी प्रोत्साहन मिलेगा। प्रधानमंत्री द्वारा शुरू की गई यह पहल ओडिशा को कनेक्टिविटी और विकास की नई दिशा देने वाली साबित होगी, और भारतीय रेल की आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने की दिशा में एक बड़ा कदम मानी जा रही है।

# बाजार में बंपर तेजीः सेंसेक्स 81,790 और निफ्टी 25,077 पर बंद

समाज जागरण

भारतीय शेयर बाजार सोमवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में हरे निशान में बंद हुआ। बाजार के ज्यादातर सूचकांकों ने सका-रात्मक रिटर्न दिया। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 582.95 अंक या 0.72 प्रतिशत की मजबूती के साथ 81,790.12 और निफ्टी 183.40 अंक या 0.74 प्रतिशत की मजबूती के साथ 25,077.65 पर था।



बाजार की तेजी को सपोर्ट बैंकिंग और आईटी शेयरों ने किया। निफ्टी बैंक 515.60 अंक की मजबूती के साथ बंद हुआ। निफ्टी आईटी 2.28 प्रतिशत, निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज 1.08 प्रतिशत, निफ्टी सर्विसेज 1.15 प्रतिशत और निफ्टी हेल्थकेयर 1.29 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। दूसरी तरफ निफ्टी मेटल 0.89 प्रतिशत, निफ्टी मीडिया 0.90 प्रतिशत और निफ्टी पीएसई 0.08 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ।

सेंसेक्स पैक में टीसीएस, टेक महिंद्रा, एक्सिस बैंक, बजाज फाइनेंस, इटरनल (जोमैटो), इन्फोसिस, कोटक महिंद्रा बैंक, बजाज फिनसर्व, एचसीएल टेक, मारुति सुजुकी, सन फार्मा,एचड-ीएफसी बैंक और एसबीआई टॉप गेनर्स थे। टाटा स्टील, पावर ग्रिड, टाइटन, ट्रेंट, आईटीसी, एनटीपीसी, टाटा मोटर्स और एशियन पेंट्स टॉप लूजर्स थे। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में भी खरीदारी देखी गई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 511.75 अंक या 0.89 प्रतिशत की मजबूती के साथ 58,015.10 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 49.90 अंक या 0.28 प्रतिशत की बढ़त के साथ 17,928.05 पर था।

बाजार के जानकारों ने कहा कि दूसरी तिमाही के नतीजों से पहले, वित्तीय सेवाओं और आईटी क्षेत्रों में बढ़त के चलते घरेलू शेयर बाजार ने सत्र का अंत सकारात्मक रुख के साथ किया। बैंकिंग इंडेक्स ने बड़े बैंकों द्वारा घोषित मजबूत तिमाही अपडेट और आकर्षक मूल्यांकनों के चलते बेहतर प्रदर्शन किया, जबकि सीजीएचएस दरों में संशोधन के बाद अस्पतालों के शेयरों में उछाल आया। निवेशक अब मार्गदर्शन के लिए वित्त वर्ष 26 की दूसरी तिमाही की आय पर नजर रख रहे हैं। हालांकि उम्मीदें मध्यम बनी हुई हैं, उपभोक्ता मांग में वृद्धि के कारण बाजार तीसरी तिमाही के नतीजों को लेकर अधिक आशावादी है। भारतीय शेयर बाजार की शुरूआत तेजी के साथ हुई थी। सुबह 9:30 पर सेंसेक्स 10 अंक की मामूली गिरावट के साथ 81,196 और निफ्टी 8 अंक की बढ़त के साथ 24,902 पर था।

## रक्षा मंत्री 'देश में रक्षा विनिर्माण के अवसर' पर राष्ट्रीय सम्मेलन का आज उद्घाटन करेंगे

रघुनंदन पराशर जैतो समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख

नई दिल्ली,6 अक्टूबर :रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह 7 अक्टूबर, 2025 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में 'देश में रक्षा विनिर्माण के अवसर' पर एक राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। रक्षा मंत्रालय (एमओडी) के रक्षा उत्पादन विभाग के तत्वावधान में आयोजित यह सम्मेलन, रक्षा विनिर्माण के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और राष्ट्रीय लक्ष्य के साथ क्षेत्रीय औद्योगिक नीतियों तथा बुनियादी ढांचे के विकास को संरेखित करने के उद्देश्य से रक्षा मंत्रालय और राज्य/केंद्र शासित प्रदेश स-रकारों के बीच समन्वय को मजबूत करने के लिए एक मंच प्रदान करेगा।रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह इस कार्यक्रम के दौरान, 'डिफेंस एक्ज़िम पोर्टल' का शुभारंभ करेंगे, जिसे निर्यात और आयात प्राधिकरण जारी करने की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के लिए डिजाइन किया गया है। इसके अतिरिक्त, भारतीय रक्षा उद्योगों की क्षमताओं और उत्पादों के डिजिटल संग्रह सृजन-डीईईपी (डिफेंस इस्टेब्लिशमेंटस एंड इंटरप्रेन्योरस प्लेटफार्म) पोर्टल की भी शुरूआत की जाएगी। इस सम्मेलन के दौरान दो प्रमुख प्र-काशनों 'एयरोस्पेस एंड डिफेंस सेक्टर पॉलिसी कम्पेन्डीअम ऑफ स्टेट्स एंड यूनियन टेरेटरीज' और आईडीईएक्स का-फी टेबल बुक 'शेयर्ड हॉरिजन्स ऑफ इनोवेशन' का भी विमोचन किया जाएगा।



इस सम्मेलन का उद्देश्य सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के उद्योग विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों को एक साथ लाना और देश के रक्षा विनिर्माण ईकोसिस्टम को आगे बढ़ाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर चर्चा करना है।

इस सम्मेलन के दौरान स्वदेशीकरण और रक्षा निर्यात के क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देने के लिए चल रहे राष्ट्रीय प्रयासों पर भी ध्यान केन्द्रित किया जाएगा।

# शांति व सौहार्द का मार्ग प्रशस्त करना है तो सबको सनातन धर्म की ही शरण में आना पड़ेगा: योगी

समाज जागरण

वाराणसी, 6 अक्टूबरः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि शांति व सौहार्द का मार्ग प्रशस्त करना है तो सबको सनातन धर्म की ही शरण में आना पड़ेगा। सनातन धर्म ही लोकमंगल, लोककल्याण के साथ सभी की सुरक्षा व कल्याण का मार्ग प्रशस्त करेगा। सनातन धर्म को बचाना है तो संस्कृत को माध्यम बनाना पड़ेगा।

मुख्यमंत्री ने सोमवार को श्री अन्नपूर्णा ऋषिकुल ब्रह्मचर्याश्रम में लैपटॉप व सिलाई मशीन का वितरण किया। उन्होंने कुछ बच्चों को अपने हाथों से भी सम्मानित किया। सीएम योगी ने यहां पौधरोपण किया और गोशाला में गायों को चारा, गुड़ व फल खिलाया। सीएम ने बच्चों को शुभकामना देते हुए कहा कि दीपावली के पूर्व मिला यह उपहार मां अन्नपूर्णा की कृपा है। उन्होंने बच्चों को हिदायत भी दी कि कंप्यूटर सुविधा का माध्यम है तो भटकाव भी है। हमें सकारात्मक रूप से ज्ञान को प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए, जो जीवन को उज्ज्वल बनाने में योगदान दे सके।

### आने वाले समय में संस्कृत ही दुनिया की जोड़ने वाली भाषा रहेगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि छात्र संस्कृत का अध्ययन करते हुए अनवरत भारतीय संस्कृति व परंपरा के लिए समर्पित भाव के साथ कार्य कर रहे हैं। कंप्यूटर का भी आधुनिक ज्ञान ले रहे हैं। उन्होंने छात्रों से कहा कि विज्ञान, गणित व अंग्रेजी की भी जानकारी ले लें, सेना, अर्धसेना व पुलिस बल में धर्मगुरुओं की बड़ी संख्या निकलती है। आने वाले समय में संस्कृत ही दुनिया की जोड़ने वाली भाषा रहेगी। संस्कृत के बिना किसी का काम नहीं चलेगा।



### आने वाले समय में संस्कृत के लिए अनेक कार्य करने जा रही सरकार

सीएम ने कहा कि संस्कृत के बच्चों के लिए छात्रवृत्ति नहीं थी। यूपी में हमने प्रयास किया और संस्कृत पढ़ने वाले हर छात्र के लिए छात्रवृत्ति जारी की। आने वाले समय में व्यवस्था करने जा रहे हैं कि संस्कृत पढ़ने वाले छात्रों के लिए रहने और खाने की व्यवस्था में सरकार अनुदान देगी। संस्कृत में विशिष्ट शोध और उच्च अध्ययन करने वाले छात्रों के लिए भी विशिष्ट छात्रवृत्ति जारी करने वाले हैं। हमारा उद्देश्य है कि संस्कृत में पढ़ने-पढ़ाने और शोध को बढ़ाने वाले छात्रों के साथ अच्छे विद्वान भी बढ़ा सकें। संस्कृत में वेद और व्याकरण भारत की विशिष्ट देन है। दुनिया का पहला विश्वविद्यालय तक्षशिला भारत में स्थापित हुआ था। पाणिनी वहीं की देन हैं। पाणिनी के व्याकरण में उस समय के इतिहास, परंपरा व भारत के बारे में विस्तृत अध्ययन प्राप्त होता है।

### भारतीय संस्कृति ने नारी की गरिमा, सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन को दिया सर्वोच्च स्थान

मुख्यमंत्री ने इस कार्यक्रम के बारे में कहा कि जब मां अन्नपूर्णा, बाबा विश्वनाथ व मां गंगा की कृपा बरसती है तो ऐसे ही शुभ कार्यों के लिए शुभ मुहूर्त प्राप्त हो जाते हैं। इस संस्थान की स्थापना के 108 वर्ष होने के साथ आज शरद पूर्णिमा से जुड़ रहे हैं। यह आयोजन यूपी स-रकार के मिशन शक्ति (महिला सु-रक्षा, सम्मान व नारी स्वावलंबन) को भी जोड़ रहा है। भारतीय संस्कृति ने नारी की गरिमा, सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन को सर्वोच्च स्थान दिया है। सनातन धर्म की परंपरा सदैव से मातृशक्ति के प्रति श्रद्धा व सम्मान का भाव व्यक्त करती रही है। भारत में हमने धड़ती को भी मां के रूप में पूजा है। मां गंगा को सबसे पवित्र नदी मानकर आराधना की है। मां अन्नपूर्णा की कृपा से ही मानव व जीव-जंतु को खाने को मिलता है।



### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नारी गरिमा को दिया महत्व

सीएम योगी ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने भी नारी गरिमा को महत्व दिया है। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, 12 करोड़ घर में शौचालय, देश में चार करोड़ व यूपी में 60 लाख लोगों को छत दी गई। जब बरसात, सर्दी में लोगों के सिर पर छत नहीं होती थी, तब घर की महिला परिवार की लाज बचाती थी। एलपीजी के 10 करोड़ से अधिक कनेक्शन फ्री में उपलब्ध हुए। अब तो काशी में पाइपलाइन से गैस की सप्लाई शुरू हो गई है। यह काशी की प्रगति दिखती है। गांव में पहले यदि गरीब का घर टूट जाता था तो दोबारा मकान बनाने के लिए पापड़ बेलने पड़ते थे। दबंग मकान नहीं बनने देता था। सीएम ने घरौनी की चर्चा की और कहा कि तीन करोड़ परिवारों को जहां पर उसका आवास है, वहीं उसका मालिकाना अधिकार दे दिया गया। यह अधिकार घर की महिला सदस्य को दिया गया।

### हर क्षेत्र में महिला को आगे बढ़ाने का हो रहा कार्यक्रम

मुख्यमंत्री ने कहाकि शिक्षा, स्वास्थ्य, स्किल मिशन, रोजगार समेत जीवन के हर क्षेत्र में महिला को आगे बढ़ाने का कार्यक्रम चल रहा है।

# इंटरनेट शटडाउन यानि जनता का गला घोंटना

ओडिशा के कटक शहर में रविवार को भी माहौल तनावपूर्ण बना रहा। दुर्गा पूजा की मूर्ति विसर्जन के दौरान दो गुटों के बीच हिंसा भड़कने के महज कुछ घंटों बाद विश्व हिंदू परिषद ने 6 अक्टूबर को शहर में 12 घंटे का बंद का ऐलान किया है। प्रशासन ने 24 घंटे के लिए इंटरनेट सस्पेंड कर दिया. इंटरनेट शटडाउन की ये पहली घटना नहीं है. सरकारें अब इंटरनेट शटडाउन को एक हथियार के रूप में इस्तेमाल करने की आदी हो चुकी हैं.

मैं कानून के एक सामान्य छात्र के रूप में इतना जानता हूं कि इंटरनेट आम आदमी का संवैधानिक मौलिक अधिकार है, इसे छीना या सीमित




किया जाना अलोकतांत्रिक और असंवैधानिक है. लेकिन सरकारों को इसकी फिक्र कहाँ? वे तो हर छोटे - मोटे आंदोलन को कुचलने के लिए सबसे पहले इंटरनेट शटडाउन करती हैं. क्योंकि इंटरनेट आम जनता की सबसे सशक्त आवाज है.

भारत में सुप्रीम कोर्ट ने अनुच्छेद 19 के तहत इंटरनेट तक पहुँच को मौलिक अधिकार घोषित किया है। यह अधिकार बोलने और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार का हिस्सा है, लेकिन इस पर कुछ उचित प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं, जो आनुपातिकता के सिद्धांत का पालन करते हुए तय किए जाते हैं। मुझे याद है कि अनुराधा भसीन केस में 10 जनवरी, 2020 को, भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने इंटरनेट तक पहुँच को एक मौलिक अधिकार माना थायह फैसला संयुक्त राष्ट्र की उस सिफारिश के अनुरूप भी है, जिसमें सभी देशों से इंटरनेट को मौलिक अधिकार घोषित करने का आग्रह किया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि सरकार इंटरनेट पर कोई प्रतिबंध लगा सकती है, बशर्ते कि वह आनुपातिकता के परीक्षण से गुजरता हो.अर्थात कोई भी प्रतिबंध वैध, आवश्यक, और उस स्थिति के अनुपात में होना चाहिए जिसका वह सामना कर रहा है।

दुनिया में इंटरनेट तक पहुँच का अधिकार लोगों को जानकारी प्राप्त करने, अपनी बात रखने और विभिन्न प्रकार के ऑनलाइन व्यवसाय करने का अधिकार देता है। इंटरनेट शिक्षा, सामाजिक समानता, और गरीबी उन्मूलन जैसे महत्वपूर्ण लक्ष्यों को प्राप्त करने में भी मदद करता है.

पिछले दिनों नेपाल में जेन जी की हिंसक क्रांति के बाद से सरकार इंटरनेट के जरिये जनता का गला घोंटने को स्थिति नियंत्रित करने का अमोघ अस्त्र समझने लगी है. उडीसा से पहले लेह-लद्दाख में इंटरनेट का गला घोंटा जा चुका है.

भारत में इंटरनेट शटडाउन की घटनाओं की संख्या साल दर साल बदलती रहती है; खोजबीन की तो पता चला कि वर्ष 2023 में 116 बार शट-डाउन हुए,हालांकि 2024 में यह संख्या घटकर 84 रही, फिर भी भारत में लोकतांत्रिक देशों की तुलना में शटडाउन की संख्या अधिक है2024 में ये कुल 84 शटडाउन 16 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में लागू हुए.

वर्ष 2024 में भारत के इंटरनेट शटडाउन वैश्विक स्तर पर हुए कुल 296 शटडाउन का 28 प्रतिशत थे. 2024 में हुए 84 शटडाउन में से, 41 विरोध प्रदर्शनों से संबंधित थे. 23 सांप्रदायिक हिंसा के कारण हुए थे.सरकारी नौकरी की परीक्षाओं के दौरान पांच बार इंटरनेट शटडाउन किया गया.2024 में मणिपुर में 21 बार शटडाउन हुए, जो सबसे अधिक संख्या है.उसके बाद हरियाणा में.जम्मू-कश्मीर में भी इंटरनेट प्रतिबंध लागू किए गए.

उत्तर प्रदेश के बरेली, संबल के अलावा भद्रक, मुर्शिदाबाद, में तो आए दिन इंटरनेट का गला घोंटा गया. इंटरनेट पाबंदी से सिर्फ सोशल मीडिया पर रोक नहीं लगती उसके साथ ही न्य आर्थिक, व्यापारिक, शैक्षणिक, गतिविधियों पर भी रोक लगती है. इंटरनेट पर रोक से प्रशासन, शासन को फौरी मदद तो मिलती है लेकिन जनता का नुकसान व्यापक पैमाने पर होता है.

ओडीशा में दुर्गा मूर्ति विसर्जन यात्रा के दौरान हुई झड़प से जुड़ी हिंसा की ताजा घटनाओं के बाद रविवार को कटक में तनाव बना रहा। , विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) ने दुर्गा मूर्ति विसर्जन यात्रा के दौरान हुई झड़प के विरोध में छह अक्टूबर ( सोमवार ) को शहर में 12 घंटे के बंद का आह्वान किया है। पुलिस ने बताया कि शनिवार देर रात 1.30 से दो बजे के बीच दरगाह बाजार क्षेत्र में हाथी पोखरी के पास झड़प उस समय हुई, जब विसर्जन यात्रा कथाजोड़ी नदी के तट पर देबीगारा की ओर बढ़ रही थी। अधिकारियों के अनुसार, हिंसा तब भड़की जब कुछ स्थानीय लोगों ने विसर्जन यात्रा के दौरान तेज आवाज में संगीत बजाने पर आपत्ति जताई।

अधिकारियों के अनुसार बहस जल्द ही टकराव में बदल गई जब भीड़ ने विसर्जन

मौजूदा कानून एवं व्यवस्था की स्थिति के मद्देनजर, राज्य सरकार ने गलत सूचना के प्रसार को रोकने के लिए कटक नगर निगम, कटक विकास प्राधिकरण (सीडीए) और आसपास के 42 मौजा क्षेत्र में रविवार शाम 7 बजे से सोमवार शाम 7 बजे तक इंटरनेट सेवाओं को निलंबित कर दिया। अधिकारियों के अनुसार, पुलिस द्वारा जुलूस रोकने के बाद मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरे क्षतिग्रस्त कर दिए गए और गौरीशंकर पार्क क्षेत्र की दुकानों में कथित तौर पर आग लगा दी गई।

ज्वलंत सवाल ये है कि इंटरनेट पर पाबंदी के अधिकार का दुरुपयोग सत्ता प्रतिष्ठान आखिर कब तक करते रहेंगे? क्या सर्वोच्च न्यायालय इस पर स्वतः संज्ञान लेगा या ये तानाशाही यूं ही चलती रहेगी. मतलब इंटरनेट गरीब की जोरु बना रहेगा.नेटलास ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा है कि 2023 की पहली छमाही में भारत में इंटरनेट बंद होने से 1.9 बिलियन डॉलर यानी करीब 15,590 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। इस अवधि में मणिपुर और पंजाब में सबसे ज्यादा इंटरनेट बंद रहा है।

@ राकेश अचल

# बैठकी "सतर्क रहने की जरूरत है"

**समाज जागरण**

सरजी,कल मोदीजी का एक विडियो देखा जिसमें वे देश के लोगों को, खासतौर पर हिंदुओं को सतर्क रहने को कह रहे हैं। वे कहते हैं कि "हमलोगों पर हमले हो रहे हैं जो और भी तेज होता जायेगा। हमें पुनः हजार वर्ष पीछे ले जाने की शाजिस हीं नहीं हो रही बल्कि प्रहार भी शुरू हो चूका है।"इनके इस कथन का क्या अर्थ लिया जाय!!--बैठकी जमते हीं मास्टर साहब बोल पड़े।

मास्टर साहब, कहने को देश में मुसलमान अल्पसंख्यक हैं। मुस्लिम बहुसंख्यक देशों में क्या अल्पसंख्यक हिंदू कभी आक्रमणकारी बना है!! नहीं न!!लेकिन हिंदुओं की सहिष्णुता देखिये कि हिंदुओं के देश में हीं हिंदू तीज-त्योहारों, धार्मिक यात्राओं, मंदिरों पर आक्रमण किये जाते हैं। इन्हें अपने हीं देश में शांति से धार्मिक कार्य भी नहीं करने दिया जाता।हिंदूओं के विरुद्ध 29 प्रकार के जिहाद किये जा रहें हैं और मूर्ख हिंदूओं को षड़यंत्र के तहत सेक्युलरिज्म का पाठ पढ़कर नपुंसक बन बैठा है।--उमाकाका हाथ चमकाये।

ठीक बोले काकाजी,इसी से समझा जाय कि देश के 800 जिलों में उत्तर प्रदेश के एक जिले बरेली में,गत जुम्मे को शांतिपूर्ण नमाज अदा करने हेतु, सरकार को 8 हजार पुलिसकर्मियों को ड्यूटी पर लगाना पड़ गया था। पुलिस महकमा ड्रोन सहित, जिले के सभी मस्जिदों, दरगाहों तथा शहर के हर गली और छतों की निगरानी कर रहा था कि कहां कहां उपद्रव करने की तैयारी की गई है।तब जाकर जुम्मे का दिन शांतिपूर्ण बीता।--डा. पिंटू मुंह बनाये।

काकाजी, ये कैसी सोंच है! जो ऐसी अराजकता फैला रही है कि एक जिले को कंट्रोल करने के लिए 8 हजार पुलिस बल की आवश्यकता पड़ रही है!! आज 2025 में बरेली में मुसलमानों की संख्या, जनसंख्या विस्फोट और घुसपैठ के चलते, हिंदुओं के बराबर 50-50 हो चली है। अभी 50-50 पर ये हाल है तो सोचिये,2047 में क्या होगा!! क्या भारत विकसित राष्ट्र बनेगा,बरेली विकसित जिला बनेगा!! या कुछ और बनेगा!!--कुंवरजी अखबार पलटते हुए।

इ त बड़ा चिंता वाली बात कहनी ए कुंवर जी।--मुखियाजी गंभीर लगे।

मुखियाजी, सनातनियों की सहिष्णुता और ऐसे अमानवीय विचारधाराओं को गंभीरता से नहीं लेने का हीं नतिजा है कि विश्व में सबसे ज्यादा विभाजन भारत का हुआ है, पुरे विश्व में सबसे ज्यादा नरसंहार हिंदुओं का हुआ है, सबसे ज्यादा धर्मांतरण हिंदुओं का हुआ है। पिछले 24-25 सौ सालों में भारत का 25 बार विभाजन हो चूका है। छोड़िये न! 1857 से 1947 के बीच भारत का सात बार विभाजन हुआ है जिससे अफगानिस्तान, पाकिस्तान+बंगलादेश, श्रीलंका, भूटान, म्यांमार, मालदीव, तिब्बत का निर्माण हुआ।--सुरेंद्र भाई




हाथ चमकाये।

देश में आज की स्थिति भी पुनः कई टुकड़ों में बंटने की ओर हीं इशारा कर रहा है। अभी की स्थिति में है कि प्रतिदिन 1 हजार हिन्दू लड़कियां,लव जिहाद का शिकार हो रहीं हैं जिसमें कुछ इस्लाम पंथ स्वीकार कर लेतीं हैं और कुछ को मार दिया जाता है। प्रतिदिन करीब 10 हजार हिंदुओं का धर्मांतरण हो रहा है। इसके लिए साम,दाम,दण्ड,भेद,धोखाधड़ी,लालच,सबका प्रयोग किया जाता है। देश में घुसपैठियों की संख्या 6 करोड़ के करीब हो चली है जिससे देश की डेमोग्राफी तेजी से बदल रही है। मुस्लिमों द्वारा जबरदस्त तरीके से जनसंख्या विस्फोट किया जा रहा है जिससे लगभग 90 हजार बच्चे प्रतिदिन पैदा हो रहें हैं।--अजीत यादव बोल पड़े (पहली बार बैठकी में)।

इसबीच बेटी चाय का ट्रे रख गई और हमसभी एक एक कप उठाकर पुनः वार्ता में.........

सही बोले यादवजी!विभाजन के बाद भारत में मुस्लिमों की संख्या 10 प्रतिशत थी जो आज इस्लामिक जनसंख्या विस्फोट के अनुरूप,25 प्रतिशत से ऊपर हो चला है। सच और यथार्थ यही है कि विश्व में आज जो 57 मुस्लिम राष्ट्र बने हैं वो इस्लामिक देश नहीं थे। उनके इस्लामीकरण की प्रक्रिया के इतिहास को समझेंगे तो बिल्कुल साफ साफ दिखाई पड़ जायेगा कि भारत भी उसी दौर से गुजर रहा है। पुरे विश्व में आतंक का पर्याय इस्लाम,सिद्ध हो चूका है। कुरान में लिखित अमानवीय आयतों को आधार बनाकर, आतंकियों और जिहादियों की फैक्ट्री,मदरसों और मस्जिदों का चक्रव्यूह बनाया जाता है,जहां संगठित होकर,गैर इस्लामिक लोगों के साथ अमानुषिक व्यवहार की ट्रेनिंग दी जाती है जिसमें नाना प्रकार के जिहाद,हत्यायें,बलात्कार, जबरन धर्मांतरण, संपत्तियों की लूट,को अल्लाह का आदेश कहकर, मुल्ला और मौलवियों द्वारा बच्चों और युवाओं का ब्रेनवाश किया जाता है। सोचिये,चाहे बरेली हो या कटक पत्थरबाज सिर्फ मुस्लिम हीं क्यों होते हैं!!गैर इस्लामिक देशों के इस्लामीकरण हेतु, इस्लामिक देशों से हथियार से लेकर हर तरह की फंडिंग की जाती है।--मास्टर साहब (श्रीनिवास राम) गंभीर लगे।

मास्टर साहब, मुझे दुख इस बात का है कि धार्मिक आधार पर देश का बंटवारा हुआ। इस्लामिक राष्ट्र




पाकिस्तान बना लेकिन उस समय के हिंदू नेताओं ने मुस्लिम परस्त गांधी और मुगलिया वंश नेहरू के षड़यंत्र को नहीं समझा और शेष भारत को हिन्दू राष्ट्र नहीं बनने दिया। जबकि शेष भारत ने विभाजन के दंश को,करीब 30 लाख हिंदूओं की हत्या और लाखों बेटी बहनों के बलात्कार,लूट के रूप में झेला था। कांग्रेस सत्ता में रही और हिंदुओं और उसकी सनातन संस्कृति को नष्ट करने के हथियार के रूप में संविधान का प्रयोग किया। मूल संविधान और मोदी सरकार आने के पहले तक के संविधान की समीक्षा किजियेगा तो स्पष्ट दिखेगा कि गांधी परिवार ने अंबेडकर के संविधान को इस्लामिक संविधान का रुप दे दिया है।--अजीत जी मुंह बनाये।

ए सरजी,रउवा कुछ नईखीं बोलत। कुछ कहीं।--मुखियाजी मेरी ओर देखकर।

मुखियाजी, प्रधानमंत्री ने सतर्क रहने की जो बात कही है वो सोलह आने यथार्थ है। इसमें तो दो मत नहीं कि देश इस्लामीकरण की प्रक्रिया से गुजर रहा है। आये दिन हिंदू त्योहारों पर बखेड़ा खड़ा किया जाता है। जहां हिंदुओं की संख्या कम हो जाती है वहां से उन्हें पलायन को मजबूर कर दिया जाता है। मंदिरों और मूर्तियों को क्षतिग्रस्त करना, पत्थरबाजी, नाना प्रकार के जिहाद,हर गांव,शहर में हिंदुओं के विरुद्ध धर्मांतरण गैंगों के क्रिया कलापों से कोई संदेह नहीं कि सनातन संकट के दौर से गुजर रहा है और भविष्य और भी खतरनाक दिख रहा है।

सनातनी सदियों से अखंड भारत से बंटकर,कटकर,अलग हुए टुकड़े से मजबूरन अलग होते हुए,वही अपनी पूर्व प्रवृत्ति को समेटे,सिमटते रहे हैं। बगैर कारण और निदान की गंभीरता पर ध्यान दिये, बेफिक्र और अपने अपने स्वार्थ में लिपटे। जिसने कारण और निदान की गंभीरता को समझा भी तो शेष ने, सनातन और सामूहिक हित का त्याग कर व्यक्तिगत स्वार्थ को सर्वोपरि बना, साथ देने से अपने को अलग रखा। एक बार धक्का लगता है तो व्यक्ति सचेत हो जाता है लेकिन हमने तो सहिष्णुता और सेक्युलरिज्म का ऐसा अफीम चढ़ा रखा है कि शुतुरमुर्ग की तरह खतरे को देख,बालू में सर गाड़ लेते हैं। मुदहुं आंख, कतहुं कुछ नाहीं। बगल वाले को व्यथित होता देख,हाथ बंटाने की जगह अपने को सुरक्षित देख खुश हो लेता हूँ। मूल जाता हूँ कि कल मेरी भी बारी आयेगी। क्योंकि उनकी निगाह में तुम सिर्फ और सिर्फ काफिर हो,ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य या शूद्र नहीं। लोकतांत्रिक व्यवस्था भी कट्टरपंथ को प्रयाप्त अवसर प्रदान करता है। पड़ोसी चीन में कट्टरपंथ की स्थिति का मूल्यांकन कर लिजिये! वहां जिहादी गतिविधियां क्यों नहीं दिखतीं!!इसमें भी दो मत नहीं कि भारत में लोकतंत्र और संविधान तभी तक है जब तक देश में मुसलमानों की जनसंख्या 40 प्रतिशत नहीं हो जाती।

दुसरी ओर देश के मुस्लिमों को भी सोचना चाहिए कि जितने सुख शांति और सुविधा से भारत में वो और उनका परिवार जीवन यापन कर रहा है क्या किसी इस्लामिक देश में वहां की जनता को उपलब्ध है!!

मुस्लिम धर्म गुरु इमाम तौहीदी ने ठीक हीं कहा है कि "अगर दुनिया के सभी देशों का इस्लामीकरण हो जाय और सभी लोग इस्लाम अपना लें फिर भी शांति नहीं होगी। इस्लामिक चरमपंथी कत्लेआम का कोई न कोई बहाना बनाकर आतंक फैलाते रहेंगे, जिहाद करते रहेंगे"। इसलिए देश के मुस्लिमों को अपने बच्चों और परिवार के सुखी जीवन के लिए कट्टरवादी मुल्ला, मौलवियों का बहिष्कार करना चाहिए जो उनके बच्चों को आतंक और जिहाद की ओर ढकेलते हैं। कुरान के उन्हीं आयतों को मान्यता मिलनी चाहिए जो मानवतावादी दृष्टिकोण को बढ़ावा दे न कि राक्षसी प्रवृत्ति को। देश संविधान से चलेगा न कि शरीया से। इसी में सबका कल्याण है। देश के हर मुस्लिम बच्चे को भी राष्ट्रवादी बनना चाहिये न कि पागलपंथी।--मैं चुप हुआ।

बहुत सही कहे सरजी,लेकिन जहां छोटे बच्चे को आरंभ से हीं अमानवीय धार्मिक घृणा और राक्षसी प्रवृत्ति की अवैज्ञानिक शिक्षा दी जाय,उस युवा से कैसी अपेक्षा रहेगी!! जबतक धार्मिक उन्माद के कारण,कारक और स्त्रोत पर प्रहार नहीं होगा तब तक सुधार की गुंजाइश नहीं दिखती। अच्छा अब चला जाय।--कहकर डा.पिंटू उठ गये और इसके साथ हीं बैठकी भी......!!!!!



प्रोफेसर राजेंद्र पाठक (समाजशास्त्री)

# बिहार में शंकराचार्य का चुनावी शंखनाद 'गौ रक्षा' बनेगी सियासत का नया एजेंडा

**अजय कुमार, वरिष्ठ पत्रकार**

बिहार की राजनीति में इस बार जातीय समीकरणों और विकास के वादों से अलग एक नया मुद्दा तेजी से उभरकर सामने आया है। ज्योतिष पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने शिवहर से अपनी चुनावी मुहिम की शुरूआत करते हुए स्पष्ट ऐलान किया है कि वे राज्य की सभी 243 विधानसभा सीटों पर गौ भक्त प्रत्याशी मैदान में उतारेंगे। उनका कहना है कि सनातन धर्म की रक्षा तभी संभव है जब गौ माता की रक्षा हो और यही इस चुनाव की असली कसौटी होगी। उनके इस एलान के बाद बिहार की चुनावी राजनीति में हलचल मच गई है और हर दल इस नए समीकरण को लेकर गणित बैठाने में जुट गया है।

शंकराचार्य ने शिवहर प्रवास के दौरान संवाददाताओं से कहा कि जो गौ माता की रक्षा की बात करेगा वही उनका साथी है। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि वह व्यक्ति किस धर्म या समुदाय से है। अगर असदुद्दीन ओवैसी जैसे नेता भी गौ माता को माँ मानते हैं और उनकी रक्षा का संकल्प लेते हैं तो वे भी उनके सहयोगी हो सकते हैं। इस बयान ने पूरे राज्य में नई बहस छेड़ दी है क्योंकि यह पहली बार है जब किसी बड़े धार्मिक नेता ने सीधे तौर पर राजनीति में उतरकर एक ऐसा एजेंडा सामने रखा है जो पूरी तरह धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक भावनाओं पर आधारित है।

शिवहर नगर परिषद ने हाल ही में गौ माता को नगर माता का दर्जा देने का प्रस्ताव पारित किया था। इस निर्णय ने शंकराचार्य की मुहिम को मजबूत आधार प्रदान किया। उन्होंने इस पहल को सराहते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि देश के हर नगर और हर पंचायत इस तरह का निर्णय लें। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि




वे स्वयं को गौ मतदाता घोषित करें और केवल उन्हीं उम्मीदवारों को वोट दें जो गौ रक्षा पर स्पष्ट और दृढ़ रुख रखते हों। उनकी यह अपील अब गांव-गांव में चर्चा का विषय बनी हुई है।

बिहार के ग्रामीण इलाकों में धार्मिक भावनाएँ हमेशा से गहरी जड़ें रखती हैं। खेती-किसानी करने वाला समाज गाय को केवल धार्मिक प्रतीक ही नहीं बल्कि अपनी आर्थिक और सांस्कृतिक जीवन-रेखा मानता है। ऐसे में शंकराचार्य की यह मुहिम सीधे किसानों और ग्रामीण मतदाताओं के दिल तक पहुँच रही है। सीतामढ़ी के परौर गांव के किसान रघुनाथ ठाकुर कहते हैं कि पहले वोट देते समय जाति सबसे बड़ा आधार हुआ करती थी लेकिन अब शंकराचार्य जी ने हमें याद दिलाया है कि गाय हमारी असली पहचान है।

विश्लेषकों का कहना है कि अगर यह मुहिम जमीनी स्तर पर असर दिखाती है तो कई सीटों पर नतीजे बदल सकते हैं। बिहार में विधानसभा चुनावों में पहले भी दो से तीन हजार वोटों का फर्क निर्णायक रहा है। 2020 के चुनाव में करीब 40 से अधिक सीटें बेहद मामूली अंतर से तय हुई थीं। ऐसे में अगर शंकराचार्य की मुहिम से 2 से 4 प्रतिशत वोट भी इधर-उधर होता है तो भाजपा समेत सभी दलों के लिए यह चुनौती बन सकता है।

भाजपा के लिए यह स्थिति सबसे कठिन कही जा रही है। पार्टी वर्षों से हिंदुत्व और आस्था को लेकर राजनीति करती रही है। लेकिन शंकराचार्य ने सीधे तौर पर सवाल उठाया कि भाजपा ने अपने घोषणापत्र में अब तक गौ रक्षा को प्रमुख मुद्दा क्यों नहीं बनाया। उन्होंने कहा कि यदि भाजपा अब भी यह घोषणा कर दे कि वह गाय की रक्षा सुनिश्चित करेगी तो वे उनका समर्थन करेंगे, वरना जनता को यह मान लेना चाहिए कि भाजपा ने वादा निभाने में चूक की है। शंकराचार्य ने चेतावनी दी कि अगर भाजपा को नुकसान होगा तो वह उनकी करनी से होगा, न कि शंकराचार्य की तरफ से।

राजद और जदयू के लिए भी यह स्थिति आसान नहीं है। दोनों दल जातिगत समीकरणों के आधार पर चुनाव जीतने की कोशिश करते हैं, लेकिन धार्मिक भावनाओं के केंद्र में आने से उनका वोट बैंक भी प्रभावित हो सकता है। कांग्रेस और वामदलों ने इस मुहिम को चुनावी राजनीति में धर्म को घसीटने की कोशिश बताया है, लेकिन ग्रामीण इलाकों में उनकी बातों का उतना असर नहीं दिख रहा।

गौ मतदाता संकल्प यात्रा इस समय उत्तर बिहार के दर्जनों गांवों में पहुँच चुकी है। यात्रा में शामिल लोग ढोल-नगाड़ों और भजन-कीर्तन के साथ प्रवेश करते हैं और फिर शंकराचार्य या उनके प्रतिनिधि प्रवचन देते हैं। प्रवचन का केंद्र बिंदु यही रहता है कि गौ माता हमारी संस्कृति की आत्मा हैं और उन्हें राष्ट्र माता का दर्जा दिलाना हर भारतीय का कर्तव्य है। स्थानीय स्तर पर इस यात्रा का माहौल धार्मिक मेले जैसा हो रहा है और बड़ी संख्या में महिलाएं, किसान और युवा इसमें हिस्सा ले रहे हैं।

लेकिन शंकराचार्य की इस मुहिम के सामने चुनौतियाँ भी कम नहीं हैं। सबसे बड़ी चुनौती संगठनात्मक है। 243 सीटों पर उम्मीदवार खड़ा करना केवल घोषणा करना भर नहीं है, इसके लिए स्थानीय स्तर पर मजबूत नेटवर्क और संसाधनों की जरूरत होगी। यह भी सवाल है कि क्या उनके उम्मीदवार जनता तक अपना संदेश पहुँचा पाएंगे और क्या लोग केवल गौ रक्षा के आधार पर अपना वोट तय करेंगे। बिहार के मतदाता आस्था और धर्म से प्रभावित जरूर होते हैं, लेकिन बेरोजगारी, सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे मुद्दों को भी नजरअंदाज नहीं करते।

फिर भी यह तथ्य साफ है कि शंकराचार्य ने चुनावी विमर्श को नई दिशा दी है। अब तक बिहार की राजनीति जातीय गठजोड़ और विकास बनाम सामाजिक न्याय के मुद्दों के इर्द-गिर्द घूमती रही है। लेकिन अब गौ रक्षा और धार्मिक-सांस्कृतिक पहचान भी चर्चा के केंद्र में आ गई है। राजनीतिक दलों की चुप्पी बताती है कि वे इस नई लहर का इंतजार कर रहे हैं और देखना चाहते हैं कि जनता इस पर कैसे प्रतिक्रिया देती है।शिवहर, सीतामढ़ी, मधुबनी, चंपारण जैसे जिलों में जहां धार्मिक और स-ांस्कृतिक परंपराएं गहरी हैं, वहां शंकराचार्य की अपील का असर सबसे पहले दिख सकता है। इन जिलों में पहले भी देखा गया है कि आस्था से जुड़े मुद्दों पर वोटिंग पैटर्न बदल जाता है। अगर यही स्थिति इस बार भी बनी तो चुनावी नतीजे अप्रत्याशित हो सकते हैं।

फिलहाल इतना तय है कि शंकराचार्य का यह शंखनाद केवल एक धार्मिक आंदोलन नहीं बल्कि एक राजनीतिक प्रयोग भी है। यह प्रयोग सफल होगा या सीमित रह जाएगा, यह तो चुनावी नतीजे ही बताएंगे। लेकिन इसमें कोई संदेह नहीं कि इसने मुख्यधारा की पार्टियों को सोचने पर मजबूर कर दिया है और बिहार की चुनावी राजनीति को नई दिशा दी है। आने वाले महीनों में यह सवाल गूंजता रहेगा कि इस बार बिहार में गाय और गौ माता का मुद्दा कितनी दूर तक जाएगा और क्या यह राज्य की सत्ता का रास्ता बदल देगा।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

### पराली न जलाएं, खेत में गलाकर बनाएं खाद – जिला प्रशासन की किसानों से अपील

# पराली जलाने पर लगेगा 2,500 से 15,000 तक जुमार्ना, सरकारी योजनाओं से भी वंचित हो सकते हैं किसान

(समाज जागरण संवाददाता

गौतमबुद्धनगर, 06 अक्टूबर 2025। ) जिला प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि वे पराली जलाने से परहेज करें और उसे खेत में ही गलाकर खाद के रूप में उपयोग करें। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि पराली जलाने वालों के खिलाफ राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) अधिनियम के तहत अर्थदंड की कार्रवाई की जाएगी।

उप कृषि निदेशक राजीव कुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन एवं जिलाधिकारी के निदेशों के क्रम में यह अपील की गई है। उन्होंने कहा कि धान की कटाई के बाद कई किसान गेहूं की बुआई के लिए जल्दबाजी में पराली जला देते हैं, जिससे वातावरण में प्रदूषण बढ़ता है और खेत की मिट्टी की उर्वरता कम हो जाती है।

राजीव कुमार ने कहा कि पराली जलाने से वातावरण दूषित होता है, मित्र कीट नष्ट हो जाते हैं और इससे मनुष्य, पशु एवं पक्षियों के स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ता है। उन्होंने बताया कि एनजीटी के आदेशों के अनुसार, यदि कोई किसान पराली जलाते हुए पकड़ा जाता है तो उस पर 2,500 से 15,000 तक का जुमार्ना लगाया जा सकता है।

जनपद में पराली जलाने की घटनाओं पर नियंत्रण के लिए ग्राम पंचायत, न्याय पंचायत, विकास खंड और तहसील स्तर पर सचल दल गठित किए गए हैं। इसके साथ ही सेटेलाइट के माध्यम से निगरानी भी की जा रही है। भारत सरकार प्रतिदिन इस संबंध में बुलेटिन जारी कर रही है। यदि कोई किसान पराली जलाते हुए पाया गया तो उसके विरुद्ध राष्ट्रीय हरित अधिकरण अधिनियम की धारा 24 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

जिला प्रशासन ने किसानों से कहा है कि वे पर्यावरण की रक्षा में सहयोग करें और पराली को खेत में ही गलाकर खाद में बदलें, ताकि मिट्टी की उर्वरता बनी रहे और प्रदूषण से भी बचाव हो सके। प्रशासन ने यह भी चेतावनी दी है कि जो किसान पराली जलाने के दोषी पाए जाएंगे, उन्हें सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित किया जा सकता है। सौजन्यः सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर

### "राह-वीर" योजना: सड़क हादसे में घायल की मदद करने वाले को मिलेगा 25,000 रुपये का पुरस्कार

# पहले एक घंटे में अस्पताल पहुंचाने वाले नागरिक होंगे सम्मानित

(समाज जागरण संवाददाता)

गौतमबुद्धनगर, 06 अक्टूबर 2025। परिवहन आयुक्त उत्तर प्रदेश के निदेशों के क्रम में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) डॉ. उदित नारायण पांडे ने बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल को समय पर मदद देने वाले नागरिकों को प्रोत्साहित करने के लिए शासन द्वारा "राह-वीर योजना" को और अधिक स्पष्ट व आकर्षक बनाया गया है। इस योजना के अंतर्गत, यदि कोई व्यक्ति दुर्घटना के पहले एक घंटे (गोल्डन ऑवर) में घायल को अस्पताल या ट्रॉमा सेंटर तक पहुँचाकर तत्काल चिकित्सा सहायता दिलाता है, तो उसे 25,000 रुपये का नकद पुरस्कार और सम्मान पत्र मिलेगा। पहले यह राशि कम थी, लेकिन अब इसे बढ़ाया गया है ताकि अधिक से अधिक लोग जीवन बचाने में भागीदारी निभाएं।

डॉ. पांडे ने बताया कि यदि उपचार के दौरान घायल की मृत्यु भी हो जाती है, तब भी मददगार को पुरस्कार और सम्मान मिलेगा, बशर्ते संबंधित अस्पताल या ट्रॉमा सेंटर यह प्रमाणित करे कि मृत्यु सड़क दुर्घटना के कारण हुई।

शासन ने गंभीर सड़क दुर्घटना की परिभाषा भी तय की है। इसमें शामिल हैं– बड़ी शल्यक्रिया की आवश्यकता, तीन दिन से अधिक अस्पताल में भर्ती, मस्तिष्क या रीढ़ की हड्डी में गंभीर चोट या इलाज के दौरान मृत्यु। उन्होंने कहा कि इस योजना से न केवल जानें बचेंगी, बल्कि समाज में मानवता और सहयोग की भावना भी मजबूत होगी। डॉ. पांडे ने नागरिकों से अपील की कि दुर्घटना के समय मददगार बनें और एक-दूसरे की जान बचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

दैनिक समाज जागरण नेशनल अखबार मे विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें।

# आकस्मिक बारिश और तेज हवा से फसलों को भारी नुकसान, किसानों को 72 घंटे में नुकसान की सूचना देना अनिवार्य

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर, 06 अक्टूबर 2025: जनपद गौतमबुद्धनगर में 06 अक्टूबर को अचानक हुई मूसलाधार वर्षा और तेज हवाओं ने किसानों की खड़ी फसलों को गंभीर क्षति पहुँचाई। उप कृषि निदेशक राजीव कुमार ने तुरंत सभी किसानों को आगाह किया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत, फसल कटाई के बाद खेत में सूखने रखी गई फसलों को यदि ओलावृष्टि, चक्रवात, चक्रवाती वर्षा या बेमौसम बारिश से नुकसान हुआ है, तो किसानों को 72 घंटे के भीतर आपदा की सूचना देना अनिवार्य है।

किसान अपनी फसल क्षति की सूचना भारत सरकार के फसल बीमा टोल-फ्री नंबर 14447 या क्रॉप इंश्योरेंस एप के माध्यम से दर्ज करवा सकते हैं। इसके अतिरिक्त किसी भी मदद के लिए जिला प्रबंधक फसल बीमा गौतमबुद्धनगर को 18002091111, 18008896868 अथवा 14447 पर 72 घंटे के भीतर सूचित किया जा सकता है।

**किसान अपने क्षेत्र के एआईसी प्रतिनिधियों को भी संपर्क कर सकते हैं:**

देवराज सिंह, तहसील दादरी - 7906769211
धीरज कुमार, तहसील सदर - 7579561257
रामोवतार, तहसील जेवर - 7754924114

उप कृषि निदेशक ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि किसानों के बीच व्यापक प्रचार-प्रसार कर विकास खंडवार फसल क्षति का आंकलन तुरंत तैयार कर अधिकारिक कार्यालय को उपलब्ध कराया जाए, ताकि बीमित किसानों को समय पर बीमा लाभ मिल सके।

सभी किसानों से अपील की गई है कि वे अपनी फसल सुरक्षा के लिए समय पर सूचना देना न भूलें, ताकि अप्रत्याशित प्राकृतिक आपदाओं का नुकसान कम किया जा सके। सौजन्यः सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर

# मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्वच्छता समिति की समीक्षा बैठक सम्पन्न

### स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के दिए निर्देश

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर, 06 अक्टूबर 2025: जिलाधिकारी के निदेर्शानुसार मुख्य विकास अधिकारी डॉ. शिवाकांत द्विवेदी की अध्यक्षता में विकास भवन में जिला स्वच्छता समिति की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जनपद में चल रहे स्वच्छता अभियानों, सार्वजनिक एवं व्यक्तिगत शौचालयों की स्थिति तथा ग्राम स्तर पर साफ-सफाई व्यवस्था की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई।



मुख्य विकास अधिकारी ने बैठक में कहा कि स्वच्छता मिशन प्रधानमंत्री की प्राथमिक योजनाओं में से एक है, अतः जनपद में इसकी प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी सार्वजनिक शौचालय निर्धारित समयानुसार खुले रहें और उनके द्वार पर खुलने-बंद होने का समय, केयरटेकर का नाम व मोबाइल नंबर स्पष्ट रूप से अंकित हो। इसके साथ ही जिला पंचायत राज अधिकारी को नियमित निरीक्षण कराने का निर्देश भी दिया गया, ताकि सभी शौचालय मानक के अनुरूप संचालित हो रहे हों।

बैठक में व्यक्तिगत शौचालय निर्माण की प्रगति पर भी चर्चा की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि सभी पात्र लाभार्थियों तक शौचालय निर्माण की सुविधा समयबद्ध रूप से पहुंचाई जाए। उन्होंने पंचायत सचिव एवं पंचायत सहायक को निर्धारित रोस्टर के अनुसार कार्य सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया।

मुख्य विकास अधिकारी ने ग्रामों में स्वच्छता और स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करने के लिए मौसमी बीमारियों एवं वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम हेतु विशेष स्वच्छता एवं फॉगिंग अभियान लगातार संचालित करने का निर्देश दिया। इसके अंतर्गत एंटी-लार्वा छिड़काव, झाड़ियों की सफाई और नालियों की नियमित सफाई पर विशेष जोर दिया गया।

बैठक में जिला पंचायत सदस्य देवा भाटी, जिला विकास अधिकारी शिव प्रताप परमेश, जिला समाज कल्याण अधिकारी सतीश कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं पंचायत सचिव उपस्थित रहे। सौजन्यः सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर

### बालिकाओं ने सीखे आत्मरक्षा के गुर, बढ़ा आत्मविश्वास

# मिहिर भोज बालिका इंटर कॉलेज में मिशन शक्ति के तहत 'सेल्फ डिफेंस' कार्यशाला आयोजित

गौतमबुद्धनगर, 06 अक्टूबर 2025। (समाज जागरण संवाददाता) जिलाधिकारी गौतम बुद्धनगर के निर्देशन एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी के मार्गदर्शन में महिला कल्याण विभाग द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत दादरी स्थित मिहिर भोज बालिका इंटर कॉलेज में ह्लसेल्फ डिफेंसह्व विषय पर विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम में गोल्डन वूशु एकेडमी दादरी की प्रशिक्षक टीम – श्रेया भाटी, आराध्या, तन्वी और विधि शर्मा – ने छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए और विभिन्न परिस्थितियों में स्वयं को सुरक्षित रखने के व्यावहारिक उपायों का प्रदर्शन किया।

इस मौके पर कॉलेज की प्रिंसिपल, शिक्षकगण और बड़ी संख्या में छात्राएँ मौजूद रहीं। महिला कल्याण विभाग की ओर से वन स्टॉप सेंटर इंचार्ज रिंकी रानी और हब टीम की डिस्ट्रिक्ट मिशन कोऑर्डिनेटर मीनाक्षी ने मिशन शक्ति अभियान व विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। महिला कल्याण विभाग द्वारा इस प्रकार की कार्यशालाएँ लगातार आयोजित की जा रही हैं, ताकि बालिकाओं में आत्मविश्वास, सुरक्षा जागरूकता और आत्मनिर्भरता की भावना को और सशक्त बनाया जा सके। सौजन्यः सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर

# मिशन शक्ति 5.0 के तहत आत्मरक्षा कार्यशाला आयोजित, बालिकाओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए गए

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर, 06 अक्टूबर 2025: जिला कार्यक्रम अधिकारी गौतमबुद्धनगर के निदेर्शानुसार बाल विकास विभाग ने दनकौर स्थित परियोजना कार्यालय में मिशन शक्ति 5.0 के तहत आत्मरक्षा कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला में सीडीपीओ संध्या सोनी और मुख्य सेविका किरण भारती ने आंगनबाड़ी कार्यकताओं को आत्मरक्षा के महत्वपूर्ण उपाय और व्यवहारिक प्रदर्शन प्रस्तुत किए।



कार्यशाला में बताया गया कि आत्मरक्षा का ज्ञान होने से बालिकाएं किसी भी विषम परिस्थिति में स्वयं की सुरक्षा कर सकती हैं। साथ ही, आत्मरक्षा न जानने की संभावित हानियों और सावधानियों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जारी दफ कोड के माध्यम से प्रतिभागियों से सुझाव भी प्राप्त किए गए। कार्यशाला में पोषण माह के अंतर्गत बाल प्रारंभिक शिक्षा और देखभाल की अवधारणा पर भी विस्तार से चर्चा की गई। प्रतिभागियों को विकास एवं पहल पुस्तिका के प्रयोग और उससे होने वाले लाभों की जानकारी भी प्रदान की गई।

इस अवसर पर सभी गतिविधियों का संचालन मुख्य सेविका ममता और पूनम ने अपने-अपने क्षेत्र में सफलतापूर्वक किया। सौजन्यः सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर

# महर्षि वाल्मीकि जयंती पर अवसर पर सार्वजनिक अवकाश घोषित

(समाज जागरण संवाददाता)

गौतमबुद्धनगर, 06 अक्टूबर 2025। उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश के अनुसार जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर ने बताया कि महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर 07 अक्टूबर 2025 (मंगलवार) को जनपद में सार्वजनिक अवकाश रहेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि पहले यह तिथि निर्बन्धित अवकाश के रूप में थी, लेकिन शासन स्तर पर विचार-विमर्श के बाद इसे अब सार्वजनिक अवकाश के रूप में स्वीकृति दी गई है। यह अवकाश परिचालित लेखपत्र अधिनियम, 1881 के अंतर्गत नहीं होगा, अर्थात बैंक और वित्तीय संस्थान इस दिन सामान्य रूप से खुले रहेंगे।

दैनिक समाज जागरण मे खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करे। उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों मे समाज जागरण को पत्रकार/छायाकार चाहिए। इच्छुक व्यक्ति संपर्क करे। विज्ञापन पर आकर्षक कमीशन।

# धर्म गुरु बैठक में बाल विवाह और बाल श्रम उन्मूलन पर धर्म गुरुओं ने दिया जोर

जनपद श्रावस्ती ग्राम पंचायत मल्हीपुर खुर्द में देहात इंडिया के तत्वावधान में धर्म गुरु बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में क्षेत्र के विभिन्न धर्मगुरु, सामाजिक कार्यकर्ता और वा समुदाय के लोग उपस्थित रहे।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में बाल विवाह और बाल श्रम जैसी कुप्रथाओं को समाप्त करने के लिए जागरूकता फैलाना रहा। पंडित राम राजेश कुमार ने बताया कि बाल विवाह से बच्चों के शिक्षा, स्वास्थ्य और मानसिक विकास पर नकारात्मक प्रभाव डालता है तथा यह कानूनन अपराध है। इसी तरह, बाल श्रम बच्चों के उज्वल भविष्य में बड़ी बाधा है।बैठक में उपस्थित धर्मगुरुओं ने संकल्प लिया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में जनजागरण अभियान चलाकर लोगों को इन कुप्रथाओं के खिलाफ जागरूक करेंगे और बच्चों को शिक्षा एवं सुरक्षित बचपन दिलाने में सहयोग करेंगे। जिसमे मौलाना वाजिद अली पंडित जगदीश प्रसाद ,पंडित बाबू राम , तथा मंदिर पुजारी हेमराज व शिव पूजन जी तथा देहात इंडिया संस्था के कार्यकर्ता श्रीपाल जी, सरोज देवी,सरोज पटेल आदि कार्यक्रम में शामिल हुए।




# कैट , मेराकी लाइफ स्टाइल एग्जीबिशन की एक अनोखी पहल

समाज जागरण

कॉन्फिडशन ऑफ आल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) एवं मेराकी लाइफस्टाइल संस्था द्वारा जबलपुर होटल गुलजार में दो दिवसीय स्वदेशी, हस्त शिल्प आर्ट, मेड इन इंडिया पर आधारित व्यापारी मेले का आयोजन किया गया, इस व्यापारिक मेले का उद्घाटन जबलपुर की राज्य सभा सांसद श्रीमती सुमित्रा बाल्मिक एवं जबलपुर के मेयर श्री जगत बहादुर सिंह अनु एवं अभिलाष पाण्डेय द्वारा किया गया, इस मेले इस का प्रमुख उद्देश्य स्वदेशी अपनाओ देश बचाओ, वोकल फॉर लोकल एवं मेड इन इंडिया के तहत करें खरीदी उद्देश्य है, इस व्यापारिक मेले में करीब 50 से अधिक स्टॉल लगाए गए, जिसमें की सभी अत्यधिक स्टॉल महिला उद्यमी द्वारा लगाए गए, इस मेले में महिला सशक्तिकरण की एक अनोखी पहचान देखने को मिलती है,



इस मौके पर माननीय श्रीमती सुमित्रा बाल्मिक ( राज्यसभा सांसद ) ने करीब 25 से अधिक उद्यमी महिलाओं एवं मेले में आए हुए उपभोक्ताओं को स्वदेशी अपनाओ की शपथ दिलवाई गई,

जबलपुर मेयर जगत बहादुर सिंह (अन्नू ) ने भी कई वहां आए दुकानदारों एवं आए हुए उपभोक्ताओं को मेड इन इंडिया एवं त्यौहार की खरीदी बाजार जाकर करेंगे, अपने गली मोहल्ले की दुकानों से सामान खरीदेंगे, की शपथ दिलाई गई,

इस महिला उद्यमी स्वदेशी व्यापारी मेले का आयोजन जबलपुर कैट एवं मेराकी लाइफ स्टाइल द्वारा किया गया, इसमें कैट टीम से उपस्थित जितेंद्र पचौरी, दीपक सेठी, राजीव बड़ेरिया एवं टीम मेराकी से उपस्थित सीमा सिंह चौहान, प्रतिभा जैन, नम्रता भाटिया, एवं काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे,

# श्री राम कथा में भगवान श्रीराम की बाल लीला एवं अहिल्या उद्धार का बर्णन किया गया

समाज जागरण

नोएडा सेक्टर 82 स्थित ईडब्ल्यूएस पॉकेट 12 में आयोजित श्रीराम कथा के चौथे दिन कथा व्यास अनंत श्री विभूषित महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 स्वामी पंचमानंद जी महाराज ने भगवान राम की बाल लीलाओं , विश्वामित्र यज्ञ रक्षा, अहिल्या उद्धार आदि प्रसंगों का बहुत सुंदर वर्णन किया। विश्वामित्र जी वन में यज्ञ करते हैं लेकिन राक्षस उनके यज्ञ में बाधा डालकर उसको पूर्ण नहीं होने देते हैं । विश्वामित्र जी ध्यानस्थ होकर देखते है तो उन्हें पता चलता है कि दशरथ पुत्र राम स्वयं विष्णु अवतार हैं और उनके बिना राक्षसों का संघार नहीं हो सकता है। दशरथ जी से राम ,लक्ष्मण को यज्ञ की रक्षा के लिए मांगते है। भगवान राम रास्ते में तड़का जैसी भयंकर राक्षसी का वध कर देते हैं साथ ही अन्य राक्षसों का वध कर यज्ञ को पूर्ण करवाते हैं। मुनि विश्वामित्र के साथ जाते समय रास्ते में गौतम ऋषि के श्राप वश पाषाण शिला बनी अहिल्या का अपनी चरण रज से उद्धार करते हैं। इसके बाद जनकपुर में विश्वामित्र जी के साथ आगमन होता है



श्रीराम कथा आयोजन समिति के मीडिया प्रभारी देव मणि शुक्ल ने बताया कि कल की कथा में धनुष यज्ञ, लक्ष्मण परशुराम संवाद, राम जानकी विवाह आदि प्रसंगों का सुंदर वर्णन कथा व्यास द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर तमाम सेक्टरवासी भक्तगण मौजूद रहें।

# साध्य,साधन,साधक और साधना विषय पर ऑनलाइन गोष्ठी सम्पन्न

**पर्व हमारे जीवन में नयी ऊर्जा देते हैं- विमलेश बंसल दर्शनाचार्या**

समाज जागरण

गाजियाबाद,सोमवार 6 अक्टूबर 2025,केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के तत्वावधान में "साध्य,साधन और साधक साधना" विषय पर ऑनलाइन गोष्ठी का आयोजन किया गया।यह कोरोना काल से 741 वाँ वेबिनार था।

वैदिक विदुषी विमलेश बंसल दर्शनाचार्या ने कहा कि भारत की ऋतु चक्र की तरह हमारे पर्व भी जीवन को नई ऊर्जा और दिशा देते हैं।साध्य,साधन,साधक और साधना –ये चारों ही तत्व हमारी संस्कृति की आत्मा हैं।नवरात्रि के नौ दिन आत्मबल और भक्ति के साधन हैं, रामनवमी आदर्श जीवन का साध्य है,राम उत्सव साधक की तपस्या और विजय की प्रेरणा है,तो दशहरा बुराई पर अच्छाई की साधना का उत्सव है।परिवर्तित होती ऋतु हमें यही संदेश देती है कि जीवन का हर परिवर्तन साधना के माध्यम से साध्य की ओर बढ़ने का अवसर है।

"साध्यं साधनसम्पन्नं साधकस्य प्रयासतः।
साधना चैव धर्मोऽयं नयत्येव परं पदम्॥"

(अर्थः जब साधक उचित साधनों से साध्य की ओर साधना करता है,तो वही धर्म उसे परम पद तक पहुँचाता है।)

दोहा "साध्य-साधक संग मिले, साधन साधे चार। साधना से मिलत है,जीवन का सत सार।।

# विश्व सेरेब्रल पाल्सी दिवस पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कॉन्फरेंस का आयोजन

## समाज में दिव्यांगता के प्रति जागरूकता और समावेशी सोच को बढ़ावा देने का प्रयास

समाज जागरण

गाज़ियाबाद। विश्व सेरेब्रल पाल्सी दिवस के अवसर पर भागीरथ सेवा संस्थान, फर्स्टवन रिहैब फाउंडेशन एवं राम चमेली चड्ढा विश्वास गर्ल्स कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कॉन्फरेंस संपन्न हुई। इस सम्मेलन का उद्देश्य समाज को सेरेब्रल पाल्सी जैसी विशेष दिव्यांगता के प्रति जागरूक करना और इससे प्रभावित बच्चों एवं उनके अभिभावकों को मार्गदर्शन प्रदान करना है।कार्यक्रम में भारत सरकार में राज्य मंत्री बी एल वर्मा (उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय) ने मुख्य अतिथि के रूप शिरकत की। उत्तराखंड सरकार में राज्य मंत्री वीरेंद्र दत्त सेमवाल (हथकरघा एवं हस्तशिल्प विकास परिषद) ने विशिष्ट अथिति के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में देशभर से ख्यातिप्राप्त रिहैबिलिटेशन विशेषज्ञ, फिजियोथेरेपिस्ट, ऑक्युपेशनल थेरेपिस्ट, स्पीच थेरपिस्ट, साइकोलॉजिस्ट, आयुर्वेद विशेषज्ञ, पैडियाट्रिशियन तथा विशेष शिक्षा विशेषज्ञ ने भाग लिया लिया। इन सभी विशेषज्ञ ने विभिन्न प्रेजेंटेशन और तकनीकी सत्रों के माध्यम से सेरेब्रल पाल्सी से जुड़ी आधुनिक उपचार पद्धतियों, पुनर्वास तकनीकों और नए शोधों की जानकारी साझा की साथ ही बेहतर कार्य कर रहे डाक्टर त्रिभुवन सिंह, डाक्टर प्रवीण कुमार डाक्टर धीरज सिंह,डाक्टर नरेंद्र पांडेय डाक्टर अभिषेक पांडेय डाक्टर विजय प्रकाश,डाक्टर राहुल शुक्ला समेत कई डॉक्टरों को सम्मानित किया गया। इस दौरान वरिष्ठ फिज़ियोथेरेपिस्ट एवं होली फैमिली अस्पताल में 40 से अधिक वर्षों तक सेवाएँ देने वाली डॉ. सुनीता सूद मोजूद रही। फर्स्ट वन रिहैब फाउंडेशन के निदेशक डॉ महिपाल सिंह ने बताया कि सम्मेलन में सेरेब्रल पाल्सी से प्रभावित बच्चों, उनके अभिभावकों और रिहैब प्रोफेशनल्स के लिए विशेष इंटरएक्टिव सत्र रखे गए हैं, ताकि उन्हें व्यवहारिक समाधान और प्रेरणा मिल सके। कार्यक्रम में एक्सपर्ट्स द्वारा विषय पर व्याख्यान के साथ साथ भागीरथ स्पेशल स्कूल और फर्स्टवन रिहैब फाउंडेशन के दिव्यांग बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गयी। बिलासपुर छत्तीसगढ़ में संपन्न हुए नेशनल वोची टूनामेंट में गोल्ड सिल्वर और कांस्य पदक जीतकर आये भागीरथ स्पेशल स्कूल के बच्चों प्राची, खुशी, आंचल और इंस्ट्रक्टर अंकित एवं कोच सुमन राजपूत को मंत्री बीएल वर्मा द्वारा सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। कार्यक्रम में एक मां-एक सम्मान" के तहत दिव्यांग बच्चों की सशक्त मांओ को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में देश के विभिन्न हिस्सों से आए यह प्रोफेशनल को दिव्यांगता के प्रति उनकी विशेष सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। राज्य मंत्री वीरेंद्र दत्त सेमवाल ने नहीं अर्थपूर्ण आयोजन के लिए भागीरथ सेवा संस्थान और फर्स्ट वन रिहैब फाउंडेशन की टीम की खूब प्रशंसा की। उन्होंने आश्वासन दिया है कि दिव्यांग जन के लिए अपने-अपने मंत्रालय के अधीन जो भी सहयोग हो सकेगा करेंगे। इस दौरान फर्स्टवन रिहैब फाउंडेशन के निदेशक डॉ. महिपाल सिंह तथा डाक्टर दीक्षा सिंह एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. सुष्मिता भाटी आदि मौजूद रहे।



# 29 अक्टूबर से होगा नोएडा प्राधिकरण पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन अशोक चौहान

समाज जागरण

नोएडा : भारतीय किसान यूनियन मंच के प्रधान कार्यालय गांव शाहपुर गोवर्धनपुर सेक्टर 128 नोएडा पर मासिक बैठक का आयोजन किया गया भारतीय किसान यूनियन मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष विमल त्यागी ने उत्तर प्रदेश के सभी पदाधिकारी से कहा कि 29 अक्टूबर 2025 से नोएडा प्राधिकरण पर भारतीय किसान यूनियन मंच का अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन है जिसमें आप सभी की भूमिका महत्वपूर्ण रहेगी इसलिए पूरे उत्तर प्रदेश प्रदेश के अपने-अपने जिलों में सभी किसानों को जागरूक करें और भारी संख्या में नोएडा प्राधिकरण पर पहुंचने का काम करें। नोएडा प्राधिकरण की बोर्ड बैठकों में अब किसानों की समस्याओं पर चर्चा ही नहीं होती है जिसका जीता जागता उदाहरण 3 अक्टूबर को की गई नोएडा की बोर्ड बैठक है जिसमें नोएडा प्राधिकरण ने किसानों की समस्या के समाधान के लिए एक भी मुद्दा पास नहीं किया जिससे किसानों में भारी रोष है



भारतीय किसान यूनियन मंच के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधीर चौहान ने सभी पदाधिकारी से कहा कि किसानों का भविष्य आप लोगों के हाथ में है आप किसानों के साथ जहां कहीं भी अन्याय और शोषण हो उसके खिलाफ बिना डरे हुए किसानों की समस्या की आवाज को बुलंद करने का कार्य करेंगे ऐसी मुझे आप सभी पदाधिकारी से आशा और उम्मीद है और 29 अक्टूबर 2025 को नोएडा प्राधिकरण पर भारी संख्या में पहुंच कर नोएडा प्राधिकरण से पीड़ित किसानों की आवाज को बुलंद करने का कार्य करें।

भारतीय किसान मंच के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अशोक चौहान ने कहा कि 29 अक्टूबर 2025 को नोएडा प्राधिकरण पर भारतीय किसान यूनियन मंच का अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू होगा जिसके लिए सभी गांव में अलग-अलग टीम बनाकर जन जागरण अभियान चलाया जाएगा और भारी संख्या में नोएडा प्राधिकरण पहुंचकर अपने हक्कू की आवाज को बुलंद किया जाएगा और 81 गांव के किसान अपना हक लेकर रहेंगे मासिक बैठक में चिंकू यादव सुरेंद्र प्रधान सूरज प्रधान चरण सिंह प्रधान प्रमोद त्यागी मनविंदर भाटी सुनील भाटी,डीपी चौहान विक्रम यादव सोनू बजरंगी अशोक चौहान अमित बैसोया, उमंग शर्मा गजेंद्र बैसोया , अभिषेक तोमर ,अलकेश बैसोया, रिंकू यादव प्रिंस भाटी सोनू खारी रोहित यादव,नवीन यादव, लोकेश चौहान , अक्षय मुख्या,सुरेंद्र ,वशिष्ठ आदि पदाधिकारी और किसान मौजूद रहे

# राह भटकी मानसिक दिव्यांग महिला को मिशन शक्ति टीम ने कराया पति से मिलन

**समाज जागरण**

गुन्नौर मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत उपनिरीक्षक अपर्णा बंसल के नेतृत्व में कार्यरत टीम ने मानवता और संवेदनशीलता का अनूठा उदाहरण पेश किया। टीम ने क्षेत्र के गांव कुहेरा में एक मानसिक रूप से दिव्यांग महिला को उसके पति से सकुशल मिलवाकर सराहनीय कार्य किया। जानकारी के अनुसार मिशन शक्ति टीम गांव कुहेरा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर रही थी, तभी टीम को सूचना मिली कि एक मंदबुद्धि महिला अपने लगभग एक वर्षीय पुत्र के साथ गांव में भटक रही है। महिला नाम और पता स्पष्ट रूप से बताने में असमर्थ थी। काफी प्रयासों के बाद उसने अपना नाम गुड्डी पत्नी मोनू निवासी जनपद कानपुर बताया।

टीम ने तत्काल मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए महिला और उसके बच्चे को थाना गुन्नौर लाया। वहां स्थानीय समाजसेवियों की मदद से उसके परिजनों का पता लगाया गया। फोन पर संपर्क करने पर गुड्डी के पति मोनू दीक्षित पुत्र श्रवण निवासी ग्राम असधना, जनपद कानपुर (मो. 9005841335) से वार्ता हुई। मोनू ने बताया कि उसकी पत्नी अपनी बहन के पास गाजियाबाद गई थी। वहां से लौटते समय वह गलती से कानपुर की बस की बजाय बदायूं जाने वाली बस में बैठ गई और रास्ते में उतरकर भटकते हुए गांव कुहेरा पहुंच गई।

मिशन शक्ति टीम की सक्रियता से महिला और उसके बच्चे को सुरक्षित उसके पति के सुपुर्द कर दिया गया। मिशन शक्ति टीम के इस कार्य की ग्रामीणों और समाजसेवियों ने भूरि-भूरि प्रशंसा की।

# कॉलेज में वन प्राणी सप्ताह के जागरूकता गोष्ठी का आयोजन

**समाज जागरण**




गुन्नौर रेंज के डीएवी इंटर कॉलेज में वन प्राणी सप्ताह के अंतर्गत जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभागी छात्रों को सुरक्षित करके सम्मान से नवाजा गया। विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्रीय वन अधिकारी बृजमोहन ने सभी छात्रों को वन्य जीवों के बारे मे जानकारी दी। इसके अतिरिक्त निबंध, लेखन और चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा 6 कि छात्रों ने प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा आलिया, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली तामेश तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली शाद को द्वारा पुरस्कार वितरित किया गया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य अमित कुमार यादव, रवि शर्मा, चंद्रकेश यादव, केवी यादव, प्रशांत यादव, हरीश बाबू शर्मा सहित विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय वन अधिकारी बृजमोहन ने कहा की वृक्षारोपण तथा वन प्राणियों को संरक्षण समय की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इसी को मद्देनजर रखते हुए वन संरक्षण सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है ताकि सभी लोग इसके लिए जागरूक रहे और वन व वन्य जीवों के लिए काम करें।

# शरद पूर्णिमा पर गंगा में श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

**समाज जागरण**



बबराला थाना क्षेत्र के गंगा तट पर श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई। श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगाकर सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की।

सोमवार की सुबह से ही गंगा घाटों पर हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ जुटनी शुरू हो गई। श्रद्धालुओं ने गंगा में हर-हर गंगे के उद्घोष के साथ गंगा स्नान किया। साल में एक बार आने वाले इस पर्व पर गंगा स्नान का विशेष महत्व है। जिसके चलते बहुत से श्रद्धालुओं ने रविवार रात से ही गंगा तट पर डेरा जमा दिया। भोर होते निजी वाहनों के अलावा रोडवेज बसों, डग्गामार वाहनों आदि साधनों से भी श्रद्धालु पहुंचे। हर-हर गंगे के जयकारों के साथ स्नान किया। गंगास्नान के बाद श्रद्धालुओं ने सूर्य को अर्घ्य देकर पूजा की। दूरदराज से आए श्रद्धालुओं ने स्नान किया। जरूरतमंदों को दान देकर पुण्य लाभ कमाया। मंदिरों में पूजा की। हर-हर गंगे के जयकारे दिन भर गंगा तट पर गूंजते रहे। सुरक्षा की दृष्टि से गंगाघाटों पर पुलिस तैनात रही।

# मंडावर डिग्री कॉलेज में मिशन शक्ति के तहत महिला सशक्तीकरण पर प्रभावी गोष्ठी का आयोजन

**समाज जागरण मुस्कान खान**



जनपद बिजनौर मंडावर सोमवार को मिशन शक्ति के पंचम चरण के अंतर्गत एक प्रभावशाली चौपाल का आयोजन किया गया, जिसमें महिला छात्राओं को नारी सम्मान, सुरक्षा, और स्वावलंबन के प्रति जागरूक करने पर विशेष जोर दिया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं और छात्राओं को शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराना था ताकि वे अपने अधिकारों और अवसरों का बेहतर उपयोग कर सकें,गोष्ठी में उपस्थित छात्राओं को महिला हेल्पलाइन नंबरों की विस्तृत जानकारी दी गई। इनमें 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 112 पुलिस हेल्पलाइन, 108 एंबुलेंस हेल्पलाइन, 102 गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं के लिए हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 101 अग्निशमन हेल्पलाइन, और 1930 साइबर हेल्पलाइन शामिल हैं। उपस्थित लोगों को बताया गया कि किसी भी आपात स्थिति में इन नंबरों का उपयोग कर त्वरित सहायता प्राप्त की जा सकती है। इसके साथ ही, महिलाओं और छात्राओं को गुड टच और बैड टच के बारे में भी जागरूक किया गया,ताकि वे अपनी सुरक्षा के प्रति सजग रहें कार्यक्रम में उप-निरीक्षक प्रेरणा यादव, महिला कांस्टेबल रेनू, रीता, और महिला होमगार्ड गीता रानी ने सक्रिय भागीदारी निभाई। उन्होंने छात्राओं को न केवल जागरूक किया, बल्कि उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने के लिए प्रेरणादायक बातें भी साझा कीं। इस दौरान महिला हेल्पलाइन से संबंधित पंपलेट भी वितरित किए गए, जिनमें महत्वपूर्ण जानकारी और संपर्क नंबर अंकित थे। यह गोष्ठी मिशन शक्ति के उद्देश्यों को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई। कॉलेज की छात्राओं ने इस आयोजन में उत्साहपूर्वक भाग लिया और इसे अपने लिए उपयोगी बताया। मंडावर डिग्री कॉलेज के प्रधानाचार्य और स्टाफ ने भी इस पहल की सराहना की और भविष्य में भी इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प लिया यह आयोजन न केवल महिला सशक्तीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है, बल्कि समाज में महिलाओं की सुरक्षा और स्वावलंबन को बढ़ावा देने का एक प्रेरणादायक उदाहरण भी है।

# गंगा एक्सप्रेसवे को लेकर शिवसेना और कांग्रेस का साझा समर्थन, बिजनौर से होकर गुजरने की मांग तेज

**समाज जागरण मुस्कान खान**



जनपद बिजनौर चांदपुर, गंगा एक्सप्रेसवे के प्रस्तावित रूट को लेकर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। रविवार को शिवसेना के जिला अध्यक्ष चौधरी वीर सिंह ने कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं वर्तमान नगर पालिका परिषद चांदपुर चेयरपर्सन पति शेरवाज पठान से उनके आवास पर मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने गंगा एक्सप्रेसवे को बिजनौर से होकर निकालने की मांग पर जोर दिया और एक-दूसरे को तन-मन-धन से समर्थन देने का आश्वासन दिया।

शेरवाज पठान ने कहा कि मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार ज्ञात हुआ है कि गंगा एक्सप्रेसवे का रूट बदला जा रहा है और यह बिजनौर को दरकिनार कर दिया गया है, जो जिले की जनता के साथ गंभीर अन्याय है। उन्होंने कहा कि बिजनौर ऐतिहासिक और धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण भूमि है – यह महात्मा विदुर जी की धरती है – और यहां से होकर एक्सप्रेसवे गुजरना जिले के विकास और रोजगार के लिए आवश्यक है।

शिवसेना जिला अध्यक्ष चौधरी वीर सिंह ने भी पूर्ण समर्थन जताते हुए कहा कि गंगा एक्सप्रेसवे से बिजनौर का जुड़ना केवल एक सड़क परियोजना नहीं बल्कि जनता की आकांक्षाओं का सम्मान है। दोनों नेताओं ने संयुक्त रूप से चेतावनी दी कि यदि एक्सप्रेसवे का रूट बिजनौर से नहीं निकला तो कांग्रेस पार्टी, शिवसेना और आम जनता मिलकर बड़ा आंदोलन करेंगी।

इस मुलाकात को जिले की राजनीति में एक अहम कदम माना जा रहा है, क्योंकि दो भिन्न विचारधाराओं के दलों का यह एकजुट रुख गंगा एक्सप्रेसवे को लेकर जनभावनाओं की गहराई को दर्शाता है।

# गुन्नौर डी ए बी इंटर कॉलेज की कक्षा ग्यारह की छात्रा नीरज बनी एक दिन की प्रधानाचार्य

**समाज जागरण**



गुन्नौर नगर स्थित डी ए वी इंटर कॉलेज में सोमवार को नारी शक्ति के अंतर्गत कक्षा 11की छात्रा नीरज कुमारी को एक दिन का प्रधानाचार्य बनाया गया। प्रधानाचार्य चंद्रकेश यादव ने बताया कि 11वीं की छात्रा नीरज को 1 दिन का प्रधानाचार्य बनाया। जिसके अंतर्गत प्रधानाचार्य नीरज कुमारी को कार्यभार ग्रहण कराया गया। प्रधानाचार्य बनते ही नीरज कुमारी ने सबसे पहले हर क्लास का निरीक्षण किया। उसके बाद विद्यालय प्रांगण का निरीक्षण कर साफ सफाई का जायजा लिया टायलेट / वाथरूम को भी चेक किया इसके बाद मिशन शक्ति योजना के बारे में जानकारी की। महिला हेल्प लाइन 1090 व डायल 112 के वारे में जानकारी दी। महिला सशक्तिकरण के वारे में भी जानकारी दी। और नीरज कुमारी पुत्री सतीश चंद्र ने बताया कि मैं एक दिन के प्रधानाचार्य बनने पर मुझे बहुत ही खुशी हो रही है।

इस मौके पर प्रधानाचार्य अमित यादव,चंद्रकेश यादव, केवी यादव, रवि शर्मा, प्रशांत कुमार यादव, प्रेम सिंह, बिजेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# अंबेडकर स्कूल में मनाई गई महर्षि बाल्मीकि जयंती

**समाज जागरण**



चंदौसी। नगर के समीप ग्राम पथरा स्थित डा. भीमराव अंबेडकर जूनियर हाईस्कूल में महर्षि बाल्मीकि जयंती मनाई गई। स्कूल संचालक महानंदन गौतम एवं प्रधानाचार्या आशा गोस्वामी ने समस्त स्टाफ के साथ महर्षि बाल्मीकि के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। स्कूल संचालक महानंदन गौतम ने बच्चों को बताया भगवान राम की सबसे प्रमाणिक जीवनगाथा को लिखने वाले महर्षि वाल्मीकि की जयंती हर साल आश्विन मास की पूर्णिमा के दिन मनाई जाती है। प्रधानाचार्या आशा गोस्वामी ने बताया पौराणिक कथा के अनुसार महर्षि वाल्मीकि के बचपन का नाम रत्नाकर था. महर्षि के जन्म को लेकर तमाम तरह की किंवदंतियां है। जिसमें कोई उन्हें एक ब्राह्मण के घर में जन्मा बताता है तो कोई बचपन में अपने माता-पिता से बिछड़ने के बाद शिकारियों के संपर्क में आने की बात कहता है। बहरहाल, युवावस्था में महर्षि वाल्मीकि लूट-पाट करके अपने परिवार का पालन पोषण किया करते थे। मान्यता है कि एक बार उन्होंने महर्षि नारद को लूटने का प्रयास किया, लेकिन नारद मुनि की शिक्षा से उनका हृदय परिवर्तन हो गया और उन्होंने पूर्व में किए गये पापों का प्रायश्चित करने के लिए कठिन तप प्रारंभ किया। शिक्षक अश्विनी शर्मा ने बताया कि महर्षि वाल्मीकि को भगवान राम के युग का माना जाता है। सत्येंद्र सिंह ने कहा कि मान्यता है कि महर्षि वाल्मीकि ने माता सीता को अपने आश्रम में आश्रय दिया था। जहां पर उनके दो पुत्र लव और कुश पैदा हुए। महर्षि वाल्मीकि ने लव और कुश को रामायण का ज्ञान दिया। मान्यता है कि लव और कुश ने ही सबसे पहले रामायण का गान किया था। सत्यपाल सिंह ने भी वाल्मीकि जी के जीवन के बारे में बताया। इस दौरान रमन शर्मा, रंजीत कुमार, सीमा अग्रवाल, रिनी अग्रवाल, क्षमता, शालू, सोनी,योगेश, आरती सिंह, अनामिका, सुशीला, राजकुमारी, दुर्गेशनंदिनी, रेशमा,आभा रानी, प्राची गौतम, श्याम सिंह

# स्वर्गीय बाबा महेंद्र सिंह (टिकैत) की 90 वीं जयंती पर भाकियू के कार्यकताओं ने यज्ञ हवन कर उनके महान संघर्षों के त्याग को याद किया

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**



जनपद बिजनौर नांगल सोती भाकियू के संस्थापक , सुविख्यात एवं करिश्माई किसान नेता स्व. बाबा महेन्द्र सिंह टिकैत की 90 वीं जयंती पर सोमवार को भाकियू ( टिकैत ) के कार्यकताओं ने यज्ञ - हवन कर उनके महान संघर्षों , त्याग को याद किया।

यज्ञ - हवन आर्य विद्वान कावेन्द्र सिंह एड. ने सम्पन्न कराया। किसानों को सम्बोधित करते हुए ब्लॉक अध्यक्ष अवनीश कुमार ने कहा कि बाबा महेन्द्र सिंह टिकैत ने किसानों को अपने अधिकारों के लिये संघर्ष करना सिखाया। उन्होने पूरा जीवन किसानों के लिये समर्पित कर दिया। उनके त्याग , बलिदान और संघर्षों की किसान कौम सदैव ऋणी रहेगी। अन्य वक्ताओं ने भी बाबा टिकैत को किसानों का सच्चा हितैषी तथा जादुई किसान नेता बताया। उनकी नीतियों , सिद्धांतों का अनुसरण करने की अपील की गई।

प्रांतीय नेता अजय बालियान ' गुड्डु ' के आवास पर आयोजित यज्ञ - हवन में बलराम सिंह , विजय पहलवान , शिवकुमार सहरावत , मोनू बालियान , वीरेश राणा , सत्यपाल सिंह , बंटी सिंह , धर्मवीर सिंह,रोहित कुमार , निशांत कुमार , दुष्यंत कुमार,पप्पू, सूरज,रजत, सोमवीर, विनीत,तपेन्द्र सिंह , सोनू कुमार , मौ. साजिद , मौ. नफीस , शोहित कुमार , डालचंद सिंह , जितेन्द्र सिंह राहुल,प्रमोद, योगेश, फईम आदि उपस्थित रहे।

# किरतपुर ब्लॉक के गांव कुम्हैड़ा में लगाए गए पालतू एवं आवारा कुत्तों के रेबीज के टीके

**समाज जागरण अजमल अंसारी**



जनपद बिजनौर किरतपुर। क्षेत्र के कुम्हैडा ब्लॉक किरतपुर में पागल कुत्ते के काटने से कई गाय ,भैंस व निराश्रित पशुओं की मृत्यु हो चुकी है।

इस समस्या को देखते हुए जनहित में किये अनुरोध पर ग्राम कुम्हेडा ब्लॉक किरतपुर में आनंद चैरिटेबल ट्रस्ट से संचालित 'प्रेम पथ शेल्टर पेदी नगीना रोड बिजनौर की टीम श्री अश्वनी चित्रांश एवं प्रशांत चौधरी द्वारा निशुल्क टीकाकरण अभियान चलाया गया।

टीम ने (कुल 48 कुत्तों के) गांव की गलियों में, रास्ते में जो भी जहां मिला निराश्रित कुत्तों को पकड़ कर तथा पालतू कुत्तों के दीवान खाने के सामने स्थानीय निवासी (अवनीश निर्वाल) की बैठक पर व अन्य जगहों पर निशुल्क रेबीज इंजेक्शन लगाए गए।टीम ने बताया गया कि यह टीका लगाने से एक समय अवधि के लिए कुत्तों में रेबीज का संक्रमण नहीं हो सकता।रेबीज एक जानलेवा बीमारी है जिसका बचाव ही एकमात्र उपाय है।रेबीज संक्रमित कुत्तों बिल्ली, लोमड़ी, और चमगादड़ की लार के माध्यम से फैलता है।

संक्रमित कुत्ते के काटने के बाद कटे हुए स्थान को साबुन से पानी की धार डालकर 10, 15 मिनट धोना चाहिए।उसके बाद डॉक्टर से संपर्क कर सरकारी अस्पताल में निशुल्क एंटी रेबीज टीका लगवाना चाहिए परंतु इससे 100% गारंटी नहीं ली जा सकती। सलाह दी गई कि कुत्तों को एंटी रेबीज टीका लगवाना ही एकमात्र सौ परसेंट बचाव का इलाज है । वही अवनीश निर्वाल ने बताया कि कोई भी घटना होने से पूर्व सावधानी ही सबसे अच्छा नुकसान से बचने का उपाय होता है।

# जनपद में 12 अक्टूबर 2025 को होने वाली राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रा0) परीक्षा 2025 तथा सहायक वन संरक्षक/क्षेत्रीय वन अधिकारी सेवा (प्रा0) परीक्षा 2025 परीक्षा को लेकर बैठक सम्पन्न।

**समाज जागरण**

बहजोई जिलाधिकारी डॉ राजेंद्र पैंसिया के निर्देशन एवं अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा की अध्यक्षता में राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रा0) परीक्षा 2025 तथा सहायक वन संरक्षक/क्षेत्रीय वन अधिकारी सेवा (प्रा0) परीक्षा 2025 परीक्षा के सम्बंध में केन्द्र व्यवस्थापकों, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट, जोनल मजिस्ट्रेट आदि के साथ बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट के निकट बड़ा मैदान संभल कल्कि महोत्सव विकासोत्सव 2025 के परिसर में किया गया।

जिला सम्भल में परीक्षार्थियों के लिए कुल 13परीक्षा केन्द्र बनाए गए है, जिन पर पीसीएस के 5688 परीक्षार्थी दो पालियों में सम्मिलित होगें।

समन्वयी पर्यवेक्षक दीनदयाल जी ने कहा कि सभी केन्द्र व्यवस्थापक समय से 30 मिनट पहले पहुचे पेपर बॉक्स को सीसीटीवी कैमरे के सामने लें और कैमरे के सामने ही पेपर को खोलें सभी अधिकारी शासन द्वारा दिए गए सभी नियम निदेर्शों का भली भांति अध्ययन कर अक्षरशः आदेशों का पालन करें।

नकलविहीन परीक्षा सम्पन्न हो, परीक्षा केन्द्रों का वातावरण स्वास्थयप्रद व भयमुक्त होना चाहिए व सभी केन्द्रों पर पर्याप्त भौतिक संसाधन उपलब्ध होने चाहिए जिससे किसी भी परीक्षार्थी को किसी भी प्रकार की समस्या ना हो।

# महिलाओं के हुनर को नई पहचान देने के लिए राधा ब्लिस बाजार का हुआ आयोजन

## * जिला पंचायत अध्यक्ष अनामिका यादव रहीं मौजूद

**समाज जागरण**

चंदौसी। श्री गीता सत्संग भवन, सीता रोड, चंदौसी में महिलाओं के हुनर को एक पहचान देने के उद्देश्य से राधा ब्लिस बाजार का आयोजन किया गया। इस मंच के माध्यम से वे महिलाएँ जो कुछ नया करना चाहती हैं और अपने हुनर को लोगों तक पहुँचाना चाहती हैं, उन्हें एक शानदार अवसर मिला।



बाजार में महिलाओं ने लगाए आकर्षक स्टॉल लगाए जिसमें घर सजाने का सामान के साथ दिवाली की जरूरी वस्तुएँ, घर का बना स्वादिष्ट पकवान, फैंसी कपड़े एवं ज्वेलरी आदि रही। इस सफल आयोजन की मुख्य आयोजक रेशु अग्रवाल एवं मानसी अग्रवाल रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्य शिक्षा मंत्री गुलाब देवी द्वारा फीता काटकर व दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के तौर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अनामिका यादव उपस्थित रहीं। इसके साथ ही शहर की डॉक्टर, सामाजिक कार्यकर्ता, प्रोफेसर्स व अन्य प्रतिष्ठित महिलाओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर कार्यक्रम की शोभा में चार चांद लगा दिए। कार्यक्रम में गीता सत्संग भवन युवा मंडल ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए पूर्ण सहयोग दिया। इस ग्रुप अध्यक्ष जलपा अग्रवाल, वित्त मंत्री शुभा अग्रवाल, संयोजिका इंदु अग्रवाल, एवं सदस्यों सोनम अग्रवाल, सोनल अग्रवाल, रानी अग्रवाल आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# कुहेरा में महिलाओं को सुरक्षा के प्रति किया जागरूक - प्रभारी अर्पणा बंसल

**समाज जागरण**

गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र गांव कुहेरा में पुलिस ने मिशन शक्ति फेज-5 के तहत विशेष जागरूकता अभियान चलाया।




प्रभारी महिला उपनिरीक्षक अर्पणा बंसल ने महिलाओं और बालिकाओं व ग्रामीणों को सुरक्षा के बारे में जागरूक किया।

वही महिलाओं व ग्रामीणों को सुरक्षा को लेकर टिप्स दिए। वही पुलिस के द्वारा मिशन शक्ति अभियान से जुड़े पैम्फलेट वितरित किए गए, साथ ही विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की भी जानकारी दी गई।

इस मौके पर प्रधान डॉ दया यादव, भरत यादव, प्रमोद यादव, मनोज यादव सहित ग्रामीण मौजूद रहे ।

# बबराला में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने पथ संचलन का आयोजन

**समाज जागरण**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से बबराला नगर महाराणा प्रताप बस्ती में पथ संचलन का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता राजकुमार वैदिक जिला कार्यवाह बबराला ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थापना से लेकर 100 वर्ष शताब्दी वर्ष तक के कार्य पर प्रकाश डालते हुए व पांच परिवर्तन के बारे में जानकारी दी इसके बाद पथ संचालक निकला गया इस मौके पर नगर संचालक रामगोपाल, नगर कार्यवाह सोनू यादव अरुण कान्त , चंद्र केस,ऋषभ,नगर पंचायत अध्यक्ष हर्षवर्धन , जगदीप, भुवनेश, आदि स्वयंसेवक मौजूद रहे।



# हयात नगर निगाहत जूनियर हाई स्कूल में 'मिशन शक्ति फेस 5' कार्यक्रम: नारी शक्ति का सम्मान और जागरूकता

**समाज जागरण**

संभल हयात नगर निगाहत जूनियर हाई स्कूल में उत्तर प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी 'मिशन शक्ति फेस 5' कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं और बच्चों को विशेष शक्ति नारी शक्ति के बारे में जागरूक करना और उन्हें अपने अधिकारों, सुरक्षा व सम्मान के प्रति सचेत करना था।

**कार्यक्रम का उद्देश्य और महत्व**

'मिशन शक्ति' अभियान, जिसका यह पाँचवाँ चरण है, महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन की गारंटी देने के लिए समर्पित है। इस पहल के माध्यम से स्कूल में बच्चों को यह जानकारी दी गई कि आज की बेटियाँ किसी भी क्षेत्र में बेटों से कम नहीं हैं। उन्हें यह बताया गया कि वे कैसे शिक्षा और आत्मविश्वास के बल पर हर मुकाम हासिल कर सकती हैं।

**नारी शक्ति पर विशेष जानकारी**

कार्यक्रम में स्कूल के शिक्षकों और अन्य विशेषज्ञों ने नारी शक्ति के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि किस प्रकार महिलाएं समाज और राष्ट्र निर्माण में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। बच्चों को कई सफल महिलाओं के उदाहरण दिए गए, जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में देश का नाम रोशन किया है। सुरक्षा और अधिकारः छात्राओं को महिला सुरक्षा से जुड़े कानूनों और उनके अधिकारों के बारे में विस्तार से बताया गया। उन्हें समझाया गया कि किसी भी तरह की परेशानी या असुरक्षा महसूस होने पर उन्हें किससे संपर्क करना चाहिए। हेल्पलाइन नंबरों की जानकारीः पुलिस, महिला एवं बाल विकास विभाग और अन्य संबंधित हेल्पलाइन नंबरों जैसे 1090 (वूमेन पावर लाइन), 181 (महिला हेल्पलाइन) और 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन) के बारे में विशेष रूप से जानकारी दी गई ताकि मुसीबत के समय वे तुरंत मदद प्राप्त कर सकें। आत्मरक्षा का महत्वः बच्चों को यह भी सिखाया गया कि उन्हें शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनना चाहिए। कुछ स्कूलों में आत्मरक्षा के शुरूआती टिप्स भी दिए जाते हैं ताकि वे आपातकालीन स्थिति का सामना कर सकें।

**बच्चों की भागीदारी**

स्कूल के छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया। उन्होंने नारी शक्ति पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, गीत, नृत्य और प्रेरक नाटक भी प्रस्तुत किए। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से बच्चों ने समाज में लैंगिक समानता और महिला सम्मान का संदेश दिया। शिक्षकों ने बच्चों के सवालों के जवाब दिए, जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ा और उन्हें अपने अधिकारों के सही उपयोग के लिए प्रेरित किया गया।

# वाट्सऐप पर दी धमकी

समाज जागरण

कैराना। एक युवक को वाट्सऐप पर धमकी दी गई। मोहल्ला पट्टोवाला निवासी अभिषेक गोयल ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसके वाट्सऐप पर रात्रि में मैसेज भेजे गए, जिनमें अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया गया तथा धमकी दी गई। मामले में पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

# दहेज उत्पीड़न के मामले में रिपोर्ट दर्ज

समाज जागरण

कैराना। दहेज उत्पीड़न के मामले में पीड़िता ने पति समेत पांच आरोपियों के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई।

गांव मलकपुर निवासी साईमा ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि फरवरी 2022 में उसकी शादी मुजफ्फरनगर के मोहल्ला मल्हूपुरा निवासी अरमान के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही उससे बुलेट बाइक, सोने की चेन व 51 हजार रुपये की मांग को लेकर उत्पीड़न किया गया। मारपीट की गई। पूर्व में मारपीट के मामले में उनमें समझौता भी हुआ था और ससुरालिये अपने साथ ले गए थे। इसके बाद फिर से मांग को दोहराते हुए उत्पीड़न किया गया। पीड़िता का कहना है कि उसके दो बच्चे हैं और गर्भवती है। उसने ससुरालियों से जान का खतरा जताया है। मामले में पति के अलावा ससुर नसीम उर्फ लाखन, सास जुबैदा, ननद गुड्डन व तानिया को नमाजद कराया गया है।

# बाइक की टक्कर से कंपाउंडर घायल

समाज जागरण

कैराना। बाइक की टक्कर से कंपाउंडर घायल हो गया। मोहल्ला खैलकलां निवासी शाकिर ने मुकदमा दर्ज कराया। बताया कि उसका पुत्र साहिब एक निजी हॉस्पिटल में कंपाउंडर है। रविवार को उसका पुत्र तितरवाड़ा चुंगी के निकट मस्जिद में नमाज के लिए जा रहा था। रास्ते में बाइक ने उसे टक्कर मार दी, जिस कारण उसके पैर की हड्डी टूट गई। आरोपी बाइक चालक फरार हो गया। पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

# परिजनों से बिछड़ी मासूम बच्ची पुलिस ने किया फोटो वायरल

समाज जागरण

कांधला।(फुरकान जंग) कस्बे के कैराना मार्ग पर चल रहे रामलीला मेला महोत्सव में एक तीन वर्ष की मासूम बच्ची परिजनों से बिछड़ कर आ गई और रोने लगी आसपास के दुकानदारों ने थाने पर पहुंचाया पुलिस ने पहचान कराने के लिए फोटो सोशल मीडिया पर वायरल किए। मासूम बच्ची के फोटो वायरल होते ही पहचान हो गई परिजन अपने साथ ले गए। पुलिस ने



मासूम बच्ची को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। सोमवार को एक तीन वर्ष की मासूम बच्ची थाने के समीप कैराना मार्ग स्थित मेला महोत्सव में रो रही थी। आसपास के लोगों ने मासूम बच्ची से जब उसके माता-पिता व अन्य परिजनों के बारे में जानकारी ली तो मासूम बच्ची ने अपना नाम काबिया व पिता का नाम आशू बताया और पता बताने में असमर्थ रही। दुकानदार मासूम बच्ची को लेकर थाने पहुंचे और पुलिस को जानकारी दी। उप निरीक्षक सुभाष सिंह ने बच्ची की पहचान कराने के लिए फोटो सोशल मीडिया पर वायरल किए । फोटो वायरल होते ही थाने पर पहुंचे व्यक्ति ने बताया कि उसकी बच्ची है और उसके बच्चे कैराना मार्ग स्थित एक स्कूल में जाते हैं छोटी बच्ची भी उनके पीछे-पीछे आ गई और रास्ता भटक गई। पुलिस ने मासूम बच्ची को उसके पिता आशू के सुपुर्द कर दिया।

# बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर फिसली दो युवक घायल

समाज जागरण

कांधला थाना क्षेत्र के दिल्ली रोड स्थित भारसी मोड़ के समीप बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए आसपास के लोगों ने नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जनपद मेरठ के गांव खेलवडी निवासी भोला और तरुण बड़ौत से होते हुए बाइक पर सवार होकर शामली जा रहे थे। बाइक सवार जैसे ही थाना क्षेत्र के दिल्ली रोड स्थित भारसी मोड़ के समीप पहुंचे तो अचानक से उनकी बाइक असंतुलित होकर फिसल गई। बाइक पर सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों चीख-पुकार सुनकर राहगीरों 108 एंबुलेंस को सूचना दी। 108 एंबुलेंस के कर्मचारियों ने घायल दोनों बाइक सवार युवकों को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

# हार्ट पेशेंट तेल ओर चिकनाई का न करें प्रयोग, डॉक्टर बिमल छाजेड

समाज जागरण

शामली। सोमवार को शहर के सिंभालका बाईपास पर साओल हार्ट केयर सैंटर के उदघाटन पर पहुंचे प्रसिद्ध हार्ट चिकित्सक डा. बिमल छाजेड ने कहा कि हार्ट का ईलाज सीधो ऑपरेशन नही बल्कि कुछ चीजों पर प्रतिबंध लगाने से भी किया जा सकता है। उन्होने हार्ट पेशेंट से खाने में तेल और चिकनाई का प्रयोग न करने का आहवान किया।

सोमवार को साओल हार्ट केयर सैंटर का उदघाटन सदर विधायक प्रसन्न



चौधरी व प्रसिद्ध हार्ट चिकित्सक डा. बिमल छाजेड ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होने कहा कि हार्ट का इलाज केवल सीधे ऑपरेशन या बाईपास सर्जरी तक सीमित नहीं है। उन्होंने जोर देकर कहा कि कुछ जीवनशैली में बदलाव और खाने-पीने की आदतों पर नियंत्रण रखकर भी हार्ट रोगियों का इलाज संभव है। उन्होने हार्ट रोगियों से तेल और चिकनाई वाले पदार्थों का सेवन कम करने का आहवान किया। उन्होंने कहा कि अधिकांश मरीजों को बाईपास सर्जरी कराई जाती है, जिसमें शरीर को काटना पड़ता है। लेकिन यदि मरीज समय रहते स्वस्थ आहार और नियमित जीवनशैली अपनाते हैं, तो हार्ट संबंधी कई समस्याओं से बचा जा सकता है और गंभीर सर्जरी की आवश्यकता कम हो सकती है। उन्होने कहा कि खाना बनाते समय तेल का प्रयोग न करे। मॉर्किंग वॉक और योगा भी जरूरी है। साथ ही बाहरी खाना बंद कर दे और शराब, तंबाकू, कुटका खाना से भी परहेज करे। इस दौरान उन्होने सभी से समय समय पर अपने हार्ट की जांच कराते रहने की सलाह दी। इस अवसर पर सदर विधायक प्रसन्न चौधरी, पूर्व विधायक तेजेन्द्र निर्वाल, प्रधानाचार्च देवेन्द्र पाल राणा, विशाल गुप्ता, प्रीतम सिंह प्रीतम, अनुराग जैन, मनीष भटनागर आदि मौजूद रहे।

# पंजाब बाढ़ पीड़ितों के लिए जमीयत ने भेजी राहत सामग्री

समाज जागरण



शामली कैराना।(फुरकान जंग) जमीयत उलमा-ए-हिंद जिला शामली की ओर से स्थानीय लोगों के सहयोग से पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत सामग्री भेजी गई।

सोमवार को जमीयत उलमा-ए-हिंद के पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष और दारुल उलूम देवबंद की शूरा के सदस्य मौलाना आकिल कासमी ने नगर के भूरा बाईपास के निकट राहत सामग्री को रवाना करने से पहले विशेष दुआ कराई। मौलाना आकिल कासमी ने कहा कि इस्लाम धर्म में पड़ोसी की मदद का भी विशेष महत्व है। यदि कोई पड़ोसी भूखा हो, तो उसे भोजन देना चाहिए। पंजाब में बाढ़ से प्रभावित लोगों की सहायता के लिए जमीयत उलमा-ए-हिंद निरंतर प्रयासरत है, क्योंकि आपदा से प्रभावित परिवारों की जिंदगी को सामान्य होने में समय लगता है। किसी पीड़ित की मदद करना बड़ा पुण्य है। जमीयत के जिलाध्यक्ष और जामा मस्जिद के खतीब मौलाना ताहिर ने बताया कि कैराना, भूरा, बराला, खुरगान, गढ़ी दौलत, कुरतान, बधूपुरा, शामली, कांधला, मन्नामाजरा, गढ़ी मियां सहित अन्य क्षेत्रों के लोगों के सहयोग से लगभग 12 लाख रुपये की राहत सामग्री एकत्र की गई है। इसमें नकद राशि के साथ-साथ घरेलू आवश्यकता का सामान शामिल है, जो पंजाब के बाढ़ पीड़ितों में वितरित किया जाएगा। इस अवसर पर जमीयत के जिला महासचिव मौलाना तहसीन, मौलाना नाजिम, मौलाना इमरान, मौलाना इलियास आदि मौजूद रहे।

# दो लोगों पर आवारा कुत्तों ने हमला कर किया घायल



कांधला। क्षेत्र के अलग-अलग गांव में युवक और एक व्यक्ति पर आवारा कुत्तों ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया पीड़ितों ने अस्पताल में पहुंचकर अपना उपचार कराया चिकित्सकों ने जानवरों से दूर रहने की सलाह दी है। विकासखंड क्षेत्र के गांव जसाला निवासी अधेड़ व्यक्ति राजकुमार ने बताया कि वह घर से अपने खेत पर जा रहा था तभी गली में आवारा कुत्तों के झुंड ने घेर लिया और उस पर जानलेवा हमला कर दिया। एक कुत्ते के काटने से पीड़ित गंभीर रूप से घायल हो गया आसपास के लोगों ने शोर सराबा सुनकर कुत्तों के झुंड को भगाया और घायल को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। दुसरी और गांव भभीसा निवासी मनोज के द्वारा बताया गया कि वह बाइक पर सवार होकर किसी कार्य से अपने खेत जा रहा था तभी एक आवारा कुत्ते ने अचानक से हमला बोल दिया जिसमें पीड़ित के पैर में काट लिया और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। चिकित्सकों दोनों लोगों को उपचार कर एंटी रेबीज की वैक्सीन लगाते हुए उन्हें आवारा जानवरों दूर रहने की सलाह दी। और कहा के आवारा कुत्ते, बिल्ली,बंदर के काटने पर तुरंत अस्पताल में पहुंचकर एंटी रेबीज की वैक्सीन लगवाए और किसी भी तरह की लापरवाही बरतने पर जान जा सकती है।

# एआईएमआईएम के पदाधिकारियों ने राष्ट्रपति के नाम डीएम को सौंपा ज्ञापन



शामली।(फुरकान जंग)अखिल भारतीय मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के पदाधिकारियों ने सोमवार को डीएम के माध्यम से राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने प्रदेश में शासन-प्रशासन द्वारा मुस्लिम समाज पर हो रहे अत्याचारों, जुल्मों और भेदभावपूर्ण कार्रवाइयों पर रोक लगाने की मांग की।

पार्टी पदाधिकारियों ने ज्ञापन में उल्लेख किया कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक, संवैधानिक एवं पंथनिरपेक्ष गणराज्य है, जहां प्रत्येक नागरिक को गरिमामय जीवन जीने का अधिकार प्राप्त है। किंतु वर्ष 2014 में भाजपा सरकार के सत्ता में आने के बाद से देश में धार्मिक उन्माद और आपसी वैमनस्यता का वातावरण बनाया जा रहा है। ज्ञापन में कहा गया कि उत्तर प्रदेश में बीते आठ वर्षों से धर्म के नाम पर उन्माद फैलाकर इस्लाम को मानने वालों को निशाना बनाया जा रहा है। कभी गौवंश हत्या के नाम पर, तो कभी दाढ़ी-टोपी, मंदिर-मस्जिद, लव जिहाद और अन्य बहानों से तथाकथित संगठनों द्वारा नफरत फैलाने की घटनाएं सामने आ रही हैं। आरोप लगाया गया कि कई बार प्रशासन की मौजूदगी में निर्दोषों, महिलाओं और बुजुर्गों पर अत्याचार किए जा रहे हैं तथा फर्जी मुकदमे दर्ज कर लोगों को प्रताड़ित किया जा रहा है। कहा कि फतेहपुर, आगरा और अन्य स्थानों पर हिंसक घटनाओं के दौरान कुछ संगठनों द्वारा खुलेआम नफरती भाषण दिए गए, शस्त्र लहराए गए, किंतु प्रशासन द्वारा किसी पर भी कठोर कार्यवाही नहीं की। इससे स्पष्ट होता है कि शासन-प्रशासन ऐसे तत्वों को संरक्षण दे रहा है। ज्ञापन में कहा गया कि उत्तर प्रदेश में न्याय का दूसरा नाम लाठी और बुलडोजर बन गया है, जो लोकतंत्र के लिए अत्यंत चिंताजनक है। हाल ही में 26 सितम्बर को बरेली में हुई घटना का उल्लेख करते हुए कहा गया कि प्रशासन ने हिंसा रोकने के नाम पर निर्दोष लोगों पर लाठियां चलाईं, जिसमें कई नाबालिगों, महिलाओं और बुजुर्गों को चोटें आईं। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष हाफिज मुहम्मद इनाम, दिलशाद, मोमीन चौधरी, गौरव, करण, शौकीन, शाहिद, तोफीक आदि मौजूद रहे।

# महर्षि वाल्मीकि प्रकटोत्सव की पूर्व संध्या पर कार्यक्रम का आयोजन

शामली। शहर के सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में शरद पूर्णिमा एवं महर्षि वाल्मीकि प्रकटोत्सव की पूर्व संध्या पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार व बालिकाओं ने महर्षि वाल्मीकि के चित्र के समक्ष पुष्पार्चन किया। तत्पश्चात सर्व व्यवस्था प्रमुख संजीव कुमार ने बालिकाओं को महर्षि वाल्मीकि के जीवन से परिचित कराते हुए कहा कि महर्षि वाल्मीकि संस्कृत के प्रथम कवि थे। उन्होंने स्वरचित संस्कृत महाकाव्य रामायण के द्वारा मनुष्य को धर्म आदर्श और सच्चाई के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार ने कहा कि इस दिन चंद्रमा अपने पूर्ण रूप में 16 कलाओं के साथ होता है जिसकी तरंगे बहुत सी व्याधियों से मुक्त करती है। इस दिन मां लक्ष्मी का पूजन करते हैं और खीर बनाकर चंद्रमा की रोशनी में रखकर इसका सेवन करते हैं।इस अवसर पर संदीप कुमार, अनीता, कविता, गीता कांबोज, अमित कुमार, रवि कुमार, कपिल, विकास, मोहित कुमार, राहुल कुमार, धर्मेंद्र कुमार, पंकज रानी ,साक्षी, आकांक्षा आदि मौजूद रहे।

# किसान मसीहा स्व महेंद्र सिंह टिकैत की 90 वीं जयंती पर प्रतिमा का अनावरण



शामली।(फुरकान जंग)भाकियू के संस्थापक एवं किसान मसीहा स्व. महेंद्र सिंह टिकैत की 90वीं जयंती पर सोमवार को भाकियू पदाधिकारियों ने शहर के करनाल रोड स्थित आरके इंटर कॉलेज गेट पर उनकी प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर हवन यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें कार्यकताओं ने आहुति देकर किसानों की समृद्धि और एकता की कामना की।

कार्यक्रम के दौरान आयोजित विचार गोष्ठी में वक्ताओं ने स्व. टिकैत के संघर्षमय जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने किसानों को अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाने और संगठित रहने का साहस दिया। वक्ताओं ने कहा कि आज उनकी 90वीं जयंती को किसान जागृति दिवस के रूप में पूरे देश में मनाया जा रहा है। भाकियू पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और संकल्प लिया कि वे बाबा महेंद्र सिंह टिकैत के दिखाए रास्ते पर चलते हुए किसानों के अधिकारों की रक्षा व उनकी आवाज बुलंद करने का कार्य करते रहेंगे। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष शांता प्रधान, युवा जिलाध्यक्ष मोहित शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष कपिल खाटियान, मंडल उपाध्यक्ष ब्रह्मपाल नाला, कुलदीप पंवार, संजीव राठी, अमरपाल बालियान, विदेश मलिक, योगेंद्र पंवार, मनोज तोमर, मुकम्मिल पहलवान, मिंटू सैनी, इनाम उर्फ कालू, इंतजार प्रधान, दीपक शर्मा, पप्पू पंवार, असजद तोमर आदि मौजूद रहे।

# बच्चों के चिकत्सक की दुकान में लगी आग, दवाइयां और उपकरण जलकर राख

समाज जागरण

झिंझाना कस्बे के बिडौली बस स्टैंड के पीछे स्थित बच्चों के डॉक्टर शमशाद की दुकान में बीती रात अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग लगने से दुकान में रखी दवाइयां और चिकित्सीय उपकरण जलकर राख हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और टिटौली निवासी डॉक्टर शमशाद को घटना की जानकारी दी। डॉक्टर मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक सारा सामान जल चुका था। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। घटना रात करीब तीन बजे की बताई जा रही है।

# गरीब व्यक्ति का कच्चा आशियाना गिरकर समान मलबे में दबा

समाज जागरण



झिंझाना। ग्राम बिडौली सादात में उस वक्त अफरा तफरी मच गया जब मेहन्दी हसन का कच्चा मकान अचानक भर भराकर गिर पड़ा। गनीमत रही कि हादसे के समय परिवार का कोई सदस्य मकान के अंदर मौजूद नहीं था, वरना बड़ी अनहोनी हो सकती थी।

पीड़ित ने बताया कि मकान गिरने के दौरान घर में रखा घरेलू सामान, कपड़े, अनाज और खाने-पीने की वस्तुएं मलबे में दब गईं, जिन्हें ग्रामीणों की मदद से बाहर निकाला गया। पिछले दिनों हुई लगातार बरसात से मकान की दीवारें कमजोर हो चुकी थीं, जो रविवार की देर शाम ढह गईं। पीड़ित मेहन्दी हसन ने बताया कि वह मेहनत मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता है। मकान गिर जाने के बाद अब परिवार के पास सिर छिपाने तक की जगह नहीं बची। फिलहाल उसने सामान को पड़ोसियों के घर में रखा है।पीड़ित ने प्रशासन से तत्काल आर्थिक सहायता व पक्का मकान बनाने की मदद की गुहार लगाई है। ग्रामीणों ने भी प्रशासन से पीड़ित परिवार की मदद करने की मांग की है।

# किशोरी घर से लापता पड़ोसी महिला पर भगाने का आरोप

समाज जागरण

कांधला। कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी एक व्यक्ति की नाबालिग पुत्री घर से संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो गई। पीड़ित ने अपनी पुत्री के साथ अनहोनी की आशंका व्यक्त करते हुए पड़ोस की एक महिला पर किसी युवक द्वारा फोन पर बात कराने व उसके साथ भागने का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी है। पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देते हुए तलाश शुरू कर दी है। कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी एक व्यक्ति ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि उसकी 15 वर्षय पुत्री विगत 18 अक्टूबर को घर से संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो गई थी। पीड़ित ने अपनी पुत्री को लगातार 18 दिन से रिश्तेदारियों सहित आसपास के स्थानों पर ढूंढ रहा था मगर कहीं भी सुराग नहीं लगा। पीड़ित को शक है कि कहीं उसकी पुत्री के साथ कोई अनहोनी घटना ना घटित हो जाए। पीड़ित ने अपने पड़ोस की एक महिला पर आरोप लगाया कि उसकी पुत्री किसी एक युवक के साथ उसकी पुत्री की फोन पर बात कराती थी और पड़ोसन महिला ने उसकी पुत्री को भगाने में उसकी मदद की है। पीड़ित व्यक्ति ने आरोपी युवक एवं महिला के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग कर अपनी पुत्री को बरामद करने की गुहार लगाई। पुलिस ने पीड़ित को कार्रवाई का आश्वासन देकर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है।

# भभीसा व भारसी में मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को किया गया जागरूक



कांधला। विकासखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत भभीसा और भारसी में मिशन शक्ति फेस 5.0 के तहत महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान व आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूक किया गया। गांव भभीसा के कंपोजिट विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ उपनिरीक्षक सुभाष सिंह, उपनिरीक्षक अजीत सिंह, हैड कांस्टेबल सोनवीर, महिला हैड कांस्टेबल बबिता, कांस्टेबल सूर्य प्रताप सिंह, महिला कल्याण विभाग से पारुल चौधरी व लोकेश, स्वास्थ्य विभाग से एएनएम रीना, ग्राम पंचायत सचिव अनुज तोमर, सहायक अध्यापक सीमा रानी व शालू शर्मा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता राखी, ममता, बेबी सैनी आदि मौजूद रहे। इस दौरान एंटी रोमियो टीम और महिला कल्याण विभाग की ओर से महिलाओं को छेड़खानी, बाल अपराध, साइबर क्राइम से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। साथ ही सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं जैसे स्पॉन्सरशिप योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, वन स्टॉप सेंटर योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मिशन वात्सल्य योजना तथा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के बारे में विस्तार से बताया गया। प्रतिभागियों को योजनाओं से जुड़ी पात्रता, आवश्यक दस्तावेजों और हेल्पलाइन नंबरों जैसे 1090 वूमेन पावर, 181 महिला हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन व 108 एंबुलेंस सेवा की जानकारी भी दी कार्यक्रम मे महिलाओं सहित कहीं ग्रामीण मौजूद रहे।

# प्रदेश स्तरीय सीनियर पुरुष बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन

शामली वर्ष 2025-26 में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के जन्मशताब्दी वर्ष के उपलक्ष में प्रदेश स्तरीय सीनियर पुरुष बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन 13 से 16 अक्टूबर 2025 तक कैलाश प्रकाश स्टेडियम, मेरठ में क्षेत्रीय खेल कार्यालय के तत्वावधान में आयोजित होगी। इस प्रतियोगिता के लिए शामली जिले की सीनियर पुरुष बॉक्सिंग टीम का चयन 8 अक्टूबर 2025 को किया जाएगा। चयन प्रतियोगिता शामली मार्शल आर्ट अकैडमी, मुरारीवाला कुआं में शाम 4 बजे से आयोजित होगी। चयनित खिलाड़ी 10 अक्टूबर को भीमराव अंबेडकर स्टेडियम, सहारनपुर में होने वाली मंडल स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने का अवसर प्राप्त करेंगे। चयन में भाग लेने वाले सभी इच्छुक सीनियर पुरुष बॉक्सर अपने साथ आधार कार्ड, माता-पिता का आधार कार्ड तथा पासपोर्ट साइज फोटो लेकर अवश्य पहुंचे।

# यातायात पुलिस ने किया यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन




शामली।(फुरकान जंग)सोमवार को शहर के बीएसएम स्कूल में यातायात पुलिस विभाग की ओर से एक विशेष यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ट्रैफिक एसआई सुखविंदर सिंह तथा हेड कांस्टेबल कुलदीप सिंह ने छात्र-छात्राओं को विभिन्न जानकारियां दी। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य राहुल चौधरी, मैनेजर छाया सिंह, चेयरमैन सूर्यवीर सिंह एवं उप प्रधानाचार्या आशु पंडित ने किया। एसआई सुखविंदर सिंह ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल नियम नहीं, बल्कि जीवन की रक्षा का माध्यम है। उन्होंने कहा कि बिना लाइसेंस या 18 वर्ष से कम आयु में वाहन चलाना कानूनन अपराध है। हेलमेट पहनने के महत्व पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि हेलमेट सिर की सुरक्षा का कवच है, जिसे नजरअंदाज करना जीवन के साथ खिलवाड़ है। उन्होंने चारपहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने की अनिवार्यता बताई तथा ड्राइविंग के दौरान मोबाइल फोन के प्रयोग को सख्त रूप से निषिद्ध बताया। उन्होंने कहा कि सही नंबर प्लेट, इंडिकेटर का प्रयोग, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाना और नशे की हालत में वाहन न चलानाये, सभी सड़क सुरक्षा के मूल नियम हैं जिनका पालन हर नागरिक को करना चाहिए। प्रधानाचार्य राहुल चौधरी ने कहा कि यह जागरूकता कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी और प्रेरणादायक रहा।

# श्री देवी मंदिर चौदसवाला में पूजा अर्चना के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



शामली। दुर्गा चतुर्दशी (चौदस) पर शहर के राजो मौहल्ला स्थित श्री देवी मंदिर चौदसवाला में पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड रही। श्रद्धालुओं महिला व पुरूषों ने माता के दर्शन कर हलवा पूरी, श्रृंगार का सामान अर्पित कर पूजा की। इस दौरान मंदिर के बाहर मेले का भी आयोजन किया गया, जहां बच्चों व महिलाओं ने जमकर खरीदारी की।

सोमवार को मौहल्ला राजोवाला स्थित श्री देवी मंदिर चौदसवाला में सुबह सवेरे पांच बजे से ही मंदिर में श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया था। माता रानी की पूजा अर्चना करने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड रही। लंबी लंबी लाईनों में लगकर श्रद्धालु महिला व पुरूषों ने माता रानी का हलवा पुरी, व श्रृंगार के सामान अर्पित कर माता रानी से परिवार की सुख शांति की कामना की। श्रद्धालुओं ने माता रानी के मंदिर की परिक्रमा की और जय माता दी के जयकारों से पूरा वातावरण गुंजायमान रहा। शाम को पंडित विनोद शर्मा ने मंगल आरती की गई, जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। वहीं, हनुमान धाम स्थित माता मंदिर, वैष्णो देवी माता मंदिर, गुलजारीवाला मंदिर, मां आट्टे वाला मंदिर आदि में भी काफी श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना की। सुरक्षा की दृष्टि से मंदिर परिसर के बाहर पुलिस फोर्स भी तैनात रहा।

# प्रदेश में बढ़ते धार्मिक उन्माद को लेकर एआईएमआईएम ने राष्ट्रपति के नाम दिया ज्ञापन

## - संगठन ने प्रदेश में राष्ट्रपति शासन लागू किए जाने की मांग की

**समाज जागरण**



बागपत। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमी के जिला अध्यक्ष हाफीज मुकर्रम मलिक ने राष्ट्रपति को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी के माध्यम से ज्ञापन भेजकर प्रदेश में मुस्लिम समाज पर हो रहे कथित जुल्म-अत्याचारों पर चिंता जताई है। सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे संगठन के लोगों ने आरोप लगाया कि 2014 से भाजपा सरकार आने के बाद देश में धार्मिक उन्माद फैलाया जा रहा है। विशेषकर उत्तर प्रदेश में बीते आठ वर्षों से मुसलमानों पर बार-बार हिंसा, फर्जी मुकदमे, थानों में मारपीट और प्रशासनिक दमन किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि न्याय का स्थान अब "लाठी और बुलडोजर" ने ले लिया है। हाफीज मुकर्रम मलिक ने 26 सितंबर को बरेली में हुई घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि हिंसा रोकने के नाम पर मासूम नाबालिगों, महिलाओं और बुजुर्गों पर लाठियां चलाई गईं और कई लोगों को जबरन घरों से खींचकर थानों में प्रताड़ित किया गया। इसके बाद मुख्यमंत्री का बयान अमर्यादित और असंवैधानिक बताया गया। कहा कि फतेहपुर, आगरा और अन्य स्थानों पर बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद, करणी सेना और तथाकथित धार्मिक गुरुओं द्वारा खुलेआम नफरती भाषण दिए गए, लेकिन उन पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। यह दशार्ता है कि शासन-प्रशासन ऐसे संगठनों को संरक्षण दे रहा है।

एआईएमआईएम ने राष्ट्रपति से मांग की है कि उत्तर प्रदेश सरकार को संविधान सम्मत कल्याणकारी शासन चलाने के निर्देश दिए जाएं और यदि स्थिति में सुधार न हो तो प्रदेश में राष्ट्रपति शासन लागू किया जाए। इस मौके पर शौकीन, नदीम, जाकिर, जाहिद, एडवोकेट अलीम अख्तर, अफजल हयात, फिरोज, इस्तेखार, समीर आदि मौजूद रहे।

# विक्षिप्त युवक का जबड़ा तोड़ा, मां से छेड़छाड़; पुलिस ने नहीं दर्ज की रिपोर्ट

**समाज जागरण**



बागपत। शहर की माता कॉलोनी में अर्द्ध विक्षिप्त युवक के साथ मारपीट और उसकी मां से छेड़छाड़ के मामले को लेकर पीड़ित ने एसपी से न्याय की गुहार लगाई है।

एसपी ऑफिस पर पहुंची पीड़िता ने बताया कि बेटा मानसिक रूप से विक्षिप्त है। 27 सितंबर की दोपहर पड़ोस का साहिल अपने दो साथियों के साथ उसके बेटे को चिढ़ाने लगा। विरोध करने पर साहिल ने गाली-गलौज करते हुए उसके चेहरे पर मुक्का मारा, जिससे उसका जबड़ा टूट गया। शोर मचने पर पीड़िता मां बाहर आईं तो उनके साथ भी हाथापाई और अभद्रता की गई। शाम को आरोपी साहिल, उसका पिता और भाई जबरन घर में घुस आए और गाली-गलौज करने के साथ पीड़िता का दुपट्टा खींचकर कपड़े तक फाड़ दिए। शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पीड़िता का आरोप है कि घटना की सूचना थाने को दी गई, लेकिन न तो एफआईआर दर्ज की गई और न ही उसके बेटे का मेडिकल कराया गया। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से मामले का संज्ञान लेकर रिपोर्ट दर्ज कराने व दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# बराल गांव में जन चौपाल लगा महिलाओं को किया जागरूक

## -- मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत सरकारी योजनाओं से कराया अवगत

**समाज जागरण**



बराल गांव में महिलाओं के साथ मौजूद मिशन शक्ति की पुलिस टीम।

बुलन्दशहर। पुलिस की मिशन शक्ति टीम के द्वारा अलग-अलग स्थान पर चौपाल व कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं व बालिकाओं को उनकी सुरक्षा को लेकर सजग किया जा रहा है। महिला उपनिरीक्षक मीनू ने बताया कि बालिकाओं व महिलाओं को आपातकाल में पुलिस से मदद लेने के लिए आवश्यक हेल्पलाइन नंबरों से अवगत कराया जा रहा है, तथा पुलिस के द्वारा सुरक्षा के गुर समझाए जा रहे हैं। सोमवार को गुलावठी थाना क्षेत्र के गांव बराल में ग्राम प्रधान संतोष देवी की मौजूदगी में ग्राम सचिवालय में जन चौपाल का आयोजन कर मिशन शक्ति टीम प्रभारी उपनिरीक्षक राहुल कुमार के नेतृत्व में मिशन शक्ति टीम के द्वारा ग्रामीण महिलाओं और बालिकाओं को थाने पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान महिलाओं से संबंधित अपराधों से उन्हें सतर्क रहने को कहा गया। महिला उपनिरीक्षक मीनू ने जन चौपाल के दौरान महिलाओं को उनके अधिकारों से जागरुक करते हुए सरकार द्वारा चलाए जा रहे हेल्पलाइन नंबर और विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस दौरान उपनिरीक्षक राहुल कुमार, महिला उपनिरीक्षक मीनू, हेड कांस्टेबल मोहित कुमार, हेड कांस्टेबल शिवराम सिंह, महिला कांस्टेबल रिया, महिला कांस्टेबल रुचि, तथा संतोष देवी, कोमल, हिमांशु आदि उपस्थित रहे।

# बहजोई में कल्कि महोत्सव/विकासोत्सव 2025 का शुभारंभ, माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने प्रोजेक्ट अलंकार कार्यक्रम का किया उद्घाटन

**समाज जागरण**



बहजोई/संभल।बड़ा मैदान बहजोई में 6 अक्टूबर 2025 से 13 अक्टूबर तक चलने वाले कल्कि महोत्सव / विकासोत्सव 2025 का शुभारंभ प्रथम सत्र में माध्यमिक शिक्षा में बदलता उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट अलंकार कार्यक्रम के साथ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री गुलाब देवी रहीं जबकि विशिष्ट अतिथि पूर्व एम एल सी परमेश्वर लाल सैनी रहे। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हमशक्ल विकास मोहन्ते ने भी प्रतिभाग किया ।

सर्वप्रथम मुख्य अतिथि माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री गुलाब देवी एवं जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया एवं मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ तरुण पाठक द्वारा संचारी रोग नियंत्रण अभियान से संबंधित प्रचार वाहन एवं रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया । कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित लोगों को संचारी रोग नियंत्रण अभियान से संबंधित शपथ दिलायी गयी।

कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि तथा जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई तथा मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट एवं अन्य अतिथि गणों द्वारा शुभारंभ किया गया।

सम्मान की नयी परम्परा पंचोपचार ( एक पुष्प, एक पुस्तक, एक परिधान, एक नारियल एवं एक पीतल का पात्र लोटा) द्वारा मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि तथा अन्य अतिथियों का स्वागत सम्मान किया गया। विद्यालय की बालिकाओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत गाया गया। एक युद्ध नशे के विरुद्ध के अन्तर्गत नशा मुक्ति से संबंधित एक लघु नाटिका भी बालिकाओं द्वारा प्रस्तुत की गयी।

जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वेश कुमार द्वारा माध्यमिक शिक्षा से संबंधित संचालित योजनाओं का प्रस्तुतीकरण किया गया तथा प्रोजेक्ट अलंकार के विषय में भी जानकारी दी गयी। समग्र शिक्षा पर चर्चा की तथा उन्होंने बताया कि जनपद के 7 माध्यमिक विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा प्रदान की जा रही है जबकि 7 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में आईसीटी लैब की स्थापना की गयी है। इंस्पायर अवार्ड योजना के विषय में भी चर्चा की।

जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि आज से जनपद में दूसरा सम्भल कल्कि महोत्सव/ विकासोत्सव 2025 का शुभारंभ किया जा रहा है।इससे पूर्व 2024 में भी यह महोत्सव मनाया गया था।उन्होंने बताया कि 22 सितम्बर से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मिशन शक्ति 5.0 अभियान की शुरूआत की है जिसका थीम है नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन। उन्होंने कहा कि सभी विद्यालयों में शक्ति पुंज ,शक्ति सम्मान पुंज का गठन किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने शताब्दी संकल्प 2047 विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेश पर भी चर्चा की । उन्होंने कहा कि विजन डॉक्यूमेंट तैयार करने के लिए 12 सेक्टर कृषि एवं संबद्ध, पशुधन संरक्षण, औद्योगिक विकास,, आईटी, पर्यटन, नगर एवं ग्राम्य विकास, अवस्थापना, संतुलित विकास, समाज कल्याण , स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा एवं सुशासन सेक्टर में कोई भी नागरिक सुझाव दे सकता है। जिलाधिकारी ने कहा कि सम्भल संवाद एप के माध्यम से आप सभी लोग जनपद के विभागों की योजनाओं, विभाग एवं सरकारी अस्पताल, पुलिस थाना, बैंक, एटीएम, आदि की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। जिलाधिकारी ने घर घर पुस्तक घर घर वाचन एवं एक पुष्प एवं एक पुस्तक अभियान की विषय में भी जानकारी दी। जिलाधिकारी ने विद्यालयों में क, ख, ग, घ मिशन तथा ग्राम चौपाल, डीपीएमयू, मोबाइल वैन ,प्रोजेक्ट अलंकार के विषय में भी बताया गया।

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के हमशक्ल विकास मोहन्ते ने भी संबोधित किया।

# बरवाला के देव जाहरवीर गोगाजी धाम में हुआ माँ भगवती का विशाल जागरण

**समाज जागरण**



बागपत के बरवाला गांव के देव जाहरवीर गोगा जी धाम में हुए जागरण में पूजा अर्चना करते श्रदालु

बागपत। महाराज बिन्दुनाथ जी उर्फ सिद्धेश्वरी नाथ जी के बरवाला स्थित चमत्कारी देव जाहरवीर गोगाजी धाम में वार्षिक विशाल भण्ड़ारे और देवी जागरण का आयोजन हुआ। सर्वप्रथम धाम की महंत और आध्यात्मिक गुरू बिन्दुनाथ जी ने धाम में विधि-विधान के साथ पूजा अर्चना की। इसके उपरान्त धाम में भंडारे और जागरण का शुभारम्भ हुआ। जागरण में भजन गायकों ने एक से बढ़कर एक देवी माँ के भजन सुनाकर श्रद्धालुओं को मंत्र-मुग्ध कर दिया। जागरण में आये साधु संतो और अतिथियों का बिन्दुनाथ जी उर्फ सिद्धेश्वरी नाथ जी ने अभिनंदन किया। उपस्थित श्रद्धालुओं ने सिद्ध साधु-संतो का आशीर्वाद लिया। धाम की महंत बिन्दुनाथ जी ने धाम में पधारे समस्त अतिथियों व श्रद्धालुओं का आश्रम की ओर से आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पहलवान जितेन्द्र तोमर, महिपाल पूर्व प्रधान, नरेश ठेकेदार, निशान्त तोमर, सुरेशपाल, सन्नी तोमर, सेवक संजय ठाकुर, चुलकाना से आये सन्नी जी और उनकी टीम सहित सैंकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

# मेडिसिटी हॉस्पिटल बडौत में शुरू हुई एक्सक्लूसिव न्यूरो सर्जरी ओपीडी सेवाएं

**समाज जागरण**



बागपत के बड़ौत स्थित मेडिसिटी हॉस्पिटल में पत्रकारों से वार्ता करते डॉक्टर अजय प्रजापति व अन्य

बागपत। मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल वैशाली ने बड़ौत के मेडिसिटी हॉस्पिटल में एक्सक्लूसिव न्यूरोसर्जरी ओपीडी सर्विसेज की शुरूआत की। यह ओपीडी सेवाएं मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल वैशाली के न्यूरोसर्जरी विभाग के सीनियर कंसल्टेंट डॉ अजय प्रजापति की मौजूदगी में लॉन्च की गईं। डॉ अजय प्रजापति हर महीने के पहले और तीसरे सोमवार को सुबह दस बजे से दोपहर दो बजे तक बड़ौत स्थित मेडिसिटी हॉस्पिटल में प्राइमरी कंसल्टेशन और फॉलो-अप के लिए उपलब्ध रहेंगे। लॉन्च के मौके पर मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल वैशाली के न्यूरोसर्जरी विभाग के सीनियर कंसल्टेंट डॉ अजय प्रजापति ने कहा रीढ़ की समस्याएं जैसे लगातार कमर या गर्दन दर्द, स्लिप डिस्क, स्पाइनल डिफॉर्मिटी और इंजरीज आजकल युवा और बुजुर्ग दोनों में ही आम हो गई हैं। इसकी वजह से लाइफस्टाइल चेंज, उम्र बढ़ना और समय पर इलाज न मिलना है। अगर इन्हें नजरअंदाज किया जाए तो यह मोबिलिटी, इंडिपेंडेंस और क्वालिटी ऑफ लाइफ पर गंभीर असर डाल सकती हैं। इस ओपीडी की शुरूआत से मरीजों को अब लंबे सफर के बिना एक्सपर्ट कंसल्टेशन, सेकंड ओपिनियन और एडवांस ट्रीटमेंट गाइडेंस मिल सकेगा। डॉ अजय प्रजापति ने आगे कहा अगर लगातार कमर या गर्दन दर्द, हाथ-पैरों में झुनझुनी या सुन्नपन, कमजोरी, चलने में दिक्कत या अचानक यूरिन-बॉवेल कंट्रोल खोने जैसे लक्षण दिखें तो इन्हें हल्के में न लें। समय पर एक्सपर्ट एडवाइस मिलने से जल्दी डायग्नोसिस और बेहतर रिजल्ट मिलते हैं। ट्रीटमेंट में आमतौर पर फिजियोथेरेपी, मेडिसिन्स, लाइफस्टाइल मॉडिफिकेशन और पेन मैनेजमेंट शामिल होते हैं, जबकि कुछ मामलों में सर्जरी की जरूरत पड़ती है। आज मिनिमली इनवेसिव और रोबोटिक-असिस्टेड स्पाइन सर्जरी जैसी मॉडर्न टेकनीक के चलते सर्जरी और भी सेफ, कम दर्दनाक और ज्यादा असरदार हो गई है। इनसे छोटे चीरे, कम ब्लड लॉस, जल्दी रिकवरी और लंबे समय तक सुधार संभव है।

इन ओपीडी सर्विसेज के जरिए मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल वैशाली अब बड़ौत और आसपास के इलाकों के लोगों को अपने शहर में ही एडवांस ट्रीटमेंट पर एक्सपर्ट कंसल्टेशन मुहैया कराएगा। इससे न केवल मरीजों को दिल्ली जाने की परेशानी से राहत मिलेगी बल्कि शुरूआती लक्षण पहचानने और समय पर इलाज पाने के प्रति जागरूकता भी बढ़ेगी।

# मिशन शक्ति के तहत छात्राओं को आत्म रक्षा के गुर सिखाएं

## -- बिनौली के न्यू एरा वर्ल्ड स्कूल में हुआ मिशन शक्ति जागरुकता कार्यक्रम

**समाज जागरण**



बिनौली। न्यू एरा वर्ल्ड स्कूल बिनौली में सोमवार को मिशन शक्ति फेज 5 अभियान के तहत छात्राओं को सुरक्षा और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के कार्यक्रम हुआ। जिसमें महिला पुलिस कर्मियों ने आत्म रक्षा के गुर भी सिखाएं। कार्यक्रम में इंस्पेक्टर राकेश कुमार शर्मा ने छात्राओं और महिलाओं के स्वावलंबन, सम्मान और आत्मनिर्भरता पर जोर दिया। उन्होंने बताया किसी भी अराजक तत्व,मनचले या अपराधी से परेशान होने के बजाय उसका हिम्मत से डटकर मुकाबला करें और इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दे। मिशन शक्ति टीम प्रभारी उपनिरीक्षक शीलेश चौधरी, सुमन, रजनी, पूजा ने छात्राओं को साईबर क्राइम के प्रति जागरुक किया और किसी भी परिस्तिथि में मुख्यमंत्री हेल्प लाईन नम्बरों की जानकारी देकर पंपलेट वितरित किये। प्रधानाचार्या मीनू सिरोही ने कहा महिलाओं और बालिकाओं पर बढ़ते अपराध को देखते हुए सरकार कठोर कानून ला रही हैं। अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और छात्राओं को सुरक्षा के प्रति जागरुक करना हैं, ताकि विकट परिस्थियों में वे हिम्मत दिखाकर उसका डटकर सामना करें और इसकी जानकारी तुरंत पुलिस को दे। इस अवसर पर निकिता, वैशाली, शालू, अंजली आदि शिक्षिकाएं उपस्थित रही। इसके उपरांत मिशन शक्ति पुलिस टीम ने बड़ावद के कंपोजिट विद्यालय में भी छात्राओं को छात्राओं को सुरक्षा और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के लिए जागरुक किया। एंटी रोमियों टीम ने स्कूल कॉलेजों, भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर अभियान चलाया और एमवी एक्ट के चालान काटे।

# महर्षि वाल्मीकि जयंती पर आज जिला में सार्वजनिक अवकाश घोषित

**समाज जागरण**

बागपत। जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने शासन के आदेश अनुसार महर्षि वाल्मीकि जयंती पर 7 अक्तूबर को जनपद में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। यह निर्णय शासन स्तर पर विचारोपरांत लिया गया है। इससे पूर्व शासन की ओर से वर्ष 2025 के लिए निर्बन्धित अवकाशों की सूची में महर्षि वाल्मीकि जयंती को शामिल किया गया था। अब इसे संशोधित करते हुए सार्वजनिक अवकाश घोषित कर दिया गया है। अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) पंकज वर्मा द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट किया गया कि यह अवकाश Negotiable Instruments Act 1881 के अंतर्गत नहीं होगा।

अवकाश की घोषणा से सरकारी कार्यालय, शिक्षण संस्थान और अन्य विभाग बंद रहेंगे। जनपद की वर्ष 2025 की अवकाश सूची को इस निर्णय के अनुसार संशोधित माना जाएगा। प्रशासन ने सभी विभागों को निर्देशित किया है कि उक्त आदेश का अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

# हिंदू संगठनों ने बीएसए कार्यालय का घेराव, मदरसे पर कार्रवाई की मांग

**समाज जागरण**

बागपत। चांदीनगर क्षेत्र के गौना गांव में संचालित एक मदरसे को अवैध बताते हुए सोमवार को हिंदू संगठनों के कार्यकताओं ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) कार्यालय का घेराव किया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि उक्त मदरसे में बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है और शिक्षा के नाम पर नियमों को दरकिनार कर संचालित किया जा रहा है। कार्यकताओं ने बीएसए से मांग की कि इस अवैध मदरसे के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाए और बच्चों को वैधानिक विद्यालयों में स्थानांतरित कराया जाए, जिससे उनका भविष्य सुरक्षित रह सके। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने ठोस कदम नहीं उठाए तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। घेराव की सूचना पर बीएसए कार्यालय में अफसरों ने प्रतिनिधिमंडल से वार्ता की। बीएसए और अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी दोनों ने मामले की निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया और कहा कि शासन के दिशा-निदेशों के अनुरूप ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। आश्वासन के बाद कार्यकताओं ने धरना समाप्त किया।

# सेवानिवृत्त महिला स्वास्थ्यकर्मी के जीपीएफ भुगतान की उठाई मांग

**समाज जागरण**

बागपत। सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश, शाखा बागपत ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागपत से सेवानिवृत्त हुई स्वास्थ्य पर्यवेक्षक रीता देवी का जीपीएफ भुगतान शीघ्र कराने की मांग की है। जिला मंत्री सुरेंद्र पाल ने ज्ञापन में बताया कि रीता देवी कई माह पूर्व सेवानिवृत्त हो चुकी हैं, लेकिन अब तक उनके जीपीएफ का भुगतान लंबित है। उन्होंने कहा कि यह स्थिति न केवल सेवानिवृत्त कर्मचारी को आर्थिक संकट में डाल रही है बल्कि शासन-प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े करती है। एसोसिएशन ने मांग की है कि जीपीएफ भुगतान में हो रही देरी को दूर कर शीघ्र कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, ताकि सेवानिवृत्त महिला स्वास्थ्यकर्मी को राहत मिल सके।

# दिगम्बर जैन छोटे मन्दिर में शान्ति विधान का आयोजन

**समाज जागरण**

बागपत। आचार्य गुरुवरश्री नयनसागर जी मुनिराज के पावन सानिध्य में दिगम्बर जैन छोटे मन्दिर में शान्ति विधान का आयोजन किया गया। इसमें सौधर्म इन्द्र बनने का सौभाग्य मनोज कुमार जैन यश जैन (पैट्रोल पम्प



दिगंबर जैन छोटे मंदिर में हुए शांति विधान में भाग लेते श्रद्धालु

वालो) को प्राप्त हुआ। शान्ति पाठ से पूजन प्रारम्भ किया गया, जिसमे 1008 अर्घ्य चढाकर सब जीवो की रक्षार्थ हेतु ओर सब प्राणी मात्र की शांति के लिए प्रार्थना की गई। सतीश जैन कपड़े वालो ने मन्त्रोचार के साथ विधि-विधान की समस्त क्रिया सम्पन्न करायी। विधान में मुख्य सहयोगी प्रवीण जैन अध्यक्ष, मनोज कुमार जैन मन्त्री, अन्जली जैन, दिनेश जैन नवकार, मनोज जैन सम्भव, पुनीत जैन इंशोरेंस, आदिश जैन सबगे वाले ,राजेश जैन कढाव,अमित जैन मुलसम वाले ,अकुंर जैन लोहे वाले ,सचिन जैन सर्राफ, हर्षित जैन वनस्थली स्कूल, विवेक जैन लुधियाना हौजरी ,सुम्मी हार्डवेयर का सहयोग प्राप्त हुआ।

# डॉ. अनिल आर्य के नेतृत्व में रालोद सदस्यता अभियान, ग्रामीणों में दिखा उत्साह

## -- ग्रामीणों ने की सदस्यता ग्रहण

**समाज जागरण**

बागपत। छपरौली विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम जीवाना गुलियांन में राष्ट्रीय लोकदल का सदस्यता अभियान बड़े ही उत्साह और जोश के साथ आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम नितिन सोलंकी के आवास पर डॉ. अनिल आर्य के नेतृत्व में संपन्न हुआ।इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों



ग्रामीणों को पार्टी की नीतियों और विचारधारा की जानकारी देते- डॉ अनिल आर्य

ने राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता ग्रहण कर पार्टी की नीतियों और विचारधारा को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। उपस्थित जनसमूह ने कहा कि चौधरी चरण सिंह और चौधरी अजित सिंह द्वारा किसानों एवं आमजन के लिए किए गए संघर्षों की प्रेरणा से वे लोकदल के साथ जुड़ रहे हैं। अभियान में प्रमुख रूप से कपिल सोलंकी, प्रेमपाल सोलंकी, मनीष सोलंकी, निशांत सोलंकी, दीपक, मास्टर हरेंद्र, संजय, खुदाबख्श, वसील खान, गुलासैन, जाहिरा, जाकिर सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ओम सिंह ने की और संचालन के दौरान संगठन को मजबूत करने तथा अधिक से अधिक लोगों को सदस्यता अभियान से जोड़ने का आह्वान किया गया। इस मौके पर डॉ. अनिल आर्य ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल किसानों, मजदूरों, नौजवानों और आम जनता की आवाज है। पार्टी का यह सदस्यता अभियान गांव-गांव तक संगठन को सशक्त करेगा और नई ऊर्जा के साथ लोकदल को पुनः मजबूत बनाएगा।

# गोल्ड मेडल विजेता को किया सम्मानित

**समाज जागरण**

बड़ौत। क्षेत्र के गाँव मलकपुर लोयन में ऑल इंडिया पुलिस रेसलिंग क्लस्टर 2025 में गोल्ड मेडल विजेता पहलवान गौरव तोमर (एसएसबी) सुपुत्र शिवकुमार तोमर का उत्साहवर्धन करते हुए सम्मान समारोह आयोजित किया गया। गौरव तोमर का गाँव पहुँचने पर क्षेत्र व गाँव के लोगों ने ढोल, नगाडों




और डीजे के साथ खुली जिप्सी में लोयन व मलकपुर में मार्च किया। गाँव में सैकडों स्थानों पर गौरव का फूल व नोट मालाओं, और पटका व पगड़ीयाँ पहनाकर स्वागत किया गया। गाँव में मार्च करते हुए गौरव तोमर के सम्मान में आयोजित सम्मान समारोह के मंच पहुँचे जहाँ आमन्त्रित अतिथि राज्य मंत्री के०पी० मलिक, सांसद राजकुमार सागवान, एशिया चैंपियन महाबली सुभाष पहलवान, समाजसेवी आर०आर०डी० उपाध्याय, देशखाप के चौधरी संजीव चौधरी, जिला पंचायत सदस्य विनय मास्टर बावली, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अनुज दांगी, कृष्ण पाल प्रधान, यशवीर प्रधान, बाबूराम प्रधान आदि ने गौरव का उत्साहवर्धन व स्वागत किया। समारोह को सम्बोधित करते हुए सांसद राजकुमार सांगवान ने कहा चौधरी अजित सिंह ने खेलों को बढावा देने के लिए बड़ौत जनता वैदिक डिग्री कॉलेज में स्टेडियम बनवाया था। मैं भी खेल व खिलाड़ियों के विकास के लिए प्रयास करूँगा। राज्य मंत्री के०पी० मलिक ने कहा बागपत के खिलाडियों ने सम्पूर्ण विश्व में बागपत का नाम रोशन किया है जो हम सभी के लिए गर्व कीं बात है। एशिया चैम्पियन सुभाष पहलवान ने कहा मलपुर लोयन के खिलाड़ी उत्सव मनाने का कोई न कोई अवसर प्रदान कर देते जो केवल क्षेत्र के लिए ही नहीं प्रदेश व देश के लिए प्रेरणा है। समाजसेवी आर०आर०डी० उपाध्याय ने राज्यमंत्री केपी मलिक व सांसद राजकुमार सांगवान से बागपत को खेल जनपद घोषित करने के लिए सिफारिश करने का अनुरोध किया। इस अवसर पर अजीत पहलवान, नीटू पहलवान, सत्यबीर सिंह, इंस्पेक्टर शिवकुमार तोमर, अनिरुद्ध प्रधान, इकबाल खलीफा, संजू तोमर, सुरेंद्र डीलर, रोहित डीलर, अशोक उर्फ कालू, महक सिंह, अनुज तोमर उर्फ विक्की आदि उपस्थित रहे।

# महिलाओ के स्वास्थ्य और सौंदर्य को समर्पित कॉस्मेटिक सेंटर का शुभारम्भ

**समाज जागरण- ब्रजमोहन सिंह**



फिरोजाबाद, महिलाओं को स्वास्थ्य और सौंदर्य को नई दिशा देने के उद्देश्य से ओम हॉस्पिटल में खुला कॉस्मेटिक सेंटर जहाँ महिलाओं को मिलेगा नई तकनीक के द्वारा उपचार सुहागनगरी में अब महिलाओ को रिंकस्ट्रक्टिव एवं कॉस्मेटिक गायनेकोलॉजी से जुड़ी नवीनतम तकनीकों पर विस्तृत चर्चा के दौरान ओम हॉस्पिटल रिचर्स सेंटर पर एक प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ पूनम अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि यह सेंटर महिलाओ की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए सम्पूर्ण देखभाल प्रदान करेगा।

इस सेंटर पर नवीनतम उपकरण, प्रिशिक्षित विशेषज्ञ और अत्याधुनिक प्रक्रियाएं उपलब्ध होंगी। बेलनेस सेंटर आज विश्व की सबसे बड़ी रिंकस्ट्रक्टिव एवं कॉस्मेटिक गायनेकोलॉजी क्लिनिक चैन है। जिसके सेंटर देश मे गुरुग्राम, मुंबई, हैदराबाद, रोहतक, आगरा, रायपुर, विशाखपट्नम सहित अब फिरोजाबाद में भी खोला गया है।

उन महिलाओं को जिन्हें खांसी आने पर मूत्र रिसाव जैसी समस्या होती है उससे छुटकारा मिलेगा। वही प्रसव या उम्र बढ़ने के कारण कमजोर हुए पेल्विक फ्लोर की मांसपेशियों को मजबूत करने में मदद करती है।

डॉ पूनम अग्रवाल ने कहा कि हमारा उद्देश्य महिलाओं को एक सुरक्षित गोपनीय और अत्यंत आरामदायक वातावरण मे विश्व-स्तरीय उपचार प्रदान करना है। हमारे यहाँ उच्च - प्रशिक्षित विशषज्ञों की टीम मौजूद है कार्यक्रम के दौरान प्रो0 डॉ नवनीत मैगन , डॉ रिजुल अग्रवाल, डॉ गौरव अग्रवाल,सहित अन्य चिकित्सक एवं नगर के गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# 2 करोड रुपए का लुटेरा और 50 हजार का इनामी बदमाश मुठभेड़ में ढेर

**समाज जागरण**



फिरोजाबाद, गुजरात की जीके कंपनी के दो करोड़ की लूट करने वाला 50 हजार का इनामी मास्टरमाइंड नरेश उर्फ पंकज को पुलिस ने रविवार की देर शाम मुठभेड़ में मार गिराया। मुठभेड़ में थाना रामगढ़ प्रभारी घायल हुए हैं। वहीं एसपी ग्रामीण अनुज चौधरी की बुलेट प्रूफ जैकेट में भी गोली लगी है। उससे 20 लाख नकदी भरा बैग, असलहे बरामद हुए हैं। नरेश, दोपहर में ही पैसा बरामद करने का बहाना बनाकर खेतों से होते हुए फरार हो गया था।

एसएसपी सौरभ दीक्षित ने बताया कि 30 सितंबर को मक्खनपुर में जीके कंपनी की कार कानपुर से आगरा के लिए भारी मात्रा में कैश लेकर जा रही थी। रास्ते में मक्खनपुर के पास कार को ओवरटेक कर दो कार सवार बदमाशों ने दो करोड़ का कैश लूटा था। पुलिस ने मास्टरमाइंड नरेश उर्फ पंकज निवासी खैर, अलीगढ़ समेत छह बदमाशों को गिरफ्तार कर एक करोड़ से कुछ ज्यादा कैश बरामद किया था। नरेश ने शनिवार की रात पुलिस को अलीगढ़ से 20 लाख और बरामद कराए। रविवार दोपहर वह और नकदी बरामद कराने के लिए फिरोजाबाद के मक्खनपुर स्थित सांती और खेड़ा गणेशपुर के बीच में खेतों की ओर ले गया। वहां शौच का बहाना बनाकर खेतों से होते हुए भाग निकला। पुलिस उसकी सरगर्मी से तलाश में जुट गई। नाकेबंदी करा दी गई। देर शाम मक्खनपुर स्थित।

**50 हजार का इनामी चकमा देकर हो गया था फरार**

**20लाख रुपये अलीगढ़ से एक दिन पहले बरामद भी कराए थे**

**अन्य लुटेरे पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिए गए हैं**

**करोड़ कैश, बाइक आईफोन पुलिस कर चुकी है बरामद**

**एसओ भी हुए घायल**

नरेश उर्फ पंकज से मुठभेड़ के दौरान थाना प्रभारी रामगढ़ संजीव कुमार दुबे भी घायल हो गए। उनके हाथ में चोट लगी है। इसके अलावा एसपी ग्रामीण अनुज चौधरी की बुलेट प्रूफ जैकेट में भी एक गोली लगी है। पुलिस ने बताया कि नरेश ने पूछताछ के बाद रविवार दोपहर सांती और खेड़ा गणेशपुर के बीच खेतों से और कैश बरामद कराने की बात कही। मक्खनपुर पुलिस क्यूआरटी को लेकर उसके साथ बताए गए स्थान पर पहुंची। उसने बैग ढूंढ़ने का बहाना किया। फिर शौच का बहाना बनाकर खेतों से होकर फरार हो गया।

**लूट में ये किए गिरफ्तार**

मुठभेड़ में मारा गया नरेश शातिर एवं दुर्दांत अपराधी है जो एक दशक से लूट और गम्भीर अपराधों में शामिल रहा है। वो साथियों के साथ गैंग बनाकर लूट की घटनाओं को अंजाम देता था। पुलिस ने लुटेरों से 1 करोड़ 5310 रुपये कैश, 55 हजार कीमत का एक आईफोन, लूट के रुपयों से खरीदी एक लाख की बाइक और असलाहों को बरामद कर लिया था। दो करोड़ की लूट में पुलिस ने नरेश, तुषार, दुष्यन्त अक्षय, आशीष उर्फ आशू, मोनू उर्फ मिलाप को शनिवार को गिरफ्तार किया था। बाकी पांच बदमाशों को जेल भेज दिया गया है।

**घेराबंदी की तो उसने फायरिंग कर दी।**

पुलिस ने उसे जिला अस्पताल भेजा, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उसे मृत्यु घोषित कर दिया और शव को पोस्टमार्टम गृह में रखवा दिया है इधर पुलिस ने सूचना परिजनों को दे दी परिजन भी सोमवार को जिला अस्पताल पहुंच गए पुलिस ने सोमवार की दोपहर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

# दाऊदयाल महिला महाविद्यालय में अग्नि शमन केंद्र द्वारा कार्यशाला का आयोजन !

**समाज जागरण**



फिरोजाबाद दाऊ दयाल महिला महाविद्यालय में प्राचार्या जी के कुशल निर्देशन में गृह विज्ञान विभाग द्वारा एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें अग्नि शमन केन्द्र फि रोजाबाद से सी एफ ओ श्री सतेन्द्र पांडेय,एफ एस ओ दुर्गेश कुमार,एल एफ एम इन्द्रजीत अनुरागी,एफ एम सचिन शर्मा एवं उनके सहयोगी दल ने महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं एवं शिक्षिकाओं को घरेलू गैस सिलेण्डर में आग लगने पर तत्काल कैसे उसको बुझाया जाए उसके बिभिन तरीकों से अवगत कराया साथ ही किसी भी जगह पर आग लगने पर तुरंत सहायता हेतु हम किन किन नम्बर पर फोन कर सकते है पर उन्हें उचित दिशा निर्देश दिए। कार्यशाला के दौरान महाविद्यालय की समस्त छात्राओं एवं प्रवक्ताओं ने जानकारी प्राप्त की तथा अपनी-अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन एवम संयोजक डॉ नूतन राजपाल, एवम नीतू सिंह ने किया तथा डॉ संध्या चतुवेर्दी,डॉ शालिनी सिंह, डॉ अर्चना , सरिता शर्मा , श्रीमतीअंजलि यादव,शिखा यादव ,वीरेश पंकज, रामब्रेश,सुमन कल्पना की उपस्थिति एवं सहयोग से कार्यक्रम सफल रहा।

# विश्व शिक्षक दिवस पर बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (B.H.U)में डॉ. हिमांशु शर्मा को "श्रेष्ठ शिक्षक अवार्ड"

**समाज जागरण – ब्रजमोहन सिंह**



फिरोजाबाद! रविवार को विश्व शिक्षक दिवस के शुभ अवसर पर प्रतिष्ठित बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (BHU) के के.एन. उडुपॉ ऑडिटोरियम में आयोजित सुदर्शन सभा में डॉ. हिमांशु शर्मा को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए "श्रेष्ठ शिक्षक अवार्ड" से सम्मानित किया गया।

परिवर्तन योगेश संस्थान की सुदर्शन सभा राष्ट्र, संस्कृति और समाजहित को समर्पित परिवर्तन योगेश संस्थान द्वारा आयोजित यह सुदर्शन सभा संस्कृति, शिक्षा और समाज सेवा का अद्भुत संगम रही।

कार्यक्रम में देशभर से शिक्षाविद, साहित्यकार और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, प्रेरणादायक भाषणों और सम्मान समारोह ने इसे यादगार बना दिया।

डॉ. हिमांशु शर्मा वर्षों से शिक्षा क्षेत्र में नवाचार, नैतिक मूल्यों और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्यरत हैं। उन्होंने भारतीय परंपरा और आधुनिक शिक्षण पद्धति का संतुलित समन्वय प्रस्तुत किया है।

उनके मार्गदर्शन में अनेक विद्यार्थी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित कर चुके हैं। उनके मार्गदर्शन में अनेक विद्यार्थी कई क्षेत्रों में सफलता प्राप्त कर चुके हैं। उनके द्वारा विद्यालय में इंस्पायर अवार्ड योजना के अंतर्गत तीन विद्यार्थियों का चयन हुआ था। इसके लिए विद्यार्थियों को दस हजार रुपए की धनराशि प्राप्त हुई थी। उनके द्वारा निर्वाचन आयोग द्वारा राज्य स्तर की पोस्टर प्रतियोगिता में फिरोजाबाद जनपद से दो विद्यार्थियों का चयन हुआ था। समाज सेवा में उनकी सक्रिय भूमिका उन्हें एक संवेदनशील और प्रेरक व्यक्तित्व बनाती है।बच्चों को शिक्षा से जोड़ने, युवाओं में सकारात्मक सोच विकसित करने और समाज में नैतिकता की ज्योति जलाने का कार्य निरंतर कर रहे हैं।

विशिष्ट पुरस्कार और सम्मान शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए डॉ. हिमांशु शर्मा को राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अनेक सम्मान प्राप्त हुए हैं, जिनमें प्रमुख हैं -

राष्ट्रीय शिक्षा रत्न सम्मान,भारत गौरव सम्मान,युवा प्रेरणा सम्मान, इननोवेटिव टीचर अवार्ड,भारत श्री अवार्ड,ह्यूमैनिटेरियन एक्सीलेंस अवार्ड,मुख्य निर्वाचन आयुक्त द्वारा विशेष सम्मान, एशियाई एजुकेशन अवार्ड, इंटरनेशनल एजुकेशन अवार्ड, डॉ. ए.पी.जे.अब्दुल कलाम नेशनल स्टार अवॉर्ड कई जिला स्तर पर उत्कृष्ट शिक्षक एवं समाज सेवा सम्मान।

पुरस्कार वितरण के दौरान पूरा ऑडिटोरियम तालियों की गूंज से भर उठा। शिक्षकों, विद्यार्थियों और अतिथियों ने खड़े होकर डॉ. हिमांशु शर्मा का सम्मान किया। सबने उन्हें शिक्षा जगत का दीपस्तंभह्व बताया।

डॉ. हिमांशु शर्मा ने अपने वक्तव में कहा कि यह सम्मान केवल मेरा नहीं, बल्कि मेरे विद्यार्थियों, सहयोगियों और परिवार का है जिन्होंने हर कदम पर मुझे प्रेरित किया। शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि यह जीवन को दिशा देने वाली शक्ति होनी चाहिए।

मेरे लिए सबसे बड़ी खुशी तब होती है जब मेरे विद्यार्थी जीवन में सफल होकर समाज के लिए उपयोगी बनते हैं।

एक शिक्षक का असली पुरस्कार उसके शिष्य की उपलब्धियाँ होती हैं। यदि मैं अपने विद्यार्थियों और समाज के जीवन में थोड़ी भी सकारात्मक रोशनी पहुँचा पाया हूँ, तो यही मेरे लिए सबसे बड़ा सम्मान है।

यह पुरस्कार मुझे और अधिक जिम्मेदारी के साथ समाज की सेवा करने का संकल्प देता है।

# एडीजी अंशुमान यादव की बेटी अपेक्षा यादव को जर्मनी में मिला सम्मान

**अजय यादव मुनन अहमद**
**समाज जागरण**



कासगंज पटियालीः अनुभूति सेवा समिति पटियाली की संस्थापक किरण यादव पत्नी ए डी जी अंशुमन यादव की बेटी जर्मनी के हीडलबर्ग विश्वविधालय के दक्षिण एशिया संस्थान (एसएआई) में चार दिवसीय 1 से 4 अक्तूबर 2025 तक चला वार्षिक अंतर्राष्ट्रीय 28वां यूरोपीय दक्षिण एशिया अध्ययन सम्मेलन (ईसीएसएएस) में शनिवार को दिल्ली विश्वविधालय के सोशल वर्क विभाग की शोध स्कॉलर अपेक्षा यादव ने अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया।

जनपद एटा-कासगंज के मूलनिवासी व उत्कृष्ट कार्य और समाज सेवा में अग्रणी अनुभूति सेवा समिति के प्रेरणास्रोत एडीजी अंशुमान यादव और समिति की अध्यक्ष किरण यादव की होनहार, विद्वान बेटी अपेक्षा यादव ने पूरे ज़िले का नाम रोशन किया है।

यह सम्मेलन यूरोपीय दक्षिण एशिया अध्ययन संघ (ईएएसएएस) द्वारा आयोजित किया गया।इसमें दुनिया के 34 देशों के 780 से अधिक विद्वानो,प्रोफेसरों और शोध छात्रों ने भाग लेकर अपने-अपने वैश्विक स्तर पर समसामयिक शोध पत्र प्रस्तुत व चर्चा कर नवीनतम ज्ञान और अनुसंधान का आदान-प्रदान करने का वैश्विक अवसर मिला।

दिल्ली विश्वविधालय की पीएचडी की शोध छात्रा अपेक्षा यादव ने सम्मेलन के पैनल चचाओं में डिकोडिंग पेडागोजीः मार्जिनेलिटीज एंड चैलेंजेस इन हायर एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस इन इंडिया शीर्षक से अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया।

यह शोध पत्र इस बात की पड़ताल करता है कि भारत में उच्च शिक्षा के संदर्भ में, हाशिए पर पड़े हुए समुदायों दलित-बहुजन और आदिवासी (डीबीए) के सामने आने वाली चुनौतियाँ जैसे सामाजिक, शैक्षिक, आर्थिक,धार्मिक,जातिगत में अलगाव और भेदभाव तथा पक्षपात को उजागर करता है, जो मौजूदा शिक्षण व्यवस्था के भीतर मौजूद है, जिससे भारत में उच्च शिक्षा में व्यापक सुधारों की अति आवश्यकता उजागर करता है।

इस वर्ष ईएएसएएस ने इनके प्रस्तुत शीर्षक को उत्कृष्ट शोध पत्र सम्मान से नवाजा गया है।

अपेक्षा यादव विश्वविधालय के सोशल वर्क विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. मनोज झा, राष्ट्रीय प्रवक्ता, आरजेडी की देखरेख में पीएचडी कर रही है। सिढपुरा स्थित अनुभूति प्रगति एवं परिवर्तन केंद्र पर पटियाली क्षेत्र के लोगों, शुभचिंतकों और टीम किरण के पदाधिकारियों आदि ने अपेक्षा यादव को बधाई दी और भविष्य में उनके प्रयासों में सफलता की कामना की।

# जनपद में 12 अक्टूबर 2025 को होने वाली राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रा0) परीक्षा 2025 तथा सहायक वन संरक्षक/क्षेत्रीय वन अधिकारी सेवा (प्रा0) परीक्षा 2025 परीक्षा को लेकर बैठक सम्पन्न।

- जनपद में कुल 09 परीक्षा केन्द्रों पर 3774 परीक्षार्थी देंगे परीक्षा।
- जिलाधिकारी प्रणय सिंह ने नकलविहीन परीक्षा सम्पन्न कराने के अधिकारियो को दिये निर्देश क
- परीक्षा केन्द्रों का वातावरण स्वास्थयप्रद व भयमुक्त तथा सभी केन्द्रों पर पर्याप्त भौतिक संसाधन उपलब्ध होने चाहिए - जिलाधिकारी
- बालिका परीक्षार्थियों की तलाशी केवल महिला अध्यापिकाओं द्वारा ही की जाये।
- सी0सी0टी0वी0 कैमरा में सभी परीक्षा केन्द्रों पर सुचारू रूप संचालित रहे।



**समाज जागरण**

कासगजः आज जिलाधिकारी प्रणय सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा की अध्यक्षता में राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रा0) परीक्षा 2025 तथा सहायक वन संरक्षक/क्षेत्रीय वन अधिकारी सेवा (प्रा0) परीक्षा 2025 परीक्षा के सम्बंध में केन्द्र व्यवस्थापकों, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट, जोनल मजिस्ट्रेट आदि के साथ बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। जिला कासगंज में परीक्षार्थियों के लिए कुल 09 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है, जिन पर पीसीएस के 3774 परीक्षार्थी दो पालियों में सम्मिलित होगें।

जिलाधिकारी ने कहा कि सभी केन्द्र व्यवस्थापक समय से 30 मिनट पहले पहुचे पेपर बॉक्स को सीसीटीवी कैमरे के सामने लें और कैमरे के सामने ही पेपर को खोलें सभी अधिकारी शासन द्वारा दिए गए सभी नियम निदेशों का भली भांति अध्ययन कर अक्षरशः आदेशों का पालन करें। नकलविहीन परीक्षा सम्पन्न हो, परीक्षा केन्द्रों का वातावरण स्वास्थयप्रद व भयमुक्त होना चाहिए व सभी केन्द्रों पर पर्याप्त भौतिक संसाधन उपलब्ध होने चाहिए जिससे किसी भी परीक्षार्थी को किसी भी प्रकार की समस्या ना हो।

परीक्षा केन्द्र के मुख्य द्वार पर सभी परीक्षार्थियों की सघन तलाशी के उपरान्त ही प्रवेश कराने की नियमित व्यवस्था सुनिश्चित करें, बालिका परीक्षार्थियों की तलाशी केवल महिला अध्यापिकाओं द्वारा ही की जाये। सी0सी0टी0वी0 कैमरों, वॉयस रिकार्डिंग आदि के प्रभावी रूप से कार्य करने की जांच अधिकारियों द्वारा प्रतिदिन की जायें।

परीक्षा केन्द्रों पर फर्नीचर, पेयजल, स्वच्छता, प्राथमिक चिकित्सा, एम्बुलेन्स अग्निशमन यंत्रो आदि की व्यवस्था परीक्षा आरम्भ होने से पूर्व हो जानी चाहिए।

अतिसंवेदनशील परीक्षा केन्द्रों का विशेष रूप से निरन्तर सघन निरीक्षण किया जाएगा, सभी परीक्षा केन्द्रों पर सशस्त्र पुलिस बल की पर्याप्त व्यवस्था की जाये। किसी भी स्थिति में परीक्षा अवधि में बाहरी व्यक्ति को परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश नही देना है। परीक्षा अवधि में परीक्षा केन्द्र परिसर में परीक्षार्थियों, कक्ष निरीक्षकों एवं परीक्षा कार्य में लगे अन्य कर्मचारियों द्वारा मोबाइल फोन अथवा इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का उपयोग करना प्रतिबंधित होगा प्रत्येक कमरे में एक दीवाल घडी जो की सुचारू रूप से चल रही हो परीक्षा केन्द्रों पर विद्युत की समस्या नही होनी चाहिये। परीक्षाओं केन्द्रों के 200 मी0 के दायरे में सभी फोटो स्टेट की दुकाने बन्द रहेगी।

बैठक में अपर जिलाधिकारी दिग्विजय प्रताप सिंह, एसडीएम कासगंज, एसडीएम पटियाली, एसडीएम सहावर, सुरेंद्र सिंह नारायण त्रिपाठी डीआईओएस, सहित समस्त जोनल, सेक्टर और स्टेटिक मजिस्ट्रेट तथा परीक्षा केन्द्र व्यवस्थापक सहित सम्बन्धित अधिकारी गण एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहें।

# डांडिया नृत्य का आयोजन संपन्न

**समाज जागरण- ब्रजमोहन सिंह**



फिरोजाबाद। न्यू जीनियस वेलफेयर सोसाइटी द्वारा डाडिया नृत्य का आयोजन कोर्णाक होटल में किया गया जिसमें समिति की सदस्यों और बच्चों ने भाग लिया

कार्यक्रम का शुभारंभ माता जी की आरती उतार कर प्रारंभ हुआ इसके बाद महिलाओं ने गरबा तबोल गेम और डांडिया नृत्य का आयोजन किया गया जिसमें डाडिया क्वीन प्रियंका अग्रवाल रही घूमर में प्रथम नीतू अग्रवाल द्वितीय शिवाली अग्रवाल तृतीय सुधा अग्रवाल रही वही बच्चों में प्रथम रितवी अग्रवाल द्वितीय कार्तिक अग्रवाल तृतीय अवनी अग्रवाल रही गेम में मोना अग्रवाल छवि अग्रवाल शोभना अग्रवाल विन्नी अग्रवाल रही कार्यक्रम में रेनू अग्रवाल शीतल अग्रवाल श्वेता बंसल सुषमा जिंदल पायल जैन बबली बराल राखी पल्लवी गीता अग्रवाल मीना रश्मि बंसल उपस्थित थी।

# लखनऊ संघर्षशील नेता दारा सिंह यादव के जन्म दिन पर

**अजय कुमार यादव समाज जागरण**



सोशल मीडिया पर बधाइयो की बौछार संघर्षशील नेता दारा सिंह यादव ने अपने जन्म दिवस पर सोशल मीडिया पर लोगों द्वारा भेजी गई बधाइयो के लिए धन्यवाद किया इस अवसर पर मोहनलालगंज के पूर्व विधायक अमरीश पुष्कर और उनके शुभचिंतक साथी साथ ही विभिन्न सामाजिक न्यायिक संगठनों के लोग उन्हें बधाई देने वालों में शामिल थे

हालांकि पिछली वर्ष की तरह इस बार इंडिया गठबंधन के कई नेता सोशल मीडिया पर नजर नहीं आए इसके बावजूद दारा सिंह यादव ने अपने संदेशों में लोगों के इसने और आशीर्वाद को जीवन की सबसे बड़ी पूंजी बताया उन्होंने कहा जनसेवा मेरा धर्म है और आपका इसने मेरी सबसे बड़ी ताकत आपके संदेश केवल शुभकामनाएं नहीं बल्कि मेरे जीवन के संघर्ष उद्देश्यों और जन संकल्प का सम्मान है आपका विश्वासी मेरी असली ताकत है और आपका साथ मेरी सबसे बड़ी संपत्ति है

# स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत द्रौपदी देवी जाजू बालिका इंटर कॉलेज में चित्रकला व निबंध प्रतियोगिता आयोजित

**समाज जागरण**



स्वच्छता ही सेवा विशेष अभियान के अंतर्गत जिला गंगा समिति, कासगंज एवं हहत्रःइंडिया के संयुक्त तत्वावधान में द्रौपदी देवी जाजू सरस्वती बालिका इंटर कॉलेज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कासगंजकार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी एवं पर्यावरण संरक्षण की भावना को प्रोत्साहित करना था। प्रतियोगिता में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर हहत्रःइंडिया के सीनियर परियोजना अधिकारी हिमांशु शर्मा, जिला गंगा समिति के परियोजना अधिकारी सुजीत कुमार, कॉलेज की प्रधानाचार्या सोमवती शर्मा एवं अन्य अध्यापिकाएँ उपस्थित रहीं।

# निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 200 लोगों का परीक्षण, मरीजों को मिली राहत

**समाज जागरण**

कासगंज केगंजडुंडवारा। क्षेत्र के गांव गढ़का में सोमवार को न्यू मैट्रो हॉस्पिटल की ओर से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं औषधि वितरण शिविर का आयोजन किया गया। ग्रामीण अंचल में आयोजित इस शिविर में सुबह से ही लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों सहित करीब 200 लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण करवाया। चिकित्सकों ने रोगियों की जांच कर उचित परामर्श दिया और आवश्यकता के अनुसार निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया।

शिविर में आने वाले अधिकतर मरीज बुखार, सर्दी-जुकाम, खांसी, कमजोरी और मौसमी संक्रमण जैसी समस्याओं से पीड़ित पाए गए। चिकित्सकों ने मरीजों को मौसमी बीमारियों से बचाव के उपाय बताते हुए कहा कि बदलते मौसम में खानपान और स्वच्छता पर विशेष ध्यान देना चाहिए। साथ ही उन्होंने लोगों को समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने की सलाह दी ताकि गंभीर बीमारियों का समय रहते पता लगाया जा सके। चिकित्सक डॉ. रोहित झाखड़ ने बताया कि ग्रामीण इलाकों में जागरूकता की कमी के कारण लोग अक्सर छोटी बीमारियों को नजरअंदाज कर देते हैं, जो आगे चलकर गंभीर रूप ले लेती हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविरों के माध्यम से लोगों को न केवल उपचार मिलता है बल्कि स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता भी बढ़ती है। डॉ. अमन सक्सेना ने कहा कि न्यू मैट्रो हॉस्पिटल समय-समय पर ग्रामीण क्षेत्रों में निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाता रहता है, ताकि जरूरतमंद लोगों को बेहतर इलाज मिल सके। उन्होंने कहा कि इस तरह के शिविरों से दूरदराज के ग्रामीणों को बड़ी राहत मिलती है, जिन्हें आर्थिक तंगी या संसाधनों की कमी के कारण शहर के अस्पतालों तक जाना मुश्किल होता है। शिविर में चिकित्सा दल के साथ पैरामेडिकल स्टाफ और स्वयंसेवक भी मौजूद रहे, जिन्होंने रोगियों के पंजीकरण, जांच और दवा वितरण में सक्रिय सहयोग दिया। स्थानीय ग्रामीणों ने अस्पताल प्रबंधन की इस पहल की सराहना की और कहा कि ऐसे शिविर गांवों में समय-समय पर आयोजित किए जाते रहें तो लोगों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से काफी राहत मिल सकती है।

# गणेश पूजन के साथ रामलीला का फीता काट कर किया उद्घाटन

## चेयरमैन ने किया रामलीला का शुभारंभ

कासगंज केसोरों ' तुलसी नगर बदरिया सोरों में श्री मुरली मनोहर रामलीला कमेटी द्वारा रामलीला मंचन दिनांक 5/10/25 रात्रि 8:30 बजे गणेश पूजन के साथ फीता काटकर किया शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष रामेश्वर दयाल महेरे ने उसके बाद कमेटी के सदस्यों ने नगर पालिका अध्यक्ष को पगड़ी पटका प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया और सम्मानित लोगों को पत्रकार साथियों पटका पहनाकर प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया

नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा जीवन में राम के आदर्शों को अपनाना उनका नाम लेना रामायण के आधार पर धार्मिक कार्य करना बहुत ही सरायनीय कार्य हैं और श्री राम के आदर्श आज भी जीवन के हर क्षेत्र में प्रेरणा देते हैं श्री राम आदर्श पर चलकर सुख शांति आ सकती है रामलीला कमेटी के सदस्यों को इस कार्य करने के लिए बहुत-बहुत बधाई दी

इस मौके पर सभासद रमाकांत तिवारी ओमप्रकाश व्यास सनी अग्रवाल गोलू अग्रवाल गौरव राम गोविंद महेरे विशाल पाठक सचिन चौधरी विजय उपाध्याय सोनू दुबे सत्यप्रकाश हिमांशु पंडित राहुल गुप्ता सचिन चोधरी आकाश महेरे राहुल पाठक वंशी चरोरे बटुक भारद्वाज सहित समस्त कमेटी सदस्य मोजूद रहे

# पेट्रोल पंप पर पाइपलाइन मरम्मत के दौरान भड़की आग, दो कर्मचारी झुलसे

**समाज जागरण**



एटा। सकीट रोड स्थित आसपुर के राय साहब फिलिंग स्टेशन पर सोमवार को मरम्मत के दौरान गैस पाइपलाइन में आग लग गई। हादसे में एक मैकेनिक सहित दो कर्मचारी झुलस गए, जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, गैस लीकेज के चलते पाइपलाइन की मरम्मत की जा रही थी, तभी जोरदार धमाके के साथ आग भड़क उठी। आग की लपटें 10 फीट तक ऊंची उठीं और पास की मशीनें जलकर राख हो गईं। कर्मचारियों और स्थानीय लोगों की सूझबूझ से समय रहते आग पर काबू पा लिया गया। दमकल दल मौके पर पहुंचा, लेकिन तब तक आग बुझ चुकी थी। फिलिंग स्टेशन भारत पेट्रोलियम कंपनी का है। प्रबंधक अनुराग जौहरी ने बताया कि नुकसान का आकलन कंपनी द्वारा किया जाएगा। पुलिस ने घटनास्थल की घेराबंदी कर आग के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

# जसवंत सिंहा ने दिया दिलीप सिंह को दी ट्राई साइकिल

**मिंटू कुमार समाज जागरण ।**



हजारीबाग : भारत सरकार के पूर्व विदेश मंत्री , पूर्व वित्त मंत्री, हजारीबाग के पूर्व सांसद जसवंत सिंहा और उनकी धर्मपत्नी नीलिमा सिंहा ने अपने करकमलों के द्वारा हजारीबाग सदर प्रखंड अंतर्गत जगदीश पुर गांव के दोनों पैर से चलने में लाचार दिलीप सिंह , जो डी वी सी चौक पर एक चाय की दुकान चला कर अपना जीवन यापन करते हैं ,उनको बैट्री से संचालित 50 हजार रूपए मूल्य का ट्राई साइकिल अपने डेमोटांड स्थित आवास ऋषभ वाटिका में दी। इस अवसर पर उन्होंने दिलीप सिंह को शुभकामना देते हुए कहा कि भविष्य में अब आपको बहुत सारी परेशानियों से मुक्ति मिलेगी। उन्होंने आगे कहा कि किसी भी इंसान को सबसे बड़ा अभिशाप उसकी शारीरिक विकलांगता होती है, जिसका दंश इन्होंने आज तक महसूस किया है।अब मैं आशा करता हूं कि अब आपको इस दंश से छुटकारा मिलेगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से हिमांशु कुमार, आशीष सिंह , प्रफुल्ल कुमार, आशुतोष सिंह, प्रहलाद सिंह, संजीव कटरियार, अरविंद सिंह, राजेंद्र प्रसाद राजा, अमर पांडे, रफीक अंसारी, पुष्पा तिर्की तथा रविंद्र राणा सहित दर्जनों प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी अनिल सिन्हा ने दिया।

# मृतक रोहित साव के परिजन पहुंचे सांसद कार्यालय, दोषियों की गिरफ्तारी की लगाई गुहार

सांसद प्रतिनिधियों ने परिजनों को किया आश्वस्त, न्याय जरूर मिलेगा

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ समाज जागरण हजारीबाग।**



हजारीबागः नवरात्रि की अष्टमी से लापता युवक रोहित साव का शव सोमवार को ओकनी देवी मंडप रोड स्थित एक अर्धनिर्मित मकान के पीछे बरामद होने के बाद पूरे क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है।
घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के परिजन और स्थानीय लोग आक्रोशित हो उठे। सोमवार की शाम लगभग 4:30 बजे परिजन सांसद मनीष जायसवाल के कार्यालय पहुंचे और दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की। सांसद मनीष जायसवाल उस समय शहर से बाहर थे, किंतु उन्होंने घटना की गंभीरता को देखते हुए तुरंत अपने लोकसभा प्रतिनिधि सत्येंद्र सिंह एवं सह प्रतिनिधि विनोद झुनझुनवाला को कार्यालय परिसर पहुंचकर परिजनों से मिलने और प्रशासनिक स्तर पर समन्वय स्थापित करने का निर्देश दिया। उनके निर्देश के पश्चात दोनों प्रतिनिधि कार्यालय पहुंचे और परिजनों से विस्तृत वार्ता की। इस दौरान संबंधित थाना प्रभारी भी कार्यालय परिसर पहुंचे, जहाँ शांतिपूर्ण माहौल में बातचीत हुई। वार्ता के उपरांत परिजन संतुष्ट नजर आए और उन्होंने शव का अंतिम संस्कार करने का निर्णय लिया। थाना प्रभारी द्वारा त्वरित राहत के रूप में परिजनों को 10,000 रु की सहायता राशि दी गई, वहीं सीओ द्वारा मंगलवार को 20,000 रु की अतिरिक्त सहायता प्रदान किए जाने की घोषणा की गई। इस विषय पर सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि यह घटना अत्यंत दुखद और पीड़ादायक है। मैं शीघ्र ही हजारीबाग लौटकर मृतक के परिजनों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात करूंगा तथा उन्हें हरसंभव सहयोग और न्याय दिलाने का पूरा प्रयास करूंगा। दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# उदय साव हत्या काण्ड मुख्य आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार ।

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ समाज जागरण हजारीबाग।**



हजारीबागः दिनांक 05 \10\2025 को रात्रि में गुप्त सुचना प्राप्त हुई कि झारखण्ड राज्य के हजारीबाग चतरा एवं बिहार राज्य के गया औरंगाबाद जिला में सक्रिय अपराधकर्मी उत्तम यादव, शक्ति गिरी उर्फ साईको टाईगर फोटो खान इत्यादि के साथ मिलकर हत्या, लूट, फिरौती, अपहरण एवं गोली काण्ड जैसे जघन्य अपराध को अंजाम करने वाला दानिश इकबाल जो कि हजारीबाग जिला के ओहसिंघना थाना काण्ड सं०-216/24, दिनाक 03.10.2024, धारा-103(1)/61(1)/3(5) bns & 27 आर्म एक्ट मुख्य आरोपी जो (उदय साव हत्या काण्ड) नगवा टोल प्लाजा के आस-पास आने वाला है। तत्पश्चात उस सूचना को गंभीरता से लेते हुये सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्यवाई हेतु थाना प्रभारी लोहसिंधना को आदेशित किया गया। लगभग करीब 2:00 बाजे थाना प्रभारी लोहसिंधना एवं सशस बल द्वारा थाना क्षेत्र के नगवा हवाई अड्डा के पास एक व्यक्ति को संदिग्ध अवस्था में देखा गया पुलिस पार्टी को करीब आते देख वह व्यक्ति भागने का प्रयास किया तभी सशस्त्र बल द्वारा घेर कर पकड लिया गया।उक्त व्यक्ति से नाम पत्ता पूछने पर वह अपना नाम मॉ० दानिश इकबाल उम्र करीब 23 वर्ष पिता स्वया गाँध इकबाल हीवर ग्राम रमन्ना मोहल्ला थाना शेरघाटी जिला गया(बिहार) बताया एवं उसकी एवं उसके बैग की तलाशी ली गयी जिसमें काफी मोबाईल कई कम्पनी का सीम राउटर आदी कई समान पाया गया। जिसको जाँच एवं आवश्यक पूछ-ताछ हेतु थाना लाया गया। उक्त व्यक्ति से पुलिस द्वारा कड़ाई से पूछ-ताछ करने पर यह बताया कि यह उत्तम यादव शक्ति गिरी उर्फ साईकी टाईगर फोटो खान इत्यादि गैंग का सरगना है। इस गैंग में मेरे अलावे झारखण्ड एवं बिहार के 15-20 लड़के मुख्य रूप से संगठित अपराध करते है। हमलोगों का मुख्य काड्ड आम व्यापारियों / कारोबारियों/ कम्पनीयों से रंगदारी के रूप में मोटी रकम लेना है।

# टाटीझरिया के तेलियाबाट में पेड़ों को रक्षा सूत्र बांध कर वन बचाने का लिया गया संकल्प

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ समाज जागरण हजारीबाग**



हजारीबाग : टाटीझरिया प्रखंड क्षेत्र के एन एच -522 के किनारे दूधमटिया वन का भाग तेलियाबाट जंगल में सोमवार प्रातः वृक्षाबंधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जंगल के बीचो-बीच बने वेदी पर विधि-विधान से वन देवी की पूजा अर्चना की गई और पेडो में रक्षा सूत्र बांध इसके संरक्षण करने का संकल्प लिया गया। वृक्षों के साये में बैठकर एक मिनट का मौन धारण कर ध्यान किया गया। वृक्षाबंधन कार्यक्रम में पर्यावरणविद महादेव महतो, लोकगायक सुरेंद्र प्रसाद सिंह, वन प्रबंधन समिति अध्यक्ष परमेश्वर प्रसाद यादव, जगदीशचंद्र यादव, मुकेश कुमार साव, राजू यादव, मनीष चौधरी, कौलेश्वर यादव, प्रमोद कुमार गुप्ता, चोलो प्रजापति, रवि राणा, इंदर यादव, दुर्गेश यादव, पवन सिंह धौनी व अन्य ने पेडों को रक्षाबंधन करते हुए कहा कि पेड़-पौधों का प्राकृतिक वातावरण को स्वच्छ बनाने में बहुत बड़ा योगदान है। पेड़-पौधों के बिना जीवन की कल्पना करना संभव नहीं है। भारतीय समाज में आदिकाल से ही पर्यावरण संरक्षण को महत्व दिया गया है। वनों की कटाई रोकने के लिए लोगों को जंगल के प्रति अपनापन का एहसास होना जरूरी है और लागातार लोग इसके लिए आगे आ रहे हैं। दूधमटिया वन महोत्सव के संस्थापक महादेव महतो के द्वारा वनों की सुरक्षा के लिए वृक्षाबंधन कार्यक्रम पर्यावरण संरक्षण और संवर्द्धन में काफी अहम साबित हो रहा है। इस दौरान सुरेंद्र प्रसाद सिंह के द्वारा वन देवी और पर्यावरण गीत प्रस्तुत किया गया।

# सहायक प्रशिक्षण केन्द्र में नवआरक्षकों के पासिंग आउट पे भव्य परेड का आयोजन

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ समाज जागरण हजारीबाग।**



सीमा सुरक्षा बल, मेरू, सहायक प्रशिक्षण केंद्र हजारीबाग के 'रानी झांसी परेड ग्राउण्ड' में दिनांक 06 अक्टूबर 2025 (सोमवार) को सीमा सुरक्षा बल के 345 नव आरक्षक (ट्रेड्समैन) (सहायक प्रशिक्षण केन्द्र, सीमा सुरक्षा बल, हजारीबाग के बैच संख्या-07 एवं 08), जो कि भारत के विभिन्न प्रांतो से हैं, 44 सप्ताह के कठिन परिश्रम, लगन एवं साधना के पश्चात बुनियादी प्रशिक्षण पूर्ण कर दीक्षांत परेड में शामिल हुए। दीक्षांत समारोह पर मुख्य अतिथि के रूप में श्री धीरेन्द्र एस कुटे, भा.पु.से., महानिरीक्षक, सहायक प्रशिक्षण केन्द्र और प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय, सीमा सुरक्षा बल, हजारीबाग, ने सलामी ली। इस अवसर पर जिला प्रशासन के अधिकारी, लोक प्रतिनिधि सहित संस्थान के अन्य अधिकारीगण एवं नवआरक्षकों के परिजन उपस्थित रहे। दीक्षांत परेड में शामिल 345 नवआरक्षकों ने राष्ट्रीय ध्वज के समक्ष संविधान की शपथ ली एवं राष्ट्र की एकता, अखंडता व संप्रभुता बनाए रखने के लिए खुद को समर्पित करने का प्रण लिया। समारोह के दौरान शानदार ड्रिल और मार्च पास्ट कर नवआरक्षकों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान मुख्य अतिथि ने ओवरआल बेस्ट परफारमेंस समेत विभिन्न विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले नव आरक्षकों को पुरूस्कार प्रदान कर उनका मनोबल बढ़ाया।
बतौर मुख्य अतिथि धीरेन्द्र एस कुटे, भा.पु.से., महानिरीक्षक, सहायक प्रशिक्षण केन्द्र और प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय, सीमा सुरक्षा बल, हजारीबाग ने अपने संबोधन मे नवआरक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि आज के दीक्षांत परेड के बाद वे औपचारिक तौर पर, सीमा सुरक्षा बल जो की भारत की प्रथम रक्षा पंक्ति है, के अभिन्न सदस्य बन गये हैं और बल में, कर्तव्य निर्वहन के लिए प्रथम कदम रखने जा रहे हैं। उन्होंने नवआरक्षकों के माता-पिता एवं परिजनों को भी बधाई देते हुए कहा कि अपने सपूतों को सीमा सुरक्षा बल में भेजकर राष्ट्र-सेवा के कार्य में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होने सहायक प्रशिक्षण केन्द्र के कुशल अनुदेशकों की टीम को सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए बधाई दी। दीक्षांत परेड के उपरान्त बीएसएफ बैण्ड की धुन ने दर्शकों को काफी आकर्षित एवं रोमांचित किया। इसके अलावा जवानों तथा केन्द्रीय विद्यालय, मेरू के छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यकम का बेहतरीन प्रदर्शन किया, जिसे देखकर उपस्थित लोगों ने भूरी-भूरी प्रशंसा की। सभी पास आउट होने वाले नौजवान जल्दी ही सीमाओं की सुरक्षा विभिन्न वाहिनियों की जिम्मेवारी संभालने जा रहे हैं।

# पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ पर्यावरण साइकिल जागरूकता रैली का शुभारंभ।

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ समाज जागरण हजारीबाग।**



हजारीबाग : पर्यावरण संरक्षण समिति के तत्वावधान में 6 अक्टूबर को पर्यावरण साइकिल जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह एवं जिला वन अधिकारी(पूर्वी) उज्वल कुमार, जिला वन अधिकार ी(पश्चिमी) मौन प्रकाश एवं जिला वन अधिकारी(वन्य प्राणी) श्री सूरज कुमार ने संयुक्त रूप से कनहरी से हरी झंडी दिखाकर जागरूकता साइकिल रैली को रवाना किया। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। साइकिल चलाने से न केवल प्रदूषण घटता है, बल्कि यह स्वस्थ जीवनशैली को भी प्रोत्साहित करता है। उन्होंने आम जनों से पर्यावरण संतुलन बनाए रखने हेतु अधिक से अधिक वृक्षारोपण और साइकिल जैसे पर्यावरण अनुकूल साधनों के उपयोग का आग्रह किया। रैली में बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे, युवा, सामाजिक संगठन तथा वन विभाग के कर्मी शामिल हुए। प्रतिभागियों ने स्वच्छ हवा, हरित धरा, साइकिल चलाओ, प्रदूषण भगाओ जैसे नारे लगाकर लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया। रैली के पश्चात उपायुक्त एवं जिला वन अधिकारीयों ने वन विभाग द्वारा नव निर्मित बायोडायवर्सिटी पार्क का भ्रमण कर विभिन्न प्रजातियों के पौधों, औषधीय वनस्पतियों एवं पर्यावरण संरक्षण से संबंधित व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इस दौरान वन विभाग के अधिकारी, पर्यावरण समिति के सदस्य, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे

# डाटों पंचायत के पुर्व उप मुखिया सह भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता तुलेश्वर यादव का पार्थिव शरीर पंचतत्व में विलीन, अंतिम यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

--पार्टी कार्यकताओं ने भाजपा के झंडे में लिपट निकाला शव यात्रा

**अरविंद कुमार यादव सामाज जागरण संवाददाता कटकमसांडी**



कटकमसांडी प्रखंड के तेज-तर्रार भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं डांटो पंचायत के पूर्व उपमुखिया, ग्राम कठौतिया गांव निवासी तुलेश्वर यादव की आकस्मिक व असामयिक निधन से समूचे प्रखंड में शोक व्याप्त हो गया । वे कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे । तुलेश्वर यादव का रविवार को लगभग बारह बजे रात को ईलाज के दौरान रांची में निधन हो गया, जिसके बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। सोमवार को उनका पार्थिव शरीर पैतृक गाँव पहुंचा तो अंतिम दर्शन के लिए जनसैलाब उमड़ पड़ा। वे अपने पीछे पत्नी, दो पुत्र,एक पुत्री समेत परिवार छोड़ गए हैं ।तुलेश्वर यादव भाजपा संगठन में तकरीबन तीस वर्षों से एक कुशल, समर्पित और निष्ठावान कार्यकर्ता थे। उन्होंने वर्षों तक पार्टी के लिए निःस्वार्थ भाव से कार्य करते हुए संगठन को मजबूती प्रदान की। उनके निधन से न केवल भाजपा परिवार बल्कि समूचे कटकमसांडी क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है ।उनके निधन की सूचना मिलते ही भाजपा कार्यकताओं एवं स्थानीय लोगों में गहरा शोक व्याप्त हो गया। आज सोमवार को उनका पार्थिव शरीर पंचतत्व में विलीन हो गया। भाजपा कार्यकताओं ने तुलेश्वर यादव के पार्थिव शरीर को भाजपा के झंड़े में लिपट कर शव यात्रा निकाली। शव यात्रा में शामिल होने वालों में सदर विधानसभा सांसद प्रतिनिधि किशोरी राणा, जिला मंत्री रीतलाल प्रसाद यादव, कटकमसांडी पश्चिमी सांसद प्रतिनिधि प्रेम प्रसाद, कटकमसांडी पूर्वी सांसद प्रतिनिधि विरेंद्र कुमार बीरु मंडल अध्यक्ष कैलाश यादव, महामंत्री अरविंद कुमार यादव,डॉ अजीत कुमार दास, पूर्वी मंडल अध्यक्ष प्रकाश कुशवाहा, विधायक प्रतिनिधि सुमन राय ,लेखराज यादव, प्रकाश यादव, पूर्व मुखिया लिलो सिंह भोक्ता, पूर्व जिला परिषद सदस्य कुलदीप सिंह भोक्ता,संदीप मुण्डा, विजय दांगी, सोहर राणा, संतोष राणा, अनुराग मित्तल, दुर्जय प्रसाद, पूर्व कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रंजीत यादव, बीस सूत्री अध्यक्ष सरयू यादव, सुंदर मुंडा, मनीष कुमार यादव, रामचंद्र यादव, रेबर पंचायत मुखिया प्रतिनिधि हलधर यादव, प्रमोद यादव कुंजल यादव डाटों पंचायत मुखिया कुमारी बाखला सहित अनेक गणमान्य लोग शामिल हुए।सभी ने तुलेश्वर यादव के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि वे हमेशा जनसेवा और पार्टी के संगठनात्मक कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाते थे। उनके व्यक्तित्व और व्यवहार से समाज के हर वर्ग के लोग प्रभावित थे।भाजपा कार्यकताओं ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की और शोकाकुल परिवार को इस दुख की घड़ी में धैर्य प्रदान करने की ईश्वर से कामना की।

# काली पूजा समिति का गठन, धूमधाम से मनाने का लिया गया निर्णय

**समाज जागरण कुलदीप कुमार संवाददाता बड़कागांव**



बड़कागांव काली मंदिर में काली पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर ग्रामीणों की बैठक की हुई। जिसकी अध्यक्षता रामसेवक सोनी एवं संचालन पंचायत समिति सदस्य सह पत्रकार रितेश ठाकुर ने किया। बैठक में पिछले वर्ष की आय- व्यय का ब्यौरा दिया गया। उपस्थित ग्रामीणों ने बारी-बारी से पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर सुझाव दिए। बेहतर तरीके से पूजा कैसे किया जाए इससे संबंधित रूपरेखा तैयार किया गया। मंदिर की रख- रखाव, साफ - सफाई, बिजली इत्यादि की व्यवस्था पर गहन विचार विमर्श किया गया। पूजा को संपन्न कराने के लिए काली पूजा समिति के अध्यक्ष रघुनाथ राम, सचिव नागेंद्र राम एवं कोषाध्यक्ष राजू कुमार को बनाया गया। मौके पर उपस्थित ग्रामीणों ने पूजा को धूमधाम से मनाने को लेकर डाक बढ़कर अपना आर्थिक योगदान भी दिए। साथ ही पूजा समिति ने ग्रामीणों से सहयोग की आशा जताई है। मौके पर मुख्य रूप से पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर, रामसेवक सोनी, विष्णु रजक, कर्णपुरा महाविद्यालय के प्रिंसिपल कीर्तिनाथ महतो,डॉक्टर बालेश्वर महतो, संदीप कुशवाह, रवि राम, रामपति राम, महेश राम,चेतलाल राम, रामेश्वर राम, सुकेश कुमार,ओमप्रकाश सोनी, राजीव रंजन, राजू सोनी, सावरमल अग्रवाल,आदित्य प्रजापति, अभिषेक राय, शंभू चौरसिया, किशोर कुमार के अलावा दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# हरे लाल महतो के जन्मदिन पर दो दिवसीय HLM ट्रॉफी फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ – दिव्यांगों को ट्राई साइकिल और बैसाखी वितरण कर दिया मानवता का संदेश

**दैनिक समाज जागरण, संवाददाता, बिकश**



ईचागढ़ः सामाजिक संस्था जन सेवा ही लक्ष्य की ओर से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी चांडिल प्रखंड के धातकीडीह फुटबॉल मैदान में दो दिवसीय HLM TROPH फुटबॉल प्रतियोगिता (सीजन-04) का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ संस्था के संस्थापक एवं समाजसेवी हरे लाल महतो के जन्मदिन के अवसर पर हुआ।
इस खास मौके पर हरे लाल महतो ने मैदान में ही केक काटकर अपना जन्मदिन मनाया। उन्होंने कहा जन सेवा ही लक्ष्य का उद्देश्य अब केवल समाजसेवा तक सीमित नहीं, बल्कि खेलों के माध्यम से युवाओं में एकता, अनुशासन और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देना है। मैदान में सुबह से ही उत्साह और जोश का माहौल देखने को मिला। बड़ी संख्या में ग्रामीणों, खिलाड़ियों और समाजसेवियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला 7 अक्टूबर को खेला जाएगा, जिसके बाद विजेता टीम को दो लाख रुपये नकद राशि एवं ट्रॉफी से सम्मानित किया जाएगा। उपविजेता टीम को डेढ़ लाख रुपये तथा तृतीय और चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाली टीमों को एक-एक लाख रुपये व ट्रॉफी पुरस्कार दिया जाएगा। इसके अलावा बेस्ट खिलाड़ी और बेस्ट गोलकीपर को साइकिल पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता के पहले दिन आठ टीमों ने भाग लिया। सेमीफाइनल मैच में केके ब्रदर्स सोनाहातू ने भूषण एसएम लक्की डोबो को 1-0 गोल से हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। जन्मदिन समाजसेवा को समर्पित, दिव्यांगों के बीच ट्राई साइकिल और बैसाखी वितरण समाजसेवा के प्रति अपनी निष्ठा को एक बार फिर दशार्ते हुए आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव एवं जन सेवा ही लक्ष्य संस्था के संस्थापक हरे लाल महतो ने अपने जन्मदिन के अवसर पर विशेष पहल की। उन्होंने चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए दिव्यांगजनों के बीच ट्राई साइकिल और बैसाखी का वितरण कर मानवता की मिसाल पेश की। उन्होंने कहा जीवन का सच्चा आनंद तब है जब हम किसी जरूरतमंद के चेहरे पर मुस्कान ला सकें। यही मेरे जन्मदिन का असली तोहफा है। ज्ञात हो कि हरे लाल महतो हर वर्ष अपने जन्मदिन पर समाजहित में कोई न कोई विशेष पहल करते हैं। पूर्व वर्षों में उन्होंने आम जनता के लिए एम्बुलेंस सेवा समर्पित की थी। इस वर्ष उन्होंने दिव्यांगों के जीवन में सहजता लाने का प्रयास किया है। दिव्यांगजनों ने इस उपहार को पाकर हरे लाल महतो के प्रति आभार व्यक्त किया और उनके दीघार्यु होने की कामना की।
स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित जन सेवा ही लक्ष्य संस्था की ओर से फुटबॉल मैदान के समीप ही निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें सैकड़ों लोगों ने नेत्र एवं दंत जांच कराई। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि संस्था खेल और सेवा–दोनों को साथ लेकर समाज में सकारात्मक संदेश दे रही है।
कार्यक्रम में भादूडीह मुखिया बुद्धेश्वर बेसरा, ज्योतिलाल माहली, रीना महतो, सत्यनारायण महतो, गुरुचरण सिंह, रविशंकर मौर्या, दुर्गा महतो, दुर्योधन गोप, अमूल्य महतो, अरुण महतो, गोपेश महतो, तुलसी महतो, लक्ष्मीकांत महतो, नंदन कुंज पात्र, धर्मराज प्रधान, माधव सिंह मुंडा सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। HLM Trophy अब चांडिल क्षेत्र की पहचान बन चुकी है – हर वर्ष हजारों दर्शक मैदान में उमड़ते हैं, और खेल भावना के साथ समाजसेवा का यह अनोखा संगम एक प्रेरक उदाहरण बन गया है।

# एनएचआरसी, भारत ने झारखंड के हजारीबाग स्थित एक आवासीय विद्यालय में एक शिक्षक द्वारा कथित तौर पर पिटाई किए जाने के कारण 5 वर्षीय छात्र की मौत हो जाने की खबर पर स्वतः संज्ञान लिया

झारखंड सरकार के मुख्य सचिव और हजारीबाग के पुलिस अधीक्षक को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर मामले की विस्तृत रिपोर्ट मांगी
राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी), भारत ने झारखंड के हजारीबाग जिले के एक आवासीय विद्यालय में 24 सितंबर, 2025 को एक 5 वर्षीय छात्र की कथित तौर पर शिक्षक की बेतहाशा पिटाई के दौरान लगी चोटों से मौत हो जाने से संबंधित एक मीडिया रिपोर्ट का स्वतः संज्ञान लिया है। खबरों के अनुसार, मृतक बच्चे के भाई ने बताया कि उसके भाई के खाना खाने से इनकार करने पर शिक्षक ने उसकी पिटाई की। दिवंगत बच्चे का भाई भी उसी स्कूल का छात्र है।

# उलीडीह क्षेत्र में पेयजल संकट को लेकर जनता दल (यू) ने पेयजल विभाग के कार्यपालक अभियंता से मिलकर समाधान की मांग की

**दैनिक समाज जागरण चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ) पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**



जमशेदपुर उलीडीह रामकृष्ण कॉलोनी , बिरसा रोड के पास सहित आसपास के कई इलाकों में पिछले कई दिनों से पेयजल आपूर्ति बाधित रहने की समस्या को लेकर क्षेत्रवासियों में भारी रोष व्याप्त है।
जनता दल (यूनाइटेड) के उलिडीह थाना अध्यक्ष प्रवीण सिंह की अगुआई में इस संबंध में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, कार्यपालक अभियंता को एक मांग पत्र सौंपा है। इस दौरान जदयू जिला प्रवक्ता आकाश शाह मौजूद रहे.
ज्ञापन में बताया गया है कि उक्त इलाकों में प्रतिदिन केवल एक बार सुबह 5 मिनट के लिए ही जलापूर्ति की जा रही है, जिससे लोगों को पेयजल की गंभीर समस्या से जूझना पड़ रहा है। इस संबंध में विभागीय अधिकारियों को कई बार अवगत कराने के बावजूद अब तक जलापूर्ति व्यवस्था सामान्य नहीं हो पाई है।

जदयू नेताओं ने विभाग से मांग की है कि शीघ्रातिशीघ्र क्षेत्र में नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित की जाए ताकि निवासियों को राहत मिल सके। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समस्या का समाधान जल्द नहीं हुआ तो पार्टी स्तर पर जनआंदोलन चलाने पर भी विचार किया जाएगा। इस दौरान मुख्य रूप से मनोज गुप्ता, मनोज ओझा, परविंदर राम, योगेन्द्र साहु, अभिजीत सेनापति, सागर दत्ता आदि उपस्थित थे।

**न्यायालय समक्ष कार्यपालक दण्डाधिकारी चास, बोकारो।**

**शपथ पत्र**

मै, सुमन कुमारी (Suman Kumari) पति सुनील कुमार पंडित, उम्र लगभग 25 वर्ष, स्थाई पता ग्राम-नारायणपुर, पोस्ट- नारायणपुर, थाना-पेंक नारायणपुर, जिला बोकारो, झारखण्ड का निवासी हूँ,

**शपथ पत्र में व्यान करती हुँ की :-**

1. यह कि, मेरी राष्ट्रीयता भारतीय है।
2. यह कि, आधार संख्या- 3787 4203 3339 एवं भारत सरकार आयकर विभाग द्वारा निर्गत पेन संख्या- MPAPK5567F है, जिसमें मेरा नाम सुमन कुमारी (Suman Kumari) अंकित है।
3. यह कि, बैंक ऑफ इण्डिया शाखा बोकारो थर्मल पावर स्टेशन में मेरा एक बचत खाता है, जिसका खाता संख्या- 479710510001208 है, जिसमें मेरा नाम भुल वश सुमन कुमारी (Suman Kumari) के स्थान पर सुमा कुमारी (Suma Kumari) अंकित हो गया है, जो गलत है।
4. यह कि मेरा सही एवं वास्तविक नाम सुमन कुमारी (Suman Kumari) तथा मेरे अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम सुमन कुमारी (Suman Kumari) ही अंकित है।
5. यह कि, यह शपथ पत्र में अपने उपरोक्त बैंक में गलत नाम सुमा कुमारी (Suma Kumari) को सुधार कर मेरा सही एवं वास्तवीक नाम सुमन कुमारी (Suman Kumari) अंकित करवाने हेतू एवं सक्षम पदाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करने हेतू बना रही हूँ।
6. यह कि उपरोक्त कथन मेरे कहने पर लिखी गई है. जो सही व सत्य है।

**SL.NO.7243 , dtd. 09/09/2025**

# विद्युत उपकेंद्र आयर की 04 घण्टे विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित।

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी समस्त विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि 07 अक्टूबर दिन मंगलवार को समय सुबह 10.00बजे से 02.00 बजे तक 33 / 11 केवी विद्युत उपकेंद्र आयर से निकलने वाले समस्त फीडरों की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इस दौरान 33 केवी उपकेन्द्र आयर के अंदर स्विच यार्ड तथा पैनल के मरम्मत का कार्य कराया जाना है जिस कारण उपकेन्द्र से निकलने वाले समस्त फीडर औरा, सूतबलपुर, शिवरामपुर ,शंभूपुर, काकलपुर फीडर की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी,जिस कारण उदयपुर, नवापुरा, आजमगढ़ रोड, चमरहा , सिंधोरा रोड ,आयर बाजार ,आयर गांव, गहनी ,नकछेदपुर,हरहुआ ब्लॉक की सप्लाई बाधित रहेगी।

उक्त आशय की जानकारी श्रीपति तिवारी उपखण्ड अधिकारी विद्युत वितरण खण्ड आयर ,चिरईगांव ने दी है।

# फोन से मिला व्यापारी को धमकी, मुकदमा हुआ दर्ज

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। थाना क्षेत्र के धनेसरी हरहुआ गांव निवासी व्यापारी राकेश कुमार गुप्ता को अज्ञात व्यक्ति के द्वारा फोन से गाली गलौज देते हुए अपहरण करने और जान से मारने की धमकी दी गई है। जिससे भयभीत व्यापारी ने फोन नंबर के आधार पर अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार उपरोक्त व्यवसायी को एक अक्टूबर एवं 2 अक्टूबर को वाट्सफ कालिंग कर किसी व्यक्ति ने गाली गलौज देते हुए जान से मारने की धमकी दी और बाबतपुर आने के लिये कहा जिसे नजर अंदाज करने पर व्यापारी को दोबारा फोन आया की अगर तुम बाबतपुर नहीं आओगे तो तुम्हारा अपहरण कर जान से मार देंगे।

# ट्रैक्टर के धक्के से युवक की मौत

**समाज जागरण धनंजय मोदनवाल**



पिंडरा। सिंधोरा बाजार स्थित राजभर बस्ती निवासी शिवा राजभर उम्र लगभग 30 वर्ष की बीती रात ट्रैक्टर से धक्के से मौत हो गई। घटना रात्रि10 बजे की बताई जाती है।

बताते है मोबाइल का दुकानदार शिवा बाइक से घर आते वक्त बसंतपुर गेट के पास ट्रैक्टर के धक्के से सड़क पर गिर गया। सिर में अंदरूनी चोट आने से वह बेहोश हो सकता। जिसपर परिजन और क्षेत्र के लोग उसे एंबुलेंस से दीनदयाल हॉस्पिटल ले गए जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शिवा को एक 6 वर्ष की पुत्री व 2 वर्ष का पुत्र है। शिवा की सिंधोरा चौराहे पर शिवा मोबाइल के नाम से दुकान है। थाना प्रभारी ज्ञानेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि मृतक के भाई अनिल की तहरीर ट्रैक्टर चालक के खिलाफ बीएनएस की 281, 125 ए व 125 बी के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। घटना के बाद चालक ट्रैक्टर समेत भाग निकला।

# केंद्रीय मंत्री ने घायल को पहुंचाया हॉस्पिटल

**समाज जागरण एस बी तिवारी**

वाराणसी। रिंग रोड़ पर सड़क दुर्घटना देख अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने अपना काफिला रोककर घायल राजकुमार शर्मा निवासी गाजीपुर का हाल चाल लेते हुए साथ में उपस्थित विधायक रोहनिया डॉक्टृ सुनील पटेल द्वारा घायल को अस्पताल पहुंचाया गया।



इनके सहयोग से घायल व्यक्ति को समय पर ईलाज मिलने से घायल व्यक्ति अब खतरे से बाहर है ।

उनके साथ महेंद्र सिंह पटेल , सियाराम पटेल,राकेश यादव ,दीपू पटेल, मानस कुमार सिंह राजकुमार वर्मा, श्यामबली विनोद सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बाघो के लिये बना काल... बांधवगढ़ टाईगर रिजर्व के अधिकारियों का मौजूदा कार्यकाल

## इधर बाघ के मौत की नहीं लगी भनक, उधर प्रताड़ना से तंग कुंए में कूदा डिप्टी रेंजर

### टाईगर स्टेट के तमगे के लिए खतरा बन रहा बांधवगढ़ टाईगर रिजर्व प्रबंधन

न जाने कुप्रबंधन और लापरवाही की कौन सी महापुराण लिखने को अमादा है बांधवगढ़ टाईगर रिजर्व का प्रबंधन और हर बार नतीजा वहीं कि सांप निकलने के बाद लाठी पीटने की तर्ज पर प्रबंधन सिर्फ दोषियों पर कार्यवाही तक सिमट कर रह जाता है। दस दिन तक बाघ का शव जंगल में पड़ा रहा गष्ती दल को इसकी भनक भी नहीं लगी जो कि फील्ड डायरेक्टर अनुपम सहाय के अकुषल नेतृत्व का परिचायक साबित हो रही है तो दूसरी ओर डिप्टी रेंजर ने वरिष्ठ अधिकारियों पर प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए पार्क की सीमा में स्थित कुंए में छलांग लगा दी कम शब्दों में इसे ऐसा कह सकते है कि फील्ड डायरेक्टर अनुपम सहाय के अकुषल नेतृत्व की वजह से बांधवगढ़ टाईगर रिजर्व में न जंगल के राजा सुरक्षित और न ही जंगल के रक्षक सुरक्षित है, गौरतलब है कि बाघ के षिकार का मामला अभी पूर्णतः ठंडा भी नहीं हुआ था जिसमें बाघ के षिकार की खबर कई माह तक प्रबंधन तक नहीं पहुंची थी के बाद ये दोनो मामले साहब की अकुषलता पर चार चांद लगा रहे है।

उमरिया। प्रतीत हो रहा है कि टूरिज्म के नाम पर बांधवगढ़ टाईगर रिजर्व के अधिकारी व्हीआईपी से संबंध स्थापित करने और होटल संचालको से जेब भरने में मजगूल है और इसका एक बड़ा हिस्सा उपर तक पहुचाया जा रहा है यही कारण है कि नीचे से उपर तक सब ने चुप्पी साध रखी है और हमेषा की तरह विभाग लाठी पीटने का काम कर रहा है। हालही का मामला है कि बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व की ताला रेंज अंतर्गत बठान सर्कल के हरदिहा बीट में चौंकाने वाली घटना हुई। यहां पदस्थ डिप्टी रेंजर लल्लू लाल दीक्षित ने कुएं में छलांग लगा दी। उन्होंने एसडीओ वन दिलीप मराठा और ताला रेंजर राहुल किरार के ऊपर हत्या का षड्यंत्र करने का आरोप लगा। तो दूसरी ओर बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में फिर एक बाघ की मौत हो गई है, जिसके बाद हड़कंप मच गया. मामले में वन विभाग ने 2 वन कर्मचारियों पर लाठी पीटने की तर्ज पर एक्शन लिया. बताया जाता है कि 3 अक्टूबर को बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के वन परिक्षेत्र पनपथा बफर के बीट सलखनिया आरएफ 160 में हाथियों के गस्ती दल को एक बाघ का शव दिखा. तुरंत ही इसकी सूचना विभागीय अमले व अधिकारियों को दी गई।

**डिप्टी रेंजर का सुसाईड नोट**

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व (बीटीआर) से शुक्रवार रात एक चौंकाने वाली घटना सामने आई। ताला कोर जोन में पदस्थ डिप्टी रेंजर लल्लू लाल दीक्षित ने कुएं में कूदकर आत्महत्या का प्रयास किया। अचानक हुई इस घटना से पूरे विभाग में हड़कंप मच गया। सूत्रों के अनुसार, घटना की जानकारी मिलते ही फॉरेस्ट टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर दीक्षित को कुएं से बाहर निकाला और उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मानपुर लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए उन्हें मेडिकल कॉलेज शहडोल रेफर कर दिया गया।

# आपसी समन्वय के साथ संचारी रोग नियंत्रण अभियान को सफल बनाने का दायित्व निभाएं।

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी।ब्लाक सभागार हरहुआ में विशेष संचारी रोग नियंत्रण/ दस्तक अभियान (0अक्टूबर से 31अक्टूबर) के तहत आशा ,एएनएम , आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ का उन्मुखीकरण प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ।

11 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक चलने वाले दस्तक अभियान के तहत आशा कार्यकताओं , आंगनबाड़ी व एएनएम द्वारा किए जाने वाले कार्यों की जानकारी दी गई।





अभियान के दौरान माइक्रोप्लान के अनुसार 11 अक्टूबर से आशा,आंगनवाड़ी कार्यकताओं को प्रतिदिन 25 घरो का भ्रमण कर पांच प्रकार की बीमारियों को चिन्हित कर उनकी सूची बनाने जिसमें बुखार के रोगियों ,आईएलआई (खांसी, बुखार व तेज सांस ) के रोगियों व क्षय रोग के लक्षण युक्त रोगियों की , कालाजार व फाइलेरिया के लक्षण युक्त रोगियों की तथा कुपोषित बच्चों की सूची शामिल हैं। ई 'कवच' पर यूडीएसपी पोर्टल पर फीड करना और जिन व्यक्तियों का अभी तक आभा आईडी नहीं बना है उनका ई 'कवच'से आभा आई डी बनाना साथ ही सर्वे के दौरान घर-घर जाकर लोगों को पीने के शुद्ध पानी इस्तेमाल करने, दस्त के बारे में जानकारी, मच्छरदानी का प्रयोग करने, पूरी बांह के कपड़े पहनना, चूहा व छछूंदर से होने वाले स्क्रब टायफस रोग, घरों के आसपास पानी न इकट्ठा होने देने हेतु लोगों को जागरूक करने ताकि संचारी रोगों से बचा जा सके।

बीडीओ हरहुआ बी पी वर्मा, प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ0 सन्तोष कुमार ने कहा कि आपसी समन्वय से हर लोग अपना दायित्व निभाएं।

इस दौरान बीडीओ हरहुआ बद्री प्रसाद वर्मा,पीएचसी प्रभारी डॉ0 सन्तोष कुमार, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी सतीश कुमार गुप्ता, स्वास्थ्य पर्यवेक्षक राकेश कुमार, सुपरवाइजर माखन शर्मा, मुख्यसेविका आभारानी त्रिपाठी,चिंता पाल, किरनलता भारती,चंद्रतारा देवी सहित सभी एएनएम,सभी संगिनी, समस्त आशा समस्त, आंगनबाड़ी कार्यकत्री प्रशिक्षण में शामिल रहे।

# भविष्य मे सिर्फ समिति के सदस्यो को ही मिलेगी खाद : देवेंद्र सिंह



वाराणसी। अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अंतर्गत सहकारिता विभाग की ओर से 12 सितंबर से 12 अक्टूबर तक एमपैक्स सदस्यता महाअभियान चलाया जा रहा है। अब सहकारी समितियो के सदस्यो को ही समिति से खाद मिलेगी।इसके अलावा भी सहकारिता की अन्य योजनाओ का लाभ सदस्यो को मिलेगा।

सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सोनभद्र देवेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि समिति क्षेत्र मे आने वाले किसान21 रूपए सदस्यता शुल्क और न्यूनतम दो शेयर 200 रूपए का भुगतान करके समिति की सदस्यता प्राप्त कर सकते है।

साथ ही पुराने और नये सदस्य 5 रूपए देकर कृषक पंजिका भी प्राप्त कर सकते है। यह कृषक पंजिका भविष्य मे समिति और किसान के बीच सभी लेनदेन का दस्तावेज बनेगी।

सहायक आयुक्त देवेंद्र सिंह ने कहा कि समिति की सदस्यता लेने वाले किसानो और ग्रामीणो को आसान वित्तीय सेवाये, कम ब्याज पर ऋण ,सरकारी सब्सिडी का लाभ, आर्थिक सुरक्षा तथा सामुदायिक विकास मे भागीदारी जैसी सुविधाये उपलब्ध होंगी।

सहायक आयुक्त ने बताया कि भविष्य मे समिति से केवल वही किसान उर्वरक प्राप्त कर सकेंगे जो समिति के सदस्य होंगे।

समिति का कर्जा न चुकाने वाले बकायेदार किसानो को समिति से खाद नही मिलेगी।इसलिए किसान हित मे आवश्यक है कि सभी किसान और ग्रामीण परिवार सहकारी समिति के सदस्य बनें।

इस हेतु कोई भी व्यक्ति आधार कार्ड और 226 रूपए देकर समिति का सदस्य बन सकता है।

सहायक आयुक्त ने अपील की सभी ग्रामीण परिवार अपने क्षेत्र की सहकारी समिति पर पहुंच कर सचिव से संपर्क करके स्वयं सदस्य बने तथा दूसरो को भी सदस्य बनवाए।

अभियान मे अब मात्र पाँच दिन अवशेष रहने के दृष्टिगत सहायक आयुक्त ने लक्ष्य की प्रगति मे पीछे रहने वाले सचिवो को चेतावनी देते हुए कहा है कि समिति क्षेत्र मे भ्रमण करके युध्द स्तर पर सदस्य बनाएँ। इसी संबंध मे आज एडीओ नगवाँ श्रीचंद ने नगवाँ ब्लाक के रामपुर ससनई, रामगढ़ और नौडीहाँ बीपैक्स के सचिवो के साथ क्षेत्र भ्रमण करके ग्रामप्रधानो और अन्य जनप्रतिनिधिगण से संपर्क करके कृषको को सदस्य बनने के लिए प्रोत्साहित किया।

# पीजीआई पुलिस टीम व सर्विलांस सेल टीम और क्राइम टीम ने किया बड़ा खुलासा

**विवेक कुमार संवाददाता समाज जागरण**



लखनऊ। राजधानी लखनऊ के थाना पीजीआई क्षेत्र में महिला की हत्या के मामले में पुलिस ने चौंकाने वाला खुलासा किया है। सर्विलांस सेल दक्षिणी जोन और क्राइम टीम की संयुक्त कार्रवाई में मृतका के बेटे को गिरफ्तार किया गया है, जिसने ऑनलाइन गेम की लत में अपनी ही मां की जान ले ली।जानकारी के अनुसार, 3 अक्टूबर 2025 को रमेश यादव की पत्नी रेनू यादव की हत्या कर दी गई थी। रमेश यादव ने बताया कि जब वह घर पर नहीं था, तभी उसके बेटे निखिल उर्फ गोलू (20 वर्ष) ने फोन कर कहा – पापा, घर आओ मम्मी को मार दिया है। जब रमेश यादव घर पहुँचे, तो उन्होंने पाया कि घर का सारा सामान बिखरा पड़ा है और उनकी पत्नी को अस्पताल ले जाया गया है, जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना पीजीआई पुलिस व सब्लांस दक्षिण जॉन की और क्राइम टीम संयुक्त जांच शुरू की जिसमें पुलिस ने अधिक मेहनत से कार्रवाई करते हुए आरोपी पुत्र निखिल यादव को जनपद फतेहपुर ओरमहा, अल्लीपुर से गिरफ्तार किया गया ओर वहीं गिरफ्तार करके उसे थाना पीजीआई लाया गया और वहीं गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया

# आयुष्मान आरोग्य मंदिर आदमपुर का एक्सटर्नल इंक्वास एसेसमेंट संपन्न हुआ।

**समाज जागरण अनिल कुमार**




हरहुआ वाराणसी। भारत सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता को लेकर नेशनल क्वालिटी इंश्योरेंस के द्वारा एक्सटर्नल इंक्वास असेसमेंट किया जा रहा है।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरहुआ के आयुष्मान आरोग्य मंदिर आदमपुर का आज सोमवार को एक्सटर्नल असेसमेंट डॉ0 केयुर देसाई डॉ0 प्रेमानंद त्रिपाठी द्वारा किया गया।

सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी आदमपुर नेहा झा एवं क्षेत्रीय एएनएम राधिका कुमारी उपस्थित होकर उपलब्ध संसाधनों के बारे में जानकारी दी। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ0 संतोष कुमार ने बताया कि सरकार की मंशा के अनुसार जनमानस को उनके घर के पास ही आरोग्य मंदिर पर सभी जरूरी स्वास्थ्य सेवाएं मानक के अनुसार दिया जाए।टेली कंसल्टेंट के द्वारा विशेषज्ञ चिकित्सक की सलाह सहित 105 तरह की दवाओं व 15 प्रकार के जाँच तक की सुविधाएं मिलेंगी।

असेसमेंट के समय स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी सतीश कुमार गुप्ता, अपर शोध अधिकारी श्रीनाथ यादव, ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक बसंत लाल श्रीवास्तव, बीसीपीएम संगीता, बीएचडब्ल मनीष गुप्ता,सीएचओ अर्चना गुप्ता, शशिकांत शर्मा, स्वागत पटेल, मानसी सेन, कंचन सिंह,एएनएम सुशील यादव, सपना श्रीवास्तव, बबीता चौधरी संगिनी द्रोपती देवी, सीमा देवी आशा मिंता देवी चंदा देवी शारदा देवी,सुनीता देवी,शारदा देवी,रीना, उषा देवी पंकज सिंह का विशेष सहयोग रहा।

# माडल शाप में चोरी करने वाले दो बाल अपचारी गिरफ्तार, माल बरामद

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी पुलिस ने मुखबिर की सुचना पर रामेश्वर पंचक्रोशी मार्ग के पास से शराब की बंद दुकान में घुसकर शराब,बीयर एवं चार हजार रुपए नगदी चोरी करने वाले दो बार अपचारी अभियुक्तों गिरफ्तार कर उनके पास 18 केन बीयर,दो शीशी शराब और तीन हजार रूपया नगदी बरामद करते हुये जेल भेज दिया है।बताते चलें की बीते दो अक्टूबर की रात्रि में कोइराजपुर स्थित एक माडल शराब की दुकान से चार हजार रूपया नगदी सहित बियर एवं शराब की चोरी कर ली गयी थी इस मामले में दुकान मालिक शिवपुर थाना क्षेत्र के ओम शिव नगर कालोनी निवासी विनित जायसवाल ने अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था। मिली सुचना के आधार पर थाना प्रभारी बड़ागांव अतुल कुमार सिंह एवं चौकी प्रभारी हरहुआ अभिषेक कुमार राय ने अपने हमराह अन्य पुलिस कर्मियों के साथ उपरोक्त गिरफ्तारी स्थल के पास से हरहुआं डीह एवं दासेपुर गांव निवासी दोनों बाल अपचारियों को रामेश्वर पंचकोसी मार्ग से उस समय हिरासत में ले लिया जब वह चोरी किये गये बियर और शराब को बेचने जाते समय वाहन का इंतजार कर रहे थे। वही गिरफ्तार दोनों बाल अपचारी ने पूछताछ के दौरान बताए कि हमलोग आपस में दोस्त हैं और अक्सर शराब पीते हैं। दो अक्तूबर को शराब की दुकान बंद थी और हम दोनों ने रात में अपने पास पहले से रखी

शराब पीकर घूम फिर रहे थे कि हम लोगों को और शराब पीने का मन किया तो आधी रात को शराब खरीदने के लिए कोईराजपुर अंग्रेजी शराब व ठंडी वियर माडल शाप की दुकान पर गये थे तो दुकान बंद मिली फिर हम दोनों लोगों ने मिलकर दुकान के अन्दर घुसकर दुकान से किंगफिशर बीयर, वन मोर क्रानबेरी क्वाटर, ठंडी बियर व दो खंभा आईबी व माडल शाप से 4000 रुपये कैश चोरी किए थे, जिसमें से कुछ बीयर व शराब हमलोग पी चुके हैं और चोरी किया हुआ पैसा आपस में बांट लिए थे। साहब जो पैसे, बियर और शराब आपने हम लोगों के पास से बरामद किया है वह उसी कोईराजपुर अंग्रेजी शराब व ठंडी वियर माडल शाप की दुकान से हम दोनों ने चोरी किया था। हम लोगों के पास से जो बियर व शराब आप लोगों ने पकड़ा है उसे बेचने के लिए हम लोग चांदमारी की तरफ जाने के लिए साधन का इंतजार रहे थे कि आप लोगों ने हमें गिरफ्तार कर लिए।

# गरीब महिला की मदद को आगे आए समाजसेवी व हॉस्पिटल संचालक

**विवेक कुमार संवाददाता समाज जागरण**



मोहनलालगंज ।लखनऊ,मानवता आज भी जिंदा है इसका जीता-जागता उदाहरण पेश किया है समाजसेवी एवं श्री राजपूत करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष दुर्गेश सिंह दीपू ने। आर्थिक रूप से कमजोर एक गरीब महिला की मदद कर उन्होंने यह साबित कर दिया कि समाज में आज भी ऐसे लोग हैं जो दूसरों के दर्द को अपना समझते हैं।

मिली जानकारी के अनुसार नीलम पत्नी स्वर्गीय भाईलाल, मूल निवासी लखीमपुर और वर्तमान में वृंदावन योजना सेक्टर-16, लखनऊ में निवास कर रही हैं। कुछ दिनों पहले सड़क हादसे में घायल होने के बाद उनके पैर में गंभीर चोट आई थी। डॉक्टरों ने ऑपरेशन की सलाह दी थी, परंतु परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद खराब होने के कारण इलाज संभव नहीं हो पा रहा था।जब यह खबर समाजसेवी दुर्गेश सिंह दीपू तक पहुँची, तो उन्होंने तुरंत मदद का बीड़ा उठाया। उन्होंने महिला की पूरी स्थिति समझी और खुद के प्रयासों से वरदान हॉस्पिटल, कल्ली पश्चिम पीजीआई के संचालक से संपर्क किया।

दुर्गेश सिंह दीपू के आग्रह पर हॉस्पिटल संचालक ने बड़ा दिल दिखाते हुए नीलम का पूरा इलाज और पैर का ऑपरेशन निशुल्क करने का निर्णय लिया।ऑपरेशन डॉ. सुशील कुमार मिश्रा द्वारा पूरी तरह सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। वहीं, इलाज के दौरान आवश्यक दवाओं, देखभाल और अन्य खर्चों की जिम्मेदारी समाजसेवी दुर्गेश सिंह दीपू ने अपने निजी स्तर पर उठाई।इस नेक कार्य की चर्चा पूरे क्षेत्र में है। ग्रामीणों और सामाजिक संगठनों ने दुर्गेश सिंह दीपू और वरदान हॉस्पिटल प्रबंधन की खुले दिल से प्रशंसा की है। लोगों का कहना है कि जहां आज इंसानियत धीरे-धीरे खत्म होती जा रही है, वहीं ऐसे लोग समाज में उम्मीद की किरण हैं।स्वयं दुर्गेश सिंह दीपू ने कहा हम सब अगर एक-एक जरूरतमंद की भी मदद करने की ठान लें, तो कोई भी नीलम जैसी महिला इलाज के लिए परेशान नहीं होगी। समाजसेवा सिर्फ नाम के लिए नहीं, बल्कि दिल से करनी चाहिए।इस घटना ने न सिर्फ पीड़िता को जीवन में नया सहारा दिया, बल्कि यह भी साबित किया कि इंसानियत आज भी सबसे बड़ी ताकत है।

# केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव ने देश में खांसी के सिरप की गुणवत्ता और तार्किक उपयोग पर राज्यों/संघ शासित प्रदेशों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की

**(रघुनंदन पराशर जैतो समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख पंजाब)**

नई दिल्ली,6 अक्टूबर :केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने खांसी के सिरप की गुणवत्ता और उपयोग से संबंधित हाल की चिंताओं को देखते हुए एक उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव श्रीमती पुण्य सलिला श्रीवास्तव की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में सभी राज्यों और संघ शासित प्रदेशों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। बैठक में औषधि गुणवत्ता मानकों के अनुपालन की समीक्षा और खास तौर से बच्चों के मामलों में खांसी के सिरप के तार्किक उपयोग को बढ़ावा देने पर विचार किया गया। इससे पहले केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री जेपी नड्डा ने इस मामले की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया था कि आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए राज्यों और संघ शासित प्रदेशों के साथ विचार विमर्श किया जाए।बैठक में रसायन और उर्वरक मंत्रालय में फार्मास्यूटिकल विभाग के सचिव श्री अमित अग्रवाल, स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग के सचिव और भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के महानिदेशक डॉ राजीव बहल, स्वास्थ्य सेवाओं की महानिदेशक डॉ सुनीता शर्मा, भारत के औषधि महानियंत्रक डॉ राजीव रघुवंशी और राष्ट्रीय व्याधि नियंत्रण केंद्र के निदेशक डॉ रंजन दास भी मौजूद थे। इसमें सभी राज्यों और संघ शासित प्रदेशों के अतिरिक्त मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव (स्वास्थ्य), औषधि नियंत्रक, स्वास्थ्य/चिकित्सा सेवाओं के निदेशक और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के निदेशक तथा केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी हिस्सा लिया।

(बातचीत तीन प्रमुख विषयों पर केंद्रित रही) :-अनुसूची एम और औषधि निर्माण इकाइयों में गुणवत्ता मानदंडों से संबंधित सामान्य सुरक्षा नियमों (जीएसआर) के अन्य प्रावधानों का अनुपालन।बच्चों में खांसी के सिरप के तार्किक उपयोग को बढ़ावा देना तथा अतार्किक संमिश्रण और अनुचित फॉमूर्लेशन से बचना। खुदरा दवा विक्रेताओं से संबंधित नियमों को मजबूत करना ताकि इस तरह के फॉमूर्लेशन की बिक्री और दुरुपयोग को रोका जा सके।यह बैठक मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा में बच्चों की कथित तौर पर खांसी के मिलावटी सिरप से मौत की रिपोर्टों के बीच आयोजित की गईप्रधानमंत्री-आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन (पीएमएबीएचआईएम) के अंतर्गत स्थापित मेट्रोपोलिटन निगरानी इकाई (एमएसयू) ने मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले के एक प्रखंड में इन मामलों और इनसे संबंधित मौतों की रिपोर्ट राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीडीसी) के अंतर्गत एकीकृत व्याधि निगरानी कार्यक्रम को दी थी। इस स्थिति के मद्देनजर एनसीडीसी, राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान (एनआईवी) और केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) के महामारीविदों, सूक्ष्मजीव विज्ञानियों और कीटविज्ञानियों, औषधि निरीक्षकों और अन्य विशेषज्ञों के एक केंद्रीय दल ने छिंदवाड़ा और नागपुर का दौरा किया। इस दल ने मौत के मामलों का मध्य प्रदेश के अधिकारियों के साथ तालमेल से विस्तृत विश्लेषण किया।

विभिन्न नैदानिक, पर्यावरणीय, कीटविज्ञानिक और औषधीय नमूनों को एकत्र कर उन्हें एनआईवी (पुणे), केंद्रीय औषधि प्रयोगशाला (मुंबई) और नागपुर स्थित राष्ट्रीय पर्यावरणीय इंजीनियरी अनुसंधान संस्थान (एनईईआरआई) भेजा गया। जांच के शुरूआती नतीजों में लेप्टोस्प्राइरोसिस के एक मामले को छोड़ कर आम संक्रामक रोगों की आशंका से इनकार किया गया। बच्चों को जो दवाएं दी गई थीं उनके 19 नमूने उनका इलाज करने वाले प्राइवेट डॉक्टरों और खुदरा दवाखानों से एकत्र किए गए। इनमें से जिन 10 नमूनों का अब तक रासायनिक विश्लेषण किया गया उनमें से 9 गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पाए गए। लेकिन खांसी के एक सिरप कोल्डरिफ मेंडाईएथिलिनग्लाइकोल (डीईजी) स्वीकृत सीमा से अधिक था। इसके बाद तमिलनाडु खाद्य और औषधि प्रशासन (एफडीए) ने कांचीपुरम स्थित इस दवा की निर्माण इकाई के खिलाफ नियामक कार्रवाई की है। सीडीएससीओ ने अपनी जांच के नतीजों के आधार पर उत्पादन लाइसेंस रद्द करने की सिफारिश की है। इस इकाई के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही भी शुरू कर दी गई है।केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव ने सभी दवा निमार्ताओं द्वारा संशोधित अनुसूची एम का कड़ाई से पालन करने पर जोर दिया। राज्यों को यह भी सलाह दी गई कि वे बच्चों में खांसी के सिरप का तार्किक उपयोग करें क्योंकि ज्यादातर खांसी अपने आप ठीक हो जाती है और इसके लिए औषधी की आवश्यकता नहीं होती। बैठक में बाल चिकित्सा के लिए खांसी के सिरप के तर्कसंगत उपयोग पर डीजीएचएस द्वारा जारी परामर्श पर भी चर्चा की गई।बैठक में यह भी बताया गया कि प्रणालीगत कमियों की पहचान करने और गुणवत्ता आश्वासन तंत्र को मजबूत करने के लिए छह राज्यों की 19 विनिर्माण इकाइयों में जोखिम-आधारित निरीक्षण (आरबीआई) शुरू किए गए हैं। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को यह भी सलाह दी गई कि वे निगरानी बढ़ाएँ, सभी स्वास्थ्य सुविधाओं (सरकारी और निजी दोनों) द्वारा समय पर रिपोर्टिंग करें, आईडीएसपी-आईएचआईपी के सामुदायिक रिपोर्टिंग टूल का व्यापक प्रसार करें और प्रकोप प्रतिक्रिया और असामान्य स्वास्थ्य घटनाओं की शीघ्र रिपोर्टिंग करें और संयुक्त कार्रवाई के लिए अंतर-राज्यीय समन्वय को मजबूत करें।डॉ. राजीव बहल ने कहा कि बच्चों को किसी भी दुष्प्रभाव से बचाने के लिए कफ सिरप या दवाओं का कोई भी संमिश्रण नहीं दिया जाना चाहिए। डॉ. बहल ने यह भी बताया कि राष्ट्रीय संयुक्त प्रकोप प्रतिक्रिया दल पहले से कार्यरत है, जो एनसीडीसी, आईसीएमआर आदि जैसे विभिन्न केंद्रीय संगठनों के बीच प्रभावी समन्वय सुनिश्चित करता है। इससे जरूरतमंद राज्यों की सहायता की जा सकती है। उन्होंने राज्यों को आपदा से निपटने के लिए अपनी एजेंसियों के बीच समन्वय को मजबूत करने की भी सलाह दी।डॉ. सुनीता शर्मा ने बच्चों के लिए खांसी के सिरप के तर्कसंगत उपयोग की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि बच्चों में खांसी की दवाओं से बहुत कम लाभ होता है और उसके जोखिम भी बहुत अधिक होते हैं। उन्होंने ओवरडोज से बचने के लिए सभी दवाओं की जाँच और दवाओं के कंसन्ट्रेशन की जाँच पर भी बल दिया। डॉ. शर्मा ने यह भी बताया कि इस संबंध में माता-पिता, फार्मासिस्टों और डॉक्टरों के लिए शीघ्र ही दिशानिर्देश तैयार किए जाएंगे और राज्यों के साथ साझा किए जाएंगे।डॉ. राजीव रघुवंशी ने दवा निर्माण इकाइयों द्वारा अच्छी विनिर्माण पद्धतियों (जीएमपी) के लिए संशोधित अनुसूची एम का कड़ाई से पालन करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि सरकार की अवसंरचना उन्नयन योजना के लिए आवेदन करने वाली कुछ फर्मों को दिसंबर 2025 तक का समय दिया गया है और उन्होंने राज्यों से संशोधित जीएमपी मानदंडों को सख्ती से लागू करने का आग्रह किया।फार्मासिटिकल विभाग ने बताया कि कई विनिर्माण इकाइयों ने जीएमपी उन्नयन के लिए संशोधित औषधि प्रौद्योगिकी उन्नयन सहायता योजना (आरपीटीयूएएस) का लाभ उठाना शुरू कर दिया है।

# केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने यूपी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड लखनऊ को दिया जांच के आदेश

**अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**



ओबरा/ सोनभद्र। राकेश केशरी ने केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को पत्र के माध्यम से अवगत कराया था कि ओबरा के सभी क्षेत्र का पूरा कूड़ा ट्रॉली द्वारा ओबरा तापीय परियोजना के भूमि सेक्टर 9 मार्ग के किनारे फेंका जा रहा है जिसमें प्लास्टिक की मात्रा भी रहता है। वहां आसपास आवासीय क्षेत्र व विद्यालय मौजूद है जिसके लोग इस बदबू से काफी परेशान है सड़क किनारे फेंके गए कूड़े से दुर्गंध निकलता रहता है, जिससे राह चलना मुश्किल है। कूड़े के ढेर में आग लगा दी जाती है, जो दिन-रात सुलगती रहती है। नगर पंचायत ओबरा स्वच्छ भारत अभियान की धज्जियां उड़ा रहा है। जहां पर गाय भी कूड़े के अंबार में गंदा प्लास्टिक खाते नजर आ रही है जो उनके लिए जहर के समान काम करता है। कूड़े से निकलने वाला धुआं और दुर्गंध स्थानीय निवासियों, विद्यालय से आने जाने वाले बच्चों, राहगीरों और वाहन चालकों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। हवा के कारण कचरा उड़कर सड़क पर भी फैल जाता है। लोगों को नाक पर रुमाल रखकर इस रास्ते से गुजरना पड़ता है इस पूरे मामले में लिखित पत्र भारत सरकार को भेजा गया था जिसको संज्ञान में लेते हुए केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भारत सरकार ने राकेश केशरी के द्वारा भेजे गए पत्र ओबरा नगर पंचायत में आबादी क्षेत्र में कूड़ा व मृत गाय फेकने के मामले को लिया संज्ञान बताया कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के प्रावधान 4(1)(2) के अनुसार, "कोई भी अपशिष्ट उत्पादक अपने द्वारा उत्पन्न ठोस अपशिष्ट को सड़कों पर, अपने परिसर के बाहर खुले सार्वजनिक स्थानों पर या नाली या जल निकायों में नहीं फेंकेगा, जलाएगा या दफनाएगा। एसडब्लूएम नियमों के प्रावधान 16(1(ए) के अनुसार, "राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड या प्रदूषण नियंत्रण समिति अपने संबंधित क्षेत्राधिकार में स्थानीय निकायों के माध्यम से अपने राज्य में इन नियमों को लागू करेगी और संबंधित नगर प्रशासन निदेशालय या राज्य शहरी विकास विभाग के प्रभारी सचिव के साथ निकट समन्वय में वर्ष में कम से कम दो बार इन नियमों के कार्यान्वयन की समीक्षा करेगी। इस संबंध में सदस्य सचिव उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड लखनऊ को मामले की जांच करने और बेस्ट अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के प्रावधाने के अनुसार उचित कार्रवाई करने और शिकायतकर्ता को इसकी सूचना के साथ की गई कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए शिकायत अग्रेषित करने का निर्देश दिया गया है।

# बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु 90 दिवसीय "मिशन शक्ति" का किया गया आयोजन

**समाज जागरण**



सोनभद्र। मिशन शक्ति के विशेष अभियान (फेज-5.0) के अंतर्गत महिला कल्याण विभाग द्वारा बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु 90 दिवसीय मिशन शक्ति का आयोजन बाल गृह बालिका उरमौरा राबर्ट्सगंज में आयोजन किया गया इस दौरान जेंडर एक्सपर्ट सीमा द्विवेदी द्वारा बालिकाओं को जागरूक करते हुए बताए कि स्वयं शसक्त हो जागरूक होकर अपनी सुरक्षा स्वयं करें, बालिकाओं को हेल्पलाइन नंबर की जानकारी दी साथ ही बालिकाएं स्वयं से अपनी सुरक्षा कैसे करे बाल विवाह की आयु क्या होनी चाहिए बाल श्रम क्या हैं, साथ ही महिला कल्याण विभाग की योजनाओं की भी जानकारी दी गई, बालिकाओं को हमेशा अपने साथ गैर घातक विकल्पों जैसे काली मिर्च स्प्रे और व्यक्तिगत अलार्म से लेकर घातक विकल्पों जैसे रखना चाहिए बालिकाओं को अपने साथ कुछ न कुछ अपनी सुरक्षा के लिए आवश्य रखना चाहिए बालिकाओं को जानकारी प्रदान की गई उक्त कार्यक्रम में जिला मिशन कोऑर्डिनेटर नीतू यति सिंह बालिका गृह से नीलम सिंह एवं कार्मिक एवं बालिकाएं उपस्थित रहीं।

# सड़क सुरक्षा के नियमों के पालन हेतु चलाया जाये जागरूकता अभियान- जिलाधिकारी

**बरसात के दिनों में खराब हुई सड़कों की मरम्मत का कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराया जाये सुनिश्चित ओवर लोडिंग व गलत तरीके से नम्बर प्लेट लगाकर गाड़ियों का, अधिक जुमार्ना लगाकर की जाये कार्यवाही**



**समाज जागरण**

सोनभद्र। जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित सड़क सुरक्षा माह सम्बन्धी समन्वय बैठक की, इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि सबसे पहले सरकारी कार्मिकों से यातायात नियमों का पालन कराने के साथ ही जिले में अभियान चलाकर यातायात नियमों की जानकारी लोगों को दी जाये। इस दौरान उन्होंने अधिशासी अभियन्ता जल निगम व उपसा के अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि नगर पालिका परिषद क्षेत्र में वाराणसी-शक्तिनगर मार्ग पर बने ओवरब्रिज के दोनों तरफ बनी सड़कों की मरम्मत का कार्य गुणवत्ता पूर्ण तरीके से जल निगम व उपसा द्वारा सुनिश्चित किया जाये, उन्होंने उपसा के अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि यदि जल निगम द्वारा सड़क की मरम्मत का कार्य अतिशीघ्र प्रारंभ नहीं किया जाता तो इनके विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज की कार्यवाही उपसा द्वारा करायी जाये, इस दौरान उन्होंने उपसा के अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि फ्लाईओवर पर लगायी गयी लाईटों के न जलने की शिकायत प्राप्त होती है, फ्लाईओवर की लगी लाईटें नियमित रूप से जले एवं सड़कों के किनारे टेबल टैप, साईनेज बोर्ड लगाये जाये, जिससे कि होने वाली दुर्घटनाओं में कमी आ सकें। टोल प्लाजा पर अनावश्यक तरीके से लोगों को परेशान न किया जाये, एम्बुलेंस अति आवश्यक सेवाओं हेतु टोल प्लाजा पर एक लेन निश्चित किया जाये, जिससे कि तत्काल आवश्यक सेवाओं से जुड़े लोग निकल सकें, इस दौरान उन्होंने एआरटीओ को निर्देशित करते हुए कहा कि ओवर लोडिंग व गलत तरीके से नम्बर प्लेट लगाकर गाड़ियों का संचालन करने वाले के विरूद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही की जाये और इस तरह की कार्यवाही में संलिप्त ड्राइवरों जिनके वाहनों का चालान 5 बार से अधिक हो गया है, उनके लाईसेंस निरस्त करने की भी कार्यवाही की जाये और उनकी सूची को जनपद स्तर पर सार्वजनिक की जाये, और उन वाहनों पर अधिक जुमार्ना भी लगाया जाये। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग अनपरा विण्ढमगंज, दुद्धी, हाथीनाला मार्ग पर पड़ने वाले गढ्ढों की मरम्मत करने हेतु अधिशासी अभियन्ता राष्ट्रीय राजमार्ग को निर्देशित किये, उन्होंने कहा कि सड़कों पर गढ्ढे हो जाने के कारण दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। राष्ट्रीय राज मार्ग पर सड़कों पर पड़ने वाले गढ्ढों की मरम्मत का कार्य विशेष अभियान चलाकर सुनिश्चित कराया जाये, इस दौरान उन्होंने अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड को निर्देशित करते हुए कहा कि बरसात के मौसम में जिन भी सड़कों गढ्ढें हुए हैं, उन गढ्ढों के मरम्मत का कार्य प्राथमिकता के आधार पर किया जाये, इस कार्य में शिथिलता न बरती जाये, इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी से ट्रामा सेन्टर के सम्बन्ध में जानकारी ली तो सम्बन्धित अधिकारी द्वारा बताया गया कि ट्रामा सेन्टर 20 बेड का, मेडिकल कालेज के एल-2 हास्पिटल के पास शीघ्र ही प्रारंभ हो जायेगा, जिसमें दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को तत्काल ईलाज की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। इस दौरान उन्होंने कहा कि सड़कों पर अवैध तरीके से भस्सी, गिट्टी, गिराने वाले वाहनों के विरूद्ध भी चालान करने की कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि दो चक्का वाहनों का संचालन हेलमेट के साथ व चार चक्के वाहनों का परिवहन शीटटबेल्ट के साथ कराया जाये, स्कूलों में वाद-विवाद प्रतियोगिता, ड्राइविंग लाईसेंस चेकिंग, यातायात दुर्घटना बचाव जागरूकता, हेलमेट की अनिवार्यता, दुर्घटना बहुल्य क्षेत्रों में रोड संकेतकों की स्थापना, गढ्ढामुक्त सड़क की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। सड़क सुरक्षा सम्बन्धी बैनर, पोस्टर, होर्डिंग के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाये। जिलाधिकारी ने समन्वय बैठक के दौरान अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सभी अधिकारीगण यह सुनिश्चित कर लें कि सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों की जानकारी आम जनमानस को दी जाये, जिससे नियमों की सही जानकारी होने पर लोग उसका पालन आसानी से कर सके और लोगों को भी इसके प्रति जागरूक कर सके। उन्होंने कहा कि लोगों को यह जानकारी दी जाये कि सड़कों पर हमेशा बायी तरफ से ही चलें, स्टाफ लाईन पर रूकें, स्कूल के बच्चे निर्धारित बस स्टाप से ही चढ़ें और उतरे, बस से उतरने के बाद दोनों तरफ देखकर सावधनी के साथ आगे बढ़ें, इसके लिए विद्यालयों में छात्र-छात्राओं में जागरूकता लाने हेतु स्कूलों में विविध कार्यक्रम आयोजित किये जाये। शराब पीकर वाहन कदापि ही न चलायें, सड़कों पर बाईक स्टन्ट न करें, ओवर स्पीड में वाहन न चलायें, और गलत लेन में भी वाहन को न चलायें, वाहन चलाते समय मोबाईल पर बात न करें, इस बात का विशेष ध्यान दिया जाये, जिससे कि होने वाली दुर्घटनाओं से लोग अपने को सुरक्षित रख सकें। बैठक अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) रमेश चन्द्र, ए0 आर0 टी0ओ0 राजेश्वर यादव, अधिशासी अभियन्ता पी0 डब्ल्यू0 डी0 शैलेश ठाकुर, सी0ओ0 सदर, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, सड़क सुरक्षा से जुड़े सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगण सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

# आरएसएस का दुद्धी कस्बे में निकला भव्य पथ संचलन, पुष्प वर्षा से किया गया स्वागत

**उपेन्द्र कुमार तिवारी/ समाज जागरण**

दुद्धी/ सोनभद्र। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में कस्बे के श्री रामलीला मैदान पर रविवार को पथ संचलन कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

इस दौरान भारत माता एवं गुरु जी के साथ शस्त्र पूजन किया गया तत्पश्चात भगवा ध्वज लगा कर "नमस्ते सदा वत्सले मातृभूमि" की प्रार्थना कर प्रणाम कर किया। सैकड़ों की संख्या में उपस्थित कार्यकताओं को बौद्धिक वक्ता राजीव जी ने आरएसएस से संबंधित महत्वपूर्ण बातों को बताया इसी क्रम में वक्ताओं ने कहा एकता का अभाव था देश भक्ति का आभाव था यह देखते हुए विजय दशमी के दिन 1925 में हिंदुओं को संगठित करने के लिए अंग्रेजों के विरुद्ध इसका गठन हुआ। उन्होंने कहा कि संविधान की रक्षा और उनके नियमों को पालन करना हर भारतीय का कर्तव्य है। गांव गांव के हिंदू, युवा, सामाजिक समरसता एवं सद्भावना बैठक आदि कर संघ के नियमों का पालन करना है। दो किमी का पथ संचलन श्री रामलीला मैदान से शुरू होकर पत्ता गोदाम दीघार्यु हॉस्पिटल तक पहुंची पुनः वापस रामलीला मैदान पहुंचा जहां पथ संचलन सम्पन्न हुआ। इस दौरान राजीव अपने बौद्धिक उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय सेवक संघ अपने शताब्दी वर्ष पर समाज में कई विश्व को लेकर अभियान चला रहा है आप सभी परिवार को संगठित करें भजन भजन साथ में करें पर्यावरण संरक्षण स्वदेशी चीज अप्लाई संविधान के प्रति समर्पण व सम्मान अन्य बातें बताया गया। पथ संचलन के दौरान स्वयंसेवकों ने भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे से दुद्धी को देशभक्ति के रंग में अभिसिंचित किया।पथ संचलन के दौरान कमलज सेवा फाउंडेशन, मां काली दुर्गा पूजा समिति सहित कई व्यापारियों एवं धार्मिक संगठनों के लोगो ने टोली बना कर स्वयंसेवकों पर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया गया। इस दौरान रविंद्र जायसवाल जिला संघ चालक, अमरनाथ जयसवाल नगर संघ संचालक, नंदलाल एडवोकेट श्रवण सिंह गौड़ बालेश्वर चौरसिया मनोज मिश्रा संस्था प्रमुख अरुणोदय, कृष्ण देव विश्वकर्मा जौहरी रंजीत कुमार, सत्यम, नगर कार्यवाह रितेश, मनोज, अंश कुमार, मनोज सिंह पटेल आदि मौजूद रहे।

# शिक्षा सम्मान समारोह में दर्जनों मेधावी हुए सम्मानित

**उपेन्द्र कुमार तिवारी/ समाज जागरण**



दुद्धी/ सोनभद्र। स्थानीय नगर स्थित बहुउद्देशीय मैरिज हाल में दोपहर 12:00 से शाम 5:00 तक क्षेत्र के प्रख्यात शिक्षाविद जयश्री प्रसाद गुप्त के फाउंडेशन की तरफ से शिक्षा सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया, इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्ति प्रोफेसर डॉ रामजीत यादव मौजूद रहे।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ रामजीत यादव ने कहा कि गुरु जी ने शिक्षा के क्षेत्र में अमूल्य योगदान दिये हैं। गरीब व कमजोर तबके के बच्चों की पढ़ाई धनाभाव के कारण कभी भी प्रभावित नही होने दी। वे हमेशा ऐसे बच्चों के फीस व पठन-पाठन में चढ़-बढ़कर मदद करते रहे। उन्हीं के विचारों जन जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से फाउंडेशन ने क्षेत्र के होनहार बच्चों को आज सम्मानित करने का काम किया है। विशिष्ट अतिथि डॉ लवकुश प्रजापति, रामपाल जौहरी, राजकुमार मद्धेशिया समेत दर्जनों वक्ताओं ने गुरु जी के संस्मरण पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए, उनके स्मृति में फाउंडेशन द्वारा किये जा रहे कार्य की सराहना की। समारोह अध्यक्ष चेयरमैन कमलेश मोहन ने गुरु जी के जीवन वृतांत पर विस्तार से प्रकाश डाला और उनके शिक्षा की कारवां को आगे बढ़ाने के लिए फाउंडेशन की सराहना की। इसके पूर्व क्षेत्र के सभी प्रमुख स्कूल के दर्जनों होनहार बच्चों को एक वृहद कार्यक्रम के तहत सम्मानित व प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा 6 से 8 तक के बच्चों का सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता सम्पन्न करायी गयी।जिसमें सैकड़ो विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती व गुरु जी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। फाउंडेशन अध्यक्ष संतोष कुमार गुप्ता ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी का आभार जताया।संचालन अविनाश कुमार ने किया। इस मौके पर फाउंडेशन दुद्धी बार अध्यक्ष प्रेमचंद यादव, रविन्द्र जायसवाल, जीजीआईसी प्रधानाचार्य रितिका श्रीवास्तव डीपीएस कृष्ण कुमार, सोनांचल प्रबंधक राजेश्वर श्रीवास्तव, संस्थापक इंद्रावती देवी, पदाधिकारी विवेक तिवारी, राकेश कुमार गुप्ता, पीसी गुप्ता, सौरभ कुमार समेत दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

# क्षेत्र में नेटवर्क की समस्या से जूझ रहें उपभोक्ता

**बिजली कटते ही नेटवर्क ध्वस्त, बात करना दुश्वार**

**आदिवासी सुनील त्रिपाठी/ समाज जागरण**



बीजपुर/ सोनभद्र। विभिन्न इलाके के मोबाइल टावरों से जुड़े उपभोक्ताओं ने नेटवर्क गायब होने से मोबाइल सोपिस बन गया है। जहा विभिन्न कंपनिया बेहतर नेटवर्क 5 जी का दावा कर ग्राहकों का जेब डिले कर रहे है। वही ग्राहक नेटवर्क के लिए आरोप लगाया की जब बिजली रहेगी तभी मोबाइल टावर का नेटवर्क रहता हैं। नहीं तो गायब हो जाता है। आए दिन नेटवर्क फेल होने की समस्या को लेकर उपभोक्ताओं में आक्रोश पनप रहा हैं आक्रोश कभी फूट सकता है। ग्राहकों ने मोबाईल टावर कंपनियों के उच्चाधिकारियों से समस्या का समाधान करने मांग किया है। क्षेत्र के बीजपुर, नेमना, सिरसोती, बकरिहवा, पिंडारी, महरिकला, झीलों, लीलाडेवा, सहित अन्य ग्रामीण इलाकों में लगे मोबाइल टावर बी एस एन एल, जियो, एयरटेल के टावर विद्युत आपूर्ति बहाल रहने के दौरान ही मोबाइल टावर के नेटवर्क कार्य करते है बिजली कटी तो नेट वर्क ध्वस्त हो जाता है जिससे लोगो की जरूरत पर बात करना किसी से कही भी नहीं हो पाता। बिजली आपूर्ति का भी बुरा हाल जिसका कोई भरोसा ही नहीं रहता कि कब आएगी और कब जाएगी। उपभोक्ता रिंकू, प्रदीप, संतोष, सीरमेश, सीताराम, सोमारु, शिवकुमार, अमित सहित सैकडो उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया कि विद्युत आपूर्ति नहीं होने के बाद टावरों में जेनरेटर की व्यवस्था होने के बाद भी तैनात कर्मचारी जनरेटर को चलाते ही नहीं बल्कि कागजी कोरम पूरा कर पैसे का बंदर बाट कर लिया जाता है। रख रखाव के अभाव में मोबाइल टावर के नेट वर्क ध्वस्त होने से उपभोक्ता परेशान होते है, शिकायत के बाद भी समस्या का समाधान नहीं किया जाता केवल रिचार्ज के नाम पर उपभोक्ताओं को ठगा जा रहा है।

# उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य जनपद में आगमन 07 अक्टूबर को

**ब्यूरो चीफ/ समाज जागरण**

सोनभद्र। प्रभारी अधिकारी प्रोटोकाल ने अगवत कराया है कि उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती गीता विश्वकर्मा का जनपद सोनभद्र में आगमन 7 अक्टूबर,2025 को सायं 5.30 बजे सर्किट हाउस चुर्क सोनभद्र में होगा, इसके पश्चात मा0 सदस्या मॉ वैष्णों मंदिर डाला में दर्शन, पूजन करेंगी, इसके पश्चात 8 अक्टूबर,2025 को पूर्वान्ह 10.30 बजे सर्किट हाउस सभागार में बाल विकास पुष्टाहार विभाग, महिला कल्याण विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, समाज कल्याण विभाग, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, अल्प संख्यक कल्याण विभाग, मातृ शिशु एवं परिवार कल्याण विभाग सहित महिलाओं से सम्बन्धित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक करेंगें, इसके पश्चात राज्य महिला आयोग की मा0 सदस्य द्वारा महिला उत्पीड़न से सम्बन्धित प्रकरणों की सुनवाई की जायेगी पुलिस विभाग के अधिकारियों के साथ। मध्यान्ह 12.00 बजे स्वस्थ्य नारी, सशक्त परिवार के तहत पोषण मिशन शक्ति के कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगी, इसके पश्चात पूर्वान्ह 1.30 बजे ब्लाक प्रमुख सदर श्री अजीत रावत जी के यहां जायेंगी, इसके पश्चात जिला कारागार, महिला बन्दी गृह, जिला चिकित्सालय, वन स्टाफ सेन्टर, कस्तुरबा गॉधी आवासीय बालिका विद्यालय का निरीक्षण करेंगी, इसके बाद जनपद से अपने गन्तव्य के लिए प्रस्थान करेंगी।

# पुलिस ने चोरी के चार बैटरी के साथ एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**अनिल कुमार अग्रहरी/ दैनिक समाज जागरण**

डाला/ सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण में चोरी पर रोकथाम लगाने तथा चोरी की घटनाओं के शीघ्र अनावरण व उसमें संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहें अभियान के तहत थाना चोपन पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0स0 344/2025 धारा 303(2), 317(2), 317(5) बीएनएस संबंधित एक अभियुक्त कों सोमवार कों कजरहट चौराहा डाला थाना चोपन से गिरफ्तार कर कब्जे से चार पीस चोरी की बैट्री बरामद करते हुए अभियुक्त के खिलाफ विधिक कार्यवाही किया गया। वही पूछताछ में अभियुक्त दिनेश बंसल ने बताया कि 4सितंबर कि रात्रि में मै और मेरे साथी दशरथ वर्मा पुत्र कपूर चंद वर्मा निवासी चूड़ी गली मलिन बस्ती थाना ओबरा व रोहित बंसल उर्फ कल्लू पुत्र राजनारायण बंसल मलिन बस्ती डाला थाना चोपन ने मिलकर लगड़ा मोड़ के पास पेट्रोल पम्प के समीप खड़ी ट्रक व हाइवा से 4 एक्साइड की बैट्री चोरी किए थे। वही वांछित अभियुक्तों की तलाश जारी हैं।

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान रैली को हरी झण्डी दिखाकर मुख्य विकास अधिकारी ने किया रवाना

**समाज जागरण**



सोनभद्र। मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के प्रांगण से संचारी अभियान की रैली को मुख्य विकास अधिकारी ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किये। रैली के माध्यम से नगरवासियों को स्वच्छता, रोग मुक्त जीवन, स्वस्थ्य पर्यावरण, स्वस्थ्य जीवन बुखार आने पर क्या करे क्या ना करें, का संदेश लेकर आशा, आंगनबाड़ी, नर्सिंग छात्र एवं सफाई कर्मियों ने नगर का भ्रमण किया। मलेरिया - डेंगू डायरिया जैसी जानलेवा बीमारियों से बचाव एवं जागरूकता के उद्देश्य से 05 अक्टूबर 2025 से 31 अक्टूबर 2025 तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं 11 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2025 तक दस्तक अभियान जनपद में चलाया जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि संचारी अभियान के अंतर्गत 11 विभाग आपसी समन्वय के द्वारा कार्य करेगे। जबकि दस्तक अभियान में आशा एवं आंगनबाड़ी बहुएँ घर-घर जाकर बुखार, क्षय, मलेरिया, फाइलेरिया रोगियों कुपोषित बच्चों एवं मच्छर प्रजनन स्थल वाले घरों की सूची बनाएँगी। अभियान में जिला कार्यकम अधिकारी आई० सी० डी०एस० समस्त अपर व उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अधिशासी अधिकारी व समस्त कर्मचारी नगर पालिका परिषद रावर्टसगंज साई नर्सिंग कालेज के छात्र-छात्राएँ मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के अधिकारी व कर्मचारी धर्मेन्द्र नारायण श्रीवास्तव, आर०के० सिंह, अनिल दूबे, कुमार शुभम, देवाशीष पाण्डेय, मनोज, पुष्पेन्द्र, सभाजीत प्रसाद इत्यादि समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मिशन शक्ति के विशेष अभियान के अंतर्गत सेल्फ डिफेंस कार्यशाला का किया गया आयोजन

**समाज जागरण**

सोनभद्र। मिशन शक्ति के विशेष अभियान (फेज-5.0) के अंतर्गत महिला कल्याण विभाग सोनभद्र के तत्वावधान में बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु 90 दिवसीय मिशन शक्ति के विशेष अभियान के अंतर्गत सेल्फ डिफेंस कार्यशाला का आयोजन आदर्श विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शिवद्वार घोरावल में आयोजन किया गया। इस दौरान जेंडर एक्सपर्ट साधना मिश्रा द्वारा बताया गया कि महिलाएं बालिकाएं स्वयं सशक्त हो जागरूक होकर अपनी सुरक्षा स्वयं करें, आत्मरक्षा हथियार ऐसे उपकरण या चुनाव युक्तियां हैं जिन्हें किसी हमले या टकराव के दौरान व्यक्तियों को शारीरिक नुकसान से बचने के लिए डिजाइन किया गया है यह हथियार गैर घातक विकल्पों जैसे काली मिर्च स्प्रे और व्यक्तिगत अलार्म से लेकर घातक विकल्पों जैसे अग्नियास्त्रों में उपलब्ध है कि जानकारी प्रदान की गई।

उक्त कार्यक्रम में चैकी प्रभारी रामाज्ञान यादव, उप निरीक्षक रमेश यादव प्रधानाचार्य सच्चिदानंद मिश्रा, श्यामानंद मिश्रा, कांस्टेबल संजीव राय शिवमंगल यादव, संगीता सिंह, आराधना मिश्रा, गरिमा शुक्ला, ममता, निधि, राजकुमार पाल समस्त छात्र-छात्राएं अधिक संख्या में उपस्थित रहीं हैं।

# ग्राम पंचायत पैरीचुहा में भ्रष्टाचार की गंध -

**आरसीसी नाली निर्माण कार्य बना लूट का जरिया.. वार्ड क्रमांक 05 में घटिया निर्माण कार्य से ग्रामीणों में रोष, सचिव-इंजीनियरझ्र ठेकेदार की सांठगांठ उजागर**

**ग्राम पंचायत पैरीचुहा में विकास कार्यों पर भ्रष्टाचार की परत — आरसीसी नाली बनी लूट का साधन,, लगभग4 लाख 20 हजार रुपए की नाली में गुणवत्ता की जगह धांधली — सचिव, इंजीनियर और ठेकेदार का गोरखधंधा उजागर,, पैरीचुहा पंचायत में विकास नहीं, भ्रष्टाचार का बोलबाला..!**

**समाज जागरण**

कोतमा / ग्राम पंचायत पैरीचुहा में विकास के नाम पर खुला खेल भ्रष्टाचार का चल रहा है। वार्ड क्रमांक 05 में आरसीसी नाली निर्माण कार्य अंधेर नगरी चौपट राजा जैसी व्यवस्था का जीता-जागता उदाहरण बन गया है। करीब ड्ढ4 लाख 20 हजार की लागत से स्वीकृत नाली निर्माण कार्य को नियम, मापदंड और गुणवत्ता की पूरी तरह अनदेखी करते हुए कराया जा रहा है। सचिव-इंजीनियर और ठेकेदार का गठजोड़! जानकारी के अनुसार, ग्राम पंचायत पैरीचुहा में सहायक सचिव लक्ष्मी केवट, जो वर्तमान में पंचायत की प्रभारी सचिव भी हैं, उनके कार्यकाल में पंचायत में अनियमितताओं का बोलबाला बढ़ गया है। बताया जाता है कि रोजगार सहायक एवं प्रभारी सचिव लक्ष्मी केवट ने उपयंत्री की मिलीभगत से छेदी चाचा नामक व्यक्ति को मस्जिद के पास नाली निर्माण कार्य का ठेका सौंपा। बिना मानक, बिना निगरानी – ढलाई में गड़बड़ी ग्रामीणों का कहना है कि आरसीसी नाली में छड़ों की बधाई दो - दो फिट कर ढलाई कर निर्माण कार्य किया जा रहा है ।यह न केवल तकनीकी मानकों का उल्लंघन है, बल्कि भविष्य में निर्माण की मजबूती पर भी सवाल उठाता है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पंचायत अधिकारी केवल कागजों में काम पूरा दिखाकर सरकारी धन का बंदरबांट कर रहे हैं। "विकास के नाम पर खुद का विकास"- ग्रामीणों का कहना है कि भाजपा सरकार गांवों के विकास के लिए करोड़ों रुपये जारी कर रही है, मगर स्थानीय स्तर पर अधिकारी और ठेकेदार विकास कार्यों को भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा रहे हैं। यहां जनता के हित की नहीं, निजी लाभ की राजनीति चल रही है, एक ग्रामीण ने नाराजगी जताते हुए कहा।

नीला निर्माण कार्य की उच्च स्तरीय जांच की जरूरत - ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और जनपद पंचायत अधिकारियों से आरसीसी नाली निर्माण कार्य की तकनीकी जांच कराने और जिम्मेदार सचिव, उपयंत्री एवं ठेकेदार के खिलाफ भ्रष्टाचार की जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है।

# मोदी सरकार ने जीएसटी घटाकर आम आदमी व व्यापारियों को दिया उपहार

**आदिवासी सुनील त्रिपाठी/ समाज जागरण**




ओबरा/ सोनभद्र। भारतीय जनता पार्टी ओबरा मंडल के अध्यक्ष शिवनाथ जायसवाल की अध्यक्षता में चोपन रोड स्थित डेलीस होटल में मोदी सरकार द्वारा जीएसटी घटा कर व्यापारियों एवं जनता को दिए गए उपहार और आत्म निर्भर भारत को लेकर ओबरा विधान सभा में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके मुख्य अतिथि समाज कल्याण मंत्री संजीव सिंह और विशिष्ठ अतिथि पूर्व सांसद नरेन्द्र कुशवाहा और भाजपा जिला अध्यक्ष नन्द लाल गुप्ता रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ वन्दे मातरम गीत द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि और विशिष्ठ अतिथि सहित सभी वक्ताओं ने मोदी जी द्वारा जी एस टी के रूप में दिए गए उपहार के बारे पर विस्तृत चर्चा की गई। और भारत को आत्म निर्भर कैसे बनाया जाए इस विषय पर जानकारी देते हुए आत्म निर्भर बनाने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर भाजपा इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के उमेश सिंह पटेल, रंजना सिंह, संजीव त्रिपाठी, सुराम निवास तोमर, राजेश्वर प्रसाद, आलोक भाटिया, लव कुश अग्रहरी, सुनील सिंह, रघुराज सिंह, सुनीता पाण्डेय, शिशिर शर्मा, नित्या नन्द दुबे, अरविंद सोनी, सुशील कुशवाहा, विजय पटेल, रोहित पटेल, सुशील गोयल, मनीष गोयल, अजय सिंह, पिंकू सिंह, ओ पी सिंह, मुन्ना सिंह, विकास सिंह, विभाष घटक, समीर माली, उषा शर्मा विरेंद्र मित्तल, अमित मित्तल इत्यादि ओबरा विधान सभा के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का संचालन मण्डल मंत्री अनुज त्रिपाठी के किया।

# कन्नौज: भीम आर्मी कार्यकताओं का अल्टीमेटम, 15 दिन में हल न हुई समस्या तो होगा चक्काजाम

**बृजेश चतुर्वेदी/समाज जागरण**

कन्नौज। अपनी मांगों को लेकर भीम आर्मी के कार्यकताओं ने कलक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। डीएम को तीन सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। जिनके लिए प्रशासन को 15 दिनों का अल्टीमेटम दिया। मांगे पूरी न होने पर संगठन ने दस हजार कार्यकताओं के साथ चक्का जाम करने की बात कही है।



भीम आर्मी भारत एकता मिशन के जिलाध्यक्ष सूरज कुमार की अगुवाई में भीम आर्मी के कार्यकर्ता सोमवार को दोपहर में कलक्ट्रेट पहुंचे। यहां डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री से मुलाकात कर उन्हें तीन सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। जिसमें उन्होंने मांग की कि किसानों की जमीनों पर अवैध कब्जे हो रहे हैं। जमीन की पैमाइश के लिए किसान दौड़-दौड़ के थक जाते हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं होती। ऐसे में एक टीम गठित की जाए जो जमीनों की शिकायत मिलने पर तत्काल पैमाइश करे। शिकायत दर्ज कराने के लिए टोल फ्री नम्बर भी जारी किया जाए।

इसके अलावा अम्बेडकर प्रतिमा स्थापित करने के लिए अनुमति लेने का प्रावधान है, लेकिन अनुमति करने वालों के आवेदन पर महीनों तक कोई कार्यवाही नहीं होती और न ही अनुमति मिल पाती है। ऐसे में मूर्ति स्थापना के लिए अनुमति देने की प्रक्रिया सरल की जाए, साथ ही अधिकतम 15 दिनों का समय निर्धारित किया जाए। संगठन के सदस्यों ने ग्राम प्रधान कांकरकुई के खिलाफ सबूत होने के बाद भी एफआईआर दर्ज न करने पर नाराजगी जताई।

डीएम को दिए गए पत्र में भीम आर्मी के सदस्यों ने समस्याओं के निस्तारण के लिए 15 दिनों का अल्टीमेटम दिया है। समय से समाधान न हुआ तो 10 हजार कार्यकताओं के साथ चक्का जाम कर कलक्ट्रेट में प्रदर्शन करने की बात कही। इससे पहले भीम आर्मी भारत एकता मिशन के कार्यकर्ता नसरापुर स्थित अम्बेडकर प्रतिमा के पास एकत्र हुए। यहां अम्बेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण कर वह लोग पैदल जुलूस लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे। जहां कार्यकताओं ने प्रदर्शन किया।

# कन्नौज: समाजवादी सन्देश यात्रा पहुंची तो युवजन सभा ने किया भव्य स्वागत

**बृजेश चतुर्वेदी/समाज जागरण**

कन्नौजः नेता जी मुलायम सिंह यादव समाजवादी संदेश साइकिल यात्रा 1अक्टूबर, 2025 को लखीमपुर खीरी जिले के लुधौनी से शुरू हुई और निरंतर जनता के बीच समाजवादी विचारधारा का प्रचार-प्रसार कर रही है। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य पार्टी के संस्थापक स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव के सिद्धांतों को याद कर जन-जन तक पहुँचाना और आगामी 2027 के विधानसभा चुनावों के लिए कार्यकताओं में जोश भरना है।



समाजवादी छात्र सभा के जिला उपाध्यक्ष शुभम यादव, आदर्श यादव (संयोजक), और दयाशंकर (संचालक) के निर्देशन में चल रही यह साइकिल यात्रा सीतापुर के पवित्र स्थल नैमिषारण्य से होते हुए अपनी ऊजार्वान गति बनाए रखी है। यात्रा के दौरान कार्यकताओं का उत्साह चरम पर है। 3 अक्टूबर को जब यह काफिला कन्नौज पहुंचा। यहाँ सपा युवजन सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष हसीब हसन ने सपा कार्यकताओं के साथ मिलकर इनका भव्य स्वागत किया। कार्यकताओं ने फूलों की वर्षा कर साइकिल यात्रियों का जोश बढ़ाया और संदेश यात्रा को अपना समर्थन दिया।

सपा नेता हसीब हसन एवं विधानसभा अध्यक्ष प्रवल प्रताप सिंह ने कहा कि यह श्रद्धेय नेता जी संदेश यात्रा नस्वर्गीय मुलायम सिंह यादव जी की नीतियों एवं सिद्धांतों को जन जन तक पहुँचाने का कार्य कर रहे हैं

युवाओं का जोश बता रहा है 2027 मे प्रदेश की राजनीति में एक नई लहर पैदा करेगी और मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प इन जैसे हजारों लाखों युवाओं का अवश्य पूरा होगा यह संदेश यात्रा 9 अक्टूबर को सैफई पहुंचकर समाप्त होगी इस मौके पर श्याम सिंह यादव जिला पंचायत सदस्य, नेम सिंह यादव पूर्व जिला पंचायत सदस्य,सपा नेता विवेक पाल, सेक्टर प्रभारी नितिन यादव, तुफैल अहमद,आनंद बाबू यादव, अनुज यादव,शिब्बू तिवारी,जुनैद खान, मसूद अहमद भुट्टो,दीपक यादव, अनुराग यादव सहित कई स्थानीय नेता मौजूद रहे।

# कन्नौज: छात्राओं को सिखाये आत्मरक्षा के उपाय

**बृजेश चतुर्वेदी/समाज जागरण**

कन्नौज। मिशन शक्ति के विशेष अभियान फेज (5.0) के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा प्रस्तावित कार्यक्रम के अंतर्गत आज हब फार एंपावरमेंट ऑफ वूमेन की टीम द्वारा अशोक इंटर कॉलेज शिवाजी नगर कन्नौज में सेल्फ डिफेंस कार्यशाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं में आत्मरक्षा का महत्व एवं विपत्ति के समय अपने आप को आत्म रक्षित करते हुए आत्म बल को बढ़ाने का प्रयास हेतु प्रेरित करना था।

उपस्थित विद्यालय को बालिकाओं को दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961, घरेलू हिंसा अधिनियम 2005, बाल विवाह अधिनियम 2006 तथा चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 महिला हेल्पलाइन नंबर 181, 112 के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में हब जेंडर स्पेशलिस्ट शालिनी सक्सेना और एमटीएस प्रदीप तथा चाइल्ड लाइन से मीना उपस्थित रही

# कन्नौज: नदी किनारे फेंका जा रहा अस्पताल का कचरा, जल प्रदूषण का खतरा बढ़ा

**बृजेश चतुर्वेदी/समाज जागरण**

कन्नौज। नदी किनारे अस्पताल का कचरा फेंका जा रहा। यहां दवाइयों के रैपर, सिरिंज, मरीजों को लगाए जाने वाले टेप और वीगो के अवशेष पड़े नजर आए। जिससे नदी का पानी दूषित होने की संभावना है। तिर्वा कन्नौज रोड पर ईशन नदी पुल से करीब 100 मीटर की दूरी पर नदी किनारे अस्पताल का कचरा फेंका जा रहा है।



जिसमें मरीजों पर इस्तेमाल की हुई दवाइयों व अन्य सामग्री के रैपर शामिल हैं। इस तरह से अस्पताल के कचरे से नदी का पानी दूषित होने की संभावना है। नदी के आसपास खेत में काम कर रहे ग्रामीणों ने बताया कि नदी से कुछ दूरी पर ही राजकीय मेडिकल कॉलेज स्थित है। ये कचरा उसी कॉलेज से अक्सर यहां फिकवाया जाता है। इस कचरे में आवारा पशु भी विचरण करते हैं, जिससे बीमारियों के फैलने का खतरा है। नदी के पास अस्पताल का कचरा फेंके जाने के मामले में नमामि गंगे के परियोजना अधिकारी अजय त्रिपाठी ने बताया कि इससे नदी का पानी दूषित होने की संभावना है।

कचरा किस अस्पताल का है और नदी किनारे क्यों फिकवाया जा रहा, इस मामले का पता लगाकर सम्बंधित अस्पताल को उनके विभाग की ओर से नोटिस भेजी जाएगी। उन्होंने बताया कि अस्पतालों से निकलने वाले कचरे को रिसाइकिल करने का जिम्मा प्राइवेट संस्थानों का होता है। वह लोग कचरा ले जाकर रिसाइकिल करते हैं। ऐसा क्यों नहीं हो रहा, उसका भी पता लगाया जाएगा।

# कन्नौज: कोल्ड्रिफ कफ सिरप प्रकरण पर सघन निरीक्षण एवं छापेमारी अभियान जारी

**बृजेश चतुर्वेदी/समाज जागरण**

कन्नौज। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री के निदेर्शानुसार औषधि निरीक्षक डॉ. परमेश कुमार द्विवेदी द्वारा कोल्ड्रिफ कफ सिरप प्रकरण के संबंध में जनपद कन्नौज एवं आसपास के क्षेत्रों में सघन निरीक्षण एवं औचक छापेमारी अभियान संचालित किया।कार्यवाही के दौरान संदिग्ध औषधियों की पहचान कर औषधि के नमूने सील कर जांच हेतु राजकीय प्रयोगशाला भेजे जा रहे हैं। औषधि निरीक्षक ने बताया कि प्रयोगशाला जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत यदि किसी औषधि में मानक के विपरीत तत्व पाए जाते हैं तो संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कठोर विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। जनपद में नकली, अमानक एवं असुरक्षित औषधियों की बिक्री रोकने के लिए विभागीय टीमों द्वारा सतत निरीक्षण एवं निगरानी अभियान आगे भी जारी रहेगा, जिससे आमजन को सुरक्षित एवं मानक अनुरूप औषधियां उपलब्ध कराई जा सकें।

# कन्नौज: अर्शी पैरामेडिकल कालेज में यंग लीडर्स डायलाग विद पीएम का पंजीकरण हुआ

**बृजेश चतुर्वेदी/समाज जागरण**

कन्नौज। युवाओं को राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया से जोड़ने और उनके विचारों को आगे लाने के उद्देश्य से मेरा युवा भारत यंग लीडर्स डायलॉग का आयोजन अर्शी नर्सिंग & पैरामेडिकल कॉलेज कन्नौज मे किया गया। इसमें युवाओं को प्रधानमंत्री के सामने विचार रखने का मौका मिलेगा इसमें शामिल होने के लिए 1 सितंबर से 15 अक्टूबर तक पंजीकरण करने के लिए प्रेरित किया गया। मेरा युवा भारत के जिला युवा अधिकारी सागर माहेश्वरी ने बताया कि हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की अग्रणी भूमिका पर जोर दिया था। प्रतियोगिता में विशेष रूप से 15 से 29 वर्ष के आयु वर्ग के लिए है इसमें प्रतियोगियों को 10 मिनट में 20 को बहुविकल्प प्रश्नों के उत्तर देने होंगे यह बिल्कुल निशुल्क है, देश के 12 प्रमुख भाषाओं में यह सम्पन्न होगी, प्रतियोगिता में प्रथम 10000 प्रतियोगियों को पुरस्कृत किया जाएगा वही कॉलेज के प्रधानाचार्य दशरथ ने बताया कि श्रेष्ठ प्रदर्शन करने करने वाले युवाओं को 12 जनवरी युवा दिवस पर प्रधानमंत्री के सामने सीधे अपने विचार रखने का अवसर मिलेगा प्रतियोगिता में प्रतिभागी अपना रजिस्ट्रेशन https://mybharat.gov.in// साइड पर कर सकते हैं। संगोष्ठी में कॉलेज की छात्रा बबली एवं शीतल ने सबसे अधिक अंक प्राप्त करके क्विज प्रतियोगिता मे प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया जिन्हे मोमेंटों से सम्मानित किया गया । वही कार्यक्रम मे चक्रेश पांडे , सुभाष चंद्र , कौशिकी कमल , अर्चना , आस्था दुबे , वंशिका वर्मा , सपना कटियार एवं निखिल शर्मा ने छात्रों की तकनीकी समस्याओं को दूर कर क्विज पंजीकरण मे विशेष सहयोग प्रदान किया ।






# कन्नौज: एफएसडीए ने कई दुकानों से भरे खाद्य पदार्थों के नमूने

**बृजेश चतुर्वेदी/समाज जागरण**

कन्नौजः त्योहारों के दृष्टिगत खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांच हेतु खाद्य विभाग की सतत कार्यवाही जारी है। सहायक आयुक्त (खाद्य) उमेश प्रताप के नेतृत्व में जनपद कन्नौज में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांच एवं औचक निरीक्षण की कार्यवाही निरंतर जारी है।




प्राप्त शिकायत के क्रम में खाद्य विभाग की टीम द्वारा बझेड़ी एवं सौरिख क्षेत्र में निरीक्षण किया गया। इस दौरान बेसन एवं कन्फेक्शनरी का नमूना संग्रहित किया गया। कार्यवाही के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी अरविन्द कुमार साहू एवं अनिल कुमार राठौर उपस्थित रहे। टीम द्वारा आगे औचक निरीक्षण के क्रम में परौर सौरिख स्थित राहुल मिष्ठान भण्डार से पेडा एवं मिल्क केक का नमूना संग्रहित किया गया। निरीक्षण के दौरान 85 किलोग्राम खराब मिठाई पाई गई, जिसे मौके पर ही नष्ट कराया गया। इसके अतिरक्त गुरसहायगंज क्षेत्र में दिलीप महेन्द्र यादव की दुकान से बेसन एवं रिफाइन्ड पामोलीन तेल के नमूने जांच हेतु संग्रहीत किए गए।

इसी क्रम में कन्नौज के जसपुरापुर सरैया स्थित बालाजी ट्रेडर्स से 03 नमूने सूजी, बेसन एवं नमकीन के संग्रहीत किए गए। इस कार्यवाही में खाद्य सुरक्षा अधिकारी अरविन्द कुमार साहू, मंजरी मिश्रा एवं सर्वेश कुमार उपस्थित रहे।

सभी संग्रहीत नमूनों को जांच हेतु प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त दोषी पाए जाने पर नियमानुसार विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

आगामी त्योहारों दीपावली, भैयादूज आदि के दृष्टिगत जनपद कन्नौज में आमजन को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने हेतु विभागीय टीमों द्वारा सतत निगरानी एवं औचक छापेमारी की कार्यवाही अनवरत जारी रहेगी।

# कन्नौज: पीएसएम कालेज में लैंगिक समानता पर हुए नुक्कड़ नाटक

**बृजेश चतुर्वेदी/समाज जागरण**

कन्नौज। पी. एस. एम पी. जी कॉलेज में मिशन शक्ति 5.0 के कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज लैंगिक समानता से संबंधित विषय पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए गए छात्राओं ने लिंग के आधार पर किए जाने वाले भेदभाव को दशार्ते हुए यह संदेश देने का प्रयास किया कि स्त्री व पुरुष के मध्य किसी भी स्थिति में अधिकार, अवसर व सम्मान देने में कोई भेद न हो इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय सिंह ने छात्राओं को यह विश्वास दिलाया कि महाविद्यालय परिवार उन्हें सम्मान, सुरक्षा व भयमुक्त वातावरण देने के लिए प्रतिबद्ध है मिशन शक्ति प्रभारी श्रीमती रेणू त्यागी ने कहा कि महिलाओं व पुरुषों को स्वास्थ्य, शिक्षा, आर्थिक और सामाजिक क्षेत्रो में समान अवसर मिलने चाहिए सामाजिक बाधाओं और रूढ़ियों को दूर कर, लैंगिक समानता का लक्ष्य प्राप्त करने हेतु बालिकाओं की दो टीमों ने अलग-अलग नाटक प्रस्तुत किए उनका प्रस्तुतीकरण बहुत सराहनीय, प्रभावशाली व सुंदर रहा इस अवसर पर महाविद्यालय के सम्मानित शिक्षक गण व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी उपस्थित रहे।



# कन्नौज: महर्षि वाल्मीकि जयंती पर होंगे विविध सांस्कृतिक एवं धार्मिक आयोजन

**बृजेश चतुर्वेदी/समाज जागरण**

कन्नौज। कल जनपद कन्नौज में महर्षि वाल्मीकि जयंती को श्रद्धा, सम्मान एवं व्यापक जनभागीदारी के साथ मनाए जाने का निर्णय लिया गया है।

इस अवसर पर जनपद के समस्त मंदिरों, वाल्मीकि स्थलों एवं सार्वजनिक स्थलों पर महर्षि वाल्मीकि जी के अष्ट पाठक आयोजन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, दीप प्रज्वलन, भजन संध्या तथा सामूहिक स्वच्छता अभियान जैसे विविध आयोजन संपन्न किए जाएंगे।

जिलाधिकारी ने बताया कि जयंती के अवसर पर आयोजित सभी कार्यक्रमों को सुव्यवस्थित एवं गरिमामय ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रत्येक विकास खण्ड एवं नगर क्षेत्र में स्थानीय आयोजन समितियों का गठन किया गया है। ये समितियाँ कार्यक्रम की रूपरेखा, सुरक्षा व्यवस्था, जनसहभागिता एवं स्वच्छता सुनिश्चित करने हेतु उत्तरदायी रहेंगी। संस्कृति विभाग द्वारा निर्देशित किया गया है कि जनपद स्तर पर आयोजित सभी कार्यक्रमों का विवरण एवं छायाचित्र विभागीय पोर्टल पर https://forms.gle/RkhjhPuQbHeihAy7अपलोड किए जाएंगे। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में कार्यक्रमों के सफल आयोजन हेतु विभागीय अधिकारियों, स्थानीय निकायों, समाजसेवी संस्थाओं एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा सक्रिय सहयोग प्रदान किया जाएगा। साथ ही, व्यापक जनजागरूकता एवं सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए सभी कार्यक्रमों का प्रचार-प्रसार प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के माध्यम से किया जाएगा। उन्होंने समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि महर्षि वाल्मीकि जयंती से संबंधित सभी आयोजनों का संचालन पारदर्शिता, गरिमा एवं श्रद्धाभाव के साथ किया जाए तथा किसी भी प्रकार की वित्तीय अनियमितता या लापरवाही न हो।

# फैमिली कोर्ट के प्रिंसिपल जज को वकीलों ने दी यादगार विदाई

**समाज जागरण**

मुरादाबाद फैमिली कोर्ट के प्रिंसिपल जज श्री अरविंद मलिक को सीनियर्स वकीलों ने अविस्मरणीय विदाई दी। श्री पीके गोस्वामी सीनियर एडवोकेट के संग-संग जूनियर्स वकीलों ने बुके देकर श्री मलिक की निष्पक्ष वर्किंग की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। इस मौके पर केक काटकर प्रिंसिपल जज श्री अरविंद मलिक का न केवल मुंह मीठा कराया गया, बल्कि मुरादाबाद पारिवारिक कोर्ट से महाराजगंज में जिला जज के पद पर स्थानांतरित श्री मलिक ने भी वकीलों को केक खिलाया। श्री मलिक की 2023 से यहां तैनाती रही है।



फेयरवेल प्रोग्राम में श्री मलिक ने कहा, न्यायपालिका में न्यायाधीश और सम्मानित वकील गाड़ी के दो पहियों के मानिंद हैं। यदि कोई भी एक पहिया असंतुलित हो जाए तो वादकारियों के अनुकूल न रहेगा। इसीलिए यदि हम चाहते हैं, न्यायपालिका का कामकाज सुचारू रूप से चले तो जजों और अधिवक्ताओं को एक दूसरे का सहयोग और सम्मान करना चाहिए। उन्होंने मुरादाबाद के वकीलों के भरोसे एवम मधुर व्यवहार का स्मरण करते हुए कहा, इस अविस्मरणीय सहयोग के लिए सभी वकीलों के आभारी है।

# गरीब महिला की मदद को आगे आए समाजसेवी व हॉस्पिटल संचालक

**विवेक कुमार / समाज जागरण**

मोहनलालगंज ।लखनऊ,मानवता आज भी जिंदा है इसका जीता-जागता उदाहरण पेश किया है समाजसेवी एवं श्री राजपूत करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष दुर्गेश सिंह दीपू ने। आर्थिक रूप से कमजोर एक गरीब महिला की मदद कर उन्होंने यह साबित कर दिया कि समाज में आज भी ऐसे लोग हैं जो दूसरों के दर्द को अपना समझते हैं। मिली जानकारी के अनुसार नीलम पत्नी स्वर्गीय भाईलाल, मूल निवासी लखीमपुर और वर्तमान में वृंदावन योजना सेक्टर-16, लखनऊ में निवास कर रही हैं। कुछ दिनों पहले सड़क हादसे में घायल होने के बाद उनके पैर में गंभीर चोट आई थी। डॉक्टरों ने ऑपरेशन की सलाह दी थी, परंतु परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद खराब होने के कारण इलाज संभव नहीं हो पा रहा था ।जब यह खबर समाजसेवी दुर्गेश सिंह दीपू तक पहुँची, तो उन्होंने तुरंत मदद का बीड़ा उठाया। उन्होंने महिला की पूरी स्थिति समझी और खुद के प्रयासों से वरदान हॉस्पिटल, कल्ली पश्चिम पीजीआई के संचालक से संपर्क किया।



दुर्गेश सिंह दीपू के आग्रह पर हॉस्पिटल संचालक ने बड़ा दिल दिखाते हुए नीलम का पूरा इलाज और पैर का ऑपरेशन निशुल्क करने का निर्णय लिया।ऑपरेशन डॉ. सुशील कुमार मिश्रा द्वारा पूरी तरह सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। वहीं, इलाज के दौरान आवश्यक दवाओं, देखभाल और अन्य खर्चों की जिम्मेदारी समाजसेवी दुर्गेश सिंह दीपू ने अपने निजी स्तर पर उठाई ।इस नेक कार्य की चर्चा पूरे क्षेत्र में है। ग्रामीणों और सामाजिक संगठनों ने दुर्गेश सिंह दीपू और वरदान हॉस्पिटल प्रबंधन की खुले दिल से प्रशंसा की है। लोगों का कहना है कि जहां आज इंसानियत धीरे-धीरे खत्म होती जा रही है, वहीं ऐसे लोग समाज में उम्मीद की किरण हैं ।स्वयं दुर्गेश सिंह दीपू ने कहा हम सब अगर एक-एक जरूरतमंद की भी मदद करने की ठान लें, तो कोई भी नीलम जैसी महिला इलाज के लिए परेशान नहीं होगी। समाजसेवा सिर्फ नाम के लिए नहीं, बल्कि दिल से करनी चाहिए ।इस घटना ने न सिर्फ पीड़िता को जीवन में नया सहारा दिया, बल्कि यह भी साबित किया कि इंसानियत आज भी सबसे बड़ी ताकत है।

# मुख्यमंत्री ने की बाबा विश्वनाथ की आराधना

## 'काशी कोतवाल' काल भैरव के दर पर भी झुकाया शीश

### मुख्यमंत्री ने नवजात को दिया आशीर्वाद

वाराणसी, 6 अक्टूबरः मुख्यमंत्री व गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने शरद पूर्णिमा के पावन पर्व परे सोमवार को काशी विश्वनाथ धाम व 'काशी कोतवाल' काल भैरव का दर्शन-पूजन किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने काशी विश्वनाथ गर्भगृह में षोडशोपचार पूजन कर बाबा के चरणों में हाजिरी लगाई। सीएम योगी ने मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओं का अभिवादन भी किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने काल भैरव मंदिर में भी विधि विधान से पूजा-अर्चना कर प्रदेश की समृद्धि की कामना की।




**बच्चों को बांटी चॉकलेट, नवजात को दिया आशीर्वाद**

मुख्यमंत्री के रूप में पूरे दिन 'कर्म पथ' से गुजरने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शाम को 'धर्म पथ' भी पहुंचे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने काशी विश्वनाथ मंदिर में भक्तों का अभिवादन किया। वहीं सीएम को देखकर बाबा के भक्तों ने भी हर-हर महादेव का जयकारा लगाया। काल भैरव मंदिर में दर्शन-पूजन के उपरांत मुख्यमंत्री ने रास्ते में बच्चों को टॉफी व चॉकलेट बांटा। सीएम ने बच्चों से उनकी पढ़ाई के बारे में भी पूछा। मंदिर के पास ही मां की गोद में नवजात को देखकर रुके सीएम ने उसे आशीर्वाद भी दिया।

दर्शन-पूजन के दौरान कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, स्टांप राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविन्द्र जायसवाल, आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु', विधान परिषद सदस्य धर्मेंद्र सिंह, विधायक डॉ. नीलकंठ तिवारी, डॉ. अवधेश सिंह, टी. राम आदि मौजूद रहे।

करवा चौथ 2025 को बनाइए और भी खास – समाज जागरण के साथ !

इस करवा चौथ पर अपने प्यारे जीवनसाथी के लिए प्यार भरा संदेश भेजिए – समाज जागरण के माध्यम से। अब आप भी अपने दिल की बात अखबार में या ऑनलाइन विशेष संदेश के रूप में प्रकाशित करा सकते हैं।

क्या करें:
अपना शुभकामना संदेश या प्यार भरा नोट लिखिए।
समाज जागरण से संपर्क कर अपना संदेश बुक कराइए।
संदेश प्रकाशित होगा आपके नाम और फोटो के साथ – अखबार व डिजिटल प्लेटफॉर्म दोनों पर।

इस करवा चौथ पर कहिए –
"तुम बिन अधूरा है मेरा चाँद"
और दीजिए अपने प्यार को एक यादगार तोहफा

विज्ञापन बुकिंग हेतु संपर्क करें:
samajjagranoffice@gmail.com
https://samajjagran.in

# किसानों ने बैठक में मांगों को लेकर कालांवाली एसडीएम कार्यालय में अधिकारियों से की चर्चा



**समाज जागरण**

कालांवाली (सुरेश जोरासिया) पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति हरियाणा की और से बड़ागुढ़ा खंड क्षेत्र के गांवों के किसानों को साथ लेकर सोमवार को कालांवाली एसडीएम कार्यालय में इस बैठक की अध्यक्षता किसान नेता मनी सुरतिया जिला सचिव की अध्यक्षता में हुई जिसमें एसडीएम व कृषि विभाग कर्मचारी, मार्केट कमेटी सचिव मौजूद रहे। बैठक में उपस्थित किसानों ने इससे पहले गत 29 सितंबर को जो मांग पत्र दिया था उस पर चर्चा हुई । किसानों ने अपनी मांग को लेकर चर्चा करते हुए मुख्य रूप से हाइब्रिड धान बेचने पर कोई काट नहीं दी जाएगी बताया। इसके अलावा डीएपी आंवटन में किसानों को कोई परेशानी न आए। अगर कोई डीएपी देने से मना करता है या साथ को अन्य समान जिसकी जरुरत नहीं देता है तो उस पर कानूनी कार्रवाई की जाए। ।इसके अलावा धान उत्पादक किसानों को धान कटाई के बाद बचे अवशेष पराली की गांठे बाधने वाली मशीन हर गांव में उपलब्ध करवाई जाए वहीं धान की नमी चैक करने वाली मशीन जो सरकारी मार्केट कमेटी में है वह मान्य की जाए । अगर किसी भी किसान को सेलर में नमी वाली मशीन में गलती लगती है तो वो मार्केट कमेटी में अपने धान की नमी चैक करवा सकता है आदि विभिन्न मांगों को रखा गया था, चर्चा के दौरान जिन पर सहमती हुई है। बैठक में किसान जीवन सिंह इकाई प्रधान सुखचैन, जसवंत सिंह औलख, कुलदीप सिंह, पालसिंह, जगदीप सिंह लकडांवाली, बिंदर सिंह सिंघपुरा, अमरीक सिंह माखा, गग्गू सिंह असीर, मनी सिंह सुरतिया , बलजीत सिंह सुखचैन आदि उपस्थित थे।

# अमेरिकी सेना में सिखों को दाढ़ी रखने से रोकना धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लंघन - एडवोकेट धामी

### भारतीय विदेश मंत्री को पत्र लिखकर अमेरिकी सरकार के समक्ष मुद्दा उठाने का अनुरोध



**(रघुनंदन पराशर जैतो दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख पंजाब)**

जैतो, : शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी केअध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने अमेरिकी रक्षा सचिव द्वारा अमेरिकी रक्षा बलों में सिखों को दाढ़ी रखने से रोकने संबंधी बयान के संबंध में भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर को पत्र लिखकर इस मुद्दे को अमेरिकी सरकार के समक्ष उठाने और इस पर रोक लगाने का अनुरोध किया है। पत्र में कहा गया है कि इस फैसले से सिखों की धार्मिक आस्था को ठेस पहुँची है, इसे रोका जाना चाहिए और सिखों को पहले की तरह अपने धर्म का पालन करते हुए अमेरिकी सेना में सेवा करने की अनुमति दी जानी चाहिए। कार्यालय से जारी एक बयान में, शिरोमणि कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने कहा कि अमेरिकी सरकार के किसी अधिकारी का ऐसा बयान सिखों की परंपराओं और मौलिक अधिकारों का अनादर है। उन्होंने कहा कि सिखों ने अपनी योग्यता से पूरी दुनिया में अच्छे मुकाम हासिल किए हैं, उन्होंने अमेरिका के विकास में भी योगदान दिया है और अमेरिकी सेना में सिख पूरी निष्ठा से अपना कर्तव्य निभा रहे हैं। ऐसे में सैन्य ड्यूटी के दौरान सिखों को दाढ़ी रखने से रोकने का फैसला तर्कसंगत नहीं है। एडवोकेट धामी ने कहा कि सिखों द्वारा अपने बाल न कटवाना उनके गुरुओं और धर्म के प्रति प्रतिबद्धता है और अमेरिकी रक्षा मंत्री द्वारा सिखों को दाढ़ी रखने से रोकने का कानून सिखों की धार्मिक स्वतंत्रता पर हमला है। उन्होंने कहा कि अमेरिका जैसे लोकतांत्रिक देश में सिख समुदाय के साथ इस तरह का भेदभाव ठीक नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका के सर्वांगीण विकास में सिखों के योगदान को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। सिखों ने वहां रहते हुए बहुत मेहनत की है और देश की समृद्धि के लिए काम किया है। उन्होंने कहा कि सिख समुदाय के रीति-रिवाजों और परंपराओं को दुनिया के किसी भी हिस्से में पेश करने की जरूरत नहीं है, क्योंकि सिखों ने पूरी दुनिया में अपनी पहचान बनाई है। अमेरिका जैसे देश में, जो सिखों के जीवन जीने के तरीके, पहचान और सम्मान को करीब से समझता है, सिखों की धार्मिक स्वतंत्रता को नुकसान पहुंचाना ठीक नहीं है।

उन्होंने अमेरिकी सरकार से ऐसा कोई निर्णय न लेने की अपील की तथा भारतीय विदेश मंत्री से भी अपील की कि वे इस मामले को तुरंत अमेरिकी सरकार के समक्ष उठाएं और इसका समाधान करें।

# कार में आग लगने से जिंदा जला युवक - सीएनजी गैस रिसाव से हुआ हादसा, मौके पर ही मौत



**दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख पंजाब**

बठिंडा, : बठिंडा-डबवाली राष्ट्रीय राजमार्ग पर देर रात एक दर्दनाक हादसे में कार चालक जिंदा जलकर मौत का शिकार हो गया। मृतक की पहचान महतेश कुमार नारंग उर्फ मोनू (32) पुत्र अशोक कुमार निवासी परसराम नगर, बठिंडा के रूप में हुई है।जानकारी के अनुसार, मोनू अपने दोस्तों के साथ पार्टी करने के बाद अपनी स्विफ्ट कार (नंबर DL-10CG-6931) में बठिंडा लौट रहा था। रात करीब दो बजे जब वह गांव गुरुसर सैनेवाला के बस स्टैंड के पास पहुंचा, तो उसकी कार अचानक अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे पलट गई। पलटते ही कार में आग लग गई और देखते ही देखते आग ने भयंकर रूप ले लिया।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, कार की सभी खिड़कियां बंद थीं, जिसके चलते चालक बाहर नहीं निकल सका और जिंदा जलकर मौत के आगोश में चला गया। सूचना मिलने पर दमकल विभाग और थाना संगत पुलिस की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक कार पूरी तरह राख हो चुकी थी। शव भी बुरी तरह जल चुका था। पुलिस जांच में यह बात सामने आई कि कार सीएनजी गैस पर चल रही थी और उसमें अनुमोदित किट नहीं लगी थी। आशंका जताई जा रही है कि गैस रिसाव के कारण कार के अंदर गैस भर गई थी और पलटने से उत्पन्न घर्षण ने आग पकड़ ली। संभव है कि हादसे से पहले ही चालक गैस के धुएं से मूर्छित हो गया हो और बाहर निकलने की स्थिति में न रहा हो। मोनू बठिंडा में निजी प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करता था। परिवार में उसकी पत्नी चाहत नारंग, जो एक निजी बैंक में नौकरी करती हैं, और विकलांग मां शामिल हैं। पुलिस ने परिजनों के बयान के आधार पर धारा 174 के तहत कार्रवाई शुरू कर दी है।स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस तरह की अनुमोदन-रहित सीएनजी किट्स पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह के हादसे रोके जा सकें।

# श्री गुरु रामदास जी के प्रकाशोत्सव के उपलक्ष्य में श्री अखंड पाठ साहिब आरंभ

### आज श्री अकाल तख्त साहिब से भव्य नगर कीर्तन निकाला जाएगा



**(रघुनंदन पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख पंजाब)**

जैतो,: चौथे गुरु श्री गुरु रामदास जी के प्रकाशोत्सव के उपलक्ष्य में सचखंड श्री हरमंदिर साहिब में आयोजित होने वाले समारोह की तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं। 8 अक्टूबर को मनाए जा रहे प्रकाशोत्सव के उपलक्ष्य में आज गुरुद्वारा श्री मंजी साहिब दीवान हॉल में श्री अखंड पाठ साहिब आरंभ किया गया, जिसका भोग 8 अक्टूबर को डाला जाएगा। श्री अखंड पाठ साहिब आरंभ होने के अवसर पर शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के सचिव प्रताप सिंह, श्री दरबार साहिब के महाप्रबंधक भगवंत सिंह धंगेडा, अधीक्षक निशान सिंह, अतिरिक्त प्रबंधक जसबीर सिंह उपस्थित थे। इस अवसर पर प्रताप सिंह ने गुरुपर्व समारोह संबंधी जानकारी देते हुए बताया कि कल 7 अक्टूबर को एक विशाल नगर कीर्तन निकाला जाएगा, जो श्री अकाल तख्त साहिब से शुरू होकर प्लाजा घंटा घर, जलियांवाला बाग, घी मंडी चौक, शेरां वाल गेट, महा सिंह गेट, चौक राम बाग, हाल गेट, हाथी गेट, लोहगढ़ गेट, लाहौरी गेट, बेरी गेट, खजाना गेट, गेट हकीमा, भगतां वाला चौक, चाटीविंड गेट, सुल्तानविंड गेट, घी मंडी चौक से होता हुआ श्री अकाल तख्त साहिब में संपन्न होगा। उन्होंने बताया कि 7 अक्टूबर को रात्रि में गुरुद्वारा श्री मंजी साहिब दीवान हाल में राग दरबार/श्रुति शबद गायन कीर्तन दरबार होगा, जिसमें पंथ के प्रसिद्ध रागी जत्थे संगत को राग आधारित कीर्तन का रसपान करवाएंगे। गुरुपर्व के दिन, 8 अक्टूबर को, जहाँ पूरे दिन धार्मिक दीवान सजाए जाएँगे, वहीं सचखंड श्री हरमंदिर साहिब, श्री अकाल तख्त साहिब और गुरुद्वारा बाबा अटल राय साहिब को भी सजाया जाएगा। श्री दरबार साहिब में सुंदर दीपमाला और आतिशबाजी भी की जाएगी।

# दीपावली खुलकर मनाएं : व्यापारी वर्ग को कोई अफसर व्यर्थ में तंग-परेशान नही करेगा : विधायक अमोलक सिंह



**(मन्नू शर्मा पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख पंजाब)**

जैतो, :पंजाब प्रदेश व्यापारमंडलव करियाना एसोसिएशन की एक संयुक्त बैठक डींगडोग में हुई जिसमें लगभग 45 विभिन्न कारोबारी संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक के मुख्य अतिथि विधानसभा जैतो क्षेत्र के आप विधायक अमोलक सिंह शामिल हुए। इस अवसर पर प्रधानगी मंडल में पंजाब प्रदेश व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष गोपाल कृष्ण कृष्ण शैली गर्ग व नरेश जिंदल श्रीबाला जी आयल मिलज वाले, नगर कौंसिल जैतो के प्रधान हरीश गोयल, पंजाब प्रदेश व्यापार मंडल के प्रदेश चीफ मीडिया एडवाइजर रघुनंदन पराशर,करियाना एसोसिएशन के चेयरमैन यशपाल जिंदल जस्सी हरसिमरत सिंह मल्हौत्रा व ठेकेदार जज्जी चंदभान शामिल थे। व्यापारी संगठनों ने विधायक अमोलक सिंह को खूबसूरत बुक्के देकर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर व्यापारी वर्ग ने विधायक अमोलक सिंह को अपनी बातें रखी। विधायक अमोलक सिंह ने कहा कि राज्य की भगवंत सिंह मान सरकार प्रदेश के छोटे -बडे दुकानदारों व उद्योगपतियों के साथ -साथ प्रत्येक वर्ष व जाति के लोगों की भलाई के लिए शानदार कार्य कर रही हैं जिसको लेकर आम जनता सरकार की बहुपक्षीय स्कीमों से खुश हैं। उन्होंने कहा कि भगवंत मान सरकार ने पिछले सप्ताह ही राज्य के मुख्य उद्योग चावल मिलों को बड़ी राहत प्रदान की है ताकि यह उद्योग चालू हालत में रहे। उन्होंने कहा कि सरकार ने चावल मिलें जो किसी कारण डिफाल्टर हो गई थी, उसके लिए एक विशेष स्कीम एक मुश्त निपटारा( ओ.टी.एस.) नीति -2025 शुरू की है। उन्होंने कहा सरकार द्वारा चावल मिलों को चालू रखने के लिए डिफाल्टर चावल मिलों के लिए 12885 करोड़ रुपए की देनदारी निपटने का सुनहरी मोका दिया है। विधायक अमोलक सिंह ने बैठक में व्यापारी वर्ग को दीपावली की एडवांस शुभकामनाएं व बधाई देते हुए कहा कि वह दीपावली पर अपना खुलकर कारोबार करें। उन्होंने दुकानदारों से आग्रह किया कि वह लोगों को सरकारी हिदायतों के अनुसार ही साफ -सुथरा सामान बेचे। उन्होंने कहा कि सभी खुशी के समय मुख्य रूप से मिठाई का प्रयोग किया जाता हैं और दीपावली पर इसकी विशेष मांग रहती हैं। उन्होंने हलवाईयों से आग्रह किया कि वह बिना मिलावट, साफ- सुथरी व ताजा मिठाई सप्लाई करें। उन्होंने कहा कि जो दुकानदार आतिशबाजी का कारोबार करते हैं। उन्हें चाहिए कि वह जिला प्रशासन की नीतियों से ही कारोबार करें।आप विधायक अमोलक सिंह ने समूह दुकानदारों से आग्रह किया कि वह अपना कारोबार खुलकर करे। उन्होंने व्यापारियों को पूरा आश्वासन दिया कि कोई भी अफसर उन्हें व्यर्थ में तंग-परेशान नही करेगा। इस अवसर पर धर्मपाल गर्ग,पंजाब प्रदेश व्यापार मंडल के प्रदेश सचिव कुलभूषण माहेश्वरी जट्टा, भूषण रोमाना,अशोक जिंदल, हरगोविंद राय काजू, विजय गर्ग, जसवीर सिंह,राजू प्रधान, विजय यादव, संजय काका जिंदल,सुनील गर्ग, प्रवीण बांसल,लाली तेल वाला, योगेश जैन,नंद किशोर नंदू, रवि गर्ग, रक्षित जैन,शिव कुमार बांसल, राकेश जिंदल, संजीव गोयल संजू, शिवजी राम बांसल, पवन बांसल सहित बड़ी संख्या में कारोबारी व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। इस अवसर पर पंजाब प्रदेश व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष गोपाल कृष्ण शैली गर्ग जो पंजाब करिश्मा एसोसिएशन के महासचिव भी है, ने समूह दुकानदारों की तरह से विधायक अमोलक सिंह को पूरा आश्वासन दिलाया कि वह उपभोक्ताओं को खाने- पीने का सामान अच्छी क्वालिटी, साफ-सुथरा और सही दाम पर हमेशा की तरह ही सप्लाई करेंगे। बैठक के अंत में विधायक अमोलक सिंह ने समूह दुकानदारों विशेष रूप से आतिशबाजी दुकानदारों से आग्रह किया कि वह दीपावली त्यौहार के मद्देनजर हर दुकानदार कम से कम 10 पौधे जरुर लगाएं ताकि प्रदूषण नियंत्रण किया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रदूषण को अधिक से अधिक हरियाली से ही रोका जा सकता है और यह केवल पौधे लगाए कर ही किया जा सकता है। विधायक अमोलक सिंह ने लोगों से कहा कि केवल पौधे लगाने से काम नहीं चलता बल्कि उसकी कम से कम 5 साल तक देख भाल करना अति जरूरी है।इस दौरान ही समाज सेवी धर्मपाल गर्ग के होनहार बेटे गोपाल कृष्ण शैली गर्ग को विधायक अमोलक सिंह की सिफारिश पर आम आदमी पार्टी द्वारा गठित ट्रेड विंग का कोआर्डिनेटर नियुक्त करने पर व्यापारियों ने विधायक अमोलक सिंह का आभार व्यक्त करते हुए शैली गर्ग को बधाई देते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद कि शैली गर्ग दुकानदारों की समस्याओं को विधायक अमोलक सिंह से हल करवाने में सहयोग करेंगे।

# श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी की 350वीं शहीदी शताब्दी:

### असम से शुरू हुए शहीद नगर कीर्तन का तख्त श्री हज़ूर साहिब पहुँचने पर श्रद्धालुओं ने भव्य स्वागत किया

### नगर कीर्तन के साथ पहुँचे व्यक्तियों का बाबा बलविंदर सिंह और बाबा नरिंदर सिंह गुरुद्वारा लंगर साहिब वाले ने सम्मान किया



**(रघुनंदन पराशर जैतो समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख पंजाब)**

जैतो, :नौवें गुरु, श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी की 350वीं शहीदी के उपलक्ष्य में, शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा गुरुद्वारा धोबाडी साहिब, असम से शुरू किए गए शहीद नगर कीर्तन का कल रात तख्त सचखंड श्री हजूर अबचल नगर, नांदेड़ पहुँचने पर श्रद्धालुओं ने भव्य स्वागत किया। इस दौरान आज नगर कीर्तन में शामिल पांच प्यारे साहिबान, सचखंड श्री हरमंदिर साहिब के ग्रंथी सिंह साहिब ज्ञानी सुल्तान सिंह, ज्ञानी पलविंदरपाल सिंह, तख्त श्री दमदमा साहिब के जत्थेदार ज्ञानी टेक सिंह, एसजीपीसी के मुख्य सचिव कुलवंत सिंह मनन, जूनियर उपाध्यक्ष बलदेव सिंह कल्याण, सदस्य भाई गुरचरण सिंह ग्रेवाल, जत्थेदार मंगविंदर सिंह खापडखेड़ी, रणजीत सिंह काहलों, गुरिंदरपाल सिंह गोरा, जत्थेदार बावा सिंह गुमानपुरा, अमरजीत सिंह भलाईपुर, जत्थेदार जरनैल सिंह डोगरांवाला, गुरप्रीत सिंह झब्बड, अमरजीत सिंह बंडाला, जसमेर सिंह लाछरू, पूर्व सदस्य बीबी भजन कौर डोगरांवाला, उप सचिव कुलदीप सिंह रोडे और अन्य प्रमुख हस्तियों को आज गुरुद्वारा लंगर साहिब के मुख्य सेवादार बाबा बलविंदर सिंह और बाबा नरिंदर सिंह द्वारा विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एसजीपीसी के मुख्य सचिव स. कुलवंत सिंह मन्नण ने बाबा बलविंदर सिंह और बाबा नरिंदर सिंह कार सेवा हजूर साहिब वाले द्वारा गुरु घरों में दी जा रही सेवाओं की सराहना की और श्रद्धालुओं के लिए किए गए प्रबंधों के लिए एसजीपीसी का धन्यवाद भी किया। उल्लेखनीय है कि यह नगर कीर्तन आज तख्त श्री हजूर साहिब में रुकेगा, जहां नौवें गुरु जी के 350वें शहीदी दिवस को समर्पित एक विशेष गुरमत समागम का आयोजन किया जाएगा। तख्त श्री हजूर साहिब साहिब से अगले पड़ाव के लिए यह शहीदी नगर कीर्तन 7 अक्टूबर की सुबह रवाना होगा। नगर कीर्तन की रवानगी के अवसर पर एसजीपीसी अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी, सिंह साहिबान और प्रमुख हस्तियां विशेष रूप से शामिल होंगी।

इस मौके पर एसजीपीसी प्रभारी गुरमेज सिंह, मैनेजर नरिंदर सिंह मथरेवाल, रणजीत सिंह जालंधर, जसबीर सिंह घुमान, सतिंदर सिंह, अर्जन सिंह, गुरुमीत सिंह, गुरमेज सिंह सरपंच, पर्यवेक्षक हरभजन सिंह, हरविंदर सिंह वेरका, राम सिंह मुंबई, मुख्य प्रचारक भाई जगदेव सिंह, भाई हरजीत सिंह समेत संगत मौजूद थी।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने मनाया अपना 100वाँ स्थापना दिवस

### श्री गुरु तेग बहादुर जी का बलिदान सम्पूर्ण मानवता के लिए प्रेरणा है: चंद्र कांत




**रघुनंदन पराशर समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख पंजाब**

जैतो, :अधर्म पर धर्म की विजय के पर्व विजयादशमी पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपना 100वाँ स्थापना दिवस मनाया। इसी दिन 1925 में डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार जी ने कुछ बच्चों के साथ मिलकर संघ की स्थापना की थी और आज यह विश्व का सबसे बड़ा गैर-सरकारी संगठन बन गया है। इस अवसर पर देश भर में विभिन्न स्थानों पर समारोह आयोजित किए गए। अपने शहर जैतो के सर्वहितकारी स्कूल के प्रांगण में आयोजित समारोह में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अध्यक्ष श्री तीरथ वर्मा (जिला संघचालक), मुख्य वक्ता श्री चंद्र कांत (पंजाब गौ सेवा समन्वयक) और मुख्य अतिथि श्री अश्विनी गर्ग (अध्यक्ष, स्वामी विवेकानंद ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस) ने शस्त्र पूजन किया। इस अवसर पर क्षेत्र के संत, जिनमें संत ऋषि राम जी, संत सत मुनि जी, संत जसविंदर दास जी, भाई मनप्रीत सिंह गुरुसर आदि शामिल थे, आशीर्वाद देने पहुंचे। उनके साथ अनेक गणमान्य व्यक्ति, भाई-बहन और स्वयंसेवक उपस्थित थे। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता श्री चंद्र कांत ने कहा कि किसी भी राष्ट्र के निर्माण और उत्थान के लिए उसके नागरिकों का चरित्र और देशभक्ति के गुणों से संपन्न होना आवश्यक है। कभी-कभी चरित्र के बिना शिक्षा और ज्ञान घातक हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि संघ चरित्र निर्माण और राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया के माध्यम से राष्ट्र के गौरव के लिए कार्य कर रहा है। श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस की पावन भावनाओं को ध्यान में रखते हुए उन्होंने कहा कि गुरु जी ने अपने प्राणों की आहुति देकर मानव अधिकारों और मानवीय मूल्यों की रक्षा का संदेश दिया। उन्होंने सिखाया कि दुनिया के हर धर्म का सम्मान किया जाता है और किसी को भी धर्म के आधार पर दूसरों पर अत्याचार करने और किसी को धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर करने का अधिकार नहीं है। गुरु जी ने यह भी संदेश दिया कि यदि किसी व्यक्ति को अपने धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देनी पड़े, तो उसे पीछे नहीं हटना चाहिए।अपने संबोधन के दौरान संघ द्वारा दिए गए पांच बदलावों के आह्वान का उल्लेख करते हुए संघ पदाधिकारी ने कहा कि भारत 'स्व' के प्रति जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक कर्तव्यों के पालन, सद्भाव और आदर्श परिवार व्यवस्था के मार्ग पर चलकर अपना सर्वांगीण विकास कर सकता है। संघ का मानना है कि हर क्षेत्र में एक शक्तिशाली, सभ्य और प्रगतिशील राष्ट्र के लिए सामाजिक सद्भाव एक आवश्यक अंग है। जाति, धर्म, कुल और लिंग के आधार पर विभाजित राष्ट्र कभी भी अपनी एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए नहीं रख सकता। संघ परिवार को भारतीय संस्कृति, मूल्यों, आदर्शों और नैतिकता की आधारशिला मानता है। पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव और आधुनिक जीवनशैली के दबाव के कारण पारंपरिक पारिवारिक मूल्यों में गिरावट आ रही है। पारिवारिक प्रबोधन के माध्यम से हम अपने परिजनों को भारतीय संस्कृति, परंपराओं और मूल्यों से अवगत कराते हैं। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की एक बड़ी चुनौती है, जिसके कारण अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इसके लिए पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली अपनाना आवश्यक है। अपने संबोधन के दौरान संघ पदाधिकारी ने कहा कि देश के विकासकेलिए आर्थिक आत्मनिर्भरता बहुत जरूरी है।उपभोक्तावादी संस्कृतिऔरअत्यधिक आयात हमारी अर्थव्यवस्था के लिए खतरनाक हैं। हमारे समाज और देश का कल्याण भारतीय उत्पादों और स्थानीय व्यवसायों को अपनाने और उनका विकास करने में निहित है। नागरिक कर्तव्यों के बारे में उन्होंने कहा कि एक प्रबुद्ध और प्रगतिशील लोकतांत्रिक राष्ट्र के लिए उसके नागरिकों का अपने मौलिक अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों के प्रति जागरूक और जिम्मेदार होना बहुत जरूरी है। नागरिक कर्तव्यों के तहत मतदान करना, ईमानदारी से करों का भुगतान करना, सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा करना, कानूनों का पालन करना और सामाजिक कार्यों में अधिक भागीदारी करना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि संघ इन पांच परिवर्तनों को लेकर देश के नागरिकों के पास जा रहा है। समारोह के मुख्य अतिथि श्री अश्वनी गर्ग ने अपने संबोधन में कहा कि अपने सद्कार्यों और सकारात्मक कार्य पद्धति के कारण संघ अपने 100 वर्षों के अस्तित्व में देशभक्ति, आपसी भाईचारे और सेवा जैसे गुणों का दूसरा नाम बन गया है। उन्होंने कहा कि जब भी देश के सामने कोई संकट आया है, संघ के स्वयंसेवकों ने आगे आकर अपना राष्ट्रीय दायित्व निभाया है। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने सामूहिक प्रदर्शन भी किया। इस अवसर पर जैतो के नगर कार्यवाह देवांशु मडाकिया ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में जय भोले डाक सेवा संघ, माँ वैष्णो देवी सेवा दल, श्री अग्रवाल सभा, भारत माता अभिनंदन संगठन, छड़ी कला सेवा, भारत विकास परिषद, नौजवान क्लब, धर्म जागरण मंच आदि ने सहयोग दिया। इस अवसर पर रमेश शर्मा, केवल जिंदल, डागर कांत शर्मा, भीम सेन मडाकिया, शाम लाल, सुनील सिंगला, हरीश तायल, चंद्र मोहन, राकेश तायल, संदीप शर्मा, तेजपाल, पलक आदि सभी प्रमुख भूमिका में उपस्थित रहे। सर्वहितकारी स्कूल जैतो में आयोजित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कार्यक्रम के दृश्य।

# अग्रोहा धाम में 7 अक्टूबर को आयोजित वार्षिक विशाल मेले में देश भर से पहुंचेंगे लाखों श्रद्धालुजन: सिंगला



**(रघुनंदन पराशर जैतो समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख)**

डबावाली/हरियाणा, : हरियाणा के जिला हिसार में स्थित अग्रोहा धाम में अग्रोहा विकास ट्रस्ट के कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग दास गर्ग के सानिध्य में 7 अक्टूबर को आयोजित किए जा रहे वार्षिक विशाल भव्य मेले में देश विदेश से बड़ी संख्या में अग्रवाल/वैश्य समाज के प्रतिनिधि पहुंचकर महाराजा श्री अग्रसेन एवं कुलदेवी मां लक्ष्मी का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन पंजाब प्रदेश के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंगला ने बताया कि इस अवसर पर हरियाणा के शहरी निकाय मंत्री विपुल गोयल, पंजाब के मंत्री वीरेंद्र गोयल, हरियाणा की राजस्व मंत्री रही एवं विधायक सावित्री जिंदल, राज्य सभा सांसद रहे डा. सुभाष चंद्रा, जगतगुरु महा ब्रह्मऋषि कुमार स्वामी के साथ-साथ प्रमुख उद्योगपति, राजनीतिक एवं विख्यात राष्ट्रीय सामाजिक कार्यकर्ता शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि भजन सम्राट कन्हैया मित्तल एवं पंजाब हरियाणा के कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। सिंगला ने बताया कि डा. संजीव गोयल फरीदकोट, हीरामणि अग्रवाल गुरदासपुर, घनश्याम कांसल सुनाम, विपिन जैन श्रमण लुधियाना, राजन गुप्ता जालंधर, समस्त जिलों में संस्था के जिला प्रभारी एवं जिला अध्यक्षों से संपर्क कर मेले में जाने के लिए उनका मार्गदर्शन कर रहे हैं। संस्था के कार्यकारी अध्यक्ष सौरभ गर्ग ने बताया कि वार्षिक मेले का आगाज अग्रोहा धाम के ऐतिहासिक शक्ति सरोवर में 7 अक्टूबर को प्रातः 6 बजे स्नान के साथ होगा। उसके पश्चात धाम में स्थापित सभी मंदिरों में पूजा आरती, 7 बजे भव्य महिला कलश यात्रा प्रातः 8बजे, भोजन प्रसाद 9 बजे, महालक्ष्मी जी का छप्पन भोग प्रातः 10 बजे, उसके तुरंत उपरांत ध्वजारोहण होगा। संस्था के राष्ट्रीय संरक्षक सदस्य शाम लाल जिंदल गंगा एवं प्रीतम बांसल ने बताया कि दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक महासम्मेलन होगा जिसमें अग्रवाल/वैश्य समाज के प्रतिनिधियों का संबोधन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। उन्होंने बताया कि अग्रोहा धाम मेले में पहुंचने वाले सभी श्रद्धालुजनों के लिए रात्रि ठहराव, भोजन एवं वाहन पार्किंग की उचित व्यवस्था की गई है। यहां पहुंचने वाले सभी श्रद्धालुजन माता महालक्ष्मी, महाराजा श्री अग्रसेन, माता सरस्वती, माता वैष्णो देवी, श्री अमरनाथ बफार्नी गुफा, तिरुपति बाला जी, भैरो बाबा, रामेश्वर धाम, मां गंगा अवतरण झांकी एवं श्री हनुमान जी की 90 फुट ऊंची प्रतिमा, विद्युत संचालित श्री कृष्ण लीला, श्री राम लीला झांकियों के भव्य दर्शन करेंगे। उन्होंने बताया कि देश भर से आने वाले श्रद्धालुजन अग्रोहा धाम के पास स्थित महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल एयरपोर्ट, महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज एवं अग्रोहा शक्ति पीठ में बन रहे विश्व के प्रथम अलौकिक एवं दिव्य महालक्ष्मी मंदिर के दर्शन भी कर पुण्य के भागी बनेंगे।

# कर्मनिष्ठा फाउंडेशन ने किया भव्य स्वरोजगार मेला का आयोजन।

**समाज जागरण**



स्थानीय अशोका पैलेस राजेंद्र टॉकीज परिसर में कर्मनिष्ठा फाउंडेशन के द्वारा महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से दिनांक 3 एवं 4 अक्टूबर को दो दिवसीय भव्य स्वरोजगार मेला संपन्न का आयोजन किया गया था। कर्मनिष्ठा फाउंडेशन स्वरोजगार से जुड़ी महिलाओं का एकमात्र फाउंडेशन है जिसमें अभी तक शहडोल शहर एवं कई अन्य बड़े शहरों से 35 महिला रजिस्टर्ड मेंबर के रूप में जुड़ी है इस फाउंडेशन ने 2 साल 4 महीने में ही पूरे देश में अपनी एक अलग ही पहचान बनाई है । फाउंडेशन के डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से घर बैठे ही महिलां एक महीने में हजारों रुपए कमा रही हैं। महिलाओं के प्रोडक्ट को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से इस मेले की अभिनव योजना संस्थापक डॉ.प्रियंका त्रिपाठी द्वारा बनाई गई फाउंडेशन के द्वारा मेला लगाने का यह तीसरा वर्ष है। संस्थापक डॉ.प्रियंका त्रिपाठी ने बताया कि यह मेला करवा चौथ एवं दीपावली के त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए लगाया गया था, जिसमें तरह-तरह के वस्त्र एवं आभूषण के साथ-साथ होममेड ब्यूटी प्रोडक्ट, मशहूर ब्रांड के ब्यूटी प्रोडक्ट, घरेलू साज-सज्जा के समान, दैनिक उपयोग की कई वस्तुइं, खाने की विभिन्न सामग्रियों का स्टॉल फाउंडेशन की रजिस्टर्ड सदस्यों के द्वारा लगाया गया था । प्रदर्शनी के प्रथम दिन का शुभारंभ भारतीय जनता पार्टी की जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा एवं कलेक्टर श्री केदार सिंह जी के द्वारा दीप प्रज्वलन कर एवं फीता काटकर किया गया। डॉ. प्रियंका ने सभी अतिथियों को बैच लगाकर उनका आत्मीय स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर ने ग्रेविटी मोशन कोचिंग सेंटर के प्रयासों की सराहना करते हुए अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि बच्चों को प्रारंभ से ही अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का संस्कार मिलना चाहिए उन्होंने सैनिक स्कूल का उल्लेख करते हुए कहा कि शहडोल से हर वर्ष प्रत्येक 10 बच्चों का चयन सैनिक स्कूल में प्रवेश के लिए होना चाहिए इसके लिए हमें बच्चों को तैयार करना होगा, सैनिक स्कूल न केवल शिक्षा का मंदिर है बल्कि यह समग्र व्यक्तित्व निर्माण की प्रयोगशाला है जहाँ से निकलकर छात्र सशस्त्र बलों, सिविल सेवाओं, कॉरपोरेट जगत, उद्यमिता और उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देते हैं । कलेक्टर की है दूरदर्शी सोच और सकारात्मक दृष्टिकोण न केवल जिले के बच्चों के भविष्य को नई दिशा देगा बल्कि समाज में शिक्षा और राष्ट्रभक्ति की भावना को भी प्रबल करेगा। वहीं अमिता चपरा ने महिलाओं के द्वारा स्वरोजगार के लिए किये जा रहे प्रयासों की मुक्त कंठ से सराहना की और डॉ.प्रियंका को बधाई देते हुए कहा कि डॉ. प्रियंका ने आधुनिकता के इस दौर में समय की मॉंग को ध्यान में रखते हुए महिलाओं के लिए डिजिटल प्लेटफार्म में सामग्री बेचने की प्रक्रिया को सुलभ किया और समय-समय पर प्रदर्शनी आदि के माध्यम से भी उनके प्रोडक्ट को बेचने की सुलभता उपलब्ध कराई है। कलेक्टर एवं अमिता चपरा के द्वारा जी भर के शॉपिंग की गई जिससे महिलाओं का उत्साहवर्धन हुआ। वहीं द्वितीय दिवस का शुभारंभ जयसिंहनगर क्षेत्र की लोकप्रिय विधायक मनीषा सिंह जी एवं नगर परिषद बुढ़ार की अध्यक्ष शालिनी सरावगी के द्वारा किया गया। विधायक मनीषा सिंह ने सभी महिलाओं के स्टॉल में जाकर सामग्रियों का अवलोकन किया और कहा कि महिलाओं का आत्मनिर्भर होना देश के विकास के लिये बहुत आवश्यक है और कर्मनिष्ठा फाउंडेशन ने अपने सार्थक प्रयासों से इस क्षेत्र में 2 वर्ष में ही अपार सफलता हासिल कर ली है। उन्होंने डॉ .प्रियंका से कहा कि इस तरह की प्रदर्शनी हर 3 महीने में लगायें जिससे महिलाओं के स्वरोजगार को और बढ़ावा मिलेगा और प्रदर्शनी कम से कम पॉंच दिवस की हो । शालिनी सरावगी ने भी कहा कि फाउंडेशन का यह प्रयास अपने आप में एक अभिनव प्रयास है। शहर की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं जैसे ब्राह्मण समाज, दिव्य मुस्कान क्लब, जिए सिंधु समाज, ब्यूटीशियन क्लब के सदस्यों का एवं अन्य गणमान्य नागरिकों और पत्रकारों में विशेष तौर से भाजपा जिला महामंत्री अमित मिश्रा, वरिष्ठ पत्रकार दिनेश अग्रवाल, महिला मोर्चा के अध्यक्ष निभा गुप्ता, भाजपा नेत्री नीलम चतुर्वेदी, पुष्पा द्विवेदी, कल्याणी बाजपेई, पत्रकार आशीष अग्रवाल, राहुल मिश्रा एवं शिरीष श्रीवास्तव का फाउंडेशन के सदस्यों के द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। इस प्रदर्शनी में कुल 21 स्टॉल लगे थे, डॉ. झलक गॉंधी ने मेक्रम के होममेड आइटम, मनीषा चौबे ने ओरिफ्लेम के प्रोडक्ट, शालिनी शुक्ला ने ब्लाउज, ज्वेलरी सूट, साड़ी, नीतू साहा ने पर्स, ज्वेलरी, साड़ी पाउच सूट,साड़ी आदि श्वेता डालमिया और खुशी खदानी ने रजाई, कंबल, चादर टॉवेल, अमृता मंडलोई और शेफाली शर्मा ने ज्वेलरी, किरण पाठक ने ब्राइडल लहंगे लेडीज टॉप, वैष्णवी सोनी व ज्योति मिश्रा ने सूट, साड़ी व ब्लाउज, आन्या रस्तोगी ने डेकोरेटिव दिए, अचार, खाने की सामग्री आदि, शिखा केसरवानी ने केक, पेस्ट्री खाने की सामग्री, ग्रेविटी मोशन कोचिंग क्लास ने अपने प्री नर्सरी स्कूल एवं कोचिंग क्लास का डेमो किया वहीं हातिमी अस्पताल ने प्रदर्शनी में आने वाले लोगों का फ्री मेडिकल चेकअप किया, सुगंधिता सराफ में वैलनेस हर्ब लाइफ के प्रोडक्ट, रोशनी कटारे ने सूट, साड़ी, ड्रेस मटेरियल, वंदना गुप्ता ने टैरो कार्ड एवं डॉ. प्रियंका त्रिपाठी ने अर्णव प्रकाशन की पुस्तकें स्लॉट में रखीं। शहर भर की महिलाओं ने इन दो दिनों में जी भर कर खरीददारी की। इस प्रदर्शनी के सफल आयोजन में विशेष तौर पर कर्मनिष्ठा फाउंडेशन की संस्थापक डॉ. प्रियंका त्रिपाठी, कार्यकारी अध्यक्ष सोनिया शाकिर, उपाध्यक्ष मनीषा चौबे, सचिव शालिनी शुक्ला, सह सचिव डॉ. झलक गांधी, इवेंट एवं प्रदर्शनी प्रभारी नीतू साहा एवं नगर समन्वयक सुगंधिता सराफ का विशेष योगदान रहा । शहर की कई विशिष्ट महिलाइं प्रदर्शनी में आईं और मनचाही वस्तुइं खरीद कर ले गईं। सभी महिलाओं ने कर्मनिष्ठा फाउंडेशन के इस अभिनव प्रयास की भूरि-भूरि प्रशंसा की और कहा कि इस फाउन्डेशन के द्वारा जो यह प्रदर्शनी लगाई गई है इससे हमें करवा चौथ एवं दीपावली त्यौहार की बहुत सारी सामग्रियॉं एक ही जगह पर खरीदने को मिलीं।

# छात्र सुरक्षा को लेकर फूटा गुस्सा: ढीमरखेड़ा शासकीय महाविद्यालय के सामने NSUI और छात्रों का विशाल धरना

**समाज जागरण**



कटनी। जिले के ढीमरखेड़ा शासकीय महाविद्यालय के सामने सड़क सुरक्षा की मांग को लेकर राष्ट्रीय छात्र संगठन (NSUI) के कार्यकर्ताओं और छात्रों ने सोमवार की दोपहर जोरदार धरना प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं कॉलेज परिसर के सामने धरने पर बैठे और जिला प्रशासन, तहसील प्रशासन, एवं मध्य प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। लगभग तीन घंटे तक चले इस प्रदर्शन ने उमरिया पान मार्ग पर लोगों का ध्यान खींचा, जिसके बाद दो दिन के भीतर स्पीड ब्रेकर बनाने के आश्वासन पर धरना समाप्त किया गया। आए दिन हो रहीं दुर्घटनाएं, मंडरा रहा खतरा प्रदर्शन में शामिल छात्र नेताओं अवध यादव और ताहिर अंसारी सौरभ शुक्ला ने बताया कि शासकीय महाविद्यालय ढीमरखेड़ा के सामने से गुजरने वाले उमरिया पान मार्ग पर आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। महाविद्यालय के ठीक सामने गतिरोधक (स्पीड ब्रेकर) का निर्माण न होने से विद्यार्थी कभी भी बड़ी सड़क दुर्घटना का शिकार हो सकते हैं। छात्र नेताओं ने याद दिलाया कि पूर्व में इसी स्थान पर एक बड़ा हादसा हो चुका है, जब एक ट्रक अनियंत्रित होकर प्रतीक्षालय में जा घुसा था, जिसमें छह लोग घायल हो गए थे। यह घटना इस मार्ग की खतरनाक स्थिति का स्पष्ट प्रमाण है। उनका कहना है कि छात्रों की सुरक्षा को लेकर प्रशासन की यह उदासीनता बेहद चिंताजनक है। NSUI लगातार तहसील और जिला प्रशासन से सड़क सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग कर रहा है। छात्र नेताओं ने बताया कि लगभग 15 दिवस पूर्व भी छात्र संगठन ने इसी मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया था। उस समय प्रशासन की ओर से एक सप्ताह के भीतर ब्रेकर निर्माण का आश्वासन दिया गया था।

लेकिन, आज तक किसी भी प्रकार के सुरक्षा के इंतेजामत नहीं किए गए हैं। प्रशासन द्वारा अपने ही आश्वासन को हवा में उड़ा देने से छात्रों में भारी रोष है। छात्र नेता सौरभ शुक्ला ने कहा कि जब तक ब्रेकर नहीं बनता, छात्रों की जान को खतरा बना रहेगा, और प्रशासन इस खतरे को गंभीरता से नहीं ले रहा है। तीन घंटे तक चला प्रदर्शन, मिला नया आश्वासन प्रशासन की वादाखिलाफी से आहत होकर, छात्र हित और समाज हित में छात्र संगठन ने सोमवार को फिर से महाविद्यालय परिसर के सामने धरना शुरू किया। प्रदर्शनकारी छात्रों ने मांग की कि प्रशासन तत्काल प्रभाव से स्पीड ब्रेकर का निर्माण करे। करीब तीन घंटे तक चले इस दबाव भरे प्रदर्शन के बाद, आखिरकार प्रशासन की ओर से छात्र संगठन को दो दिवस के भीतर ब्रेकर बनाए जाने का आश्वासन दिया गया। प्रशासन के इस नए आश्वासन के बाद, छात्रों ने अपने धरने को समाप्त कर दिया। छात्र नेताओं ने चेतावनी दी है कि यदि इस बार भी प्रशासन अपने वादे पर खरा नहीं उतरा, तो अगला आंदोलन और भी उग्र होगा।

# ट्रक यूनियन द्वारा 35 किलोमीटर के अंदर दो टोल नाका लगाए जाने का कर रहे विरोध

**समाज जागरण**



मध्य प्रदेश के शहडोल जिले के अंतर्गत शहडोल रीवा राजमार्ग पर एम पी आर डी सी द्वारा 35 किलोमीटर के अंदर दो टोल नाका बनाए जाने के विरोध में ट्रक वाहन यूनियन द्वारा 5 अक्टूबर से टोल नाका मऊ में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन जारी है इस संबंध का ज्ञापन जिला कलेक्टर शहडोल एवं एसडीएम व्यवहारी को सौंप कर मऊ टोल नाका बंद किए जाने की मांग की जा रही है इस संबंध में ट्रक यूनियन अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि टटका से रीवा राजमार्ग का अभी पूर्ण रूप से निर्माण नहीं हुआ और एमपी आरडीसी द्वारा 35 किलोमीटर के अंदर दो-डाल नाका बनाया गया है जिसमें ट्रक वालों से अवैध पैसे की वसूली की जा रही है और ट्रक ड्राइवर के साथ गाली गलौज मारपीट की घटना आए दिन हो रही हैं इसके खिलाफ ट्रक यूनियन एकजुट होकर मऊ टोल नाका को बंद करने की मांग कर रहे हैं हालांकि अभी तक शासन प्रशासन का कोई भी अमला धरना स्थल पर नहीं पहुंच है ट्रक यूनियन अध्यक्ष की मांग है कि जल्द से जल्द टोल नाका मऊ को बंद किया जाए नहीं तो उग्र प्रदर्शन किया जाएगा जिसकी समस्त जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी

# गरीब की जमीन निगल गया कोल इंडिया - वर्षों से न्याय के लिए दर-दर भटक रहा बीमार वृद्ध, अब राष्ट्रपति से लगाई गुहार

**इंट्रो शहडोल जिले के धनपुरी निवासी बुजुर्ग अतीकुर्रहमान नामक व्यक्ति अपनी पुश्तैनी जमीन कोल इंडिया के अधीन एसईसीएल अधिकारियों द्वारा कथित रूप से हड़प लिए जाने से गहरे सदमे में हैं। लगातार शिकायतों के बावजूद कार्रवाई न होने से वे और उनका परिवार मानसिक व आर्थिक यातनाएँ झेल रहे हैं। दिल की गंभीर बीमारी से पीड़ित अतीक अब राष्ट्रपति से न्याय की गुहार लगाने की तैयारी में हैं।**

**समाज जागरण**

शहडोल। मध्य प्रदेश के शहडोल जिले के धनपुरी क्षेत्र में रहने वाले अतीकुर्रहमान, पुत्र स्वर्गीय मोहम्मद यासीन मोहल्ला कच्छी मोहल्ला वार्ड क्रमांक 16/19 धनपुरी, ने अपने साथ हुए अन्याय की दर्दभरी कहानी साझा की है। उनका कहना है कि उनकी पैतृक भूमि, जो उनके पिता स्वर्गीय मोहम्मद यासीन ने अपनी स्वर्गीय पत्नी व पुत्र के नाम से जमीन ली थी, जिसको को स्थानीय राजस्व अधिकारियों और एसईसीएल (कोल इंडिया की इकाई) के कर्मचारियों ने मिलकर बिना किसी सूचना और मुआवजे के हड़प लिया। अब वह वृद्ध, बीमार और आर्थिक रूप से टूट चुके हैं, लेकिन न्याय की उम्मीद अभी बाकी है। अतीकुर्रहमान के अनुसार, वर्ष 1996 में उनके पिता ने ग्राम छिरीहटी (थाना बुढ़ार) स्थित 5 डिसमिल भूमि राकेशकांत पांडे नामक व्यक्ति से खरीदी थी। दस्तावेज, पट्टा, नक्शा और खसरा उनके पास सुरक्षित हैं। लेकिन जब उन्होंने हाल ही में उस भूमि पर अपना अधिकार जमाने की कोशिश की, तो उन्हें बताया गया कि वह जमीन अब एसईसीएल क्षेत्र में आ चुकी है और कंपनी ने उसे अधिग्रहित कर लिया है। आपकी माता स्वर्गीय आयशा बेगम की जमीन का मुआवजा बना होगा, समय लगेगा लेकिन आपके नाम अतिकुर्रहमान की जमीन तो चोरी हों गई है, उसके कोई दस्तवेज मौजूद नहीं, जबकि फरियादी अतिकुर हमान ने जमीन का पट्टा, नक्शा खसरा,बी 1जमीन क्रय के सारे दस्तवेज मेरे पास है। तो जमीन किसने चोरी की किसने की वृद्ध अतीक का कहना है कि बिना किसी नोटिस और मुआवजे के उनकी जमीन एसईसीएल द्वारा कब्जे में ले ली गई। जब उन्होंने तहसीलदार और पटवारी से संपर्क किया तो उन्हें धमकाया गया कि अब न कोई जमीन तुम्हारी नहीं है और न कोई मुआवजा मिलेगा। यदि दोबारा एसईसीएल ऑफिस के अंदर दिखे तो चोरी के इल्जाम में जेल भेज दिए जाओगे। उनका कहना है कि वे बार-बार थाना धनपुरी, तहसील कार्यालय और एसईसीएल अफसरों के चक्कर लगा चुके हैं लेकिन हर बार उन्हें निराशा और अपमान का सामना करना पड़ा। मैंने मुख्यमंत्री, पुलिस महानिदेशक, कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक सभी को आवेदन भेजे हैं, पर आज तक किसी ने मेरी फरियाद नहीं सुनी,– अतीक ने रोते हुए कहा। अतीकुर्रहमान बताते हैं कि यह मामला सिर्फ उनकी जमीन का नहीं है, बल्कि पूरे इलाके में एसईसीएल अधिकारियों के खिलाफ गरीबों और किसानों की जमीन जबरन अधिग्रहित करने की शिकायतें लगातार उठ रही हैं। कई गरीब परिवारों की जमीनें इस तरह कब्जे में ली जा चुकी हैं, लेकिन किसी को न्याय नहीं मिल रहा। अधिकारी मिलकर लोगों को डराते हैं, धमकाते हैं और झूठे मामलों में फंसाने की धमकी देते हैं,– उन्होंने आरोप लगाया। बीमार अतीक ने बताया कि वे दिल की बीमारी से पीड़ित हैं और डॉक्टरों ने जल्द ऑपरेशन कराने की सलाह दी है, लेकिन आर्थिक तंगी के कारण वे इलाज नहीं करा पा रहे। मेरी हालत दिन-ब-दिन बिगड़ती जा रही है, मगर सरकारी दफ्तरों में कोई सुनने वाला नहीं। मैंने अब तय किया है कि न्याय के लिए मैं राष्ट्रपति तक जाऊँगा। अगर मेरी जमीन और इज्जत नहीं बची, तो यह देश के कानून और इंसाफ पर बड़ा सवाल होगा। उन्होंने कहा कि जब तक उन्हें उनका हक नहीं मिलता, वे संघर्ष जारी रखेंगे। हम गरीब लोग हैं, हमारे पास न पैसे हैं न पहुंच। पर जमीन हमारी मेहनत और पिता की विरासत थी। उसे अगर किसी ने छीन लिया तो यह हमारे जीवन का सबसे बड़ा अन्याय है। इस पूरे प्रकरण में उन्होंने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री, पुलिस महानिदेशक, कलेक्टर शहडोल, एसपी शहडोल और एसडीएम धनपुरी को प्रतिलिपि सहित शिकायतें भेजी हैं। उनका अनुरोध है कि उनकी चोरी हुई जमीन उन्हें वापस दिलाई जाए और दोषियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई हो ताकि भविष्य में किसी गरीब के साथ ऐसा अत्याचार दोबारा न हो। अतीक का कहना है कि अगर प्रशासन ने जल्द न्याय नहीं दिया, तो वे न्यायालय का दरवाजा खटखटाने के साथ ही राष्ट्रपति भवन तक अपनी गुहार लेकर जाएंगे। मैं हार नहीं मानूंगा, – कहते हैं अतीक, क्योंकि यह सिर्फ मेरी जमीन का मामला नहीं, बल्कि हर उस गरीब की आवाज है जिसे उसकी पुश्तैनी मिट्टी से बेदखल किया जा रहा है।

# म.प्र.पॉवर जनरेटिंग कम्पनी लिमिटेड के अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई ने 365 दिन लगातार विद्युत उत्पादन का कीर्तिमान स्थापित कर समूचे प्रदेश को किया गौरान्वित- जितेन्द्र सिंह

**समाज जागरण**
**विजय तिवारी चचाई**

जगराता शक्ति पर्व के अवसर पर मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी के अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई की 210 मेगावाट यूनिट ने लगातार 365 दिन 1 वर्ष तक विद्युत उत्पादन कर मध्यप्रदेश ही नही अपितु संपूर्ण भारत में नया कीर्तिमान रिकार्ड उपलब्धि हासिल कर समूचे म.प्र. को विशेषकर अनूपपुर एवं शहडोल संभाग को गौरवान्वित किया है।क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी एवं शिक्षाविद् जितेन्द्र सिंह ने अमरकंटक ताप विद्युत गृह द्वारा 365 दिन तक अनवरत विद्युत उत्पादन का रिकार्ड बनाने पर प्रतिक्रिया जाहिर करते हुये कहा कि इस उपलब्धि के लिये प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव जी, ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न तोमर जी, अपर मुख्य सचिव ऊर्जा श्री नीरज मण्डलोई जी, एम.डी. श्री मंजीत सिंह के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन व निर्देशन में अमरकंटक ताप विद्युत गृह के मुख्य अभियंता श्री तनवीर अहमद जी ने पूरी टीम के साथ अपने तकनीकी एवं इंजीनियरिंग के ज्ञान का उपयोग कर 210 मे.वा. क्षमता की यूनिट से अनवरत365 दिन एक वर्ष तक उत्पादन का रिकार्ड बनाकर कीर्तिमान स्थापित कर म.प्र. शासन की सरकार को तथा क्षेत्रवासियों को गौरान्वित किया है जिससे समूचे जनमानस में हर्ष का माहौल निर्मित हुआ है तथा भविष्य के लिये अन्य पॉवर प्लांट के लिये भी प्रेरणा स्त्रोत का कार्य किया है। सिंह ने 660 मेगावाट सुपर क्रिटिकल यूनिट की स्थापना की स्वीकृति होने तथा भारत हेवी इलेक्ट्रिकल लिमिटेड को निविदा मिलने पर अपार हर्ष व्यक्त करते हुये कहा कि म.प्र. की जनहितैषी सरकार, माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में ऊर्जा के क्षेत्र में अनमोल विकास के पथ पर अग्रसर होकर कार्य कर रही है। नये पॉवर प्लांट की स्थापना होने से क्षेत्रवासियों को नये रोजगार के अवसर सृजन होंगे तथा क्षेत्र का बहुन्मुखी विकास होगा।

श्री सिंह ने अमरकंटक ताप विद्युत गृह के सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को बधाई प्रेषित करते हुये उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# चौ. महेंद्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा !

**किसानों ने किया नमन बोले, उनके आदर्श आज भी हैं मार्गदर्शक!**

**समाज जागरण संवाददाता निगोहां**

लखनऊ,निगोहा भारतीय किसान यूनियन के संस्थापक एवं प्रख्यात किसान नेता चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि पर सोमवार को निगोहा के लालपुर गांव में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के सैकड़ों किसान, ग्रामीणजन और स्थानीय पदाधिकारी एकत्र हुए और पुष्प अर्पित कर महान किसान नेता को भावभीनी श्रद्धांजलि दी।कार्यक्रम की अध्यक्षता किसान नेता विनोद वर्मा ने की, जबकि संचालन नवीन मिश्रा ने किया। श्रद्धांजलि सभा में रामचंद्र रावत, मनोज पटेल, धनीराम, वीरेंद्र सिंह सहित अनेक किसान नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।सभा को



संबोधित करते हुए विनोद वर्मा ने कहा कि चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत ने अपने जीवनकाल में किसानों के हक की लड़ाई निर्भीकता से लड़ी। उन्होंने हमेशा किसानों की आवाज सरकार तक पहुँचाने का काम किया। उनके नेतृत्व में हुए किसान आंदोलनों ने पूरे देश में किसानों को एकजुट कर उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया।उन्होंने कहा कि टिकैत जी ने किसानों की समस्याओं को लेकर जो आंदोलन खड़ा किया, वह सिर्फ एक व्यक्ति का नहीं बल्कि पूरे किसान समाज की ताकत का प्रतीक था। उनके आदर्श और विचार आज भी हम किसानों के संघर्ष का मार्गदर्शन करते हैं,उन्होंने कहा।कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत किसान नेता की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।सभा के बाद किसानों ने एकजुटता का संकल्प लेते हुए कहा कि वे चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत के बताए रास्ते पर चलकर किसानों के हक और सम्मान की लड़ाई को आगे बढ़ाएंगे।

# गाड़ी भगाने पर कानपुर में छात्र को अधमरा करने वाला चौकीइंचार्ज लाइन हाजिर

**समाज जागरण सुनील बाजपेई**

कानपुर। अपराधियों के खिलाफ कार्यवाही तथा जनता की सेवा और सहायता के उद्देश्य से गठित पुलिस विभाग के लोग अक्सर अमानवीय व्यवहार करने से भी बाज नहीं आते। ऐसी ही एक घटना में एक चौकी इंचार्ज ने गाड़ी भगाने पर छात्र को अधमरा कर दिया । जिसके बाद उसे लाइन हाजिर करके मामले की जांच एसीपी बाबू पुरवा को दी गई है। जानकारी के मुताबिक किदवई नगर में ओवर स्पीड के आरोप में पकड़े गए छात्र महेश के मारपीट न करने का नियम बताने पर भड़के चौकी प्रभारी ने थप्पड़ों की बौछार करते हुए उसे लातें भी मारी। इतना दुरुस्त कर देने की धमकी देने का वीडियो बनाकर उसके एक साथी ने इंटरनेट मीडिया पर वीडियो भी प्रचलित कर दिया, जिसे संज्ञान में लेकर डीसीपी दक्षिण दीपेंद्र नाथ चौधरी ने दारोगा को लाइन हाजिर कर दिया है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच बाबू पुरवा के एसीपी को दी गई है। याद रहे कि यह मामला पहला नहीं है। इसके पहले भी पुलिस पर इसी तरह के कई आरोप लगा चुके हैं। इस तरह की घटनाओं में कई पुलिस वालों को सस्पेंड भी किया जा चुका है लेकिन इसके बाद भी पुलिस द्वारा दुर्व्यवहार की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं ।मतलब कोई न कोई आए दिन उनके अमानवीय व्यवहार का शिकार हो रहा है।

# मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को उद्यम बनाने हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**समाज जागरण दैनिक**
**विश्व नाथ त्रिपाठी**

प्रतापगढ़। मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत विकास खण्ड सण्ड़वा चन्द्रिका परिसर सभागार में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन कार्यक्रम अन्तर्गत महिलाओं को उद्यम बनाने का प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विकास खण्ड अन्तर्गत स्वंय सहायता समूह की महिलाओं के



साथ विकास खण्ड के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे। उपस्थित स्वंय सहायता समूह की महिलाओं को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन कार्यक्रम अन्तर्गत महिलाओं को व्यवसाय व आर्थिक रूप से सक्षम बनाने जैसे सिलाई, कढ़ाई, फिनायल, अचार, मुरब्बा, मिट्टी की मूर्ति, ब्लाउज, आलू चिप्स, पापड़ हेतु प्रेरित करते हुये मिशन शक्ति अन्तर्गत महिलाओं को नारी शक्ति, नारी सम्मान एवं नारी स्वलाम्बन की भावना से सशक्त बनाने के साथ टोल फ्री नम्बर, 1090, 1813, 1076, 1098, 112 की जानकारी की गयी। साथ ही विभाग द्वारा संचालित योजनाएं आयुष्मान भारत, किसान सम्मान निधि, जीरो पावर्टी, फैमिली आई०डी०, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना आदि के बारे में जानकारी प्रदान कराते हुये स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित कर उनकी समस्याओं की जानकारी प्राप्त कर निराकरण किया गया।

# छत्तीसगढ़ी फिल्मों में काम करने वाला फरार गांजा तस्कर कोतमा पुलिस के हत्थे चढ़ा

**चार साल से चल रहा था फरार, मध्यप्रदेश विधानसभा में उठा था मामला**
**219.5 किलो गांजा जब्ती के NDPS केस में आरोपी, पहले भी उड़ीसा जेल में रह चुका है बंद**

**समाज जागरण कोतमा**

कोतमा पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए छत्तीसगढ़ी फिल्म इंडस्ट्री में सक्रिय रहे एक फरार इनामी गांजा तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। आरोपी पिछले चार वर्षों से फरार चल रहा था और उसके खिलाफ मध्यप्रदेश विधानसभा में आश्वासन प्रश्न भी दर्ज था। आरोपी अजय त्रिपाठी को उत्तरप्रदेश के कौशाम्बी जिले से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी थाना कोतमा पुलिस द्वारा साइबर सेल अनूपपुर के सहयोग से की गई। पकड़ा गया आरोपी अजय त्रिपाठी न सिर्फ गांजा तस्करी जैसे गंभीर अपराध में संलिप्त रहा है, बल्कि वह पहले भी उड़ीसा के बरगढ़ जिले के NDPS केस में पदमपुर जेल में बंद रह चुका है। 2021 में 219.5 किलो गांजा के साथ पकड़ी गई थी अर्टिगा कार मामला वर्ष 2021 का है जब 17 मार्च को कोतमा थाना क्षेत्र के अंतर्गत केवई पथरौड़ी के पास एक क्षतिग्रस्त अर्टिगा कार (क्रमांक CG 04व 5214) से 111 पैकेट में कुल 219.5 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया था। पुलिस ने NDPS एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। उस समय गाड़ी चला रहा आरोपी सोनू उर्फ हेमराज सपहा को गिरफ्तार कर लिया गया था, लेकिन मुख्य आरोपी और मास्टरमाइंड अजय त्रिपाठी फरार हो गया था। फिल्मों की आड़ में छिपा रहा था अपराधी

पुलिस जांच में यह सामने आया कि अजय त्रिपाठी छत्तीसगढ़ी फिल्म उद्योग में बतौर कलाकार और एल्बम निमार्ता सक्रिय था। फिल्मों की आड़ में वह फरारी की जिंदगी जी रहा था और पुलिस को गुमराह कर रहा था।कोतमा पुलिस ने उसे पकड़ने के लिए कई बार दबिश दी और अंततः साइबर सेल की मदद से उसके लोकेशन को ट्रैक कर 5 अक्टूबर को उत्तरप्रदेश के कौशाम्बी जिले से गिरफ्तार किया गया। अदालत में पेशी के बाद रिमांड पर लिया गया, आगे की पूछताछ जारी गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड लिया गया है। पूछताछ के दौरान मामले में और भी बड़े खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है। पुलिस को शक है कि आरोपी का नेटवर्क अन्य राज्यों तक फैला हो सकता है।

**पुलिस टीम को मिली सफलता**

इस बड़ी कामयाबी में थाना कोतमा के प्रभारी निरीक्षक रत्नाम्बर शुक्ल के नेतृत्व में सउनि विनय सिंह परिहार, प्रआर संजीव त्रिपाठी, आरक्षक मनोज उपाध्याय, जितेंद्र मंडलोई तथा साइबर सेल से प्रआर राजेन्द्र अहिरवार व आरक्षक पंकज मिश्रा की अहम भूमिका रही।पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगनाथ मरकाम एवं एसडीओपी कोतमा के मार्गदर्शन में की गई यह कार्रवाई क्षेत्र में संगठित अपराधों पर लगाम कसने की दिशा में एक बड़ा कदम मानी जा रही है।

# जनपद में आज महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर प्रमुख मन्दिरों में होगा अखण्ड रामायण पाठ

**समाज जागरण दैनिक विश्वनाथ त्रिपाठी**

प्रतापगढ़। मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा ने वीडियो कान्फ्रेन्सिंग के माध्यम से समस्त खण्ड विकास अधिकारियों व समस्त अधिशासी अधिकारियों के साथ बैठक करते हुये कहा कि प्रदेश सरकार के निदेशानुसार जनपद में दिनांक 07 अक्टूबर 2025 को महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर जनपद की प्रमुख मन्दिरों में महर्षि वाल्मीकि रचित रामायण के अखण्ड रामायण पाठ का आयोजन किया जाएगा। उन्होने ने बताया कि यह पाठ जनपद के प्रमुख देव मंदिरों में भव्यता और श्रद्धा के साथ होगा। उन्होंने कहा कि आदि कवि महर्षि वाल्मीकि द्वारा रचित रामायण भारतीय संस्कृति, सामाजिक और मानवीय मूल्यों की अमूल्य धरोहर है। सीडीओ ने बताया कि जिले के प्रमुख मंदिरों, वाल्मीकि स्थलों और अन्य धार्मिक स्थानों पर दीप प्रज्वलन, दीपदान के साथ 8, 12 या 24 घंटे का अखण्ड रामायण पाठ आयोजित होगा। कार्यक्रम को सकुशल सम्पन्न कराने के लिये सीडीओ ने समस्त खण्ड विकास अधिकारियों एवं समस्त अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जाये। मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम स्थलों पर साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश, ध्वनि और सुरक्षा की सभी व्यवस्थाएं समय पर पूरी की जाएं। उन्होंने निर्देश दिया है कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए कलाकारों और भजन मंडलियों का चयन भी कर लिया जाये। आयोजन से संबंधित जानकारी, तस्वीरें और विवरण संस्कृति विभाग के पोर्टल पर अपलोड किए जाएंगे। उन्होंने सभी अधिकारियों को विभागीय समन्वय के साथ इसे भव्य, अनुशासित और गरिमामय ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिये है। कार्यक्रम को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिये जिला विकास अधिकारी के0एन0 पाण्डेय को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। उन्होंने जनपदवासियों से अपील की कि वे बड़ी संख्या में इसमें शामिल होकर महर्षि वाल्मीकि के आदर्शों से प्रेरणा लें और समाज में भाईचारे, सत्य तथा सदाचार के मूल्यों को स्थापित करने में सहयोग करें।

# जनवरी 2026 से पहले रमजान नदी का होगा 987.01लाख रुपये से कायाकल्प

## मुख्यमंत्री ने नदी डिसिल्टेशन एवं भवन निर्माण विभाग के कार्यों का किया शिलान्यास

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**




समाहरणालय स्थित एन.आई.सी. कक्ष में सांसद किशनगंज लोकसभा क्षेत्र डॉ. मोहम्मद जावेद की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री, बिहार नीतीश कुमार ने 21.01.2025 को किशनगंज जिला में प्रगति यात्रा के दौरान की गई घोषणाओं के आलोक में रमजान नदी के डिसिल्टेशन, चैनलाइजेशन एवं सौंदर्यीकरण कार्य का शिलान्यास किया । यह कार्य जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना द्वारा स्वीकृत किया गया है, जिसकी प्रशासनिक स्वीकृति की राशि ₹987.01 लाख है। उक्त कार्य ढ़ेकसरा पुल से मझिया पुल तक कुल 9.45 कि.मी. की लंबाई में किया जाएगा, जिसका लक्ष्य दिनांक 31.01.2026 तक पूरा करने का है। साथ ही, मुख्यमंत्री द्वारा भवन निर्माण विभाग के अंतर्गत किशनगंज जिले में निम्नलिखित दो महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों का भी शिलान्यास किया गया । 1. प्रखंड सह अंचल कार्यालय सह आवासीय भवन, किशनगंज – प्रशासनिक स्वीकृति राशि ₹30.74 करोड़। 2. प्रखंड सह अंचल कार्यालय भवन, पोठिया – प्रशासनिक स्वीकृति राशि ₹16.62 करोड़। इन सभी योजनाओं के क्रियान्वयन से जिले के प्रशासनिक तंत्र को सुदृढ़ता मिलेगी तथा जनहित से जुड़े कार्यों की गुणवत्ता एवं गति में उल्लेखनीय सुधार होगा।

# पटना में सीएम ने किया मेट्रो का उद्घाटन

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**



पटना/ बिहार की राजधानी पटना में पहली बार मेट्रो ट्रेन का उद्घाटन कर लंबे इंतजार के बाद सोमवार को सीएम नीतीश कुमार ने आईएसबीटी स्टेशन से पटना मेट्रो की शुरूआत की। जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री ने हरी झंडी दिखाकर इस परियोजना का उद्घाटन किया। फिलहाल मेट्रो सेवा आईएसबीटी से भूतनाथ रोड के बीच 4.5 किलोमीटर लंबे एलिवेटेड ट्रैक पर चलेगी। इस मार्ग पर कुल दो मुख्य पड़ाव होंगे। न्यू आईएसबीटी से जीरो माइल तक का न्यूनतम किराया 15 रुपये और न्यू आईएसबीटी से भूतनाथ स्टेशन तक का किराया 30 रुपये रहेगा। मेट्रो अधिकतम 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलेगी। परिचालन का समय सुबह 8 बजे से रात 10 बजे तक तय किया गया है। मेट्रो सेवा शुरू होने से पहले सुरक्षा मानकों की पूरी जांच की गई थी। मेट्रो रेल सेफ्टी कमिश्नर (सीएमआरएस) ने इस प्राथमिक कॉरिडोर के लिए सुरक्षा प्रमाणपत्र जारी किया। इसके तहत सिग्नलिंग सिस्टम, पटरियों की गुणवत्ता, ट्रेन की गति, ब्रेकिंग सिस्टम और समग्र संचालन की क्षमता का परीक्षण किया गया था। जब सभी मापदंडों पर यह परियोजना खरी उतरी, तब उद्घाटन की अनुमति दी गई। इससे पहले 3 सितंबर को पहला ट्रायल रन किया गया था, जिसमें 800 मीटर ट्रैक पर मेट्रो को डिपो के अंदर चलाया गया था। 7 सितंबर को तीन कोच वाली मेट्रो ने स्टेशन से भूतनाथ रोड तक का ट्रायल सफर तय किया था, जिसमें तकनीकी जांच और सुरक्षा मानकों की समीक्षा की गई। पटना मेट्रो का डिजाइन बिहार की सांस्कृतिक विरासत को अभिव्यक्त करता है। ट्रेन की बोगियों को मधुबनी पेंटिंग से सजाया गया है, जिससे यह स्थानीय कला को वैश्विक मंच पर प्रदर्शित करती है। नारंगी रंग की बोगियों पर गोलघर, महावीर मंदिर, महाबोधि वृक्ष, बुद्ध स्तूप, नालंदा खंडहर जैसे प्रसिद्ध स्थलों की झलक मिलती है। इसका उद्देश्य न केवल परिवहन सुविधा देना है बल्कि बिहार की धरोहर और संस्कृति को यात्रियों तक पहुँचाना भी है। मेट्रो के एलिवेटेड रूट के साथ ही मुख्यमंत्री ने भूमिगत कॉरिडोर की नींव भी रखी। मेट्रो कॉरिडोर वन में छह भूमिगत स्टेशन और 9.35 किलोमीटर लंबी सुरंग का निर्माण किया जाएगा। यह परियोजना पटना जंक्शन, रुकनपुरा, राजा बाजार, चिड़ियाघर, विकास भवन, विद्युत भवन और मीठापुर जैसे महत्वपूर्ण स्थानों को जोड़ेगी। पहले हिस्से में रुकनपुरा से राजा बाजार और चिड़ियाघर स्टेशन तक का निर्माण कार्य 1147.50 करोड़ रुपये की लागत से होगा, जबकि दूसरे भाग में विकास भवन से मीठापुर रैंप तक का निर्माण 1418.30 करोड़ रुपये में पूरा किया जाएगा। पूरे कॉरिडोर वन के निर्माण पर लगभग 2565.80 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे और इसे 42 माह में पूरा किया जाना है।

# पटना में हथियार दिखाकर रिटायर्ड सचिवालय कर्मचारी से लूटा सोने की चेन

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के कदमकुआं थाना क्षेत्र में सोमवार की सुबह एक रिटायर्ड सचिवालय कर्मचारी से अपराधियों ने पिस्टल की नोक पर उनकी सोने की चेन छीन ली और फरार हो गया। जानकारी के अनुसार पीड़ित रिटायर्ड कर्मचारी सूर्य कुमार गुप्ता रोजाना की तरह सुबह टहलने निकले थे। बताया जाता है कि वे अपने घर से सब्जी खरीदने के लिए मछुआटोली की ओर पैदल जा रहे थे। तभी महावीर अपार्टमेंट के पास अचानक एक बाइक पर सवार तीन युवक उनके पीछे से आए और झपट्टा मारकर उनके गले से सोने की चेन छीन ली। यह कार्रवाई इतनी तेजी से की गई कि गुप्ता प्रतिक्रिया भी न दे सके। जब उन्होंने उन युवकों को रोकने की कोशिश की, तो एक अपराधी ने अपनी कमर से पिस्टल निकाल ली और उन पर तान दी। भय के माहौल में उन्होंने विरोध करना बंद कर दिया। घटना के वक्त आसपास मौजूद लोगों ने भी हथियार देखकर कुछ करने से परहेज किया। लोग डर के कारण पीड़ित की मदद करने आगे नहीं बढ़ पाए। अपराधी मात्र कुछ सेकंड में सोने की करीब डेढ़ भर की चेन, जिसकी कीमत दो लाख रुपये बताई जा रही है, लेकर फरार हो गए। लूट की घटना के बाद सूर्य कुमार गुप्ता घबराए हुए कदमकुआं थाने पहुंचे और पुलिस को पूरे मामले की जानकारी दी। पुलिस ने गुप्ता का बयान दर्ज कर लिया है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने का काम शुरू कर दिया है। कदमकुआं थाने की पुलिस के अनुसार, इलाके में कई जगह सीसीटीवी कैमरे लगे हैं और उनमें अपराधियों की गतिविधि स्पष्ट दिखाई देने की उम्मीद है। पुलिस का कहना है कि फुटेज के आधार पर अपराधियों की पहचान जल्द हो जाएगी और उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा। पुलिस अधिकारियों ने बयान जारी करते हुए दावा किया है कि अपराधियों की जल्द पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा। कदमकुआं थाना प्रभारी ने बताया कि जांच टीम गठित कर दी गई है और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर अपराधियों की तलाश जारी है। इसके अलावा आसपास के थानों को भी सतर्क किया गया है ताकि यदि अपराधी दूसरे क्षेत्रों में छिपे हों तो उन्हें पकड़ने में आसानी हो।

# पटना के निजी अस्पताल में इलाज के दौरान युवक की मौत

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**



पटना/ राजधानी पटना के दानापुर थाना अंतर्गत सगुना मोड़ स्थित हाईटेक अस्पताल में रविवार की रात इलाज के दौरान एक युवक की मौत हो गई। परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया और इसके विरोध में जमकर तोड़फोड़ की। देखते ही देखते स्थिति इतनी बिगड़ गई कि पुलिस को हल्का बल प्रयोग कर भीड़ को नियंत्रित करना पड़ा। मृतक की पहचान मनेर के छितनावा निवासी जितेंद्र राय के 25 वर्षीय पुत्र आकाश कुमार के रूप में की गई है। बताया गया कि करीब एक माह पहले आकाश के हाथ की नस में दर्द की शिकायत पर अस्पताल में ऑपरेशन किया गया था। ऑपरेशन के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई थी। चार दिन पहले फिर से कमर और पैर में दर्द बढ़ने पर परिजनों ने उसे उसी अस्पताल में भर्ती कराया। रविवार सुबह तक उसकी हालत सामान्य थी, लेकिन देर रात अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई। परिजनों का आरोप है कि आकाश को कमजोरी महसूस होने लगी थी, जिसके बाद उन्होंने अस्पताल से खून की व्यवस्था करने को कहा, लेकिन अस्पताल प्रशासन ने इस पर ध्यान नहीं दिया। स्थिति बिगड़ने पर उसे आईसीयू में वेंटिलेटर पर रखा गया, लेकिन कुछ ही देर बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनते ही परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। उनका कहना था कि समय रहते यदि सही इलाज किया जाता और खून की व्यवस्था कर दी जाती, तो आकाश की जान बच सकती थी। इतना ही नहीं, परिजनों ने आरोप लगाया कि जब वे डॉक्टरों और प्रबंधन से बात करने पहुंचे, तो अस्पताल के बाउंसरों ने उनके साथ बदसलूकी की। परिजनों ने यह भी आरोप लगाया कि बाउंसरों ने महिलाओं से मारपीट की, जिसके बाद स्थिति पूरी तरह बेकाबू हो गई। गुस्साए लोगों ने अस्पताल परिसर में तोड़फोड़ शुरू कर दी। उन्होंने बिलिंग काउंटर, एंबुलेंस और तीन कारों के शीशे तोड़ दिए। अस्पताल के बाहर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हंगामे की सूचना मिलते ही दानापुर और रूपसपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। एएसपी शिवम धाकड़ के नेतृत्व में पुलिस टीम ने पहले परिजनों को समझाने की कोशिश की, लेकिन भीड़ शांत नहीं हुई। हालात पर काबू पाने के लिए पुलिस को हल्का बल प्रयोग करना पड़ा। इसके बाद भीड़ को तितर-बितर किया गया। हंगामे के दौरान दोनों पक्षों के लगभग आधा दर्जन लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भेज दिया है। अस्पताल प्रबंधक आंचल ने बताया कि युवक की मौत हार्ट अटैक के कारण हुई है। उन्होंने कहा कि आकाश को जब वेंटिलेटर पर रखा गया, तब तक उसकी स्थिति काफी गंभीर हो चुकी थी। डॉक्टरों ने पूरी कोशिश की, लेकिन जान नहीं बचाई जा सकी। प्रबंधन ने यह भी कहा कि मरीज की मौत के बाद परिजनों ने बिना किसी बातचीत के अचानक तोड़फोड़ शुरू कर दी और कर्मचारियों के साथ मारपीट की। वही एएसपी शिवम धाकड़ ने बताया कि अस्पताल परिसर में हुई तोड़फोड़ और पथराव के मामले में जांच की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं ताकि यह पता लगाया जा सके कि तोड़फोड़ में कौन-कौन शामिल थे। उन्होंने कहा कि किसी को भी कानून अपने हाथ में लेने की अनुमति नहीं है। यदि अस्पताल की लापरवाही से मौत हुई है तो परिजनों को पुलिस में शिकायत दर्ज करानी चाहिए थी, न कि हिंसा और तोड़फोड़ का रास्ता अपनाना चाहिए था।

# बिहार में बजा चुनावी बिगुल दो चरणों में होगा मतदान आचार संहिता लागू

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**




नबीनगर(बिहार) बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की तारीखों का ऐलान हो गया है। भारत निर्वाचन आयोग ने घोषणा की है कि बिहार में दो चरणों में मतदान होगा। पहले चरण का मतदान 6 नवंबर को और दूसरे चरण का मतदान 11 नवंबर को होगा।वहीं मतगणना 14 नवंबर को की जाएगी।औरंगाबाद जिले के नबीनगर सहित सभी 6 सीटों का चुनाव दूसरे चरण में कराया जाएगा। चुनाव की घोषणा के साथ ही राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू हो गया है।चुनाव आयोग ने गजट अधिसूचना जारी करने की तिथि प्रथम चरण के लिए 10 अक्टूबर 2025 और दूसरे चरण के लिए 13 अक्टूबर 2025 निर्धारित किया है वहीं नामांकन करने की अंतिम प्रथम चरण के लिए 17 अक्टूबर 2025 और दूसरे चरण के लिए 20 अक्टूबर 2025 है।नामांकन की जांच की तिथि 18 अक्टूबर 2025 पहला चरण और 21 अक्टूबर 2025 दूसरा चरण है।नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि 20 अक्टूबर 2025 पहला चरण और 23 अक्टूबर 2025 दूसरा चरण है।वही मतदान की तिथि 6 नवंबर 2025 पहला चरण और 11 नवंबर 2025 दूसरा चरण है इसके साथ ही मतगणना की तिथि 14 नवंबर 2025 निर्धारित किया गया है। प्रथम चरण में 121 सीटों पर जबकि दूसरे चरण में 122 सीटों पर चुनाव कराया जाएगा।

# पटना के निजी अस्पताल में प्रसव के बाद महिला की मौत

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के बिहटा थाना क्षेत्र में रविवार की देर रात मीरा झा रोड स्थित एक निजी अस्पताल में प्रसव के बाद एक महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान बिहटा प्रखंड के पैनाठी गांव निवासी संतोष कुमार की 25 वर्षीय पत्नी पूजा कुमारी के रूप में की गई है। महिला की मौत के बाद परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया, वहीं घटना के बाद डॉक्टर और सभी कर्मी क्लीनिक छोड़कर फरार हो गए। जानकारी के अनुसार रविवार की शाम पूजा कुमारी को प्रसव पीड़ा हुई तो परिवार के लोग उन्हें बिहटा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टरों ने स्थिति गंभीर बताकर उन्हें बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया। लेकिन परिवार पटना जाने के बजाय नजदीक के निजी अस्पताल महावीर सेवा सदन में भर्ती करा दिया। यहां मौजूद डॉक्टर राजीव कुमार ने पूजा का ऑपरेशन कर बच्चे को जन्म दिलवाया। प्रसव के बाद पूजा ने स्वस्थ शिशु को जन्म दिया था, लेकिन कुछ ही समय बाद उनकी तबीयत अचानक बिगड़ने लगी। बताया गया कि ऑपरेशन के बाद महिला को अत्यधिक रक्तस्राव हुआ, जिससे उसकी स्थिति गंभीर हो गई। मृतका के पति संतोष कुमार ने बताया कि उनकी पत्नी ने सफलता पूर्वक बच्चे को जन्म दिया था। उन्होंने अपने बच्चे को देखा भी था, लेकिन डॉक्टर ने उन्हें बताया कि पूजा की हालत नाजुक है और इलाज के लिए अधिक पैसे की जरूरत होगी। संतोष ने बताया कि वह पैसे लेने घर गए, लेकिन जब लौटे तो उन्हें पता चला कि डॉक्टर ने उनकी पत्नी को पटना रेफर कर दिया है। संतोष के अनुसार, जब तक वे वापस क्लीनिक पहुंचे, उनकी पत्नी की मौत हो चुकी थी। उन्होंने आरोप लगाया कि डॉक्टरों ने जानबूझकर इलाज में लापरवाही बरती और स्थिति बिगड़ने पर बिना जानकारी दिए रेफर कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही पूजा के परिजन और स्थानीय लोग क्लीनिक के बाहर जमा हो गए और जमकर हंगामा करने लगे। लोगों का आरोप था कि डॉक्टर की लापरवाही और देर से की गई चिकित्सा के कारण पूजा की जान गई। सूचना मिलते ही बिहटा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि जब पुलिस क्लीनिक पहुंची, तब तक डॉक्टर राजीव कुमार और क्लीनिक के सभी कर्मचारी वहां से फरार हो चुके थे। पुलिस ने तत्काल क्लीनिक को घेर लिया और मौके से मिले कुछ दस्तावेजों को जब्त कर लिया है।डॉक्टर और कर्मियों के फरार होने के बाद महावीर सेवा सदन में भर्ती अन्य महिला मरीजों को पुलिस की निगरानी में नजदीकी सरकारी अस्पताल में भेजा गया। पुलिस ने बताया कि प्राथमिक जांच में यह मामला चिकित्सा लापरवाही का प्रतीत होता है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि महिला की मौत किस कारण से हुई। थानाध्यक्ष ने कहा कि इस घटना की विस्तृत जांच शुरू कर दी गई है और डॉक्टर सहित सभी कर्मियों की तलाश की जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि क्लीनिक के पास आवश्यक अनुमति और पंजीकरण से संबंधित दस्तावेजों की भी जांच की जाएगी।

# पटना के निजी अस्पताल में गार्ड के द्वारा पिटाई किये जाने से युवक की मौत

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के पाटलिपुत्र थाना क्षेत्र स्थित एक निजी अस्पताल के कैंपस में एक युवक किसी अनजाने कारण से घुसा था और वहां से कुछ सामान उठाकर भागने की कोशिश कर रहा था। इसी दौरान अस्पताल के गार्ड और स्टाफ ने उसे पकड़ लिया और जमकर पिटाई कर दी। गंभीर चोटों के कारण युवक की मौत अस्पताल पहुंचने से पहले ही हो गई। घटना रविवार की देर रात की बताई जा रही है। पाटलिपुत्र थाना क्षेत्र के एक निजी अस्पताल के गेट पर तैनात सुरक्षा गार्ड ने देखा कि एक अज्ञात युवक परिसर में घुसा और लोहे की छड़ जैसी चीजें उठाकर भागने लगा। सुरक्षा कर्मियों को शक हुआ कि वह चोरी करने आया है। उन्होंने उसे रोकने की कोशिश की, लेकिन वह भागने लगा। गार्ड ने उसे पकड़ लिया और अस्पताल के कुछ अन्य कर्मी भी मौके पर पहुंच गए। इसके बाद युवक की बेरहमी से पिटाई शुरू हो गई। पिटाई के बाद युवक की हालत बिगड़ गई। उसे बेहोशी की हालत में अस्पताल प्रबंधन ने आनन-फानन में उसे पास के पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल (पीएमसीएच) भेज दिया। हालांकि, वहां पहुंचने से पहले ही युवक ने दम तोड़ दिया। युवक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। पुलिस ने बताया कि युवक की उम्र लगभग 25 से 30 वर्ष के बीच होगी। उसके पास कोई पहचान पत्र या दस्तावेज नहीं मिला है। इस पूरे मामले में एक बड़ा सवाल यह भी उठ रहा है कि घटना के लगभग दो से तीन घंटे बाद पुलिस को सूचना दी गई। अस्पताल के कर्मियों ने पहले आंतरिक रूप से मामले को संभालने की कोशिश की, लेकिन जब स्थिति नियंत्रण से बाहर हो गई और युवक की मौत हो गई, तब उन्होंने डायल 112 को सूचना दी। सूचना मिलते ही पाटलिपुत्र थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। वही पुलिस ने अस्पताल के दो गार्ड और तीन अन्य स्टाफ को हिरासत में लिया है। सभी से पूछताछ की जा रही है। पूछताछ के दौरान उन्होंने बताया कि उन्हें यह अंदेशा था कि युवक चोरी करने के इरादे से कैंपस में घुसा था। इसी शक में उन्होंने उसे पकड़ा और पिटाई कर दी। उनका कहना है कि उन्हें अंदाजा नहीं था कि पिटाई इतनी गंभीर होगी कि युवक की मौत हो जाएगी। पाटलिपुत्र थाने की पुलिस ने मौके से सभी सबूत एकत्र कर लिए हैं। कैंपस में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी जांच के लिए जब्त की गई है।

फुटेज से यह स्पष्ट करने की कोशिश की जा रही है कि युवक कब और कैसे अस्पताल परिसर में दाखिल हुआ था, और पिटाई की घटना किन परिस्थितियों में हुई। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि क्या युवक वास्तव में चोरी करने आया था या किसी अन्य कारण से कैंपस में पहुंच गया था।

# पटना में बाढ़ के पानी मे डूबने से हुई दो सगे भाइयों की मौत

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के दीदारगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत महमदपुर गांव में एक ही परिवार के दो सगे भाइयों की बाढ़ के पानी में डूबने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सोनावा पंचायत के ज्ञानचक गांव निवासी हरिद्वार सिंह के दो बेटे युवराज और बिराज कल दोपहर से लापता थे। परिजनों ने देर रात तक दोनों की तलाश की लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। परिजन थक-हारकर घर लौट आए। वहीं सोमवार की सुबह जब ग्रामीण खेत की ओर गए तो उन्होंने बाढ़ के पानी में एक शव देखा। पहचान करने पर पता चला कि वह हरिद्वार सिंह का बेटा युवराज है। इसी दौरान कुछ दूरी पर दूसरे बेटे बिराज का शव भी मिला। यह खबर फैलते ही पूरे गांव में कोहराम मच गया। देखते ही देखते सैकड़ों ग्रामीण घटनास्थल पर जुट गए। घटना की सूचना मिलते ही मृतकों के परिजन भी मौके पर पहुंचे। दोनों बेटों के शव देखकर माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। हरिद्वार सिंह के परिवार में अब कोई पुत्र नहीं बचा है। ग्रामीणों के मुताबिक, दोनों भाइयों की उम्र लगभग 14 और 16 वर्ष के बीच थी। यह परिवार पहले ही आर्थिक रूप से कमजोर था और अब इस हादसे ने उनके जीवन में अंधेरा भर दिया है। घटना की जानकारी मिलते ही दीदारगंज थानाध्यक्ष रणवीर कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह मामला डूबने से हुई मौत का प्रतीत होता है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# 45-घाटशिला (अ.ज.जा.) विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव की घोषणा, जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक ने की प्रेस वार्ता

**दैनिक समाज जागरण चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ) पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**



भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 45-घाटशिला (अ.ज.जा.) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के उपचुनाव की घोषणा की गई है। उपचुनाव की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। इस मौके पर समाहरणालय सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री कर्ण सत्यार्थी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक श्री पीयूष पांडेय ने एमसीसी के प्रभावी होने तथा चुनाव प्रक्रिया की महत्वपूर्ण तिथियों की जानकारी दी। प्राप्त कार्यक्रमानुसार विवरणी निम्नवत है- अधिसूचना जारी करने की तिथि- 13.10.2025 (सोमवार) नामांकन की अंतिम तिथि- 21.10.2025 (मंगलवार) नामांकन पत्रों की जांच कीतिथि- 22.10.2025 (बुधवार) उम्मीदवारी वापस लेने की अंतिम तिथि- 24.10.2025 (शुक्रवार) मतदान की तिथि- 11.11 .2025 (मंगलवार) मतगणना की तिथि- 14.11.2025 (शुक्रवार) निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण होने की अंतिम तिथि- 16.11.2025 (रविवार) जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री कर्ण सत्यार्थी ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप जिले में निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण मतदान की सभी तैयारियां सुनिश्चित की जाएँगी। आचार संहिता लागू होने के साथ ही निर्वाचन कार्य हेतु गठित सभी कोषांग को आवश्यक निर्देश जारी कर दिए गए हैं। निर्वाचन कार्य के सफल संपादन हेतु कुल 15 कोषांग यथा- निर्वाचन कोषांग, Communictaion Plan & Electoral Roll, , कार्मिक कोषांग, प्रशिक्षण कोषांग, ईवीएम कोषांग, रश्एएढ, समाग्री कोषांग, व्यय लेखा कोषांग, मतपत्र कोषांग, वाहन कोषांग, सूचना तकनीकी कोषांग, MCC & Law & Order, DCC, Suvidha, C-Vigil, मीडिया एवं एमसीएमसी कोषांग, Control Room, Complaint Redressal & Voter HelpLine प्रेक्षक कोषांग, PwD's कोषांग का गठन किया गया है तथा सभी नोडल पदाधिकारियों को उनकी भूमिका एवं दायित्वों के संबंध में स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं । जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि 45-घाटशिला (अ.ज.जा.) विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव हेतु निवार्ची पदाधिकारी घाटशिला के अनुमंडल पदाधिकारी श्री सुनील चंद्रा होंगे। सहायक निवार्ची पदाधिकारी के रूप में सीओ धालभूमगढ़, सीओ घाटशिला एवं बीडीओ घाटशिला कार्य करेंगे। नामांकन की प्रक्रिया अनुमंडल कार्यालय घाटशिला में संपन्न होगी ।उन्होने बताया कि मतदाता नामांकन की अंतिम तिथि के 10 दिन पूर्व तक मतदाता सूची में नाम जोड़ने हेतु आवेदन कर सकते हैं । वरीय पुलिस अधीक्षक श्री पीयूष पांडेय ने कहा कि चुनाव के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने हेतु समुचित सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी। क्रिटिकल बूथों की पहचान कर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी ।

साथ ही चुनाव के दौरान मतदाताओं को प्रभावित करने से रोकथाम हेतु नगद, शराब, उपहार, ड्रग्स के अवैध परिवहन एवं असामाजिक तत्वों की निगरानी के लिए 16 चेकनाका बनाए जाएंगे जिसमें इंटर स्टेट 10, इंटर डिस्ट्रिक्ट 5 तथा शहरी क्षेत्र में 1 चेकनाका शामिल हैं। उन्होने कहा कि फरार अभियुक्तों के धरपकड़ हेतु अभियान चलाते हुए निरोधात्मक कार्रवाई की जाएगी। लाइसेंसी आर्म्स का सत्यापन कराते हुए जमा लिया जाएगा । साथ ही किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों के रोकथाम के लिए भी सघन अभियान चलाया जाएगा।

# पटना पुलिस ने किया अवैध शराब के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार

## एक कार, दो बाइकें जप्त

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के बिहटा थाना क्षेत्र में गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने 82 लीटर विदेशी शराब के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। जिसके पास से एक कार व दो बाइकें जप्त की गई है। जिसकी जानकारी प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए पटना पश्चिमी सिटीएसपी भानु प्रताप सिंह ने सोमवार को किया है।

प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार पटना जिले के बिहटा थाने की पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि दियारा क्षेत्र से एक कार में विदेशी शराब लेकर छपरा भेजी जा रही है। जिसकी निगरानी दो बाइक सवारों द्वारा की जा रही है। सूचना पाकर बिहटा थाने की पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र के मुस्तफापुर तीन मोहानी के पास कार व बाइको को रोककर तलाशी ली। जिसके दौरान कार से 82 लीटर विदेशी शराब बरामद हुई है। वही पुलिस ने दो बाइक सवारों सहित तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही दो बाइको व कार को भी जप्त कर पुलिस ने थाने लाई है। गिरफ्तार लोगो की पहचान बैशाली जिले के राघोपुर थाना अंतर्गत सैदावाद निवासी सिद्धेश्वर राय के 30 वर्षीय पुत्र सोनू कुमार व शुरेश प्रसाद के 32 वर्षीय पुत्र मनीष कुमार तथा सारण (छपरा) जिले के डोरीगंज थाना अंतर्गत रायपुर गांव निवासी सिकन्दर राय के 20 वर्षीय पुत्र धर्मेंद्र कुमार के रूप में हुई है। सभी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्यवाई की जा रही है।

# जैतो के अध्यापक मोहल्ला निवासियों ने उधम क्लब जैतो के सहयोग से पौधे रोपे

**(मन्नू शर्मा पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख)**



जैतो, : जैतो के अध्यापक मोहल्ला निवासियों ने उधम क्लब जैतो और बलिहार फाउंडेशन के सहयोग से मोहल्ले में 9 पौधे और 9 ट्री गार्ड लगाए। मोहल्ले के सभी निवासियों ने बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ पौधे लगाए और पेड़ लगाने व उनकी देखभाल में पूरा सहयोग देने का वादा किया। इन पौधों को लगाने के लिए ट्री गार्ड दान करने की सेवा मोहल्ले निवासियों द्वारा की गई। यह प्रयास जैतो के शिक्षकों में हरबंस सिंह पुन्नी, एडवोकेट स्वराज सिंह, मक्खन सिंह, गुरदीप सिंह, राकेश कुमार, संजीव सिंह सोनी और हरपाल सिंह के विशेष प्रयासों से संभव हुआ। उधम क्लब जैतो और बलिहार फाउंडेशन के सदस्यों रेशम सिंह बराड़, मास्टर स्वर्ण सिंह, जगदेव सिंह ढल्ला और जसमन ढल्ला आदि द्वारा विभिन्न प्रकार के पौधे रोपे गए। उधम क्लब जैतो के अध्यक्ष गुरजंग सिंह और सभी पदाधिकारियों ने जैतो के अध्यापक मोहल्ला निवासियों का धन्यवाद किया और जैतो निवासियों को संदेश दिया कि यदि कोई भी निवासी जैतो में कहीं भी ट्री गार्ड सहित पौधे लगाना चाहता है, या अपने सुख-दुख के अवसर पर पौधों का लंगर लगाना चाहता है या ग्रीन दिवाली मनाने के लिए निःशुल्क पौधों का स्टॉल लगाने में सहयोग करना चाहता है, तो वह उधम क्लब जैतो और बलिहार फाउंडेशन के सदस्यों से संपर्क कर सकता है।उधम क्लब जैतो के सदस्य जैतो के अध्यापक मोहल्ला में पौधारोपण करते हुए।

# सर्पदंश से एक व्यक्ति की मौत, घर पर पसरा मातम

**दैनिक समाज जागरण**
**अनील कुमार संवाददाता**
**नबीनगर (औरंगाबाद)**



नबीनगर (बिहार)नवीनगर प्रखंड के एनटीपीसी खैरा थाना क्षेत्र के बड़की सलैया गांव में रविवार को सर्पदंश से एक व्यक्ति की मौत हो गई है। मृत व्यक्ति की पहचान बडकी सलैया गांव निवासी भुषण राम के 35 वर्षीय पुत्र मिथलेश राम के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मिथलेश राम अपने मकान में मिट्टी का भराई का काम कर रहा था तभी एक विषैला सांप ने उन्हें डस लिया सांप के डसने के बाद शोरगुल मचाकर इसकी जानकारी आसपास के अन्य लोगों को दी । इसके बाद घटनास्थल पर परिजन व ग्रामीण पहुंचे इसके बाद परिजन उन्हें अस्पताल ले जाने के बजाय पहले अंधविश्वास में पड़कर एक ओझा गुनी के पास झाड़फुक करने को लेकर चले गए। घंटो झाड़फुंक के बाद भी जब मिथलेश राम की स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ तो परिजन उन्हे लेकर मदनपुर के वार गांव स्थित बक्स बाबा मन्दिर लेकर चले गए वहां भी स्थिति में सुधार नही हुआ थक हार कर परिजन उसे लेकर सदर अस्पताल पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने नब्ज टटोलते ही उसे मृत घोषित कर दिया ।घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर परिजनों से पूछताछ कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद परिवार के लोगों को रो रो कर बुरा हाल है। वही गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। परिजनों ने जिला प्रशासन से आपदा राहत के तहत मुआवजे की मांग की है।

# देसी शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार बाइक जप्त

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**
नबीनगर (बिहार) नवीनगर थाना पुलिस ने नगर पंचायत क्षेत्र के नयका बिगहा गांव में एक बड़ी कार्रवाई करते हुए दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों में गुड्डू कुमार और चंदन कुमार शामिल हैं। पुलिस ने उनके पास से 32.50 लीटर देशी शराब और एक मोटरसाइकिल बरामद किया है।मामले में थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार उपाध्याय ने बताया कि गुड्डू कुमार और चंदन कुमार के खिलाफ नवीनगर थाना में कांड संख्या-302/25 दर्ज किया गया है। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बरामद शराब और मोटरसाइकिल को जब्त कर थाना लाया गया है। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है और मामले की जांच कर रही है।

# अलग अलग जगहों से देशी और विदेशी शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**
नबीनगर (बिहार) नबीनगर प्रखंड के बड़ेम और माली थाना पुलिस ने शराबबंदी कानून के तहत दो अलग-अलग मामलों में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार



किया है। बड़ेम थानाध्यक्ष अमरजीत चौधरी ने बताया कि 22 लीटर देसी और 35 लीटर विदेशी शराब के साथ थाना क्षेत्र के बड़ेम गांव निवासी गुड़िया देवी को गिरफ्तार किया गया है इधर माली थानाध्यक्ष दीपक कुमार राय ने बताया कि थाना क्षेत्र के सिमरा गांव निवासी हरेंद्र प्रजापति को 11 लीटर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है । पुलिस ने दोनों मामलों में एफआईआर दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। दोनों अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# राजस्थान में अनार की फसल प्रभावित होने की शिकायत पर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लिया संज्ञान

## अनार की फसल पर रोगों के प्रकोप की तत्काल जांच के लिए दिए निर्देश

**समाज जागरण**
**(रघुनंदन पराशर जैतो)**



चंडीगढ़,केंद्रीय कृषि व किसान मंत्रालय ने सोमवार को कहा किःराजस्थान के बालोतरा जिले एवं आसपास के अनार बाहुल्य क्षेत्रों में टिकड़ी रोग सहित विभिन्न रोगों से फसल प्रभावित होने संबंधी समाचारों और शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए, केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने तत्काल जांच के निर्देश दिए हैं।केंद्रीय कृषि मंत्री श्री चौहान ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के महानिदेशक को निर्देशित किया है कि वैज्ञानिकों की एक विशेष टीम अनार के प्रभावित क्षेत्रों का तत्काल दौरा कर स्थिति का आकलन करे। यह टीम फसल में हो रहे रोगों के कारणों, मौजूदा प्रबंधन उपायों और किसानों द्वारा अपनाई जा रही तकनीकों का विस्तृत अध्ययन करेगी। (वैज्ञानिकों की रिपोर्ट के आधार पर होगी कार्रवाई):केंद्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह ने कहा कि क्ष्अफके वैज्ञानिकों की जांच रिपोर्ट के आधार पर व्यापक कार्ययोजना तैयार की जाएगी, जिसमें पौधों की छंटाई, रोग प्रबंधन, उर्वरक एवं कीटनाशक के समुचित प्रयोग तथा आधुनिक बागवानी तकनीकों को बढ़ावा देने के उपाय शामिल होंगे। (किसानों के लिए प्रशिक्षण और तकनीकी सहायता):श्री शिवराज सिंह ने आश्वस्त किया कि प्रभावित किसानों को निर्यात गुणवत्ता के अनार उत्पादन व रोग प्रबंधन के लिए केंद्रीय शुष्क बागवानी संस्थान बीकानेर, राष्ट्रीय अनार अनुसंधान केंद्र (NRC) सोलापुर, काजरी जोधपुर और संबंधित कृषि विश्वविद्यालयों के विशेषज्ञ मिलकर प्रशिक्षण और तकनी की सहायता प्रदान करेंगे। (सामूहिक प्रयास से समस्या का समाधान): केंद्रीय मंत्री श्री चौहान ने कहा कि यह समस्या सामूहिक प्रयास से ही नियंत्रित हो सकती है और इसके लिए केंद्र एवं राज्य के कृषि/बागवानी विभाग, अनुसंधान संस्थान तथा कृषि विज्ञान केंद्र मिलकर कार्य करेंगे, ताकि किसानों की समस्या का समुचित समाधान हो और उनकी आय एवं उत्पादन दोनों में वृद्धि हो सके।

# चुनाव की तारीखों का ऐलान होते ही नबीनगर में हटाये गए बैनर-पोस्टर

**दैनिक समाज जागरण**
**अनील कुमार संवाददाता**
**नबीनगर (औरंगाबाद)**




नबीनगर (बिहार) नवीनगर में बिहार विधान सभा चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होते ही प्रशासन सक्रिय हो गया है। अंचलधिकारी निकहत प्रवीण,प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुण सिंह के नेतृत्व में शहर मे लगे विभिन्न राजनीतिक दलों के बैनर-पोस्टर हटाने का अभियान शुरू कर दिया गया है। आचार संहिता लागू होते ही, चौक-चौराहों, दीवारों, बिजली के खंभों और निजी आवासों पर लगे राजनीतिक बैनर-पोस्टर हटाए जा रहे हैं। प्रशासन की टीमें सार्वजनिक स्थलों पर पूरी तरह सक्रिय नजर आ रही हैं। पदाधिकारियो ने चेतावनी दी है कि यदि कोई राजनीतिक दल दोबारा बैनर-पोस्टर लगाता है, तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुण सिंह ने कहा कि चुनाव आयोग के निदेर्शानुसार यह कार्रवाई आचार संहिता का पालन सुनिश्चित करने के लिए की जा रही है उल्लंघन करने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# *असम के तिनसुकिया जिला छात्र संस्था के सौजन्य से अखिल असम भावना प्रतियोगिता हेतु मुल स्तंभ धर्मीय रीति द्वारा स्थापित।

**समाज जागरण गोरख नाथ गुप्ता* ।**
अखिल असम छात्र संस्था के तिनसुकिया जिला समिति के सौजन्य और दुमदुमा आंचलिक छात्र संस्था के आतिथ्य और बृहत्तर दुमदुमा वासी के सहयोग से दुमदुमा नगर खेल मैदान में आगामी 11 अक्टूबर से 16 अक्टूबर तक दुमदुमा में पहली बार आयोजित राज्यस्तर पर महापुरुष नाट्य प्रदर्शन हेतु आज अनुष्ठानिक रूप से लाई खुंटा स्थापित किया गया। अखिल असम स्तर पर पहली बार आयोजित भाउना प्रतियोगिता के मूल मंडप के लाई खुंटा आज दिन की 11 बजे संपूर्ण मांगलिक पूजा के द्वारा आयोजन समिति के सभापति मृगेन सैकिया , कार्यकारी सभापति वीरेंद्र हाजरिका, छात्र संस्था के केंद्रीय समिति के सह सचिव समर ज्योति गोहाईं आदि समेत कई गण मान्य व्यक्ति तथा वैष्णव भक्त, माताओं ने अंश ग्रहण कर पूजा विधि का कार्य संपन्न किया। गायन - बायन,उपस्थित माताओं ने मंगल ध्वनि ऊरुली, और मांगलिक मंत्रोंचारण के बीच लाई खुंटा स्थापित किया गया। मालूम हो कि असम में विभिन्न जगहों पर धार्मिक नाटक कि मंचन किया जाता है।इस आयोजन हेतु लाई खुंटा का स्थापना भाउना स्वागत समिति के सभापति मृगेन सैकिया, कार्यकारी सभापति वीरेंद्र हाजरिका ,अखिल असम छात्र संस्था के सह सचिव



समर ज्योति गोहाईं, अखिल तिनसुकिया जिला छात्र संस्था के सभापति प्रतिम नेऊग ने दुमदुमा आंचलिक के अध्यक्ष विराज गोहाई सचिव समुज्वल बोरा सोनवाल ने किया। आज के आयोजन में अखिल असम छात्र संस्था के सह सचिव समर ज्योति गोसाईं ने छात्र संस्था के सभी सदस्यों को असम के महापुरुष श्री मतं शंकर देव के असम सृष्टि आध्यात्मिक ध्यान समूह धारण करके असमिया जाति के भाउना संस्कृति के माध्यम से प्रत्येक छात्र संस्था के सदस्य इसे अपनाने का लक्ष्य को लेकर इस महान आयोजन किए जाने का उद्देश्य बताया। इस प्रतियोगिता में अखिल असम छात्र संघ के मुख्य सलाहकार डॉ. समुज्जल भट्टाचार्य, अध्यक्ष उत्पल शर्मा, महासचिव समीरन फुकन और कई अन्य केंद्रीय नेतृत्व वृंद शामिल होने की आशा व्यक्त की है। भावना के जरिए आध्यात्मिक समूह संचालन के दौरान अज्ञातवश हो रहे त्रुटि को वैष्णव भक्त और माताओं द्वारा मार्गदर्शक देने हेतु अंचल के सभी नामघर के भक्त और माताओं से आह्वान के साथ लाई खुंटा स्थापना के कार्यक्रम में आयोजन समिति के सभापति मृगेन सैकिया अपने संक्षिप्त भाषण में आयोजित कार्यक्रम में लोगों को उपस्थित रहने का अनुरोध किया।

# 86 बस्तीवासियों को मालिकाना हक देने की मांग हुई तेज, विधायक पूर्णिमा साहू ने मुख्यमंत्री को भेजा पत्र, चुनावी वादों की दिलाई याद, शीघ्र निर्णय लेने की मांग की

**दैनिक समाज जागरण**
**चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**
**पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**




जमशेदपुर। जमशेदपुर की 86 से अधिक बस्तियों के वासियों को मालिकाना हक प्रदान करने की दिशा में राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू ने सोमवार को राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर बस्तीवासियों को भूमि पर पूर्ण मालिकाना हक दिए जाने की मांग की है। उन्होंने इसे जनहित से जुड़ा अत्यंत संवेदनशील व गंभीर मुद्दा बताया है। विधायक पूर्णिमा साहू ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि जमशेदपुर की इन बस्तियों में लाखों लोग कई दशकों से निवास कर रहे हैं और उनकी वर्षों से यह मांग रही है कि उन्हें उनके आवासीय भूमि पर मालिकाना हक मिले, ताकि उनका जीवन सुरक्षित, सम्मानजनक और स्थिर बन सके। पत्र में उन्होंने बताया कि झारखंड सरकार द्वारा टाटा लीज नवीकरण के दौरान वर्ष 2005 में नीतिगत निर्णय लेते हुए लगभग 1800 एकड़ भूमि इन 86 बस्तियों के लिए सुरक्षित रखी गई थी। इसके बाद वर्ष 2018 में तत्कालीन एनडीए सरकार ने बस्तीवासियों को 10-10 डिसमिल भूमि आवासीय उद्देश्य से लीज बंदोबस्ती की नीति बनाकर एक ऐतिहासिक कदम उठाया था। उन्होंने आगे कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा एवं कांग्रेस पार्टी ने भी पिछले विधानसभा चुनाव में अपने घोषणापत्र और चुनावी सभाओं में बस्तीवासियों को मालिकाना हक देने का स्पष्ट आश्वासन दिया था। नवंबर 2024 में जमशेदपुर में आयोजित एक चुनावी सभा में विधायक कल्पना सोरेन ने भी घोषणा की थी कि झामुमो की सरकार बनने पर बिरसानगर सहित सभी बस्तियों के निवासियों को मालिकाना हक प्रदान किया जाएगा। पूर्णिमा साहू ने पत्र के साथ झामुमो-कांग्रेस नेताओं द्वारा मालिकाना हक देने के वादों से जुड़ी विभिन्न समाचारपत्रों की कटिंग भी संलग्न की है। विधायक पूर्णिमा साहू ने कहा कि वर्तमान में झामुमो नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार सत्ता में है इसलिए यह उपयुक्त समय है कि चुनावी वादों को पूरा करते हुए बस्तीवासियों को उनका अधिकार दिया जाए। उन्होंने यह भी बताया कि इस मुद्दे पर उन्होंने झारखंड विधानसभा के षष्ठम विधानसभा के द्वितीय (बजट) सत्र 2025 के दौरान ध्यानाकर्षण प्रस्ताव भी प्रस्तुत किया था, लेकिन उस पर सरकार की ओर से कोई ठोस और स्पष्ट जवाब नहीं मिला। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि इस मानवीय और जनहित के मुद्दे पर शीघ्र निर्णय लिया जाए और जमशेदपुर की 86 बस्तियों के वासियों को उनकी भूमि पर मालिकाना हक प्रदान किया जाए। उनका कहना है कि ऐसा होने बस्तीवासियोंकीसामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक स्थिति में अभूतपूर्व सुधार होगा एवं उनका जीवन भी सुरक्षित और सम्मानजनक बनेगा।

# शरद पूर्णिमा : लक्खी पूजा को ले घर-घर में उत्सव का रहा माहौल

## घर में सुख, समृद्धि व शांति के वास हेतु की गई लक्खी पूजा

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**



गलगलिया(किशनगंज)। गलगलिया में सोमवार को दुगार्पूजा के बाद बंगाली समुदाय के लोगों के बीच लक्खी पूजा को लेकर उत्साह देखा गया । दुर्गा पूजा बीत जाने के बाद शरद पूर्णिमा को लक्खी पूजा मनाने की परंपरा है। मद्देनजर सोमवार को लोग अपने घरों में देवी लक्ष्मी की प्रतिमा स्थापित कर विधि-विधान से उड्की आराधना कर सुख और सौभाग्य की कामना की ।

माँ लक्खी की पूजा अर्चना के दौरान तील का लड्डू, खीर, खिचड़ी, फल, नारियल, मिठाई और सब्जियां भोग के तौर पर चढ़ाए गए । इसकी वजह से पिछले दो दिनों से गलगलिया बाजार में फल और सब्जियों की कीमतें बढ़ी हुई देखी गई हैं। लखी पूजा को लेकर ईख, नारियल, कमल फूल सहित अन्य सामग्री की भी खूबे मांग रही। वहीं रेडिमेड अल्पना, देवी के पदचिन्ह इत्यादि भी बिकते देखे गए। बाजारों के साथ-साथ बंगाली समुदाय के लोगों के घरों में भी रौनक देखी गई । बंगाली समुदाय अपने घरों में बड़ी श्रद्धा से भगवती लक्ष्मी की आराधना करते हैं ।

गलगलिया निवासी बिन्दु अग्रवाल ने बताई कि ऐसी मान्यता है कि इस पूजा के अवसर पर महिलाएं अपने पति और परिवार की सलामती के लिए व्रत रखती हैं। इस दिन घरों के आंगन व द्वार के पास अल्पना बनाने की भी परंपरा है। अल्पना में मां लक्ष्मी के चरण चिन्ह व धान की बालियों को अंकित किया जाता है। ऐसे में लक्ष्मी पूजा के दिन घर-घर दरवाजे के पास अल्पना के अनेकों रंग नजर आए। वहीं घरों में सुबह से ही मां लक्ष्मी की आराधना की गई । गलगलिया घोषपाड़ा निवासी राजा घोष ने बताया कि लक्ष्मी पूजा करने से घर में सुख, समृद्धि व शांति का वास होता है। लक्ष्मी पूजा से मां लक्ष्मी प्रसन्न होकर श्रद्धालुओं को मनचाहा वरदान देती हैं। साथ ही सभी की मनोकामनाएं पूरी होती है।

# शिक्षा और संस्कार का प्रतीक आर. सी.सेंट्रल स्कूल:-- निवेदिता सिन्हा

**समाज जागरण**



पटनाः-- राजधानी पटना के एजी कालोनी स्थित आर.सी.सेंट्रल स्कूल एजी कालोनी, पटना के तत्वावधान में आयोजित शैक्षिक गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसका विधिवत उद्घाटन समाजसेविका, ख्यातिप्राप्त शिक्षाविद् व राष्ट्र सेविका समिति, दक्षिण बिहार के प्रांत के सह कार्यवाहिका श्रीमती निवेदिता सिन्हा दीदी के श्री कर कमलों द्वारा दीप प्रज्वलन व पुष्पार्चन कर किया गया। सामाजिक क्षेत्र में अतुलनीय योगदान देने वाली मातृशक्ति श्रीमती रचना झा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।आगत अतिथियों का परिचय वरिष्ठ शिक्षक शिव कुमार साहू जी ने कराया जबकि संचालन प्रधानाचार्य राकेश कुमार मिश्र ने किया।अपने उद्बोधन में श्रीमती निवेदिता सिन्हा दीदी ने कहा कि - सच्ची शिक्षा वही है जो मनुष्य को जीवन जीने की कला सिखाए।ह्व इसी सोच के साथ आर.सेंट्रल स्कूल, एजी कालोनी, पटना की स्थापना की गई, जो कि भगवान श्री रामचंद्र जी के नाम पर शुरू किया गया है।इस संस्थान का उद्देश्य केवल किताबों का ज्ञान देना नहीं, बल्कि बच्चों के बौद्धिक, शारीरिक और नैतिक विकास पर विशेष ध्यान देना है।

इस विद्यालय की नींव उसी भावना से रखी गई कि हमारे क्षेत्र के बच्चे भी बड़े-बड़े शहरों की तरह गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर सकें। यहाँ हर छात्र को अवसर दिया जाता है कि वह अपनी प्रतिभा को पहचाने, सीखे, आगे बढ़े और अपने सपनों को साकार करे।इस केंद्र की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहाँ पढ़ाई के साथ-साथ खेल-कूद, सांस्कृतिक गतिविधियाँ और व्यक्तित्व विकास पर भी जोर दिया जाता है। क्योंकि आज के समय में सिर्फ किताबों का ज्ञान काफी नहीं है, बल्कि बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन और टीमवर्क की भावना भी उतनी ही जरूरी है।यहां का हर बच्चा परिवार के सदस्य की तरह है। शिक्षकों का रवैया स्नेहपूर्ण और सहयोगात्मक है। यहाँ पढ़ाने वाले गुरुजन सिर्फ शिक्षक नहीं, बल्कि मार्गदर्शक और प्रेरक की भूमिका निभाते हैं। उनका उद्देश्य केवल बच्चों को अच्छे अंक दिलाना नहीं, बल्कि उन्हें अच्छा इंसान बनाना है। यहाँ बच्चों को हर विषय को गहराई से समझाया जाता है – चाहे वह गणित हो, विज्ञान हो या सामाजिक अध्ययन। आधुनिक शिक्षण पद्धतियों का प्रयोग करते हुए बच्चों को सीखने का रोचक और प्रायोगिक अनुभव दिया जाता है। डिजिटल क्लास, प्रोजेक्टर बेस्ड लर्निंग और स्मार्ट क्लासरूम जैसी सुविधाएँ बच्चों के अध्ययन को और भी आकर्षक बनाती हैं। इस विद्यालय का एक और प्रमुख पहलू है खेल-कूदऔर शारीरिक गतिविधियाँ। संस्थान का मानना है कि जो बच्चा मैदान में सीखता है, वह जीवन में हारना नहीं जानता। यही कारण है कि यहाँ विभिन्न खेलों जैसे क्रिकेट, फुटबॉल, कबड्डी, वॉलीबॉल आदि में बच्चों को प्रशिक्षित किया जाता है। खेल के माध्यम से बच्चों में आत्मविश्वास, टीम भावना और नेतृत्व के गुण विकसित किए जाते हैं।यह केंद्र केवल शिक्षा देने का माध्यम नहीं है, बल्कि एक सामाजिक मिशन भी है ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के बच्चों को समान अवसर प्रदान करने का।हर बच्चे को बिना भेदभाव के आगे बढ़ने की प्रेरणा दी जाती है ताकि वह न सिर्फ अपने परिवार का, बल्कि अपने क्षेत्र और देश का नाम रोशन करे।इस विद्यालय का उद्देश्य है हर बच्चे में छिपे हुए रामचंद्र को जगाना, जो सच्चाई, संयम और संस्कार का प्रतीक है। आज इस संस्थान से पढ़े हुए कई बच्चे अलग-अलग क्षेत्रों में सफलता की ऊँचाइयों को छू रहे हैं।किसी ने डॉक्टर बनकर समाज की सेवा की है, कोई इंजीनियर बनकर तकनीकी क्षेत्र में आगे बढ़ा है, तो कोई शिक्षक बनकर दूसरों को ज्ञान बाँट रहा है।यह विद्यालय अपने हर विद्यार्थी के भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है।यह केंद्र सिर्फ एक संस्था नहीं, बल्कि एक संस्कार शाला है झ जहाँ शिक्षा के साथ-साथ मानवता, सम्मान और जिम्मेदारी की भावना बच्चों के अंदर विकसित की जाती है।

संदेशःअगर आप चाहते हैं कि आपका बच्चा सिर्फ पढ़े नहीं, बल्कि सीखे, समझे और जीवन में कुछ बड़ा करे –
तो आइए, जुड़िए आर.सी.सेंट्रल स्कूल, एजी कालोनी पटना से...
जहां शिक्षा के साथ संस्कार और खेल-कूद से मिलता है बच्चों को एक सुनहरा भविष्य। इस अवसर पर ज्योति कुमारी,काजल कुमारी, अंशु कुमारी, राजकुमार दूबे, रामविनय सिंह, आर्यन कुमार, राकेश कुमार, अमृता सिन्हा,डा.प्रज्ञान दीदी सहित अन्य की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# अब सीएम हेल्पलाइन में दर्ज होंगे जनसुनवाई के आवेदन, मुख्यमंत्री प्रतिमाह करेंगे समीक्षा

**समाज जागरण**
भोपाल। मध्य प्रदेश में जनसुनवाई के आवेदन अब सीएम हेल्पलाइन में दर्ज किए जाएंगे और समस्या का निर्धारित समय सीमा में निराकरण का प्रयास किया जाएगा। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने इस संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए हैं और कहा कि आम जन की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान किया जाए। सभी विभाग प्रमुखों, संभागायुक्तों एवं जिला कलेक्टरों से कहा गया है कि वे जनसुनवाई में आने वाले आवेदनों को सीएम हेल्पलाइन में भी दर्ज करें, जिससे इन आवेदनों का निराकरण त्वरित गति से पूर्ण रूप से किया जा सके। दरअसल, राज्य सरकार के पास यह तथ्य आया था कि कुछ जिलों द्वारा जनसुनवाई के आवेदनों को सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर दर्ज नहीं किया जा रहा है तथा कई जिलों द्वारा आवेदन पूर्ण रूप से पोर्टल पर दर्ज नहीं किए जा रहे हैं। इसलिए इसका कड़ाई से पालन करने के लिए कहा गया है। मुख्यमंत्री स्वयं सीएम हेल्पलाइन पर भेजी जाने वाली शिकायतों की प्रतिमाह समीक्षा करेंगे। बता दें कि मुख्यमंत्री डा. यादव समाधान आनलाइन कार्यक्रम में सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की समीक्षा कर त्वरित कार्रवाई भी कर




रहे हैं। 10 से अधिक शिकायत करने वाले पर एक दिन के लिए लगाया जाएगा प्रतिबंध-ः सीएम हेल्पलाइन पोर्टल में एक दिन में ही एक व्यक्ति द्वारा 10 से अधिक शिकायत करने वाले शिकायतकर्ता को उस दिन के लिए प्रतिबंध लगाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए थे कि सीएम हेल्पलाइन से जुड़े श्रेष्ठ कार्य करने वालों को प्रोत्साहित किया जाए। वहीं इसका दुरुपयोग करने वालों को भी चिन्हित किया जाए। जिसके बाद अब सीएम हेल्पलाइन व्यवस्था के विश्लेषण के पश्चात अधिक शिकायतें और अनावश्यक शिकायतें करने वालों को चिन्हित कर ब्लाक करने की कार्रवाई की जाएगी। सीएम हेल्पलाइन में दर्ज जनसुनवाई के आवेदनों की जल्द समीक्षा की जाएगी, मुख्यमंत्री समीक्षा करेंगे। इसको लेकर तैयारी कर रहे हैं। एक दिन में 10 से अधिक शिकायत करने वालों पर भी एक दिन के लिए प्रतिबंध लगाने पर भी विचार कर रहे है।* संदीप आष्ठाना, अवर सचिव, मुख्यमंत्री सचिवालय

# श्रीभूमि जिले के सूनाइपाड़, पेछायाला, बिहाइरडाला गांव के लोग जल जीवन मिशन की सुविधा से वंचित! पीने के पानी नहीं मिलने से परेशान।

## विकास के नाम पर तीन वर्षों से पानी की आपूर्ति बंद। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षण।

**श्रीभूमि संवाददाता समाज जागरणः** मौजूदा सरकार 'सबका साथ, सबका विकास' इस नारे के माध्यम से विकास के उद्देश्य से प्रत्येक ग्रामीण क्षेत्र में विकासात्मक कार्यों के लिए गुणवत्ता वाली शिक्षा, पीने का पानी, स्वास्थ्य सेवाओं सहित अन्य परियोजनाओं के लिए करोड़ों रुपये आवंटित कर रही है, ताकि विकासात्मक कामों में सामान्य जनता की समस्याओं का समाधान हो सके। इसी लक्ष्य के साथ विभिन्न गांवों में जलजीवन मिशन के माध्यम से कई करोड़ रुपये जल परियोजनाओं में विभिन्न स्थानों पर जनता की सुविधा के लिए खर्च किए जा रहे हैं।




पाथारकांडी पीएचई उप-विभाग के तहत सूनाईपाड़ में पीएचई/जल जीवन मिशन संयंत्र लगाया गया है लेकिन आज तक बंद है सेवा।

श्रीभूमि जिले के रामकृष्णनगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कई गाँवों सूनाईपाड़, पेछायाला, बिहाइरडाला में पीने के पानी की आपूर्ति लगातार तीन वर्षों से बंद है। ग्रामीण नागरिकों ने शिकायत की है कि जनता की सुविधा के लिए वर्तमान सरकार ने करोड़ों रुपये खर्च कर पेयजल परियोजनाओं का निर्माण किया है, फिर भी ये परियोजनाएं क्षेत्र की शोभा बढ़ाने के अलावा किसी और काम नहीं आ रही हैं। इसके परिणामस्वरूप गाँव के निवासी पेयजल की गंभीर कमी से जूझ रहे हैं। कई को कष्ट उठाते हुए तालाब या ट्यूबवेल के पानी पर जीवन यापन करना पड़ रहा है। जनस्वास्थ्य तकनीकी विभाग की उदारता के बावजूद इस पेयजल परियोजना की यह दुर्दशा है। परिणामस्वरूप, कई गांव के लोगों को कठिनाई सहनी पड़ रही है। इस संबंध में, गाँववासियों ने शीघ्र ही इस परियोजना को चालू करने और सरकार के 'हर घर नल, हर घर जल' नारे को वास्तविक रूप देने के लिए लोकप्रिय प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा समेत विभागीय अधिकारियों का ध्यान आकर्षित किया। ताकि जनकल्याण की दृष्टि से लोगों की सुविधा के लिए उचित व्यवस्था अपनाई जाए और जल जीवन मिशन के माध्यम से परियोजना को चालू किया जाए।

# प्रधान प्रतिनिधि ने डीएम से की शिकायत आरोपों को बताया निराधार

## प्रशासनिक जांचों में सभी आरोप निराधार, अधिकारियों ने रिपोर्ट में दी क्लीन चिट

समाज जागरण/ फतेहपुर ब्यूरोः फतेहपुर के विकास खंड बहुआ के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत चक इटौली में बीते एक दशक से बार-बार की जा रही शिकायतों को लेकर सुर्खियों में रही है। वर्ष 2013 से 2023 तक विभिन्न व्यक्तियों ने पंचायत के विकास कार्यों, मनरेगा योजनाओं और सरकारी भूमि से जुड़ी कई शिकायतें प्रशासनिक अधिकारियों को दीं। जिसके बाद आज प्रधान प्रतिनिधि ने अधिकारियों को शिकायती पत्र सौंपते हुए बताया की ग्राम पंचायत के सभी मामलों की जांच के बाद हर बार शिकायतें असत्य और द्वेषवश की गई पाई गईं। जिसमें अधिकारियों की जांच आख्या क्लीन चिट दी गई है। सबसे पहली शिकायत 26 सितंबर 2013 को ग्राम निवासी हनुमान प्रसाद द्वारा सरकारी भूमि के कब्जे को लेकर



की गई थी। जांच राष्ट्रीय फलेगशिप टीम द्वारा कराई गई और 16 नवंबर 2013 की रिपोर्ट में शिकायत बेहद निराधार बताई गई।इसके बाद वर्ष 2015, 2019 और 2023 में भी बार-बार नई शिकायतें दर्ज कराई गईं। सभी मामलों में मुख्य विकास अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन तथा अम्बियंट विभाग की संयुक्त टीमों ने जांच की, लेकिन किसी भी शिकायत में अनियमितता नहीं मिली। जिसकी आख्या भी संलग्न किया है। हाल में की गई दो शिकायतें 1 फरवरी 2023 को त्रितोष कुमार गुप्ता और 27 जुलाई 2023 को रामेश्वर गुप्ता द्वारा भी जांच में झूठी निकलीं।

टीमों ने नौ वर्षों (2014 से 2022) तक के कार्यों की समीक्षा की और रिपोर्ट में स्पष्ट किया कि सभी विकास कार्य नियमों के अनुरूप और पारदर्शिता से किए गए हैं।पूर्व ग्राम प्रधान व प्रधान प्रतिनिधि प्रकाश चंद्र गुप्ता ने बताया कि कुछ व्यक्ति व्यक्तिगत द्वेषवश झूठी शिकायतें कर विकास कार्यों में बाधा डालते हैं। उन्होंने प्रशासन से ऐसे लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है ताकि भविष्य में जनहित कार्यों में अवरोध न उत्पन्न हो।

# फतेहपुर के बेटों ने किया कमाल: पान की फेरी करने वाले पिता को मुंबई में दी यादगार विदाई

समाज जागरण/आशुतोष श्रीवास्तव

फतेहपुरः मटिहा गाँव के रहने वाले एक साधारण पान विक्रेता पिता को उनके बेटों ने मुंबई में एक भव्य और अविस्मरणीय विदाई समारोह के जरिए सम्मानित किया। यह कार्यक्रम इस तरह के आयोजन के लिए एक अनोखा प्रयास था, जिसमें किसी फेरी वाले को उनके जीवन कार्य के लिए पहली बार इतनी भव्य विदाई दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में बॉलीवुड के सुप्रसिद्ध अभिनेता दिलीप आर्या उपस्थित हुए, जो वेब सीरीज बीहड़ का बागी से अपनी छाप छोड़ चुके हैं। उनके साथ उनकी धर्मपत्नी राधिका आर्या भी उपस्थित रहीं। इतने बड़े कलाकारों का एक छोटे पारिवारिक समारोह में शामिल होना इस आयोजन की विशेषता थी। इस यादगार समारोह का क्रेडिट मुख्य रूप से श्री लक्ष्मी नारायण जी के पुत्र डॉ. विकास चौरसिया को जाता है, जो प्रसिद्ध मनोरोग चिकित्सक और लेखक हैं। डॉ विकास ने अपने भाई



आकाश और बहन काजल के साथ पूरे आयोजन की योजना बनाई और इसे सुचारू रूप से संपन्न कराया और पिता की विदाई को एक यादगार अनुभव बना दिया। पिता को यह विदाई न केवल उनके जीवन के कार्य का सम्मान थी, बल्कि यह संदेश भी देती है कि मेहनत और सरल जीवन को समाज की ओर से पहचान मिल सकती है। समारोह में परिवार और नजदीकी रिश्तेदारों के साथ साथ समाज के कई लोग उपस्थित रहे। डॉ विकास ने कहा, ‟हम चाहते थे कि पिता का यह अंतिम कार्य दिवस और भी विशेष बने। मुंबई में आयोजित यह कार्यक्रम हमारे लिए भी गर्व का क्षण था और पिताजी के जीवन कार्य को सम्मान देने का प्रयास था, और इस संसार का हर पिता इस तरह या इससे बेहतर विदाई का हकदार होता है।‟ यह आयोजन फतेहपुर के छोटे से गाँव के बेटे और उनकी मेहनती और सम्मानित सोच का प्रतीक बन गया, जिसने दिखाया कि परिवार, लगन और प्रेम से किसी भी साधारण जीवन को असाधारण बनाने की क्षमता होती है।

# ग्रामीणों ने की जिला अधिकारी से जांच की मांग।

# सचिव और प्रधान ने ग्राम पंचायत महोखवा के विकास कार्यों में लगा दिया ग्रहण

समाज जागरण

सिद्धार्थनगर। जिले के डुमरियागंज विकास खण्ड के ग्राम पंचायत महोखवा में जहां एक तरफ सरकार ग्रामीण अंचलों में गरीबों के जीवन में सुधार लाने के लिए करोड़ों रुपये की योजनाएं चला रही है, वहीं दूसरी तरफ जमीनी स्तर पर कुछ जिम्मेदार इन योजनाओं को अपनी जेब भरने का जरिया बना लिए हैं। ताजा मामला डुमरियागंज विकास खण्ड के ग्राम पंचायत महोखवा का है, जहाँ भ्रष्टाचार की जड़े इतनी गहरी हो चुकी हैं कि विकास कार्य कागजों में पूरे और जमीन पर गायब हैं। सूत्रों के अनुसार, करीब पांच माह पहले ग्राम पंचायत में बेंच और ह्यूम पाइप की आपूर्ति के नाम पर ट्ट1 लाख




16 हजार से अधिक का भुगतान कर दिया गया, लेकिन काम का नामोनिशान तक नहीं है! ग्राम में न बेंच दिखाई दे रहे, न पाइप -यानी भुगतान पहले, काम बाद में‌ या शायद कभी नहीं। यही नहीं, सफाई किट के नाम पर 25 हजार का फर्जी भुगतान कर दिया गया। ग्रामीणों का कहना है कि न तो किसी को सफाई किट मिली और न ही कोई सफाई अभियान चला- सिर्फ बिल बना, और रुपये उड़ गए। ग्रामवासी अब खुलेआम सवाल उठा रहे हैं कि क्या विकास योजनाओं का पैसा सचिव-प्रधान की जेब में जा रहा है। क्या ब्लॉक स्तर के अधिकारी आंख मूंदे बैठे हैं। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि सचिव और ग्राम प्रधान की मिलीभगत से सरकारी धन का जमकर बंदरबांट किया जा रहा है, जबकि ब्लॉक के अधिकारी मलाई में हिस्सेदार बन सब कुछ जानते हुए भी चुप्पी साधे हुए हैं। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी डाक्टर राजा गणपति आर से तत्काल जांच करवाकर सचिव व प्रधान सहित ब्लॉक स्तर के जिम्मेदारों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। जनता का कहना है कि अगर ऐसे भ्रष्टाचार पर लगाम नहीं लगी तो सरकार की योजनाएं सिर्फ कागजों पर “विकास” और जमीन पर “विनाश” ही साबित होंगी।

दैनिक समाज जागरण नेशनल अखबार में विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें।

# दीवार गिरने से दो बच्चों की मौत, मचा हाहाकार

समाज जागरण/ आशुतोष श्रीवास्तव

फतेहपुर। धाता थाना क्षेत्र के मखौवा गांव में बीती रात रास्ते से निकलते समय दीवार गिरने से दो बच्चों की मौत हो गई तथा दो गंभीर रूप से घायल हो गए। मौत की खबर लगते ही परिजनों में हाहाकार मच गया। गांव में गम का माहौल देखा गया। घायलों को मंझनपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया लेखपाल, कानूनगो, नायब तहसीलदार भी मौके पर पहुंचे।

धाता क्षेत्र के मखौवा गांव में बीती रात लगभग नौ बजे पूर्व प्रधान गया लाल पाल की दीवार अचानक गिर गई जिसमें चार बच्चे दीवार में दब गये। इनमें अभिषेक (10) पुत्र कुंवर बहादुर तथा विष्णु पाल (13) पुत्र राजकुमार पाल की मौत हो गई। कुलदीप पाल (18) पुत्र धर्म पाल और अक्षय पाल (10) पुत्र लवलेश पाल गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जाता है कि देर शाम चारों बच्चे गांव की तरफ से अपने घर आ रहे थे। जैसे ही वे गया लाल पाल के घर के पास से निकले कि कई दिनों से हो रही बूंदाबांदी से पानी से भीगी हुई दीवार अचानक गिर गई। घटना की जानकारी होते ही ग्रामीण ग्रामीण एकत्र हो गए और आनन फानन में मलबे को हटाकर दबे हुए बच्चों को निकाला गया। जिनमें से दो की मृत्यु हो गई और दो गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तुरंत अस्पताल भेज दिया। घटना की सूचना पर थानाध्यक्ष योगेश कुमार सिंह मौके पर पहुंचे और कानूनी कार्यवाही पूर्ण करते हुए शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कुछ देर बाद क्षेत्र के लेखपाल, कानूनगो भी पहुंचकर मौके का मुआयना किया और पीड़ित परिवारों को हर संभव सहायता दिए जाने का आश्वासन दिया।

# डीएम ने हरी झंडी दिखाकर अनुसंधान केन्द्र दरभंगा बिहार के लिए बस को किया रवाना

## तालमखाना की खेती से किसानों को होगी अतिरिक्त लाभ : डीएम।

समाज जागरण

सिद्धार्थनगर। कलेक्ट्रेट परिसर से जिला अधिकारी ने किसानों को हरी



झंडी दिखाकर मखाना अनुसंधान केन्द्र दरभंगा बिहार के लिए बस को किया रवाना केंद्र पूर्व निर्धारित सपोर्ट टू स्टेट एक्सटेंशन योजना अंतर्गत राज्य के बाहर प्रशिक्षण कार्यक्रम जिसमें जिले के समस्त ब्लॉक के किसानों को ताल मखाना उत्पादन के प्रशिक्षण के लिए बिहार के राष्ट्रीय मखाना अनुसंधान केन्द्र दरभंगा बस के द्वारा भेजा गया जिसमें सहयोगी संस्था गौतम बुद्ध जागृति समिति जिसका विशेष योगदान रहा यह आयोजन अप कृषि निदेशक सिद्धार्थनगर द्वारा किया गया जिला अधिकारी ने कहा इस प्रशिक्षण से किसानों को काफी लाभ होगा और अपना क्षेत्र बाढ़ ग्रस्त है तथा किसान प्रशिक्षण कर बिहार से जब वापस आएंगे तो सिद्धार्थनगर में भी प्रशिक्षण दी जाएगी वह प्रशिक्षण पूर्ण होने पर प्रशस्ति पत्र भी दिया जाएगा और उनके रोजगार की व्यवस्था भी की जाएगी इस कार्यक्रम में कृषि उपनिदेशक राजेश कुमार कृषि जिला अधिकारी मोहम्मद मुजम्मिल गौतम बुद्ध जागृति समिति के अध्यक्ष श्रीधर पांडे नंदलाल गुप्ता विभाग के कर्मचारी आदि लोग मौजूद रहे।

# जलालाबाद मंडी से किसान की बाइक चोरी

समाज जागरण : शाहजहांपुर के जलालाबाद स्थित कृषि उत्पादन मंडी समिति में एक किसान की मोटरसाइकिल चोरी हो गई। किसान राजेंद्र अपने बेटे वागेश कुमार के साथ आढ़ती से धान का भाव पूछने गए थे, तभी यह घटना हुई। वगेश कुमार ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत के अनुसार, राजेंद्र रविवार सुबह करीब 9 बजे अपनी



मोटरसाइकिल (रजि. नं. UP 27 BB7820) से मंडी परिसर आए थे। उन्होंने अपनी बाइक आढ़ती भूरे उर्फ कृष्णपाल की दुकान के सामने खड़ी की और उनसे फसल के दाम पर बात करने लगे। बातचीत के बाद जब वे वापस लौटे, तो मोटरसाइकिल गायब मिली। वागेश कुमार ने जलालाबाद थाने में अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने और मोटरसाइकिल बरामद करने की मांग की है। पुलिस ने प्रार्थना पत्र मिलने के बाद क्षेत्र में पुलिस टीम भेजकर सीसीटीवी फुटेज की जांच शुरू कर दी है।

# सड़क हादसों में तीन घायल

समाज जागरण / आशुतोष श्रीवास्तव

फतेहपुर। तेज रफ़्तार चार पहिया वाहन की टक्कर से एक बाइक में सवार दो मजदूर गंभीर घायल हो गए। जिन्हे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत जाफराबाद गांव के पास बाईपास में सोमवार दोपहर को तेज रफ्तार अनियंत्रित चार पहिया वाहन की टक्कर से एक ही बाइक में सवार दीपू (29) पुत्र शीतलू प्रसाद तथा अंकित कुमार (22) पुत्र जगदीश दोनों निवासी ग्राम कोरईया कोतवाली बिंदकी घायल हो गए। हादसे के बाद लोगों की भीड़ एकत्र होने लगी। घायलों के परिजनों ने बताया कि दोनों मजदूरी का काम करते हैं और काम करने गए थे।

इसी तरह कल्यानपुर थाना क्षेत्र हरदौल गांव निवासी संतोष कुमार अपनी 35 वर्षीय पत्नी सोनी के साथ बाइक से रिश्तेदारी में जा रहा था। बताते है कि जैसे ही यह लोग औंग थाना क्षेत्र के सर्विल लेन में पहुंचे तभी सामने से आ रहे बाइक से भिडन्त हो गयी। जिससे महिला घायल हो गयी, उपचार के लिए गोपालगंज पीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

## अलग-अलग छत से ढहने से मां, बहू बेटा समेत चार घायल

# बाइक समेत घरेलू सामान क्षतिग्रस्त

समाज जागरण/ आशुतोष श्रीवास्तव

फतेहपुर। सोमवार को थाना क्षेत्र के बडा गांव मछरिया में देर रात एक कच्चा मकान गिर जाने से दम्पत्ति समेत मां घयाल हो गयी। जिन्हे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार बड़ा गांव मछरिया निवासी चंदा देवी पत्नी स्व0 ओमप्रकाश सक्सेना अपने परिवार के साथ-साथ करीब 10 बजे खाना खाकर सो रही थी। तभी अचानक उनका कच्चा मकान भर भरा कर गिर गया हादसे में चंदा देवी कैलाश और रूबी गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों ने आनन-फानन में सभी घायलों को मलबे से बाहर निकाल एंबुलेंस द्वारा उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। इस हादसे में घरेलू सामान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं घर में खड़ी मोटरसाइकिल भी मलबे में दबाकर टूट गई ग्रामीणों ने बताया कि मकान काफी पुराना था और बारिश के चलते इसकी दीवारें कमजोर हो गई थी। गांव के ही नव युवक सोनू राका विनय यादव छोटू गुप्ता व अन्य लोगों ने तत्परता दिखाते हुए मलबे में दबे लोगों को बाहर निकाला।

इसी प्रकार हुसैगनंज थाना क्षेत्र के असनी गांव निवासी स्व मुन्नू की 55 वर्षीय पत्नी चम्पा सोनकर सोमवार की दोपहर अपने घर पर खाना खाकर लेटी थी। तभी अचानक कच्ची छत ढह जाने से मलबे जा दबी तभी परिजन व आस पास के लोगो ने जल्दी-जल्दी मलबा हटाकर महिला को सरकारी एम्बुलेंस द्वारा उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

# सड़क हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

समाज जागरण/ आशुतोष श्रीवास्तव

फतेहपुर। किशनपुर थाना क्षेत्र के रारी मोड़ से कुछ ही दूरी पर शनिवार की देर रात बाइक सवार पेड़ से टकरा गए थे। जिसमें एक 30 वर्षीय युवक व महिला गम्भीर रूप से घायल हो गए थे। जिसमे घायल युवक का इलाज कानपुर में चल रहा था। सोमवार की दोपहर इलाज के दौरान युवक ने दम तोड दिया। रारी मोड़ से करीब दो किलोमीटर की दूरी पर सड़क के किनारे बीच में एक आम का सूख पेड़ खड़ा है। जो लगातार हादसे को बढ़ावा दे रहा है। शनिवार की देर रात औरैया जनपद की रहने वाली सरोज देवी अपने रिश्तेदारी जा रही थी। जिन्हें लेने हरदासपुर गढ़ा गांव निवासी 30 वर्षीय सोनू बाइक लेकर गया हुआ था। वापस लौटते वक्त रारी मोड़ से कुछ ही दूरी पर सड़क पर खड़े आम के सूखे पेड़ से बाइक टकरा गई। बाइक की टक्कर के बाद दोनों लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए थे। जिसमें घायल सरोज देवी का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा था। जबकि सोनू की हालत को गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उसे कानपुर भेज दिया था। जहा सोमवार की दोपहर इलाज के दौरान सोनू की मौत हो गई। सोनू की मौत की खबर सुन परिजनों में कोहराम मच गया। ज्ञात हो कि सड़क पर खड़ा आम का सूखा पेड़ ने इससे पहले भी कई हादसे हो चुके हैं। बावजूद इसके भी पीडब्ल्यूडी विभाग व वन विभाग पूरी तरह से अनभिज्ञ हैं। विभागीय उदासीनता के चलते लगातार सड़क हादसे हो रहे हैं।

# बिहार प्रदेश में चुनाव आयोग ने मतदान तिथियों का किया ऐलान!

## (विधानसभा चुनाव 2025)

सुनील कुमार श्रीवास्तव / समाज जागरण

सिद्धार्थनगर। बिहार प्रदेश के विधानसभा चुनाव 2025 पर देश भर की नजर टिकी है, और यह स्वाभाविक भी है कि जब देश के किसी भी प्रदेश में चुनावी समय नजदीक आता है, और चुनावी डंका बजता है, तो किसकी सरकार बनने पर बेहतर रहेगा, इस बात की चर्चा लोगों में जरूर होती है। ऐसा ही इन दिनों उत्तर प्रदेश से लेकर देश के विभिन्न प्रदेशों में रोजी-रोटी के वास्ते रह रहे लोगों के जुबान पर यही चर्चा विराजमान है। क्योंकि एक पत्रकार होने के नाते लोग मुझसे जानकारी साझा करते हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर इंतजार की घड़ियां अब समाप्त हो गईं। चुनाव आयोग ने तारीखों का ऐलान कर दिया है। दो फेज में वोटिंग होगी। पहले फेज में 6 नवंबर को और दूसरे फेज में 11 नवंबर को वोटिंग होगी। 14 नवंबर को मतों की गिनती की जाएगी। बिहार में दो चरणों में चुनाव कराए जाएंगे। पहली वोटिंग 6 नवंबर को और दूसरे फेज की वोटिंग 11 नवंबर को होगी। 14 नवंबर को वोटों की गिनती की जाएगी, यानी 14




नवंबर को ये तय हो जाएगा कि बिहार में अगली सरकार किसकी बनेगी। बिहार की राजधानी पटना के अलावा सारण, भोजपुर, बक्सर, वैशाली, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, बेगूसराय, मुंगेर, लखीसराय, शेखपुरा, खगड़िया, सहरसा, मधेपुरा, सिवान, गोपालगंज में पहले फेज में वोटिंग होगी। जबकि बाकी जिलों में वोटिंग दूसरे फेज में होगी।

केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा कि एनडीए संग 'हम' ''हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर'' तैयार हैं, केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि प्रिय बिहारियों, लोकतंत्र के महापर्व 'चुनाव' की तारीखों की घोषणा हो चुकी है। पहला चरण 6 नवंबर और दूसरा चरण 11 नवंबर को होना है। चुनावी परिणाम भी 14 नवंबर को आ जाएंगे। अब समय है बिहार को राष्ट्रपटल के मानचित्र पर नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का। इसके लिए जरूरी है कि हम सभी अपने मताधिकार का प्रयोग करें और अधिक से अधिक मतदान करें। आपका एक वोट बिहार के उज्जवल भविष्य की दिशा तय करेगा। उन्होंने कहा कि मैं प्रवासी बिहारियों से भी आग्रह करता हूं कि बिहार के विकास में अपनी अहम भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए आप अपने गृह जिला आएं और अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करें। लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास'बिहार फर्स्ट-बिहारी फर्स्ट' विजन के लक्ष्य के साथ पूरी तरीके से चुनावी रणभूमि में जाने को तैयार है। बिहार के सर्वांगीण विकास के लिए हम सब प्रतिबद्ध हैं। आइए, लोकतंत्र के इस त्योहार में हम सब मिलकर नए बिहार के निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। सूत्रों के अनुसार इलेक्शन कमीशन का हेल्पलाइन नंबर 1950-ज्ञानेश कुमार, भारत में कहीं से भी फोन करें तो +91-रळऊउङ्गी 1950 पर ईआरओ को कॉल कर सकते हैं, उनसे न बात हो तो डीएम से बात कर सकते हैं। इस बार 90,712 बीएलओ रहेंगे। ऐसे में अब देखना है कि चुनावी महापर्व में कौन सी पार्टी सरकार बनाने में सफल हो पाती है।

# नन्नूमल चौराहे पर जाम बना रोजमर्रा की परेशानी, यातायात व्यवस्था बेपटरी

समाज जागरण

एटा। शहर की प्रमुख ठंडी सड़क स्थित नन्नूमल चौराहा इन दिनों जाम की गंभीर समस्या से जूझ रहा है। यहां हर दिन लगने वाले जाम ने राहगीरों का जीवन दूभर कर दिया है। स्थानीय लोग, स्कूली बच्चे और व्यापारी सभी इस अव्यवस्था से परेशान हैं, लेकिन प्रशासन और यातायात विभाग पूरी तरह से आंख मूंदे हुए हैं।

नन्नूमल चौराहे पर टेम्पो और ई-रिक्शा चालकों ने अपनी मनमर्जी से स्टैंड बना रखे हैं। वे जहां चाहे वहां वाहन खड़े कर देते हैं, जिससे सड़क संकरी हो जाती है और जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। खासकर स्कूलों की छुट्टी के समय यहां स्थिति और भी खराब हो जाती है। बच्चों को जाम में घंटों फंसे रहना पड़ता है, जिससे उनकी सुरक्षा भी खतरे में पड़ती है।

वहीं दूसरी ओर, अतिक्रमण भी जाम का एक बड़ा कारण बना हुआ है। चौराहे के आसपास दुकानदारों ने अपनी दुकानों को सड़क की ओर बढ़ा दिया है, जिससे पैदल चलने वालों को भी जगह नहीं मिलती। नगर प्रशासन द्वारा समय-समय पर अतिक्रमण हटाने के लिए जेसीबी चलवाकर कार्रवाई की जाती है, लेकिन कुछ ही दिनों बाद अतिक्रमण फिर से लौट आता है।



नन्नूमल चौराहा ही नहीं, बल्कि बली मुहम्मद चौराहा, हाथी गेट, अलीगंज तिराहा, कैलाश मंदिर तिराहा, गोदाम चौकी, कचहरी तिराहा, रोडवेज बस स्टैंड और माया पैलेस चौराहा जैसे अन्य प्रमुख स्थानों पर भी यातायात का यही हाल है। इन स्थानों पर भी अतिक्रमण और अव्यवस्थित वाहनों के कारण जाम लगना आम बात हो गई है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि उन्होंने कई बार प्रशासन से इस समस्या को लेकर शिकायत की, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला गया है। लोगों ने मांग की है कि प्रशासन को सख्त कदम उठाते हुए यातायात व्यवस्था सुधारनी चाहिए और अतिक्रमण पर स्थायी रोक लगानी चाहिए, ताकि शहर को जाम की समस्या से निजात मिल सके।

# आशा कार्यकताओं ने वेतन वृद्धि सहित 12 सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

समाज जागरण

एटा। जिले की सैकड़ों आशा कार्यकताओं ने 12 सूत्रीय मांगों को लेकर जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया और प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

आशा, आशा संगिनी कर्मचारी संगठन के बैनर तले हुए इस प्रदर्शन में कार्यकताओं ने मासिक वेतन बढ़ाकर आशा वर्कर्स के लिए 18,000, आशा फैसिलिटेटर के लिए 24,000 और कोऑर्डिनेटर के लिए 30,000 रुपये करने की मांग की। संगठन ने ईपीएफ, ईएसआई, पेंशन सुविधा, कार्यकाल के दौरान मृत्यु पर 5 लाख



का मुआवजा और सेवानिवृत्ति पर 10 लाख रुपये की मांग की।

साथ ही योग्य आशाओं को पदोन्नति, गणवेश, यात्रा भत्ता, विश्रामस्थल की व्यवस्था और श्रमयोगी मानधन योजना की आयु सीमा 55 वर्ष तक बढ़ाने की अपील की। जिलाधिकारी प्रेमरंजन सिंह ने उनकी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार का आश्वासन दिया।

दैनिक समाज जागरण नेशनल अखबार मे विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें।

# 11 व 12 अक्टूबर 2025 को नोएडा में होगा सीटू दिल्ली एनसीआर राज्य कमेटी का त्रिवार्षिक राज्य सम्मेलन

नोएडा, सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन सीटू दिल्ली एनसीआर राज्य कमेटी का 18 वां राज्य सम्मेलन 11 व 12 अक्टूबर 2025 को प्रातः 09:00 बजे से सामुदायिक केंद्र झुंडपुरा सेक्टर- 11 नोएडा पर शुरू होगा। सम्मेलन की तैयारियों को लेकर आज सीटू जिला सचिव मंडल की बैठक सीटू कार्यालय सेक्टर- 8, नोएडा पर जिलाध्यक्ष मुकेश कुमार राघव की अध्यक्षता संपन्न हुई, बैठक में सीटू जिला महासचिव रामस्वारथ ने रिपोर्ट रखी, बैठक में चर्चा के बाद सम्मेलन की तैयारी को अंतिम रूप दिया गया।

बैठक की जानकारी देते हुए सीटू जिला सचिव गंगेश्वर दत्त शर्मा ने बताया कि बैठक में सम्मेलन की तैयारी को लेकर प्रचार अभियान को तेज करने का निर्णय लिया गया है। सम्मेलन में पिछले 3 साल के कामकाज की समीक्षा और आगामी 3 वर्षों की कार्य योजना/ दिशा तय की जाएगी साथ ही नई राज्य कमेटी का चुनाव किया जाएगा तथा दिल्ली, गाजियाबाद, गौतम बुध नगर के कामगारों के ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा कर संघर्ष की रूपरेखा तय की जाएगी।



सम्मेलन में उद्घाटन भाषण सीटू के राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व सांसद कामरेड तपन सेन एवं समापन भाषण सीटू के राष्ट्रीय सचिव कामरेड सुदीप दत्ता रखेंगे।

साथ ही उन्होंने बताया कि 10 अक्टूबर शाम 4:00 से झूंपुरा सेक्टर- 11 नोएडा बरात घर पर रजिस्टर रजिस्ट्रेशन होगा। तथा 11 अक्टूबर 2025 को प्रातः 8:30 बजे डेलीगेट एवं मजदूरों- किसानों के प्रतिनिधि सीटू कार्यालय नियर ए-2, सेक्टर-8, नोएडा बांस-बल्ली मार्केट तिराहा पर इकट्ठा होंगे और वहां से जुलूस बनाकर सेक्टर- 11, नोएडा झुंडपुरा बारात घर पर पहुंचेंगे तथा सम्मेलन का समापन 12 अक्टूबर 2025 को शाम 4:00 बजे होगा। बैठक में जिला सचिव मंडल सदस्य कामरेड रामसागर, गंगेश्वर दत्त शर्मा,मुकेश कुमार राघव, रामस्वारथ, सुनील पंडित,नरेंद्र पांडे आदि मौजूद रहे।